"9. fd mÙkj d vèkhu fjV vkonu e i jk 5 l 12 e fn, x, c;ku d mÙkj e ;g dFku vkj fuonu fd;k tkrk g fd ;g vfHky[k dk ekeyk g vkj mÙkj nu oky çR;Fkh l fdlh fVli.kh dh vko';drk ugh gA

*10. fd mÙkj d vèkhu fjV vkonu d i jk 13 e fn, x, c;ku d mÙkj e ;g dFku vkj fuonu fd;k tkrk g fd mi lfpo d 33 ink e l 27 in fjDr gA**

9. मैं पाता हूँ कि झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 के नियम 18 के अधीन सरकार को नियमावली में अंतर्विष्ट प्रावधानों में से किसी को शिथिल करने की शक्ति है। मैं आगे पाता हूँ कि नियमावली, 2010 भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक में अंतर्विष्ट शक्तियों के प्रयोग में विरचित की गयी है और इस नियमावली को झारखंड राज्य के राज्यपाल के आदेश द्वारा विरचित किया गया है। दिनांक 16.1.2012 और दिनांक 25.6.2013 के संकल्प भी झारखंड राज्य के राज्यपाल के आदेश द्वारा जारी किए गए हैं और इसलिए, मेरा मत है कि दिनांक 16.1.2012 के संकल्प में अंतर्विष्ट प्रावधान केवल झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 में अंतर्विष्ट प्रावधानों के पूरक होंगे और इसलिए, प्रत्यर्थीगण पर बाध्यकारी हैं। इसके अतिरिक्त, जहाँ तक प्रत्यर्थीगण द्वारा किए गए अभिवचन का संबंध है, कि दिनांक 16.1.2012 का संकल्प झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 के अधीन अभिव्यक्त प्रावधानों को अधिक्रांत नहीं करेगा, मेरा दृष्टिकोण है कि प्रत्यर्थीगण को ऐसा अभिवचन उपलब्ध नहीं था क्योंकि दिनांक 16.1.2012 का संकल्प स्वयं प्रत्यर्थीगण द्वारा जारी किया गया है।

10. अब, विद्वान अपर महाधिवक्ता द्वारा किए गए प्रतिवाद पर कि ग्रेड I पद में अर्थात् अवर सचिव के पद पर याचीगण को न्यूनतम सेवा का पाँच वर्ष पूरा करने की आवश्यकता है, पर आते हुए मैं पाता हूँ कि यदि दिनांक 16.1.2012 के संकल्प में अंतर्विष्ट प्रावधान की ऐसी व्याख्या की जाती है, यह दिनांक 16.1.2012 के संकल्प को अर्थहीन बनाएगा। दिनांक 16.1.2012 के संकल्प के खंड 3 (ii) पर दिए गए चार्ट से मैं पाता हूँ कि क्रमांक 16 पर पाँच वर्ष की न्यूनतम अवधि 6600/- रुपए के ग्रेड वेतन से 7600/- रुपए के ग्रेड वेतन पर प्रोन्नति के लिए विहित की गयी है। याचीगण का दावा कि उन्हें छठे वेतन पुनरीक्षण रिपोर्ट के क्रियान्वयन के बाद 6600/- रुपयों का 'ग्रेड वेतन' प्रदान किया गया था, से प्रत्यर्थीगण द्वारा इनकार नहीं किया गया है। मैं आगे पाता हूँ कि दिनांक 16.1.2012 के संकल्प के पैरा 13 में कर्मचारी द्वारा धारण किए गए पद के बारे में किसी आवश्यकता का उल्लेख नहीं है जबकि उक्त संकल्प का पहला पैरा इसे पर्याप्त रूप से स्पष्ट करता है कि निम्नतर पद से उच्चतर पद पर प्रोन्नति प्रदान करने का मापदंड कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के विभाग के दिनांक 24.3.2009 के मेमो की दृष्टि में उपांतरित किया गया था। मेरा दृष्टिकोण यह भी है कि शिथिलीकरण प्रदान करने का प्रावधान, जैसा दिनांक 16.1.2012 के संकल्प के पैरा 4 में अंतर्विष्ट है, केवल उस मामले पर प्रयोज्य है जहाँ कर्मचारी ने पद विशेष पर काम करते हुए विशेष 'ग्रेड वेतन' में सेवा का न्यूनतम अवधि पूरा नहीं किया है और इसलिए, ऐसी स्थिति में उसी 'ग्रेड वेतन' पर, यद्यपि निम्नतर पद पर, बितायी गयी अवधि छूट प्रदान करने के लिए गिनी नहीं जाएगी।

11. वर्तमान मामले में, याचीगण ने दिनांक 15.9.2012 के पहले 6600/- रुपए के 'ग्रेड वेतन' में पाँच वर्ष पूरा किया है और तत्पश्चात याचीगण अगले उच्चतर ग्रेड वेतन अर्थात् 7600/- रुपयों के ग्रेड वेतन के प्रदान के लिए 6600/- रुपयों के ग्रेड वेतन में काम करते हुए पाँच वर्ष पूरा करने पर हकदार

होंगे। दिनांक 15.9.2012 के आक्षेपित आदेश में किया गया अभिवचन कि चूँकि याचीगण ने अवर सचिव के पद पर ढ़ाई वर्ष की सेवा की न्यूनतम अवधि को पूरा नहीं किया है, अतः उन्हें उप सचिव के पद पर प्रोन्नति प्रदान नहीं की जा सकती है, मान्य नहीं है। मैं आगे पाता हूँ कि प्रतिशपथ पत्र के पैरा 10 में प्रत्यर्थीगण ने स्वीकार किया है कि 33 पदों में से उप सचिव के 27 पद अभी भी रिक्त हैं। दिनांक 16.1.2012 का मेमों दिनांक 24.3.2009 के मेमो के आलोक में जारी किया गया है जो पूरे देश में प्रोन्नति के मापदंड में सामंजस्य बनाने के लिए आशयित था और उसके अनुसरण में 'ग्रेड वेतन' पर आधारित प्रोन्नति की अवधि नियत करने के लिए दिनांक 16.1.2012 का संकल्प जारी किया गया था।

12. पूर्वोक्त की दृष्टि में, दिनांक 15.9.2012 का आक्षेपित आदेश एतद् द्वारा अभिखंडित किया जाता है और रिट याचिका इस सीमा तक अनुज्ञात की जाती है कि याचीगण अन्य शर्तों, यदि हो, के अध्यधीन 7600/- रुपए के 'ग्रेड वेतन' में प्रोन्नति के प्रदान के लिए अर्हित होंगे।

---

ekuuh; vij'k dekj flg] U;k;efr

जयन्ती दत्ता

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (S) No. 6421 of 2013. Decided on 18th November, 2013.

विश्वविद्यालय विधि–वेतनमान–पाँचवें पुनरीक्षित यू० जी० सी० वेतनमान का दावा–यू० जी० सी० द्वारा अनुशंसित पाँचवें पुनरीक्षित वेतन पुनरीक्षण के प्रदान से संबंधित मामले पर पहली बार विभाग के स्तर पर समस्त प्रासंगिक तथ्यों एवं परिस्थितियों, विश्वविद्यालय द्वारा की गयी अनुशंसा और याची के आमेलन के आदेशों को विचार में लेकर विचार करना होगा–याची को निदेशक, उच्चतर शिक्षा के पास जाने की स्वतंत्रता दी गयी। (पैराएँ 10 एवं 11)

निर्णयज विधि.–(2005)9 SCC 129—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. Sumeet Gadodia, For the Petitioner; J.C. to S.C.-I., For the Respondents.

आदेश

पक्षों के विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. याची वर्तमान रिट आवेदन में दिनांक 1.1.1996 के प्रभाव से पाँचवें वेतन पुनरीक्षण कमिटी की रिपोर्ट के अनुसरण में 8000-13500/- रुपयों के वेतनमान वाले लेक्चरर के ग्रेड में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पुनरीक्षित वेतनमान में उसके वेतनमान को तुरन्त अनुमोदन प्रदान करने के लिए प्रत्यर्थीगण को निर्देश दिए जाने के लिए इस न्यायालय के पास आयी है। याची ने उस तिथि, जब याची जैसे समस्थित व्यक्तियों को छठे पुनरीक्षित यू० जी० सी० वेतनमान का लाभ दिया गया है, के प्रभाव से उसको छठे पुनरीक्षित यू० जी० सी० वेतनमान में परिणामतः वेतन अनुमोदित करने और इसका भुगतान करने के लिए प्रत्यर्थीगण को निर्देश दिया जाना भी इप्सित किया है। याची ने पुनरीक्षित वेतनमान के अनुसार 18% की दर से वार्षिक ब्याज के साथ उसको वेतन के बकाया का भुगतान करने के लिए और अन्य समस्थित व्यक्तियों जिनकी सेवाओं को उसी महाविद्यालय जिसमें वह कार्यरत है में आमेलित किया गया था, से उसके साथ मनमाना भेदभाव नहीं करने के लिए भी प्रत्यर्थीगण को निर्देश दिया जाना इप्सित किया है।

3. याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि वर्तमान याची को दिनांक 4 सितंबर, 1985 में पी॰ पी॰ के॰ महाविद्यालय में दर्शन शास्त्र विभाग में व्याख्याता के रूप में नियुक्त किया गया था और उसने दिनांक 9 सितंबर, 1985 को अपना पद ग्रहण किया। उक्त महाविद्यालय को वर्ष 1986 में राँची विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालय में संपरिवर्तित किया गया था। यह निवेदन किया गया है कि एक या दूसरे महाविद्यालयों, जिन्हें घटक महाविद्यालय के रूप में अधिग्रहित किया गया था, में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितकिरण से संबंधित मामले पर विचार करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से गठित कमिटी गठित की गयी थी। स्क्रीनिंग कमिटी की अनुशंसा के अनुसरण में दिनांक 1.2.1988, 18.12.1989 और 24.2.1990 के पत्रों को जारी किया गया था जो परिशिष्ट–2 पर अंतर्विष्ट हैं। यह निवेदन किया गया है कि याची का नाम पूर्वोक्त पत्रों में आया और सत्यापन के बाद दिनांक 24 फरवरी, 1990 के परिशिष्ट–2 पर अंतर्विष्ट पश्चातवर्ती आदेश द्वारा मामला सुलझा लिया गया था जिसके द्वारा याची को तत्कालीन बिहार सरकार के मानव संसाधन विकास विभाग के निर्णय द्वारा प्रश्नगत महाविद्यालय में दर्शन शास्त्र विषय में आमेलित के रूप में माना गया था। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि अनेक शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों के आमेलन से संबंधित विवाद्यक रिट याचिकाओं के गुच्छे में माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक गया जिसे **बिहार राज्य एवं अन्य बनाम बिहार राज्य, एम॰ एस॰ ई॰ एस॰ के॰ के॰ महासंघ, (2005)9 SCC 129,** मामले में निर्णय द्वारा विनिश्चित किया गया था।

4. याची के विद्वान अधिवक्ता पैराग्राफों 60 से 64 पर किए गए संप्रेक्षणों को निर्दिष्ट करके निवेदन करते हैं कि दिनांक 1 दिसंबर, 1988 और दिनांक 18 दिसंबर, 1989 के आदेशों के तहत लिए गए निर्णय में न्यायमूर्ति एस॰ सी॰ अग्रवाल (सेवा निवृत्त) आयोग द्वारा विचार नहीं किया गया था क्योंकि उन कर्मचारियों, जिन्हें राज्य सरकार के उक्त आदेशों द्वारा आमेलित किया गया था, को राज्यपाल के नाम में जारी ऐसे आदेशों के माध्यम से वैध रूप से आमेलित किया गया था।

5. किंतु, एकल न्यायमूर्ति अग्रवाल आयोग द्वारा किए गए उक्त कार्य और **बिहार राज्य (ऊपर)** के मामले में पारित निर्णय के बाद विभिन्न विश्वविद्यालयों ने दिनांक 7 मार्च, 2009 की अधिसूचना के तहत वर्तमान याची और अन्य समस्थित व्यक्तियों सहित ऐसे शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों के आमेलन के आदेशों को जारी करने का नया अभ्यास किया है जिसके द्वारा उसी पी॰ पी॰ के॰ महाविद्यालय में 17 ऐसे शिक्षकों को उनके नामों के सामने दर्शित विषयों में विश्वविद्यालयों की सेवाओं में आमेलित किया गया है।

6. आगे यह निवेदन किया गया है कि डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 4833 वर्ष 2008 में विभिन्न विषयों के ऐसे शिक्षक अर्थात् डॉ॰ त्रिलोचन महतो, डॉ॰ (श्रीमती) वंदना कुमारी और डॉ॰ (श्रीमती) विजय लक्ष्मी पाँचवें वेतन पुनरीक्षण के अनुसरण में यू॰ जी॰ सी॰ वेतनमान के लाभ के प्रदान के लिए प्रत्यर्थीगण–राज्य को निर्देश दिया जाना इप्सित करते हुए इस न्यायालय के समक्ष आये। उक्त रिट याचिका प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड सरकार, राँची को उक्त निर्णय में किए गए संप्रेक्षणों के आलोक में निर्णय लेने का निर्देश देते हुए दिनांक 7 दिसंबर, 2011 को परिशिष्ट–7 के तहत विनिश्चित की गयी थी। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि तत्पश्चात आगे सत्यापन के लिए मामला विश्वविद्यालय को निर्दिष्ट करने के लिए प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा लिया गया निर्णय अवमान मामला (सिविल) सं॰ 370 वर्ष 2012 में पारित दिनांक 8 मार्च, 2013 के निर्णय के तहत संबंधित प्रत्यर्थी को नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश के साथ अभिखंडित कर

दिया गया था। याची द्वारा पैराग्राफों 29 और 30 पर यह निवेदन किया गया है कि वर्तमान याची का मामला अन्य कर्मचारियों, जो दिनांक 7 मार्च, 2009 के परिशिष्ट–3 पर अंतर्विष्ट अधिसूचना में किए गए उसी संप्रेक्षण के अधीन आच्छादित हैं, के मामलों पर सटीक रूप से प्रयोज्य है। याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया है कि दिनांक 18 दिसंबर, 1989 और दिनांक 24 फरवरी, 1990 के उन्हीं आदेशों को भी डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 4833 वर्ष 2008 में अन्य समस्थित व्यक्तियों के मामलों में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय में साक्ष्यित किया गया है। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुशंसा के मुताबिक समुचित वेतनमान में पाँचवें वेतन पुनरीक्षण के लाभ के प्रदान के मामले में निर्णय रोकने का प्रत्यर्थी राज्य के पास कोई कारण नहीं है। आगे यह निवेदन किया गया है कि याची अन्य समस्थित व्यक्तियों के समतुल्य छठे पुनरीक्षित यू॰ जी॰ सी॰ वेतनमान का लाभ पाने का हकदार भी है।

7. याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में प्रत्यर्थी सं॰ 2, निदेशक, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग को समस्त आवश्यक तथ्यों एवं परिस्थितियों तथा यहाँ उपर निर्दिष्ट प्रासंगिक अधिसूचना और याची द्वारा विश्वास किए गए निर्णय को विचार में लेने के बाद समुचित निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए।

8. प्रत्यर्थीगण राज्य के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि रिट याचिका लगभग एक माह पहले दाखिल की गयी है और मामले में प्रति शपथपत्र दाखिल नहीं किया गया है।

9. विश्वविद्यालय के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि इस चरण पर याची की शिकायत को यू॰ जी॰ सी॰ द्वारा अनुशंसित पाँचवें वेतन पुनरीक्षण के प्रदान तक सीमित रखना है क्योंकि याची के मामले में यह अभी भी प्रत्यर्थीगण प्राधिकारियों के समक्ष विचाराधीन है। केवल पाँचवें वेतन पुनरीक्षण के प्रदान के बाद ही पुनरीक्षित छठे वेतनमान के अधीन वेतन नियतिकरण प्रत्यर्थीगण राज्य द्वारा किया जा सकता है।

10. पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुनने के बाद यह प्रतीत होता है कि यू॰ जी॰ सी॰ द्वारा अनुशंसित पाँचवे पुनरीक्षित वेतनमान के प्रदान पर विचार किए जाने से संबंधित मामले पर समस्त प्रासंगिक तथ्यों एवं परिस्थितियों, विश्वविद्यालय द्वारा की गयी अनुशंसा और याची द्वारा विश्वास किए गए निर्णय सहित याची के आमेलन के आदेशों को विचार में लेने के बाद पहली बार प्रत्यर्थी विभाग के स्तर पर विचार किया जाना है।

11. ऐसी परिस्थितियों में, रिट याचिका याची को तीन सप्ताह की अवधि के भीतर समस्त समर्थनकारी तथ्यों और दस्तावेजों, अधिसूचना एवं निर्णय, जिन पर वह विश्वास करना इप्सित करती है, के साथ समुचित चैनल के माध्यम से नए अभ्यावेदन के साथ प्रत्यर्थी सं॰ 2, निदेशक, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग के पास जाने की स्वतंत्रता देते हुए याची के दावा पर कोई टिप्पणी किए बिना निपटायी जाती है। ऐसे अभ्यावेदन की प्राप्ति पर प्रत्यर्थी सं॰ 2, निदेशक, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग विधि के अनुरूप इस पर विचार करेगा और याची के अभिलेख के सम्यक सत्यापन के बाद तत्पश्चात 12 सप्ताह की अवधि के भीतर तार्किक और सकारण आदेश पारित करके सुस्पष्ट निर्णय लेगा जिसे उसको संसूचित भी किया जाएगा। यह कहना अनावश्यक है कि यदि प्रत्यर्थी सं॰ 2 याची के दावा को उसके आमेलन के परिणामस्वरुप पाँचवें पुनरीक्षित यू॰ जी॰ सी॰ वेतनमान के ऐसे प्रदान के लिए वास्तविक और विधित: ग्राह्य पाता है, वह तत्पश्चात 12 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को

भुगतान किए जाने के लिए विश्वविद्यालय के पत्र में पाँचवें पुनरीक्षित वेतनमान के अधीन वेतन के बकाया और करेन्ट वेतन के ऐसे भुगतान के लिए निधि निर्मुक्त करेगा। प्रत्यर्थी सं॰ 2 द्वारा निर्णय लिए जाने के बाद याची को छठे यू॰ जी॰ सी॰ वेतनमान के अधीन आगे किसी पुनरीक्षण के प्रदान के लिए संबंधित प्रत्यर्थी विश्वविद्यालय और राज्य प्राधिकारियों के पास जाने की स्वतंत्रता होगी जिस पर विधि के अनुरुप विचार किया जा सकता है।

12. तद्नुसार, पूर्वोक्त निबंधनों में रिट आवेदन निपटाया जाता है।

---

ekuuh; ihñ ihñ HkVV] U;k;efr

यमुना राम

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

Civil Review No. 74 of 2012. Decided on 23rd July, 2013.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908—आदेश 47 नियम 1—पुनर्विलोकन–पिछली मजदूरी के प्रदान के लिए दावा का अस्वीकरण–आज की तिथि तक याची द्वारा अथवा प्रत्यर्थी राज्य द्वारा अपील दाखिल नहीं की गयी है–पुनर्विलोकन आवेदन पोषणीय है–मूल नियम 54 की दृष्टि में याची उसके द्वारा निकासी किए गए अंतिम वेतन के आधार पर अन्य पारिणामिक लाभों के साथ पिछली मजदूरी का हकदार होगा। (पैराएँ 7 से 10)

निर्णयज विधि.–2013(1) JCR 495; AIR 1962 SC 1334; (1984) 2 SCC 578—Relied.

अधिवक्तागण.–M/s Pandey Niraj Rai, For the Petitioner; J.C. to A.A.G., For the Respondents.

आदेश

याची ने सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 47 नियम 1 के सह-पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन वर्तमान आवेदन दाखिल करके पुनर्विलोकन के प्रदान और तद्द्वारा पिछली मजदूरी का लाभ देने के लिए प्रार्थना किया है जिससे इस न्यायालय द्वारा डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 5447 वर्ष 2006 में पारित दिनांक 24.2.2012 का निर्णय और आदेश देते हुए इनकार कर दिया गया है।

2. आवेदक के विद्वान अधिवक्ता और प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता सुने गए। अभिलेख पर मौजूद सामग्री का परिशीलन किया गया।

3. विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया है कि याची बर्खास्तगी की अवधि के दौरान लाभदायी रूप से काम में लगा हुआ नहीं था और उसके मूल स्थान में उसके भाई द्वारा उसका ख्याल रखा जा रहा था। आगे यह निवेदन किया गया है कि मूल नियम (एफ॰ आर॰) 54A (3) में अंतर्विष्ट विधि के मुताबिक जब मामले के गुणागुण पर बर्खास्तगी आदेश अपास्त किया गया था, तब पुनर्बहाली की तिथि तक निलंबन की अवधि सहित बर्खास्तगी की मध्यक्षेपी अवधि समस्त प्रयोजन से कर्तव्य के रूप में मानी जाएगी जिसका वह हकदार होता यदि उसे ऐसी बर्खास्तगी के पहले बर्खास्त नहीं किया जाता।

4. याची के विद्वान अधिवक्ता ने अपने निवेदन के समर्थन में उन आधारों पर विश्वास किया है, विशेषत: आधारों बी॰ सी॰ एवं ई॰ पर, जिन्हें पुनर्विलोकन याचिका में सम्मिलित किया गया है। ये तीनों आधार विधि के प्रासंगिक प्रावधान पर आधारित हैं। याची के विद्वान अधिवक्ता ने अपने निवेदन के समर्थन

में **नवल किशोर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य, 2013 (1) JCR 495,** मामले में दिए गए निर्णय को निर्दिष्ट किया है और इस पर विश्वास किया है। याची के विद्वान अधिवक्ता ने उक्त निर्णय के पैराग्राफ 16 को निर्दिष्ट करते हुए यह निवेदन भी किया है कि खंडपीठ ने **देवेन्द्र प्रताप नारायण राय शर्मा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य, AIR 1962 SC 1334,** और **अर्जुन चौबे बनाम भारत संघ एवं अन्य, (1984)2 SCC 578,** मामले में दिए गए निर्णय को भी ध्यान में लिया है और उन मामलों में अधिकथित निर्णयाधार का अनुसरण किया है। याची के विद्वान अधिवक्ता ने उक्त निर्दिष्ट दो निर्णयों पर विश्वास किया है और उक्त निर्णयों के प्रासंगिक पैराग्राफों अर्थात् पैराग्राफों 11 और 8 को इंगित किया है।

5. प्रत्यर्थी राज्य की ओर से उपस्थित होने वाले विद्वान अधिवक्ता ने मुख्यत: दो आधारों पर पुनर्विलोकन आवेदन की पोषणीयता के बारे में आरंभिक आपत्ति उठाया है। प्रथमत:, पुनर्विलोकन आवेदन तीस दिनों के अनुबंधित समय के भीतर दाखिल नहीं किया गया है और द्वितीयत:, यदि याची पिछली मजदूरी के लिए प्रार्थना के अस्वीकरण के संबंध में इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय और आदेश के भाग से व्यथित था, उसे इस न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष अपील दाखिल करने की आवश्यकता है।

6. इसके विरुद्ध, याची के विद्वान अधिवक्ता ने सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश 47 नियम 1 के अधीन प्रावधान को निर्दिष्ट करके निवेदन किया कि ऐसे मामले में पुनर्विलोकन दाखिल किया जा सकता है जहाँ अपील दाखिल नहीं की गयी है। वर्तमान मामले में, आवेदक ने अपील दाखिल नहीं किया है। इसी प्रकार, प्रत्यर्थी राज्य सरकार ने भी आज की तिथि तक इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय और आदेश से व्यथित एवं असंतुष्ट होने के नाते अपील दाखिल नहीं किया है और मूल नियम 54A (3) और बिहार सेवा संहिता के नियम 97 में अंतर्विष्ट प्रावधान की दृष्टि में अभिलेख पर प्रकट गलती प्रतीत होती है और इसलिए, पुनर्विलोकन आवेदन पोषणीय है। यह निवेदन भी किया गया है कि वर्तमान मामले में युक्तियुक्त समय के भीतर पुनर्विलोकन दाखिल किया जा सकता है।

7. परस्पर विरोधी निवेदनों और अधिक विशेषत: सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 47 नियम 1 में अंतर्विष्ट प्रावधान पर विचार करते हुए यह प्रतीत होता है कि वर्तमान आवेदन में संगणित आधारों, विशेषत: आधारों बी॰ सी॰ एवं ई॰ को देखते हुए वर्तमान पुनर्विलोकन आवेदन पोषणीय प्रतीत होता है। याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा दिए गए बयान से भी प्रतीत होता है कि आज की तिथि तक याची द्वारा अथवा प्रत्यर्थी राज्य द्वारा अपील दाखिल नहीं की गयी है और, इसलिए, वर्तमान पुनर्विलोकन आवेदन पोषणीय प्रतीत होता है। यह भी प्रतीत होता है कि डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 5447 वर्ष 2006 में निर्णय और आदेश देते हुए मूल नियम (एफ॰ आर॰) 54A(3) के प्रासंगिक अवस्था को इंगित नहीं किया गया था और इसी प्रकार बिहार सेवा संहिता के नियम 97 को भी पक्षों के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रकाशमान नहीं किया गया था और, इसलिए, प्रासंगिक समय पर उक्त प्रावधान पर विचार नहीं किया गया था।

8. याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उद्धृत **नवल किशोर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य, (2013)1 JCR 495**, मामले में दिया गया खंडपीठ का निर्णय वर्तमान मामले को विनिश्चित करने के लिए प्रासंगिक प्रतीत होता है। उक्त निर्णय के पैराग्राफ 16 को यहाँ नीचे उद्धृत किया जाता है:–

> *"16. ekey d rF;k e gekjk lfopkfjr er g fd ^dke ugh oru ugh* dk fl)kr ,d ,lh rF;ijd fLFkfr e ykx ugh fd;k tk ldrk g tgk ykd in èkkj.k dju okyk ljdkjh lod gku d ukr ;kph dk in l tMk dÙk0; ijk dju l*

*çR;Fkh d ÑR; d dkj.k ofpr fd;k x;k Fkk vkj >kj[kM lok lfgrk] 2001 d fu;e 97 (2) dh nf"V e vkj noUn çrki ukjk;.k jk; 'kek cuke mUkj çn'k jkT; ,o vU; (Åij) ekey e vkj vtu pkc cuke Hkkjr l?k ,o vU; (Åij) ekey e fn, x, ekuuh; lokPp U;k;ky; d fu.k; dh nf"V e gekjk lfopkfjr er g fd ;kph u doy iucgkyh dk cfYd oru of)] tk og ml frfFk d ckn vftr dj ldrk Fkk fdr ;fn oru iujh{k.k fd;k tkrk g rc ml oru iujh{k.k dk vuKkr fd;k tk,xk] dk è;ku e fy, fcuk mld }kjk ik, x, vfre oru d vkèkkj ij li.k fiNy oru dk Hkh gdnkj gA ;kph vU; leLr ikfj.kkfed ykHkk dk Hkh gdnkj gkxkA çR;Fkhx.k dk fdlh foyc d fcuk ;kph dk iucgky dju dk fun'k fn;k tkrk gA bl vkn'k dh çfr dh çkflr dh frfFk l rhu ekg dh vofèk d Hkhrj Hkxrku d cdk;k dk lx.ku fd;k tk ldrk g vkj ;kph dk Hkxrku fd;k tk ldrk gA***

9. इसी प्रकार, **देवेन्द्र प्रताप नारायण राय शर्मा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य, AIR 1962 SC 1334,** मामले में दिया गया निर्णय भी वर्तमान मामले को विनिश्चित करने के लिए प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है। उक्त निर्णय के पैराग्राफ 11 को यहाँ नीचे उद्धृत किया जाता है:–

"(11) gekjh nf"V e] ;g çfrokn i.kr% Hkked gA fu;e 54 tlk o"k 1953 e l'kkfèkr fd;k x;k g] fuEufyf[kr g%

"54 (1) tc ljdkjh lod ftl c[kkLr fd;k x;k g] gVk;k x;k g vFkok fuyfcr fd;k x;k g] dk iucgky fd;k tkrk g] iucgkyh dk vkn'k nu okyk l{ke çkfèkdkjh&

(a) dr0; l mldh vuifLFkfr dh vofèk d fy, ljdkjh lod dk Hkxrku fd, tkuoky oru ,o HkÙkk d lcèk e(,o

(b) D;k mDr vofèk dr0; ij fcrk;h x;h vofèk ekuh tk,xh ;k ugh d lcèk e fopkj djxk vkj fofufn"V vkn'k ikfjr djxkA

(2) tgk ,l l{ke çkfèkdkjh dk er g fd ljdkjh lod dk i.kr% foeDr dj fn;k x;k g] vFkok fuycu dh fLFkfr e] fd ;g i.kr% vU;k;kfpr Fkk] ljdkjh lod dk ijk oru vkj HkÙkk ftldk og gdnkj gkrk ;fn ml ;FkkfLFkfr c[kkLr ugh fd;k tkrk] gVk;k ugh tkrk] vFkok fuyfcr ugh fd;k tkrk] d lkFk fdlh vU; HkÙkk tk og viuh c[kkLrxh] gVk, tku vFkok fuycu d io çkIr djrk Fkk] nuk gkxkA

(3) vU; ekeyk e] ljdkjh lod dk ,l oru vkj HkÙkk dk ,lk vuikr fn;k tk,xk tlk ,lk l{ke çkfèkdkjh fofgr dj ldrk gA

ijUr ;g fd [kM (2) vFkok (3) d vèkhu HkÙkk dk Hkxrku vU; leLr 'krk d vè;èkhu gkxk ftld vèkhu ,lk HkÙkk xkg; g

(4) [kM (2) d vèkhu vku oky ekey e dr0; l vuifLFkr jgu dh vofèk dk leLr ç;ktu l dr0; ij fcrk;h x;h vofèk d :i e ekuk tk,xkA

*(5) [kM (3) d vèkhu vku oky ekey e dr0; l vuifLFkr jgu dh vofèk dr0; ij fcrk;h x;h vofèk d :i e ugh ekuh tk,xh tc rd ,lk l{ke çkfèkdkjh fofufn"Vr% fun'k ugh nrk g fd bl fdlh fofufn"V ç;ktu l ,lk ekuk tk,xkA***

यह नियम वर्तमान मामले जैसे मामलों पर प्रयोज्य नहीं है जिसमें लोक सेवक की बर्खास्तगी को सिविल न्यायालय द्वारा अवैध घोषित किया जाता है और उसे पुनर्बहाल किया जाता है। यह नियम निःसंदेह

राज्य सरकार को लोक सेवक का वेतन नियत करने के लिए सक्षम बनाता है जिसकी बर्खास्तगी को विभागीय अपील में खारिज कर दिया गया है। किंतु इस मामले में बर्खास्तगी आदेश सिविल वाद में अवैध घोषित किया गया था। सिविल वाद की डिक्री का प्रभाव यह था कि अपीलार्थी को सेवा से विधिपूर्वक बर्खास्त किया गया कभी नहीं समझा गया था और पुनर्बहाली आदेश फिजूल था। सिविल न्यायालयों के न्याय निर्णयन का प्रभाव यह घोषणा करना है कि अपीलार्थी को गलत रूप से लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने से रोका गया था। ऐसी आकस्मिकता में प्राधिकारी को लोक सेवक को पारिश्रमिक, जिसे उसने अर्जित किया होता यदि उसे काम करने की अनुमति दी गयी होती, से वंचित करने की छूट नहीं होगी।''

10. अर्जुन चौबे बनाम भारत संघ एवं अन्य, (1984)2 SCC 578, मामले में दिया गया एक अन्य निर्णय भी वर्तमान मामले को विनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उक्त निर्णय के पैरा 8 को यहाँ नीचे उद्धृत किया जाता है:–

> *"8. ifj.kkeLo#i] ge vihy vuKkr djr g vkj mPp U;k;ky; dk fu.k; vikLr djr g] fnukd 15 tu] 1982 dk vkn'k ftld }kjk vihykFkh dk lok l c[kkLr fd;k x;k Fkk] vikLr fd;k tkrk gA fdr i{kk d ikjLifjd vfèkdkjk vkj ckè;rkvk dk fu;r dju e vko';d tfVyrkvk l cpu d fy, ge fun'k nr g fd vihykFkh tk Ng ekg d Hkhrj lokfuoÙk gku okyk g dk fnukd vfçy 1, 1984 d çHkko l lok l lokfuoÙk gk x;k ekuk tk,xkA ml mld }kjk fnukd tu 15, 1982 dk ik, x, vfre oru d vkèkkj ij fnukd ekp 31, 1984 rd mld oru d cdk;k dk Hkxrku oruof) ftl mlu ml frfFk d ckn vftr fd;k gkrk dk è;ku e fy, fcuk fd;k tk,xkA Hkfo"; fufèk vkj minku Hkh fu;ek d vu#i lxf.kr djd vihykFkh dk bldk Hkxrku fd;k tk,xk ekuk mld fo#) c[kkLrxh dk vkn'k ugh ikfjr fd;k x;k FkkA vihykFkh viu drO; dk iu% xg.k ugh dj ldrk g vkj u gh djxkA ml vc vkj fnukd ekp 31, 1984 d cknp vodk'k ij ekuk tk,xkA***

उक्त निर्दिष्ट दो निर्णयों पर इस न्यायालय की खंडपीठ द्वारा विचार किया गया है और उनमें अधिकथित निर्णयाधार का इस न्यायालय की खंडपीठ द्वारा अनुसरण किया गया है और, इसलिए, इस न्यायालय की खंडपीठ द्वारा किए गए संप्रेक्षण/दिए गए निर्देश के आलोक में याची अन्य पारिणामिक लाभों के साथ पिछली मजदूरी का भी हकदार होगा और तद्नुसार प्रत्यर्थीगण को उसके द्वारा पाए गए अंतिम वेतन के आधार पर भुगतान के बकाया का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है। मध्यक्षेपी अवधि के दौरान यदि वेतन पुनरीक्षण किया गया है, पुनरीक्षण वेतनमान का भुगतान भी याची को किया जाएगा।

11. उक्त निर्देशों और संप्रेक्षणों की दृष्टि में इस पुनर्विलोकन आवेदन को अनुज्ञात किया जाता है।

---

ekuuh; vij'k dekj flg] U;k;efr

संजय कुमार तिवारी

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (S) No. 1478 of 2013. Decided on 18th November, 2013.

सेवा विधि–दंड–समेकित प्रभाव से दो वार्षिक वेतन वृद्धियों का रोका जाना अल्प दंड नहीं कहा जा सकता है–जाँच रिपोर्ट में किए गए संप्रेक्षण के साथ असहमत होने के कारण का कथन करते हुए द्वितीय कारण बताओ के साथ जाँच रिपोर्ट की प्रति तामील करने की आवश्यकता थी–वर्तमान मामले में उसका अनुसरण नहीं किया गया है–याची को अपील के उपचार से इनकार किया गया है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है–दंड का आदेश अभिखंडित किया गया। (पैराएँ 6 से 9)

निर्णयज विधि.–1991 Supp. (1) SCC 504; 2013(3) JLJR 310—Relied; (1995)2 SCC 474; (2006)9 SCC 440; (1993)4 SCC 727; (1998)7 SCC 84—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. Sumeet Gadodia, For the Petitioner; Mr. Sumir Prasad, For the Respondents.

आदेश

पक्षों के अधिवक्ता सुने गए।

2. याची मेमो सं॰ 1113 (एस॰) में अंतर्विष्ट दिनांक 25/26.2.2011 के दंड के आदेश (परिशिष्ट–9) से व्यथित है जिसके द्वारा उस पर समेकित प्रभाव से दो वार्षिक वेतन वृद्धियों को रोके जाने का और निलंबन की अवधि के दौरान पूर्ण वेतन के गैर–भुगतान का दंड अधिरोपित किया गया है। याची मेमो सं॰ 1041 (एस॰) में अंतर्विष्ट प्रत्यर्थी सं॰ 2, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा पारित दिनांक 11.2.2013 के अपीलीय आदेश (परिशिष्ट–12) से भी व्यथित है जिसके द्वारा दंड के आदेश के विरुद्ध उसकी अपील अस्वीकार कर दी गयी है।

3. याची के विद्वान अधिवक्ता के अनुसार उसे प्रत्यर्थी सं॰ 4, मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के हस्ताक्षर के अधीन दंड का आदेश संसूचित किया गया था यद्यपि दंड अधिरोपित करने का निर्णय स्वयं विभाग के सचिव द्वारा लिया गया था। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि याची को दिनांक 12.2.2009 के आदेश के तहत प्रशासनिक आधारों पर लेखा लिपिक, रोड डिविजन, देवघर के पद से राष्ट्रीय उच्च पथ रोड डिविजन, हजारीबाग स्थानांतरित किया गया था और पद स्थापना के स्थानांतरित स्थान पर पदग्रहण के लिए रिपोर्ट करने के लिए दिनांक 14.2.2009 को भारमुक्त किया गया था। किंतु, यह अभिकथित किया गया है कि याची दिनांक 14.2.2009 को भारमुक्त कर दिए जाने के बावजूद अपनी पूर्व पदस्थापना का प्रभार नहीं सौंपा था और, इसलिए, उसे प्रत्यर्थी सं॰ 4 द्वारा जारी दिनांक 3.10.2009 के आदेश के तहत निलंबन के अधीन रखा गया था। प्रत्यर्थी सं॰ 4 के हस्ताक्षर के अधीन जारी दिनांक 23.7.2010 के परिशिष्ट 4 के तहत उस पर आरोप–पत्र अन्य बातों के साथ यह अभिकथन करते हुए तामील किया गया था कि याची ने पदस्थापना के पूर्व स्थान का पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा था जिसके परिणामस्वरुप नगद एवं लेखा सेक्शन का काम प्रभावित हुआ था। बाद में, उपायुक्त, देवघर के आदेशों के अधीन कार्यपालक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करके याची के प्रभार के अधीन प्रासंगिक अभिलेखों की इन्वेन्ट्री तैयार की गयी थी। याची के ऐसे कृत्य अधिकारिक कर्तव्य निर्वहन करने में रूकावट का सृजन करने के तुल्य हुआ। अतः, याची को सिविल सेवा अनुशासन नियमावली, 1976 के नियम 3 (I) (II) (III) के अधीन अवचार का दोषी पाया गया था। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि जाँच अधिकारी ने याची के बचाव को विचार में लिया और अपने निष्कर्ष में संप्रेक्षित किया कि याची को दिनांक 12.2.2009 के स्थानांतरण आदेश के दो दिन बाद दिनांक 14.2.2009 को जल्दबाजी में नियंत्रक अधिकारी द्वारा भारमुक्त किया गया था, अतः, याची द्वारा पूर्ण प्रभार सौंपा नहीं जा सका था।

किंतु, याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया है कि जाँच अधिकारी-रोड सर्किल, हजारीबाग के अधीक्षण अभियन्ता ने पद स्थापना के पूर्व स्थान पर याची के अभिकथित प्रभार में कतिपय बैंक गारंटी के गैर नवीकरण, सत्यापन, और वास्तविकता के संबंध में अनावश्यक टिप्पणी किया। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि प्रभार सौंपे जाने से संबंधित एकमात्र अभिकथन से उसको विमुक्त करके इंजीनियर-इन-चीफ, पथ निर्माण विभाग को परिशिष्ट-5 के तहत दिनांक 20.8.2010 को जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी। किंतु, जाँच अधिकारी ने याची पर बिल्कुल अनावश्यक टिप्पणी की जिसका मुख्य आरोप के साथ सरोकार नहीं था। आगे यह निवेदन किया गया है कि जाँच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की दृष्टि में, इस प्रश्न कि क्या आयरन चेस्ट में अंतर्विष्ट बैंक गारंटी याची के प्रभार में थी या नहीं और अन्य सह-संबंधित प्रश्नों का विनिर्दिष्ट उत्तर इप्सित करते हुए कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, रोड डिविजन, देवघर का दिनांक 4.1.2011 का पत्र भेजा गया था। दिनांक 20.1.2011 के पत्र के तहत प्रत्यर्थी सं॰ 6, कार्यपालक अभियन्ता, रोड डिविजन, देवघर द्वारा उक्त प्रश्न का प्रत्युत्तर दिया गया था जिसमें यह स्पष्टत: कथन किया गया है कि याची आयरन चेस्ट के प्रभार में नहीं था और कोई बैंक गारंटी उसके प्रभार के अधीन नहीं थी। शेष प्रश्नों का भी अन्य बातों के साथ उसी उत्तर के साथ उत्तर दिया गया था कि वे याची से असंबंधित थी। याची के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि तत्पश्चात द्वितीय कारण बताओ अथवा जाँच रिपोर्ट की प्रति उस पर तामील नहीं की गयी थी और अंततोगत्वा इंजीनियर-इन-चीफ पथ निर्माण विभाग के हस्ताक्षर के अधीन उसको दंड का आदेश संसूचित किया गया था। यह निवेदन किया गया है कि प्रत्यर्थीगण ने यह दृष्टिकोण अपनाना चुना है कि आक्षेपित आदेश स्वयं प्रत्यर्थी सं॰ 4 इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा पारित किया गया है। किंतु, यह तथ्य गलत है जैसा याची द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन प्राप्त दिनांक 1.10.2011 के परिशिष्ट-8 के तहत प्रतीत होगा। यह निवेदन किया गया है कि स्वयं दिनांक 19.2.2011 के नोटिंग का परिशीलन दर्शाएगा कि समेकित प्रभाव से दो वार्षिक वेतन वृद्धियों को रोकने और निलंबन अवधि के लिए केवल निर्वाह-भत्ता का भुगतान करने का याची के विरुद्ध दंड का आक्षेपित आदेश प्रत्यर्थी सं॰ 2, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा पारित किया गया था जिसे केवल इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा याची को संसूचित किया गया है। ऐसी परिस्थितियों में, याची ने 1935 नियमावली के नियम 4 के अधीन अपील के फोरम का अवलंब लेने का हकदार होने के नाते मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के समक्ष दिनांक 11.7.2011 के परिशिष्ट 10 के तहत अपील दाखिल किया। किंतु, अपील का अस्वीकरण याची को यह सूचित करते हुए कि उसकी अपील प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग द्वारा स्वयं अस्वीकार कर दी गयी है, दिनांक 11.2.2013 के गूढ़ आदेश द्वारा उप सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा याची को पुन: संसूचित किया गया था। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि पूर्वोक्त तथ्यों और परिस्थितियों में, विभागीय कार्यवाही के आवश्यक प्रक्रियाओं का अनुसरण नहीं किया गया है। यद्यपि अभिकथित अवचार उसकी पदस्थापना के पूर्व स्थान पर प्रभार सौंपने से संबंधित नहीं था किंतु जाँच अधिकारी ने याची के अधीन बतायी गयी बैंक गारन्टी के अभिकथित प्रभार से संबंधित कतिपय अनावश्यक टिप्पणी किया था। यह निवेदन किया गया है कि इसे पहले याची के नियंत्रक अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया था और दिनांक 20.1.2011 के परिशिष्ट-7 पर अंतर्विष्ट संसूचना में नकारा गया था। पूर्वोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों में, याची पर न तो द्वितीय कारण बताओ तामील किया गया था और न ही उस पर जाँच

रिपोर्ट की प्रति तामील की गयी थी। आगे यह निवेदन किया गया है कि दंड का आक्षेपित आदेश स्वयं सचिव द्वारा पारित किया था जबकि याची की नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी अधीक्षण अभियन्ता है और याची लेखा लिपिक का पद धारण करते हुए अधीनस्थ सेवाओं से आता है। यह निवेदन किया गया है कि याची द्वारा दाखिल अपील भी उसी प्राधिकारी द्वारा अस्वीकार की गयी है जो स्वयं अपने द्वारा लिए गए निर्णय की सुनवाई नहीं कर सकता है। अतः, याची को प्रभावकारी रूप से अपील के उपाय से भी वंचित किया गया है।

4. याची के विद्वान अधिवक्ता ने वर्तमान रिट आवेदन में उठाए गए अनेक विवाद्यकों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अनेक निर्णयों पर और **कुलवंत सिंह गिल बनाम पंजाब राज्य, 1991 Suppl. (1) SCC 504**, प्रासंगिक पैरा-4 पर मामले में दिये गये निर्णय पर विश्वास किया है। उन्होंने **रामदीप प्रसाद विश्वकर्मा बनाम झारखंड राज्य,** 2013 (3) JLJR 310, प्रासंगिक पैरा 10, मामले पर भी विश्वास किया है कि समेकित प्रभाव से वेतनवृद्धियों का रोका जाना मुख्य दंड है। याची के विद्वान अधिवक्ता ने इस विवाद्यक पर कि जहाँ उच्चतर प्राधिकारी के समक्ष अपील करने का अधिकार प्रावधानित किया गया है, संबंधित कर्मचारी को उसके मुख्य अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है वहाँ उच्चतर प्राधिकारी द्वारा पारित दंड का आदेश अपास्त किए जाने का दायी है, **सुरजीत घोष बनाम अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक एवं अन्य, (1995)2 SCC 474,** मामले में निर्णय, विशेषतः पैरा 6 पर भी विश्वास किया है। उन्होंने इस विवाद्यक पर कि अनुशासनिक प्राधिकारी जाँच रिपोर्ट से असहमत होते हुए अपने अस्थायी निष्कर्ष को वर्णित करते हुए नोटिस देने के लिए बाध्य है, **लव निगम बनाम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आई॰ टी॰ आई॰ लि॰ एवं एक अन्य, (2006)9 SCC 440,** पैरा-10, मामले में निर्णय पर भी विश्वास किया है। याची के विद्वान अधिवक्ता ने इस विवाद्यक पर कि मुख्य दंड का आदेश पारित करने के पहले जाँच रिपोर्ट की प्रति और द्वितीय कारण बताओ आवश्यक है, **प्रबंध निदेशक, ई॰ सी॰ आई॰ एल॰, हैदराबाद एवं अन्य बनाम बी॰ करुणाकर एवं अन्य, (1993)4 SCC 727,** विनिर्दिष्टतः पैरा-26, मामले और **पंजाब नेशनल बैंक एवं अन्य बनाम कुंज बिहारी मिश्रा, (1998)7 SCC 84,** पैरा 17, मामले में निर्णय पर विश्वास किया है।

5. किंतु प्रत्यर्थी राज्य ने आक्षेपित आदेश जारी किया जाना न्यायोचित ठहराया है। प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया है कि अधिकारिक अभिलेख का प्रभार नहीं सौंपने के अभिकथित अवचार ने सरकारी काम में रूकावट सृजित किया था। अतः, याची को निलंबन के अधीन रखा गया था और दिनांक 23.7.2010 के आरोप-पत्र के अधीन उसके विरुद्ध अग्रसर हुआ गया था। यह निवेदन किया गया है कि अधीक्षण अभियन्ता अर्थात् जाँच अधिकारी की जाँच रिपोर्ट की प्रस्तुती के बाद विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा दंड का आक्षेपित आदेश पारित किया गया है जो अधीक्षण अभियन्ता जिसे जाँच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था की तुलना में उच्चतर प्राधिकारी है। यह विधि में अनुज्ञेय है। पुनः यह निवेदन किया गया है कि याची पर अल्प दंड अधिरोपित किया गया है, अतः, द्वितीय कारण बताओ नोटिस तामील करने की आवश्यकता नहीं थी जैसा संपूर्ण जाँच में आवश्यक है। आगे यह निवेदन किया गया है कि चूँकि दंड का आदेश इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा पारित किया गया था, अपील के अस्वीकरण का आदेश विभाग के प्रधान सचिव द्वारा पारित किया गया था। अतः, आक्षेपित आदेशों में दुर्बलता नहीं है और दंड का आदेश सही प्रकार से याची पर अधिरोपित किया गया है।

6. मैंने पक्षों के अधिवक्ता को सुना है और आक्षेपित आदेशों सहित अभिलेख पर उपलब्ध प्रासंगिक सामग्रियों का परिशीलन किया है। यह प्रतीत होता है कि याची को रोड डिविजन, देवघर के अधीन

पदस्थापना के पूर्व स्थान से दिनांक 14.2.2009 को भार मुक्त किए जाने पर उसके प्रभार के अधीन अधिकारिक अभिलेख को नहीं सौंपने के आरोप के लिए अभियोजित किया गया था। स्थानांतरण आदेश दिनांक 12.2.2009 का था। जाँच अधिकारी ने परिशिष्ट–5 के तहत अपनी रिपोर्ट में संप्रेक्षित किया है कि याची द्वारा प्रभार जल्दबाजी में सौंपा गया था। किंतु, उक्त जाँच रिपोर्ट के परिशीलन से यह प्रतीत होता है कि उसकी पदस्थापना के पूर्वतर स्थान में याची के अभिकथित प्रभार में बैंक गारंटी के सत्यापन/गैर नवीकरण से संबंधित कतिपय टिप्पणियाँ जाँच अधिकारी द्वारा की गयी थी। परिशिष्ट–6 अर्थात् कार्यपालक अभियन्ता, रोड डिविजन, देवघर से प्रत्यर्थी विभाग द्वारा ऐसे संप्रेक्षण के संबंध में पूछे गए प्रश्न और कार्यपालक अभियन्ता द्वारा परिशिष्ट–7 और 7/1 के तहत उत्तरों का परिशीलन दर्शाता है कि याची आयरन चेस्ट के प्रभार में नहीं था जिसमें बैंक गारंटी रखी गयी थी। इसी तरीके से अन्य प्रश्नों का उत्तर दिया गया था और यह कथन किया गया है कि वे याची से असंबंधित थी। दूसरी ओर, दिनांक 1.10.2011 के आर० टी० आई० के अधीन प्राप्त की गयी नोटिंग (परिशिष्ट–8) के परिशीलन पर यह प्रतीत होता है कि समेकित प्रभाव से दो वार्षिक वेतनवृद्धियों को रोकने और निलंबन की अवधि के दौरान याची को पूर्ण वेतन के गैर भुगतान का दंड का आदेश अधिरोपित करने का निर्णय स्वयं विभाग के सचिव द्वारा लिया गया है। ऐसी परिस्थितियों में, परिशिष्ट 9 पर अंतर्विष्ट दंड का आदेश केवल विभाग के इंजीनियर–इन–चीफ के हस्ताक्षर के अधीन संसूचित किया गया प्रतीत होता है। यद्यपि याची अधीक्षण अभियन्ता द्वारा नियुक्त किए जाने का दावा करता है किंतु दंड का आदेश नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी की तुलना में उच्चतर प्राधिकारी द्वारा पारित किया गया प्रतीत होता है। किंतु, 1935 नियमावली के नियम 4 के प्रावधान उस प्राधिकारी, जिसने उक्त 1935 नियमावली के नियम 2 के अधीन दंड का आदेश पारित किया, के ठीक उच्चतर प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने के लिए अधीनस्थ सेवा के सदस्य को सक्षम बनाते हैं। दूसरी ओर, समेकित प्रभाव से दो वार्षिक वेतनवृद्धियों को रोका जाना अल्प दंड नहीं कहा जा सकता है जैसा **कुलवन्त सिंह गिल बनाम पंजाब राज्य (ऊपर)** में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा और **रामदीप प्रसाद विश्वकर्मा बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य (ऊपर)** में इस न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया है।

7. ऐसी परिस्थितियों में, दंड का आदेश अधिरोपित करने के पहले जाँच रिपोर्ट में किए गए संप्रेक्षण के साथ असहमत होने का कारण देते हुए द्वितीय कारण बताओ के साथ जाँच रिपोर्ट की प्रति तामील करने की आवश्यकता थी। यह वर्तमान मामले में अनुसरण किया गया प्रतीत नहीं होता है। मूल आदेश याची को नियुक्त करने वाले प्राधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी द्वारा पारित किया गया था, वर्तमान मामले में स्वयं विभाग के प्रधान सचिव द्वारा। यदि दंड का आदेश नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी द्वारा अथवा उससे उच्चतर किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा पारित किया गया था, याची को अपीलीय प्राधिकारी अर्थात् कार्यालय का अध्यक्ष होने के नाते प्रधान सचिव के समक्ष अपील का प्रभावकारी उपचार होगा। किंतु, वर्तमान मामले में याची पर दंड अधिरोपित करने का निर्णय स्वयं प्रधान सचिव द्वारा लिया गया है। अतः, याची को अपील के उपचार से इनकार किया गया है जो **सुरजीत घोष बनाम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक एवं अन्य (ऊपर)** मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय की दृष्टि में मान्य नहीं है। पैरा 6 में अंतर्विष्ट सर्वोच्च न्यायालय का मत यहाँ नीचे उद्धृत किया जा रहा है:–

> ^^ijk 6 – çR;Fkh cd u viu fuonu e çfrokn fd;k fd ;|fi ;g lR; g fd mi&egkçcèkd u vu'kklfud çkfèkdkjh d :i e ÑR; fd;k Fkk tc ml

*oLrr% fofu;euk d vèkhu vihyh; çkfèkdkjh d :i e ukfer fd;k x;k Fkk] vihykFkh ij çfrdyrk dkfjr ugh gkrh g D;kfd mi egkçcèkd vu'kklfud çkfèkdkjh dh ryuk e J.kh e mPprj gA vFkkr fMfotuy eutj@,0 th0 ,e0 (dkfed) gA cd d vulkj] ;g vfHkfuèkkfjr fd;k tkuk pkfg, fd tc nM dk vkn'k mPprj çkfèkdkjh }kjk ikfjr fd;k x;k g] fofu;euk d vèkhu vihy miyCèk ugh g D;kfd bl çkoèkkfur djuk vko';d ugh gA ;g çfrokn Hkh fd;k x;k Fkk fd vihy dk vfèkdkj ugh g tc rd bl fu;ekoyh vFkok fofu;euk d vèkhu çkoèkkfur ugh fd;k tkrk gA ;|fi rd igyh ckj n[ku ij vkd"kd yxrk g] bldh detkjh bl rF; e g fd ;g fu;ekoyh@fofu;euk l tgk vihy çkoèkkfur ugh dh x;h g dh fu;ekoyh@fofu;euk tgk vihy çkoèkkfur dh x;h g d lerY; j[ku dk ç;kl djrk gA ;g lR; g fd tgk vu'kklfud çkfèkdkjh l mPprj çkfèkdkjh Lo; nM vfèkjkfir djrk g] nM dk vkn'k voèkrk l ihfMr ugh gkrk g tc ,l çkfèkdkjh d le{k vihy çkoèkkfur ugh dh x;h gA fdr] tc vu'kklfud çkfèkdkjh vFkok fuEurj çkfèkdkjh d vkn'k d fo#) lcfèkr mPprj çkfèkdkjh d le{k vihy çkoèkkfur dh x;h g vkj mPprj çkfèkdkjh nM dk vkn'k ikfjr djrk g] lcfèkr depkjh vihy d mik; l ofpr fd;k tkrk tk fu;ekoyh@fofu;euk }kjk mldk fn;k x;k lkjoku vfèkdkj gA depkjh dk mld lkjoku vfèkdkj l ofpr ugh fd;k tk ldrk gA vkx tk g og ;g g fd tc vu'kklfud çkfèkdkjh d vkn'k d fo#) vihy dk çkoèkku g vkj tc vihyh; vFkok mPprj çkfèkdkjh ftld vkn'kk d fo#) vihy ugh dh tk ldrh g] fn, x, ekey e vu'kklfud çkfèkdkjh dh 'kfDr;k dk ç;kx djrk g] bldk ifj.kke lcfèkr depkjh d fo#) HknHkko e gkrk gA ,lk fo'k"kr% blfy, g tc fu;ekoyh@fofu;euk e ekxn'kd fl)kr ugh g fd dc mPprj çkfèkdkjh vFkok vihyh; çkfèkdkjh dk vu'kklfud çkfèkdkjh dh 'kfDr dk ç;kx djuk pkfg,A mPprj vFkok vihyh; çkfèkdkjh dN ekeyk e vu'kklfud çkfèkdkjh dh 'kfDr dk ç;kx djuk pu ldrk g tcfd dN ekeyk e ,lk ugh djuk pu ldrk gA ,l ekeyk e] depkjh dk vfèkdkj mPprj@vihyh; çkfèkdkjh dh ilUn ij fuHkj djrk g ftldk ifj.kke Li"V :i l ,d depkjh dk nlj depkjh d chp HknHkko e gkrk gA fu'p; gh] ,lh fLFkfr oèk ugh gk ldrh gA vr% gekjk nf"Vdk.k g fd çR;Fkh cd dh vkj l fd;k x;k çfrokn fd tc vihyh; çkfèkdkjh vu'kklfud çkfèkdkjh dh 'kfDr dk ç;kx djuk purk g] ;g vfHkfuèkkfjr fd;k tkuk pkfg, fd fofu;euk d vèkhu vihy dk vfèkdkj çkoèkkfur ugh g] Lohdkj ugh fd;k tk ldrk gA***

8. पूर्वोक्त तथ्यों और परिस्थितियों में निर्णय लेने की प्रक्रिया अनेक स्तरों पर प्रभावित हुई है जैसा यहाँ उपर उपदर्शित किया गया है और याची को अपील के उपचार से वंचित किया गया है क्योंकि दंड का आदेश और इसको अभिपुष्ट करने वाला अपीलीय आदेश उसी प्राधिकारी अर्थात् संबंधित विभाग के प्रधान सचिव द्वारा पारित किया गया है। पूर्वोक्त तथ्यों और परिस्थितियों में, दिनांक 25/26.2.2011 का दंड का आक्षेपित आदेश और दिनांक 11.2.2013 का अपीलीय आदेश तद्नुसार अभिखंडित किया जाता है।

9. रिट याचिका अनुज्ञात की जाती है। किंतु प्रत्यर्थीगण प्राधिकारियों को विधि के अनुरूप उक्त विभागीय कार्यवाही में याची पर जाँच रिपोर्ट के साथ द्वितीय कारण बताओ नोटिस के तामीले के चरण से नए सिरे से अग्रसर होने की छूट होगी।

---

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

मीना कुमारी राय

cuke

झारखंड राज्य

Cr.M.P. No. 2423 of 2012. Decided on 19th November, 2013.

भारतीय दंड संहिता, 1860—धारा 409—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धाराएँ 239 एवं 482—लोक सेवक द्वारा न्यास का दांडिक भंग–उन्मोचन आवेदन का अस्वीकरण–अन्य कारकों को ध्यान में लिए बिना समुचित मामलों में अभियुक्त द्वारा दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 482 के अधीन अंतर्निहित शक्ति का अवलंब लिया जा सकता है और न्यायालय विधि के मापदंड के अंतर्गत सुयोग्य मामलों में इसका प्रयोग कर सकता है–अभिकथन स्वीकार करते हुए कि याची ने अपने पास अभिलेख रखा था, भा॰ दं॰ सं॰ की धारा 409 के अधीन अपराध आकृष्ट नहीं होगा–दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 482 के अधीन शक्ति के प्रयोग से परहेज रखना वांछनीय नहीं है।

(पैराएँ 10 से 13)

निर्णयज विधि.–(1977) 4 SCC 551; (2009)2 SCC 370—Relied; (1977) 4 SCC 551; (2012) 9 SCC 460—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. Anil Kumar Sinha, For the Petitioner; A.P.P., For the State.

आदेश

यह आवेदन सदर पी॰ एस॰ केस सं॰ 308 वर्ष 2002 में पारित दिनांक 2.8.2012 के आदेश के विरुद्ध निर्देशित है जिसके द्वारा और जिसके अधीन विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, हजारीबाग, ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 239 के अधीन दाखिल उन्मोचन आवेदन अस्वीकार कर दिया।

2. जब ग्रहण के बिंदु पर मामला सुनवाई के लिए आया, आवेदन की पोषणीयता का प्रश्न उद्भूत हुआ क्योंकि आक्षेपित आदेश को चुनौती देने के लिए याची के पास वैकल्पिक उपचार उपलब्ध था।

3. याची के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता श्री अनिल कुमार सिन्हा और राज्य के विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

4. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि यह सत्य है कि यह सुनिश्चित सिद्धांत है कि अंतर्निहित शक्ति की भूमिका तब आरंभ होगी जब व्यथित पक्ष की शिकायत दूर करने के लिए संहिता में प्रावधान नहीं है और कि यदि चुनौती दिया गया आदेश शुद्धत: अंतर्वर्ती चरित्र का है, इसे न्यायालय की पुनरीक्षण शक्ति के प्रयोग से सुधारा जा सकता है और उस स्थिति में उच्च न्यायालय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अधीन शक्ति के प्रयोग में आदेश में हस्तक्षेप करने से परहेज करेगा। किंतु साथ ही, यह भी अभिनिर्धारित किया गया है कि संहिता के प्रावधानों में से कोई भी दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 अथवा भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 की शक्ति का अवलंब लिया जाना प्रतिषिद्ध अथवा अभिव्यक्त रूप से वर्जित नहीं करता है, विशेषत: जब न्याय का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप बिल्कुल आवश्यक है।

5. इस संबंध में आगे यह निवेदन किया गया है कि याची को इस अभिकथन पर कि याची ने अवैध रूप से अपने पास फाइल रखा था, भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के अधीन अपराध के लिए अभियोजित किया जा रहा है किंतु यह अभिकथन भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के अधीन अपराध

गठित नहीं करेगा और इसके अतिरिक्त, अन्वेषण के दौरान यह आया है कि संबंधित फाइल कार्यालय में पड़ी थी और दूसरे व्यक्ति द्वारा इसे संभाला जा रहा था, फिर भी उन्मोचन की प्रार्थना अस्वीकार कर दी गयी है और और तद्द्वारा आक्षेपित आदेश स्पष्टत: अवैध है। उस स्थिति में, अपनी अंतर्निहित शक्ति के प्रयोग में आदेश की वैधता का परीक्षण करने के लिए उच्च न्यायालय पर कोई वर्जना नहीं होगी।

6. विद्वान अधिवक्ता ने अपने निवेदन के समर्थन में **धारीवाल टोबैको प्रोडक्ट्स लिमिटेड एवं अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं एक अन्य, [(2009)2 SCC 370; अमित कपूर बनाम रमेश चंद्रा एवं एक अन्य, (2012)2 SCC 460,** और **मधु लिमए बनाम महाराष्ट्र राज्य, (1977)4 SCC 551;** और अ**मर नाथ बनाम हरियाणा राज्य, (1977)4 SCC 137,** मामलों में दिए गए निर्णयों को निर्दिष्ट किया है।

7. इस तथ्य के कारण कि आदेश, जिसके अधीन उन्मोचन की प्रार्थना अस्वीकार की गयी थी, को पुनरीक्षण शक्ति के प्रयोग में न्यायालय द्वारा सुधारा जा सकता है, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अधीन दाखिल आवेदन की पोषणीयता पर आपत्ति की गयी है। किंतु, साथ ही, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनेक मामलों में यह भी अभिनिर्धारित किया गया है कि संहिता की कोई भी बात उच्च न्यायालय द्वारा अंतर्निहित शक्ति के प्रयोग को सीमित अथवा प्रभावित नहीं कर सकता है किंतु उच्च न्यायालय द्वारा उस शक्ति का प्रयोग यदा-कदा से किया जाना चाहिए। विशेषत: ऐसी स्थिति में जो न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग रोकने के लिए अथवा न्याय के उद्देश्य के लिए हस्तक्षेप करने के लिए कहती है।

8. इस संबंध में, मैं **मधु लिमए बनाम महाराष्ट्र राज्य (ऊपर)** मामले में दिए गए निर्णय को निर्दिष्ट कर सकता हूँ जिसके द्वारा माननीय न्यायाधीशों ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 397 (2) में अंतर्विष्ट अथवा धारा 482 के अधीन प्रावधान को ध्यान में लेने के बाद पैरा 10 पर निम्नलिखित संप्रेक्षित किया:–

"10. tlk vejukFk ekey e bfxr fd;k x;k g fd vihy] tkp] fopkj.k vFkok vU; dk;okgh e ikfjr fdlh vrorh vkn'k d lcèk e iujh{k.k dh 'kfDr oftr dju dk ç;ktu vrr% ekeyk dk 'kh?kkfr'kh?k fuiVku djuk gA çk;% vrorh vkn'kk d lcèk e mPp U;k;ky; dh iujh{k.k 'kfDr dk lgkjk dk;okgh d vfre fuiVku dk foyfcr dju d fy, fy;k tkrk gA foèkku eMy u viuh cf)erk e èkkjk 397 e mièkkjk (2) ij%LFkkfir djd bl foyc dk fu;f=r dju dk fu.k; fd;kA ,d vkj] fdlh vrorh vkn'k d lcèk e iujh{k.k 'kfDr d ç;kx d fy, mPp U;k;ky; (vkj l= U;k;kèkh'k Hkh) d jkLr e otuk j[kh x;h gA nljh vkj] yxHkx mUgh fucèkuk e 'kfDr çnÙk dh x;h g tl h ;g 1898 lfgrk e Fkh fdr èkkjk 482 d lkn iBu ij ;g vulfjr gkxk fd lfgrk e dN Hkh] tk èkkjk 397 dh mièkkjk (2) dk Hkh lfEefyr djxk] ^mPp U;k;ky; dh vrfufgr 'kfDr dk lhfer vFkok çHkkfor djrk ugh le>k tk,xkA fdr] ;fn ge ;g dg fd mDr otuk dk vrfufgr 'kfDr d ç;kx e fcYdy çofr r ugh gkuk g] ;g iujh{k.k 'kfDr;k d ç;kx ij vfèkjkfir lhek dk 'kU; djuk gkxkA ,lh fLFkfr e] lketL;i.k jkLrk D;k g\ gekj er e] bl leL;k dk lgh gy ;g dguk gkxk fd èkkjk 397 dh mièkkjk (2) e çkoèkkfur otuk doy mPp U;k;ky; d iujh{k.k 'kfDr d ç;kx e çofr r gkrh g] rn}kjk ftldk vFk g fd fdlh vrorh vkn'k d lcèk e mPp U;k;ky; dk iujh{k.k dh 'kfDr ugh gkxhA rc mij çfrikfnr ,d vFkok nlj fl)krk d vu#i iujh{k.k 'kfDr dh Hkfedk

> vkjHk gkxh ;fn 0;fFkr i{k dh f'kdk;r nj djus d fy, lfgrk e dkb vU; çkoèkku ugh gA fdr rc] ;fn pukrh fn;k x;k vkn'k 'k)r% vrorh pfj= dk g ftl 1898 lfgrk d vèkhu mPp U;k;ky; dh iujh{k.k 'kfDr d ç;kx e lèkkjk tk ldrk Fkk] mPp U;k;ky; viuh iujh{k.k 'kfDr dk ç;kx dju l budkj djxkA fdr ;fn vk{kfir vkn'k Li"Vr% ,lh fLFkfr ykrk g tk U;k;ky; dh çfØ;k dk n#i;kx g vFkok U;k; dk mí'; iklr dju d ç;ktu l mPp U;k;ky; dk gLr{ki fcYdy vko';d g] rc èkkjk 397 (2) e vrfo"V dN Hkh mPp U;k;ky; }kjk vrfufgr 'kfDr d ç;kx dk lhfer vFkok çHkkfor ugh dj ldrk gA fdr ,l ekey dN gh gkxA mPp U;k;ky; dk ;nk&dnk gh vrfufgr 'kfDr dk ç;kx djuk gkxkA ,lk ,d ekeyk voèk :i l vFkok rx dju d fy, vkjHk dh x;h vFkok vfèkdkfjrk foghu gku d ukr nkfMd dk;okgh d vfHk[kMu dh okNuh;rk gkxhA mnkgj.kLo#i] tgk etjh d fcuk Hk"Vkpkj fuokj.k vfèkfu;e d vèkhu ekeyk vkjHk fd;k tkrk g] rc vfHk;Dr dk fopkj.k vfèkdkfjrk foghu gkxk vkj mldh nk"kefDr d ckn Hkh lefpr etjh d ckn f}rh; fopkj.k çkx nk"kefDr d fl)kr ij oftr ugh gkxkA ;g mièkkfjr djr g, Hkh] ;|fi ge rjUr n'kk,x fd ,lk ugh g] fd ,l ekey e U;k;ky; dk lKku yu okyk vFkok vknf'kdk tkjh dju okyk vkn'k vrorh vkn'k g] D;k ,lk dguk rkfdd g fd vfHk;Dr dk vr rd ij'kku dju d ctk, ;FkklHko 'kh?k nkfMd dk;okgh jkdu d fy, mPp U;k;ky; dh vrfufgr 'kfDr dk ç;kx ugh fd;k tk ldrk g\ mÙkj Li"V g fd U;k;ky; dh çfØ;k dk n#i;kx jkdu d fy, vkj@vFkok U;k; dk mí'; iklr dju d fy, otuk çofrr ugh gkxhA 0;fFkr i{k }kjk nkf[ky ;kfpdk dk ycy vrkfRod gA mPp U;k;ky; viuh vrfufgr 'kfDr d vèkhu lefpr ekey e ekeyk dk ijh{k.k dj ldrk gA ;g mièkkfjr djr g, Hkh ;|fi blLohdkj fd, fcuk fd mPp U;k;ky; dh iujh{k.k 'kfDr dk voyc yuk vuuK; g] oreku ekeyk fu%lng 1973 lfgrk dh èkkjk 482 d vu#i mPp U;k;ky; dh 'kfDr d ç;kx d vrxr vkrk gA**

9. आगे, **धारीवाल टोबैको प्रोडक्ट्स लिमिटेड एवं अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं एक अन्य मामले (ऊपर)** में विचारार्थ आया प्रश्न यह था कि क्या दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 482 के अधीन आवेदन केवल इस आधार पर खारिज किया जा सकता है कि संहिता की धारा 397 के अधीन पुनरीक्षण आवेदन दाखिल करने का वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है?

10. माननीय न्यायाधीशों ने अनेक मामलों को ध्यान में लेने के बाद अपना दृष्टिकोण अभिव्यक्त किया कि समुचित मामलों में अन्य कारकों को ध्यान में लिए बिना अभियुक्त द्वारा संहिता की धारा 482 के अधीन अंतर्निहित शक्ति का अवलंब लिया जा सकता है और न्यायालय विधि के मापदंड के अंतर्गत सुयोग्य मामलों में इसका प्रयोग कर सकता है।

11. मेरे दृष्टिकोण में, **मधु लिमये बनाम महाराष्ट्र राज्य (ऊपर)** जैसा उपर निर्दिष्ट किया गया है, में दिए गए निर्णय में उन मापदंडों को स्वर दिया गया है। वहाँ यह अभिनिर्धारित किया गया है कि ऐसे मामले में जो ऐसी स्थिति सामने लाती है जो न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं अथवा न्याय का उद्देश्य प्राप्त करने के प्रयोजन से उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप बिल्कुल आवश्यक है। परिणामस्वरुप, यह अभिनिर्धारित किया गया है कि उस स्थिति में संहिता में अंतर्विष्ट कुछ भी उच्च न्यायालय द्वारा अंतर्निहित शक्ति के प्रयोग को सीमित अथवा प्रभावित नहीं करेगी।

12. अतः, प्रश्न उद्भूत होगा कि क्या वर्तमान मामला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अधीन शक्ति के प्रयोग में आक्षेपित आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए कहता है?

13. इस निवेदन को दृष्टि में रखते हुए कि यह अभिकथन स्वीकार करते हुए कि याची ने अपने पास अभिलेख रखा था, धारा 409 के अधीन अपराध आकृष्ट नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, इस प्रभाव का साक्ष्य है कि अभिलेख कार्यालय में पड़ा था और दूसरे व्यक्ति द्वारा संभाला जा रहा था, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अधीन शक्ति के प्रयोग से परहेज करना वांछनीय नहीं होगा।

14. तद्नुसार, मामला चार सप्ताह बाद रखा जाए ताकि राज्य की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जा सके।

15. तब तक सदर पी॰ एस॰ केस सं॰ 308 वर्ष 2002 में जी॰ आर॰ सं॰ 1899 वर्ष 2002 से उद्भूत होने वाली टी॰ आर॰ सं॰ 777 वर्ष 2012 में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, हजारीबाग के न्यायालय में लंबित आगे की कार्यवाही स्थगित रहेगी जहाँ तक याची का संबंध है।

---

ekuuh; vij'k dekj flg] U;k;efr

संजय कुमार

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

WP(S) No. 1776 of 2013. Decided on 18th November, 2013.

सेवा विधि–अनुकंपा पर नियुक्ति–याची ने कॉन्सटेबल के पद पर नियुक्ति स्वीकार किया था–बारह वर्ष बाद वह याची के पक्ष में एस॰ पी॰ द्वारा वर्ष 2000 में की गयी अनुशंसा के आधार पर तृतीय वर्ग पद पर नियुक्ति के लिए पुनर्विचार किया जाना इप्सित कर रहा है–अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति केवल योजना के निबंधनानुसार की जा सकती है–याची संविधान के अनुच्छेद 14 के उल्लंघन का मामला बनाने में विफल रहा है क्योंकि चतुर्थ वर्ग पर नियुक्त किए जाने के बाद तृतीय वर्ग पद पर स्थान बनाया जाना दर्शाते हुए समस्थित उम्मीदवारों का कोई उदाहरण नहीं दिया गया है–रिट याचिका खारिज की गयी। (पैराएँ 7 से 9)

निर्णयज विधि.–JT 2012 (11) SC 408—Relied; 2012 (2) JCR 30 (Jhr)—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. S.N. Pathak, For the Petitioner; Mr. M.K. Dubey, For the Respondents.

आदेश

पक्षों के विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. याची को उसके पिता के सब-इंस्पेक्टर के रूप में सेवारत रहते हुए दिनांक 15.10.1999 को पिता की मृत्यु के बाद दिनांक 7.9.2001 को काँस्टेबल के पद पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्त किया गया था। याची प्रतिवाद करता है कि समय के प्रासंगिक बिंदु पर आरक्षी अधीक्षक, राँची ने लिपिक के तृतीय वर्ग पद पर याची की नियुक्ति के लिए अनुशंसा किया था। किंतु, प्रत्यर्थी ने उसको चतुर्थ वर्ग पर काँस्टेबल के पद पर नियुक्त करना चुना। याची के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि ऐसी परिस्थितियों

में याची ऐसी अनुशंसा पर लिपिक के तृतीय वर्ग पद पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के अधिकार का दावा करता है। याची के विद्वान अधिवक्ता ने **सुमन कुमार सिंह बनाम झारखंड राज्य [डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 3632 वर्ष 2010** दिनांक 29.7.2011] मामले में इस न्यायालय के एकल पीठ निर्णय पर विश्वास किया है। उन्होंने **अनिल कुमार बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य, 2012 (2) JCR 30 (Jhr.)** के मामले में इस न्यायालय के खंडपीठ के निर्णय पर भी विश्वास किया है। **अनिल कुमार के मामले (ऊपर)** में, याची के अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि विद्वान खंडपीठ ने पाया कि तृतीय वर्ग पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गयी थी और अन्य व्यक्तियों को उक्त पद पर नियुक्त किया गया था जबकि याची को तृतीय वर्ग पद पर प्रोन्नति नहीं दी गयी थी। वर्तमान मामले में तृतीय वर्ग पद के लिए याची के लिए की गयी अनुशंसा पर प्रत्यर्थीगण द्वारा कार्रवाई नहीं की गयी है।

3. आगे यह प्रतीत होता है कि याची की माता डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 4850 वर्ष 2012 में समरुप अनुतोष के लिए इस न्यायालय के पास आयी थी किंतु जिसे वर्तमान याची को अपनी शिकायत करने की स्वतंत्रता के साथ वापस ले लिया गया था। तत्पश्चात् वर्तमान रिट याचिका दाखिल की गयी है।

4. याची के अधिवक्ता यह निवेदन भी करते हैं कि उसके पूर्वोक्त शिकायत को दूर करने के लिए परिशिष्ट 6 के तहत दिये गये याची के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया गया है। अत:, प्रत्यर्थीगण को उसके मामले पर विचार करने का निर्देश दिया जाए।

10. जन सेवक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2012 कृषि एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन कार्यरत जन सेवकों के लिये प्रोन्नति के मार्ग उत्पन्न करने के लिये आशयित हैं। याची-संघ के सदस्यों को ग्रामीण पुनर्वास एवं पंचायत राज विभाग, बिहार सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था, जैसा कि परिशिष्ट 2, पत्र सं० 10622 दिनांक 10.11.1984 से दिखाई पड़ता है। भारत संघ की अनुशंसा पर, प्रत्येक प्रखंड में VLWs के चार अतिरिक्त पद सृजित किये गये थे तथा याची-संघ के सदस्यों को उक्त सृजित अतिरिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्त किया गया था। अपनी नियुक्ति के समय से ही, याची-संघ के सदस्य ग्रामीण विकास विभाग के अधीन कार्य करते रहे हैं तथा वह कृषि विभाग, झारखंड के अधीन कार्यरत नहीं हैं।

उक्त पत्र सं० 10622 दिनांक 10.11.1984 का पैरा 8 बुनियादी कृषि विद्यालय एवं कृषि प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आयोजित किये जाने वाले अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था का प्रावधान करता है। उक्त प्रशिक्षण के समापन के उपरान्त, उन अतिरिक्त पदों जिनके विरूद्ध याची एवं सहयोगी सदस्यों को नियुक्त किया गया था, का सामान्य जन सेवक संवर्ग में विलय किया जाना था। जबतक कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा नहीं किया जाता है, तबतक उक्त अतिरिक्त पदों (प्रत्येक प्रखंड में चार पद) का संवर्ग, जिनके विरूद्ध याची-संघ के सदस्य कार्यरत हैं, जिला स्तर पर पृथक बना रहेगा।

11. झारखंड राज्य (कृषि विभाग) द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र में किये गये प्रकथनों का याची-संघ द्वारा 17.9.2013 को दाखिल प्रत्युत्तर में खंडन किया गया है। प्रत्युत्तर में यह कथित किया गया है कि

याची-संघ के सदस्य केवल कृषि विभाग के अधीन कार्य कर रहे हैं क्योंकि मूल विभाग कृषि विभाग है। याची ने 11.1.2013 को तृतीय प्रत्यर्थी, अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र के पैरा 8 को निर्दिष्ट किया है, यह तर्क देने के लिये कि ग्राम सेवकों का नियंत्रक तथा मूल विभाग प्रत्यर्थी सं॰ 2, सचिव, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग है।

12. प्रत्यर्थी सं॰ 3 द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र में, यह विनिर्दिष्टत: कथित नहीं किया गया है कि याची-संघ के सदस्यों का मूल विभाग कृषि एवं गन्ना विभाग भी है। दूसरी ओर, 11.1.2013 को प्रत्यर्थी सं॰ 3 द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र के पैरा 10 में, यह स्पष्टत: कथित किया गया है कि ग्रामीण पुणर्वास एवं पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या 10622 दिनांक 10.11.1984 के निबंधनों में, ग्रामीण विकास विभाग ने आई॰ आर॰ डी॰ पी॰ (समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम) के अधीन नियुक्त रांची, खूंटी, गुमला के ग्राम सेवकों को एक महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया था तथा उक्त प्रशिक्षण एस॰ आई॰ आर॰ डी॰ (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान), हेहाल, रांची में दिया गया था। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा याची-संघ के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण स्पष्टत: इंगित करता है कि याचीगण केवल ग्रामीण विकास विभाग के अधीन कार्य करते रहे हैं तथा याची-संघ के सदस्यों ने पत्र सं॰ 10622 दिनांक 10.11.1984, जिसके माध्यम से याची-संघ के सदस्यों को नियुक्त किया गया था, के पैरा 8 में यथा उपबंधित प्रशिक्षण पूरा नहीं किया है। पूर्वोक्त पत्र के पैरा 8 के निबंधनों में, पूर्ण प्रशिक्षण पूरा करने पर ही, याची-संघ के सदस्यों का कृषि विभाग के अधीन कार्यरत ग्राम सेवकों के सम्मिलित संवर्ग में विलय किया जा सकता है।

13. तृतीय प्रत्यर्थी, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 27.9.2013 को दाखिल सम्पूरक प्रतिशपथ पत्र में, यह कथित किया गया है कि याची-संघ के सदस्यों को एक महीने का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। यह भी कथित किया गया है कि कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त याची-संघ के सदस्यों को जन सेवक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 1958 में आमेलित किया जायेगा तथा तबतक उन्हें एक पृथक संवर्ग के तौर पर रखा जायेगा। यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि ग्रामीण विकास विभाग ने अपने पत्र सं॰ 7285 दिनांक 11.10.2010 के माध्यम से कृषि एवं गन्ना विकास विभाग से सामान्य जन सेवक संवर्ग में इन ग्राम सेवकों (याची-संघ के सदस्यों) को आमेलित करने का आग्रह किया है जो कृषि एवं गन्ना विकास विभाग की विषय वस्तु है। जब ग्रामीण विकास विभाग ने कृषि एवं गन्ना विकास विभाग से याची-संघ के सदस्यों को कृषिगत प्रशिक्षण प्रदान करने तथा सामान्य जन सेवक संवर्ग में इन ग्राम सेवकों को आमेलित करने का आग्रह किया है, याचीगण को पत्र सं॰ 7285 दिनांक 11.10.2010 में यथा अनुध्यात सामान्य जन सेवक संवर्ग में आमेलित किये जाने के लिये अपने अपेक्षित प्रशिक्षण को पूरा करने हेतु तृतीय एवं चतुर्थ प्रत्यर्थीगण के समक्ष उपचार तैयार करना है।

14. याची का मामला है कि बार-बार किये गये अभ्यावेदनों के बावजूद, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया है तथा संघ ने दिनांक 24.8.2009 के अपने पत्र के माध्यम से याची-संघ के सदस्यों, जिनकी नियुक्ति 1987 में की गयी थी, को पूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने से संबंधित मुद्दा उठाया था तथा ऐसे अभ्यावेदन के बावजूद, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था तथा यह याची-संघ के सदस्यों का दोष

नहीं है। याची का आगे तर्क यह है कि तीन विभिन्न नियमावलियों, अर्थात, क्रमश: VLWs (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 1958, 1987 एवं 2011 के अनुसरण में उनकी नियुक्तियां की गयी थीं तथा पूर्वोक्त तीनों नियमावलीयों के अधीन, प्रशिक्षण अवधियाँ भिन्न-भिन्न थीं तथा जब याची-संघ के सदस्यों की नियुक्ति VLWs (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 1958 के अनुसरण में की गयी थी, उन्हें राज्य सरकार के साथ प्राधिकारों की विफलता के कारण पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया जा सका था तथा अतएव, याचीगण तर्क देते हैं कि पूर्ण प्रशिक्षण पूरा न करने में उन्हें दोष नहीं दिया जा सकता है तथा याची-संघ के सदस्यों को उनके प्रोन्नति संबंधित अवसरों से वंचित नहीं किया जा सकता है।

15. याची का आगे यह मामला है कि VLWs के तीन संवर्गों की विभाग द्वारा पृथक सूची तैयार की गयी है तथा रखी गयी है: (i) अप्रशिक्षित/एक महीने का प्रशिक्षण प्राप्त, (ii) एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त तथा (iii) दो वर्ष के प्रशिक्षित डिप्लोमाधारी ग्राम सेवक। याची-संघ मुख्यत: दिनांक 21.7.2004 के पत्र के माध्यम से निदेशक, कृषि, झारखंड राज्य द्वारा भेजे गये पत्र पर भरोसा करते हैं जिसके द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर VLWs की प्रोन्नति से संबंधित रिपोर्ट उपायुक्तों तथा सभी जिला कृषि पदाधिकारियों से मांगी गयी थी।

16. जैसा कि पहले परिचर्चा की गयी है, याचीगण केवल ग्रामीण विकास विभाग के अधीन कार्य कर रहे हैं। पत्र सं॰ 10622 दिनांक 10.11.1984 याची-संघ तथा उनके सहयोगियों के सदस्यों के समान जन सेवकों के लिये एक पृथक संगठन, अर्थात, बिहार ग्रामीण विकास संस्थान, रांची द्वारा आयोजित किये जाने वाले पृथक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रावधानों (पत्र का पैरा 5) को उपबंधित करता है। उक्त पत्र सं॰ 10622 दिनांक 10.11.1984 का पैरा 8 बुनियादी कृषि विद्यालय एवं कृषि प्रशिक्षण प्रसार केन्द्र द्वारा आयोजित किये जाने वाले अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रावधान करता है तथा उक्त प्रशिक्षण के समापन के उपरान्त ही, जन सेवक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2012 के अनुसार पद का सामान्य जन सेवक संवर्ग में विलय किया जाना था।

पत्र सं॰ 10622 दिनांक 10.11.1984 में यथा अनुबद्ध सम्पूर्ण तथा समूचे प्रशिक्षण की कमी के कारण, उन्हें जन सेवक के सामान्य संवर्ग में आमेलित नहीं किया जा सका था तथा वह ग्रामीण विकास विभाग के अधीन कार्यरत एक भिन्न संवर्ग बने हुए हैं। उक्त अतिरिक्त पद के वेतन के भुगतान के लिये मुख्य बजटीय शीर्ष पृथक था। उक्त संवर्ग का मुख्य बजटीय शीर्ष 314 सामुदायिक विकास ग्रामीण निर्माण (अब 2501) था, जबकि कृषि विभाग के अधीन जन सेवकों का मुख्य बजटीय शीर्ष 305 (अब 2401) था।

याची-संघ के सदस्यों की सेवा शर्त्तें पत्र सं॰ 10622 दिनांक 10.11.1984 में यथा उपबंधित सेवा शर्त्तों द्वारा संचालित हैं, जिसके द्वारा उन्हें नियुक्त किया गया था। उक्त पत्र में यथा अनुबद्ध प्रशिक्षण के पूरा किये जाने तक, याची-संघ के सदस्य एक पृथक संवर्ग के तौर पर बने रहेंगे। उक्त पत्र में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार प्रशिक्षण के पूरा होने के उपरान्त ही, याची-संघ के सदस्यों को आमेलित किया जा सकता है। जब याची-संघ के सदस्य ग्रामीण विकास विभाग में VLWs के तौर पर कार्य कर रहे हैं तथा कृषि एवं गन्ना विकास विभाग में आमेलित नहीं किये गये हैं, वह VLWs के तौर पर योगदान देने की तिथि के आधार पर एक सम्मिलित पदक्रम सूची तैयार करने के लिये ईप्सा नहीं कर सकते हैं।

अब हम जन सेवक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2012 के नियम 12 के उप-नियम (2) को दी गयी चुनौती के संबंध में याची-संघ के सदस्यों के तर्कों पर विचार करते हैं।

17. प्रखंड में कृषि की समग्र वृद्धि के लिये कार्य करना तथा (i) कृषि के संबंध में सभी केन्द्रीय एवं राज्य योजनाओं से किसानों को परिचित करना; (ii) फसलों/उत्पादों के संबंध में किसानों को शिक्षित कराना तथा नवीनतम जानकारी देना; (iii) फसलों/उत्पादों, मृदा गुणवत्ता एवं जलवायु परिस्थितियों इत्यादि की उपयुक्तता के संबंध में किसानों को शिक्षित बनाना; (iv) कृषि परिचालनों के संबंध में किसानों को सभी आगतों को प्रदान करना तथा (v) किसानों को उपलब्ध ऋण तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में उन्हें शिक्षित कराना तथा नवीनतम जानकारी देना प्रखंड कृषि पदाधिकारी के मुख्य प्रकार्य हैं। उपरोक्त कृषि कार्यों के अतिरिक्त, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के अधीन भी कार्य करना होता है तथा चुनाव, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड इत्यादि जैसे विभिन्न कार्डों को तैयार करने में सारे सरकारी प्रकार्यों एवं प्रखंड में अन्य सभी प्रशासनिक गतिविधियों में उसकी सहायता करनी होती है।

18. प्रखंड कृषि पदाधिकारी के कार्य की प्रकृति, तकनीकी जटिलताओं तथा उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए, प्रोन्नति के पद के 50% में से, पूर्ण प्रशिक्षण के साथ कृषि स्नातकों को 25% प्रोन्नति दी जाती है तथा शेष 25% पूर्ण प्रशिक्षण के साथ गैर कृषि स्नातकों को प्रदान किया जाता है। अंतर्ग्रस्त उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए, ग्राम सेवकों, जिनपर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाता है, को पूर्ण प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। अतएव, यह तर्क नहीं दिया जा सकता है कि पूर्ण प्रशिक्षण के साथ कृषि स्नातकों को 25% प्रोन्नति तथा पूर्ण प्रशिक्षण के साथ गैर-कृषि स्नातकों को शेष 25% प्रोन्नति प्रदान करना मनमाना या भेदभावपूर्ण है। यह केवल जन सेवकों के लिये प्रोन्नति के मार्गों को उत्पन्न करने के लिये है, जिन जन सेवकों के लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी के तौर पर प्रोन्नत किये जाने हेतु पूर्ण प्रशिक्षण के साथ स्नातक विहित किया गया है। नियमों को मनमाना बताकर चुनौती देते हुए याची-संघ के तर्क में कोई दम नहीं है तथा यह तर्क अस्वीकार किये जाने योग्य है।

27.9.2013 को तृतीय प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल सम्पूरक प्रतिशपथ पत्र के पैरा 7 में, यह कथित किया गया है कि कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में अपेक्षित प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त ही, VLWs को जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में आमेलित किया जायेगा तथा तबतक उन्हें जिला स्तर पर एक पृथक संवर्ग के तौर पर रखा जायेगा। तृतीय प्रत्यर्थी ने सामान्य जनसेवक संवर्ग में VLWs को आमेलित करने के लिये कृषि एवं गन्ना विकास विभाग से आग्रह करते हुए एक पत्र सं॰ 7285 दिनांक 11.10.2010 भेजा था, जो कृषि एवं गन्ना विकास विभाग की विषय वस्तु है।

19. याची-संघ का मामला यह है कि अभ्यावेदनों के बावजूद, याची-संघ के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया है तथा दिनांक 8.10.2001 के पत्र द्वारा एवं दिनांक 14.10.2009 के पत्र एवं अन्य पत्रों द्वारा भी, याची-संघ ने संघ के सदस्यों, जिनकी नियुक्ति पहले वर्ष 1984 में की गयी थी, को पूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने से संबंधित मुद्दा उठाया था तथा बार-बार किये गये ऐसे अभ्यावेदनों के बावजूद, उन्हें पूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराया गया था तथा अतएव, प्रशिक्षण पूरा न कर पाने में याची-संघ के सदस्यों का दोष नहीं है। याची-संघ के लिये उपस्थित होने वाले विद्वान वरीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि बार-बार भेजे गये अभ्यावेदनों के बावजूद, याची-संघ के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था, VLWs को जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में नहीं लाकर तथा उन्हें प्रोन्नति प्रदान नहीं करके उनके हित को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। विद्वान वरीय अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि पहले विशेष सचिव, कृषि एवं गन्ना विभाग ने अर्द्ध प्रशिक्षित/अप्रशिक्षित VLWs को 500/- रुपये के वृत्ति के साथ प्रशिक्षण उपलब्ध कराने या उनके अनुभव के अनुसार कृषि डिप्लोमा धारकों के तौर पर उन्हें मान्यता देने की VLWs की मांग पर निदेशक, कृषि, झारखंड, रांची से आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए एक पत्र-ज्ञाप सं॰ 2239 दिनांक 29.7.2004 भेजा है। यह उल्लिखित करना

समीचीन है कि उक्त पत्र सं० 2239 दिनांक 29.7.2004 कृषि एवं गन्ना विभाग में कार्यरत VLWs के संबंध में है तथा याची-संघ के सदस्यों से संबंधित नहीं है, जो ग्रामीण विकास विभाग में कार्य कर रहे हैं। अभ्यावेदन करने के अलावा, याची-संघ ने पत्र सं० 10622 दिनांक 10.11.1984 में यथा उपबंधित पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये उसी समय कोई कदम नहीं उठाये थे जिससे कि वह जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में आमेलित होने के लिए योग्य हो जाते।

20. याची-संघ के सदस्यों को पूर्ण प्रशिक्षण के उपरान्त ही जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में आमेलित किया जायेगा तथा ऐसा रहते हुए, याची-संघ एक सम्मिलित पदक्रम सूची तैयार करने के किसी निर्देश की ईप्सा नहीं कर सकता है। जब याची-संघ के सदस्यों को जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में आमेलित किया जाना शेष है, याची-संघ के लिये जन सेवक (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2012 के नियम 12 के उप-नियम (2) को चुनौती देने का विकल्प नहीं खुला हुआ है। जैसा कि पूर्व में निर्दिष्ट किया गया है, कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में अपेक्षित प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त ही, याची-संघ के सदस्यों को जन सेवकों के सामान्य संवर्ग में आमेलित किया जायेगा; तबतक उन्हें जिला स्तर पर पृथक संवर्ग के तौर पर रखा जायेगा। पत्र सं० 7285 दिनांक 11.10.2010 द्वारा, ग्रामीण विकास विभाग ने कृषि एवं गन्ना विकास विभाग से याची-संघ के सदस्यों तथा ऐसे अन्य VLWs को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उपरान्त सामान्य जन सेवक संवर्ग में आमेलित करने का आग्रह किया है, जो कृषि एवं गन्ना विकास विभाग की विषय वस्तु है। संबद्ध प्राधिकारों के यहां इसपर आगे कार्य कराना याची-संघ का कार्य है, जब याची-संघ के सदस्य ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत हैं, जन सेवकों की एक सम्मिलित पदक्रम सूची तैयार करने का कोई निर्देश प्रत्यर्थीगण को निर्गत नहीं किया जा सकता है।

21. पूर्वगामी कारणों से, याची-संघ किसी अनुतोष तथा ईप्सा किये गये निर्देश का हकदार नहीं है तथा रिट याचिका खारिज किये जाने योग्य है तथा इसे तद्नुसार खारिज किया जाता है।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vij'k dekj flg] U;k;efr

राँची औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं एक अन्य (80 में)

मेसर्स शारदा इंटरप्राईजेज (5395 में)

मेसर्स साहू उद्योग (5496 में)

मेसर्स माँ अंबिका भवानी वाशिंग प्वाइंट (5510 में)

मेसर्स फिल्टर मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रिज (5687 में)

cuke

मेसर्स फिलफर्ड मार्केटिंग एन्ड मैन्यूफैक्चरिंग निगम एवं अन्य (80 में)

झारखंड राज्य एवं अन्य (5395, 5496, 5510 एवं 5687 में)

L.P.A. Nos. 80 of 2013 with W.P.(C) No. 5395, 5496, 5510 with 5687 of 2012. Decided on 10th December, 2013.

श्रम एवं औद्योगिक विधि–औद्योगिक भूखंडों का आवंटन–आवंटन का रद्दकरण आवंटियों/पट्टादारों के विरुद्ध कठोर शास्ति कार्रवाई है और आवंटियों को अभिकथित

उल्लंघन विनिर्दिष्ट करने वाला नोटिस दिया जाना चाहिए–आवंटियों द्वारा कारण बताए जाने के बाद प्रस्तुत सामग्री के प्रति विवेक का समुचित इस्तेमाल करना होगा और आदेशों को भी समुचित दर्शाना होगा–उल्लंघन अभिकथित करते हुए नोटिसों को इस आधार पर जारी किया गया था कि आवंटित भूखंडों का आवासीय प्रयोजन से आंशिक रूप से उपयोग किया गया था, किंतु रद्दकरण के आदेशों को भिन्न आधारों पर पारित किया गया था कि इकाईयाँ कार्यशील नहीं थी जो रद्दकरण का आदेश दूषित करता है–आक्षेपित नोटिसों को अभिखंडित करने में एकल न्यायाधीश न्यायोचित थे। (पैराएँ 16 से 21)

अधिवक्तागण.–Mr. V.P. Singh, For the Appellant; M/s Ashok Kumar Yadav, Indrajeet Sinha, Sumeet Gadodia, For the Writ Petitioners; Mr. Rajeev Ranjan, For the Respondents.

आदेश

डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 7124/2012 में पारित दिनांक 16.1.2013 के आदेश से व्यथित होकर, जिसके द्वारा विद्वान एकल न्यायाधीश ने पट्टा विलेख के आवंटन के निबंधनों एवं शर्तों के अभिकथित उल्लंघन के कारण बताओ नोटिसों, परिशिष्ट–9, को अभिखंडित करते हुए रिट याचिका अनुज्ञात किया, अपीलार्थी राँची औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰) ने इस अपील को दाखिल किया। अपीलार्थी/आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ बिहार क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1974 के अधीन सृजित सांविधिक निकाय है। अपीलार्थी ने औद्योगिक प्रयोजन से अनेक आवंटियों को भूखंड आवंटित किया। अपीलार्थी अभिकथित करता है कि औद्योगिक प्रयोजन से आवंटित भूमि का उपयोग करने के बजाए, आवंटन आदेश/पट्टा विलेख के निबंधनों एवं शर्तों के उल्लंघन में, आवंटियों ने आवासीय प्रयोजन से अंशतः अथवा पूर्णतः भूमि का उपयोग किया जो आवंटन आदेश के निबंधनों एवं शर्तों के स्पष्ट उल्लंघन में है। दिनांक 14.7.2012 को पत्र सं॰ 728 के तहत अपीलार्थी ने 80 इकाईयों के विरुद्ध उनको साक्ष्य, यदि हो, के साथ लिखित में उसमें यह कथन करते हुए कि क्यों नहीं निबंधनों एवं शर्तों के उल्लंघन के लिए आवंटन आदेशों को रद्द कर दिया जाए, अपने मामलों को प्रस्तुत करने के लिए कहते हुए सामान्य नोटिस जारी किया जिसे दिनांक 16.7.2012 को दैनिक समाचार पत्र ''प्रभात खबर'', राँची में प्रकाशित किया गया था।

2. समाचार पत्र ''प्रभात खबर'', राँची में प्रकाशित उक्त नोटिस को चुनौती देते हुए कुछ आवंटियों ने डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 7124/2012 दाखिल किया था। विद्वान एकल न्यायाधीश ने अभिनिर्धारित किया कि आवंटियों/पट्टादारों के विरुद्ध कोई कठोर शास्तिक कार्रवाई करने के पहले अभिकथित उल्लंघन को विनिर्दिष्ट करते हुए उनको नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि व्यक्तिगत आवंटी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकें। विद्वान एकल न्यायाधीश ने आक्षेपित नोटिस को इस आधार पर अभिखंडित कर दिया कि यह अस्पष्ट है और विधि की दृष्टि में खरा नहीं उतरता है।

3. डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 7124/2012 में पारित आदेश को चुनौती देते हुए अपीलार्थी/आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ ने इस एल॰ पी॰ ए॰ को दाखिल किया। उल्लिखित किए जाने पर पक्षों के विद्वान अधिवक्ता की सहमति से अन्य संबंधित रिट याचिकाओं डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5395/2012, 5496/2012, 5510/2012 और 5687/2012 को भी इस एल॰ पी॰ ए॰ से जोड़ा गया था और साथ सुना गया था।

4. एल॰ पी॰ ए॰ में, अपीलार्थी के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि विद्वान एकल न्यायाधीश यह कहने में सहीं नहीं थे कि नोटिस अस्पष्ट थी और नोटिस में विनिर्दिष्टतः अभिकथन इंगित करना चाहिए था। अपीलार्थी के विद्वान वरीय अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि 80 इकाईयों में से कुछ आवंटी प्राधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुए और अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया और उन मामलों को निपटाया गया था। विद्वान वरीय अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि आवंटन रद्द करने वाला आदेश

पारित करने के पहले आवंटियों को पर्याप्त नोटिस दिया गया था और ऐसा होने पर विद्वान एकल न्यायाधीश आम नोटिस को अभिखंडित करने में सही नहीं थे।

5. प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता श्री राजीव रंजन ने निवेदन किया कि आवंटन आदेश/पट्टा विलेख के निबंधनों एवं शर्तों का उल्लंघन अभिकथित करते हुए आम नोटिस नहीं दी जा सकती है और अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए आवंटियों को सक्षम बनाने के लिए व्यक्तिगत नोटिस जारी किया जाना चाहिए था। विद्वान अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि दिनांक 16.7.2012 की आम नोटिस में यह अभिकथित किया गया था कि आवंटियों ने आवासीय प्रयोजन से आवंटित भूखंडों का अंशत: अथवा पूर्णत: उपयोग करते हुए उल्लंघन किया था और जारी किया गया नोटिस अस्पष्ट है और इसलिए, विद्वान एकल न्यायाधीश ने सही प्रकार से अस्पष्टता के आधार पर आक्षेपित नोटिस अभिखंडित किया।

6. हमने डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5395/2012, 5496/2012, 5510/2012 और 5687/2012 में रिट याचीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री अशोक कुमार यादव, श्री इंद्रजीत सिन्हा और श्री सुमित गडोडिया को सुना है। रिट याचिकाओं में यह प्रतिवाद किया गया था कि दिनांक 16.7.2012 के नोटिस के समाचार पत्र प्रकाशन और व्यक्तिगत नोटिसों के अनुसरण में कुछ रिट याचीगण उपस्थित हुए और दिनांक 25.8.2012 को अपना बयान दाखिल किया और उसी दिन पर अर्थात् दिनांक 25.8.2012 को प्राधिकरण आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ ने जल्दबाजी में आवंटन रद्द करते हुए आदेश पारित किया जो दर्शाता था कि आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ की ओर से विवेक का इस्तेमाल नहीं किया गया था। यह निवेदन भी किया गया था कि यद्यपि नोटिसों में यह अभिकथित किया गया था कि आवंटित भूखंडों का आंशिक रूप से आवासीय प्रयोजन से उपयोग किया गया था, आवंटन के रद्दकरण के अंतिम आदेशों को भिन्न आधार पर पारित किया गया था अर्थात् इकाईयाँ कार्यशील नहीं थी और बंद थीं और प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश इस आधार पर भी दूषित है।

7. हमने आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता और प्रत्यर्थीगण–आवंटियों के विद्वान अधिवक्ता के निवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है।

8. आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ ने वर्ष 1972-1982 में आवंटियों को भूखंड आवंटित किया। तब से आवंटियों ने अनेक औद्योगिक इकाईयों को स्थापित किया है और यह बताया गया है कि वे उद्योग चला रहे हैं। आवंटन के निबंधनों एवं शर्तों के मुताबिक, आवंटित भूखंडों का उपयोग केवल औद्योगिक प्रयोजन से किया जाना चाहिए। यह अभिकथित करते हुए कि आवंटियों ने आवासीय प्रयोजन से आवंटित भूखंडों का अंशत: उपयोग करके आवंटन के निबंधनों एवं शर्तों का उल्लंघन किया है, दिनांक 16.7.2012 को समाचार पत्र ''प्रभात खबर'' में 80 इकाईयों के विरुद्ध आम नोटिस प्रकाशित की गयी थी और उनको आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ के समक्ष उपस्थित होकर अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था कि क्यों नहीं परियोजना के अनुमोदन के मुताबिक भूमि का उपयोग नहीं करने के लिए निबंधनों एवं शर्तों का उल्लंघन करने के लिए उनके आवंटन आदेशों को रद्द कर दिया जाए। समस्त 80 इकाईयों के विरुद्ध अभिकथित उल्लंघन एक और वही है। आम सूचना के बाद, दिनांक 18.8.2012 को आवंटियों को व्यक्तिगत नोटिस भेजा गया था और उनको दस्तावेजों/विवरणों के साथ निदेशक, आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया था जैसा व्यक्तिगत नोटिसों में उपदर्शित किया गया है। जैसा विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा सही प्रकार से इंगित किया गया है, आवंटन का रद्दकरण आवंटियों/पट्टादारों के विरुद्ध कठोर शास्तिक कार्रवाई है और अभिकथित उल्लंघन को विनिर्दिष्ट करते हुए आवंटियों को नोटिस दिया जाना चाहिए था। समाचार पत्र ''प्रभात खबर'' में जारी आक्षेपित नोटिस अत्यन्त अस्पष्ट है और व्यक्तिगत आवंटियों को जारी दिनांक 18.8.2012 की नोटिस अभिकथित उल्लंघन विनिर्दिष्ट उपदर्शित किए बिना सामान्य नोटिस है।

9. आवंटन का रद्दकरण कठोर कार्रवाई है जिसके लिए विनिर्दिष्ट उल्लंघन को प्रभावकारी रूप से उपदर्शित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना अत्यावश्यक है। आवंटियों को आम नोटिस जारी करने के पहले व्यक्तिगत नोटिस देना चाहिए था। किंतु आम नोटिस दिनांक 16.7.2011 को ''प्रभात खबर'' में जारी की गयी थी और केवल तत्पश्चात दिनांक 18.8.2012 को आवंटियों को व्यक्तिगत नोटिस जारी की गयी थी जिसे हमारे सुविचारित मत में प्रभावकारी कारण बताओ नोटिस नहीं कहा जा सकता है।

10. चाहे जो भी हो, वर्ष 2011 में यह अभिकथन करते हुए कि इकाईयाँ कार्यशील नहीं थी और आवंटियों ने निबंधनों एवं शर्तों का उल्लंघन किया है, आवंटियों को नोटिस जारी किया गया था। वर्ष 2011 में आवंटियों ने अपना स्पष्टीकरण दिया है किंतु उस समय पर कोई आदेश पारित नहीं किया गया था।

11. आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि ''प्रभात खबर'' में प्रकाशित आम नोटिस और व्यक्तिगत नोटिसों के भी अनुसरण में कुछ आवंटी उपस्थित हुए और अपना कारण बताओ दाखिल किया और प्राधिकारियों द्वारा आदेशों को भी जारी किया गया था और ऐसा होने पर आवंटियों को नोटिसों को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय के पास जाने की छूट नहीं थी।

12. निश्चय ही, रिट याचीगण प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए हैं और अनेक तिथियों 25.8.2012 अथवा 29.8.2012 को अपना स्पष्टीकरण दिया है। यह गौर करना उपयुक्त है कि आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ ने उसी दिन पर जिस पर आवंटियों ने अपना बयान दाखिल किया आवंटन को रद्द करते हुए आदेश पारित किया, तद्द्वारा यह उपदर्शित करते हुए कि व्यक्तिगत आवंटियों द्वारा दाखिल कारण बताओ पर विचार नहीं किया गया था अथवा जल्दबाजी में आवंटन रद्द करते हुए आदेशों को पारित किया गया था। आवंटनों को रद्द करने वाले आदेशों को पारित करने के पहले प्रस्तुत सामग्री के संबंध में विवेक का समुचित इस्तेमाल किया जाना चाहिए था।

13. रिट याची (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5687/2012) के अनुसार, इसे दिनांक 16.7.2012 को ''प्रभात खबर'' में जारी आम नोटिस की जानकारी नहीं थी और न ही याची की उपस्थिति के लिए दिनांक 25.8.2012 को नियत तिथि के बारे में जानकारी थी। रिट याची के अनुसार, इसे केवल दिनांक 29.8.2012 के मेमो सं॰ 991 के माध्यम से पता चला कि 20054.24/- रुपयों की राशि बकाया थी और याची ने दिनांक 8.9.2012 के रसीद सं॰ 19471 के तहत 20054.24/- रुपयों की उक्त राशि का तुरन्त भुगतान किया और याची ने दिनांक 7.9.2012 को अभ्यावेदन भी दाखिल किया। याची के अनुसार, दिनांक 29.8.2012 की कार्यवाही द्वारा कोई अवसर दिए बिना आवंटन का आदेश रद्द किया गया था जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन में है।

14. रिट याची (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5395/2012) के अनुसार, यह दिनांक 25.8.2012 को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुआ और यह स्पष्ट करते हुए कि याची इकाई का उपयोग आवासीय प्रयोजन से नहीं किया जा रहा था और इसकी इकाई कार्यशील थी, अपना लिखित अभ्यावेदन दाखिल किया और आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ ने दिनांक 25.8.2012 को ही फिक्सचर, प्लांट एवं मशीनरी को भूखंड से हटाने सहित भूमि खाली करने के निर्देश के साथ आवंटन रद्द करते हुए दिनांक 25.8.2012 का आदेश पारित किया था।

15. इसी प्रकार, डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5496/2012 में, रिट याची दिनांक 25.8.2012 को उपस्थित हुआ और स्पष्ट किया कि इसने निबंधनों एवं शर्तों का उल्लंघन नहीं किया था और दिनांक 30.8.2012 को उसी दिन आवंटन रद्द करने वाला आदेश पारित किया गया था और याची ने भूखंड सं॰ 25 पर अवस्थित आवंटित भूमि को खाली करने के निर्देश के साथ याची के पक्ष में किए गए आवंटन को रद्द करते हुए दिनांक 29.8.2012 के पत्र संख्या 995 के माध्यम से संसूचित दिनांक 25.8.2012 का आदेश प्राप्त किया था।

16. डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5510/2012, में दिनांक 18.8.2012 का आदेश प्राप्त करने पर रिट याची दिनांक 31.8.2012 को प्रबंध निदेशक, आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ के समक्ष उपस्थित हुआ और दिनांक 31.8.2012 के पत्र द्वारा विस्तृत कारण बताओ दाखिल किया और उसी दिन पर अर्थात् दिनांक 31.8.2012 को आदेश प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर भूमि खाली करने के निर्देश के साथ याची के पक्ष में किए गए आवंटन को रद्द करते हुए आदेश पारित किया गया था।

17. समस्त रिट याचिकाओं में किए गए प्रकथनों के पठन द्वारा और रिट याचीगण के प्रतिवादों पर विचार करते हुए यह देखा जाता है कि आवंटन रद्द करने वाला आदेश आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ द्वारा उसी दिन पर पारित किया गया था जिस पर रिट याचीगण उपस्थित हुए और अपना विस्तृत कारण बताओ दाखिल किया। हमारे सुविचारित मत में, रिट याचीगण द्वारा दाखिल विस्तृत कारण बताओ पर सम्यक रूप से विचार नहीं किया गया था और आवंटन के रद्दकरण का आदेश जल्दबाजी में पारित किया गया था। आवंटन का रद्दकरण आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ द्वारा की गयी कठोर शास्तिक कार्रवाई है। आवंटियों द्वारा कारण बताए जाने के बाद प्रस्तुत सामग्री के प्रति विवेक का समुचित इस्तेमाल करना होगा और आदेशों पर भी सम्यक रूप से विचार करना होगा। यह तथ्य कि रद्दकरण आदेश विस्तृत कारण बताओ दाखिल करने के दिन पर ही पारित किया गया था, उपदर्शित करता है कि विवेक का समुचित इस्तेमाल नहीं किया गया था और प्राधिकरण आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ पूर्व निश्चित तरीके से अग्रसर हुआ।

18. यह गौर करना भी उपयुक्त है कि उल्लंघन अभिकथित करते हुए नोटिसों को इस आधार पर जारी किया गया था कि आवंटित भूखंडों का उपयोग अंशत: आवासीय प्रयोजन से किया गया था, किंतु रद्दकरण का आदेश भिन्न आधार पर जारी किया गया था कि इकाईयाँ कार्यशील नहीं थी और यह पुन: प्राधिकरण द्वारा विवेक का गैर इस्तेमाल उपदर्शित करता है जो हमारे सुविचारित मत में रद्दकरण के आदेश को दूषित करता है।

19. प्रत्यर्थीगण/रिट याचीगण के अनुसार, आवंटित भूखंडों का उपयोग केवल औद्योगिक प्रयोजन से किया गया था और मजदूरों, सुरक्षा प्रहरियों को घर देने के लिए और कार्यालय प्रयोजन से केवल छोटे से अंश का उपयोग आवासीय प्रयोजन से किया गया था और इसे आवंटन के आदेश के निबंधनों एवं शर्तों के उल्लंघन में नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकार, हमारा दृष्टिकोण है आवंटन के रद्दकरण का कोई आदेश पारित करने के पहले अपना कारण बताने के लिए प्रत्यर्थीगण/रिट याचीगण को पर्याप्त अवसर दिया जाना होगा।

20. विद्वान एकल न्यायाधीश दिनांक 14.7.2012/16.7.2012 के आक्षेपित नोटिसों को अभिखंडित करने में सही थे और एल॰ पी॰ ए॰ खारिज। (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5395/2012 में पारित) दिनांक 25.8.2012 के आदेश, (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5687 और 5496 वर्ष 2012 में पारित) दिनांक 29.8.2012 के आदेश और (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5510/2012 में पारित) दिनांक 31.8.2012 के आदेश को अभिखंडित किया जाता है और एल॰ पी॰ ए॰ खारिज किया जाता है और रिट याचिकाएँ अनुज्ञात की जाती हैं।

21. परिणामस्वरुप, (डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 7124/2012 से उद्भूत होने वाला) एल॰ पी॰ ए॰ खारिज किया जाता है और रिट याचिकाएँ डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5395/2012, 5496/2012, 5510/2012 और 5687/2012 अनुज्ञात किया जाता है। आर॰ आई॰ ए॰ डी॰ ए॰ को एल॰ पी॰ ए॰ के प्रत्यर्थीगण को और रिट याचीगण को भी सुनवाई का पर्याप्त अवसर देने का और इस पर विचार करने और विधि के अनुरुप आदेश पारित करने का निर्देश दिया जाता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश केवल उनके संबंध में है जो रिट याचिकाओं को दाखिल करके इस न्यायालय के पास आए हैं।

ekuuh; Jh pn'k[kj] U;k;efr

देव नारायण राय

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (S) No. 3752 of 2010. Decided on 27th November, 2013.

सेवा विधि–प्रोन्नति–ए॰ सी॰ पी॰–12 वर्ष पूरा करने पर एवं 24 वर्ष की निरन्तर सेवा पर योजना के अधीन लाभ प्रदान करना होगा–निरन्तर सेवा का अर्थ है निरन्तर मेधापूर्ण सेवा–विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाही के कारण ए॰ सी॰ पी॰ के अधीन लाभ का प्रदान विलंबित किया जा सकता है–कर्मचारी ए॰ सी॰ पी॰ के अधीन लाभ के प्रदान का हकदार केवल तब होगा यदि वह विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है। (पैराएँ 10 एवं 11)

निर्णयज विधि.–(1997) 11 SCC 463—Relied; AIR 2004 SC 1249—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. Saurav Arun, For the Petitioner; Ms. Nehala Shamim, For the State.

आदेश

दिनांक 25.9.2012 के आदेश के अनुसरण में निम्नलिखित प्रार्थनाओं के साथ संशोधित रिट याचिका दाखिल की गयी है:–

(i) i'ku] minku] vodk'k uxndj.k tl LohÑr n;k d rjU r Hkxrku d fy, çR;Fkhx.k dk fun'k nu d fy, gA

(ii) fnukd 1.1.2006 d çHkko l orueku d NB iujh{k.k d fucèkuku lkj ;kph dk oru fu;r dju d fy, vkj mld cdk;k d Hkxrku d fy, rFkk fnukd 1.1.2006 d çHkko l u, orueku e leLr lokfuofÙk ykHk dk fu;r dju vkj rnulkj cdk;k dk Hkxrku dju d fy, çR;Fkhx.k dk fun'k nu d fy,A

(iii) ;kph dk fn, x, f}rh; ,O lhO ihO dk li"V dju dk] D;kfd bl ;kph dk fofèkr% fn;k x;k g] çR;Fkhx.k dk fun'k nu d fy,A

(iv) fnukd 22.6.2010 d i= lO 461 dk vfHk[kfMr dju d fy, fun'k nu d fy, ftld }kjk ;kph d fo#) ,d fd'r e olyh dk vkn'k ikfjr fd;k x;k g tk voèk] 'kU; vkj vfèkdkfjrk foghu g D;kfd mDr vofèk d fy, orueku iku d fy, ;kph dh vkj l n0; in'ku ugh fd;k x;k g vkj çR;Fkhx.k dh vkj l f<ykb gb g ftld fy, ;kph dk {kfr igpu ugh fn;k tkuk pkfg, vkj mDr vkn'k dkj.k crkvk tkjh fd, fcuk vkj ;kph dk luokb dk volj fn, fcuk mld ihB ihN ikfjr fd;k x;k gA

(v) bl vkonu d ifjf'k"V&7 e vrfo"V fnukd 10.9.2010 d i= dk vfHk[kfMr dju dk fun'k nu d fy, D;kfd bl fofèk d fo#) tkjh fd;k x;k g vkj og Hkh dkj.k crkvk d fcuk vkj bl tkjh dju d igy ;kph dk volj ugh fn;k x;k g] vr% ;g vfHk[kfMr fd, tku dh nk;h gA

2. याची को दिनांक 20.1.1968 को भंडार चौकीदार के रूप में नियुक्त किया गया था। उसे दिनांक 9.8.1999 के प्रभाव से प्रथम ए॰ सी॰ पी॰ का और दिनांक 4.6.2005 के प्रभाव से द्वितीय ए॰ सी॰ पी॰ का लाभ प्रदान किया गया था। याची को दिनांक 14.10.2005 को विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने से छूट दिया गया था।

3. रिट याचिका में याची ने निम्नलिखित कथन किया है:–

"7. fd ;kph dk l jdkjh ifji= d fucèkuku l kj 50 o"k dh vk; çklr dju ij foHkkxh; ijh{kk e mifLFkr gku l NV nh x;h Fkh pfd ;kph u igy gh fnukd 1.1.2000 dk 50 o"k dk vk; çklr dj fy;k g D;kfd mldh tUe frfFk fnukd 1.1.1950 g] vr% ;kph dk foHkkxh; ijh{kk e mifLFkr gku l NV nh x;h g vkj rnulkj ml fnukd 14.10.2005 d i= d rgr foHkkx }kjk NV fn;k x;k FkkA

....

....

10. ;kph dk Øe'k% 12 vkj 24 o"k dh lok ijh dju ij fnukd 9.8.1999 d çHkko l çFke ,0 lh0 ih0 vkj fnukd 4.6.2005 d çHkko l f}rh; ,0 lh0 ih0 çnku fd;k x;k Fkk vkj fnukd 15.4.2010 d i= l mDr i= d dkj ifj'khyu ij ;g çdV g fd tk dkb Hkh xyrh dh x;h g] og Lo; çR;FkhX.k }kjk dh x;h g vkj u fd ;kph }kjkA

*11. fd vpkud f}rh; ,0 lh0 ih0] ftl ;kph dk fnukd 1.10.2005 d LFkku ij fnukd 4.10.2005 d çHkko l fn;k x;k Fkk] d dkj.k ;kph dk Hkxrku dh x;h vfrfjDr jkf'k dh olyh d fy, ;kph d fo#) fnukd 22.6.2010 dk i= l0 461 tkjh fd;k x;kA ifjf'k"V 2 vkj 5 d dkj ifj'khyu l ;g çdV g fd ;kph dh vkj l n0;in'ku ugh gvk g vkj u gh og 10 fnuk d fy, vfrfjDr oru iku dk i{k g cfYd çR;Fkh u Lo; fnukd 4.10.2005 d çHkko l f}rh; ,0 lh0 ih0 çnku fd;k vkj mDr vkn'k dkj.k crkvk tkjh fd, fcuk vkj ;kph dk luokb dk volj fn, fcuk tkjh fd;k x;k FkkA vr% vkn'k voèk] 'kU; vkj vfèkdkfjrk foghu gA**

4. निम्नलिखित कथन करते हुए दिनांक 21.10.2013 का पूरक प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया है:–

"6. fd ;g dFku fd;k tkrk g fd ;kph dk xyr :i l fnukd 9.8.99 dk çFke ,0 lh0 ih0 vkj fnukd 4.6.2005 d çHkko l f}rh; ,0 lh0 ih0 dk ykHk çnku fd;k x;k gA vr% dk;ky; vkn'k tkjh djd ;g Li"V fd;k x;k fd fnukd 14.8.2010 dk dh x;h LFkkiuk dfeVh dh cBd e fnukd 10.1.2006 d io dk;ky; vkn'k l0 58 dk vkf'kd :i l mikrfjr dju dk fu.k; fd;k x;k vkj ;g fu.k; fd;k x;k g fd ;kph dk foHkkxh; ijh{kk l NV nu oky i= dk tkjh dju dh frfFk l fnukd 14.10.2005 d çHkko l çFke ,0 lh0 ih0 çnku fd;k tk;xk vkj ;kph f}rh; ,0 lh0 ih0 d ykHk dk gdnkj ugh g D;kfd ;kph mDr ykHk d Hkxrku dh frfFk d igy lokfuoÙk gk x;k gA

*7. fd ;g dFku fd;k tkrk g fd foÙk foHkkx u bl Hkh fopkj e fy;k g fd fnukd 14.8.2002 d ldYi [kM 3 vkj mi[kM IV d erkfcd ;kph u y[kk ijh{kk e mÙkh.k g, fcuk 50 o"k dh vk; ijk fd;k g] vr% ml y[kk ijh{kk e mÙkh.k gku l NV nh x;h Fkh vkj ml fnukd 14.10.2005 d çHkko l çFke ,0 lh0 ih0 çnku fd;k x;k Fkk vkj ml dk f}rh; ,0 lh0 ih0 doy çFke ,0 lh0 ih0 çnku dju dh frfFk l ckjg o"k ckn vFkkr fnukd 14.10.17 dk n; Fkh fdr ;kph fnukd 14.10.2017 d dkQh igy fnukd 31.12.2009 dk lok l lokfuoÙk gk x;kA bl çdkj og f}rh; ,0 lh0 ih0 dk ykHk yu dk gdnkj ugh FkkA vr% fnukd 4.6.2005 dk ;kph dk xyr :i l çnku fd;k x;k f}rh; ,0 lh0 ih0 jí fd;k tkrk gA**

5. दिनांक 10.9.2013 के आदेश के अनुसरण में वित्त विभाग, झारखंड सरकार की ओर से निम्नलिखित कथन करते हुए दिनांक 12.11.2013 का प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया है:–

> *"5. fd jkT; ljdkj d depkfj;k d fy, ,0 lh0 ih0 ;ktuk d lcèk e foÙk foHkkx }kjk tkjh fnukd 14.8.2002 d ldYi l0 5207 d ijk 3 (vii) e ;g Li"Vr% mfYyf[kr fd;k x;k g fd çkUufr d fy, ekinMk vFkkr foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k gkuk] mPprj vgrkvk dk vtu] vkfn tlk Hkjrh ,o çkUufr fu;ekoyh e of.kr fd;k x;k g] dk vko';dr% ,0 lh0 ih0 ;ktuk d vèkhu foÙkh; mRØe.k d fy, ifji.k fd;k tkuk gA*
>
> *6. fd eQfLly dMj d Dyd dk foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k gkuk gA vr% ,0 lh0 ih0 ;ktuk d vèkhu foÙkh; mRØe.k d fy, Hkh eQfLly dMj d ekey e ftll ;kph vkrk g] foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k gkuk ,0 lh0 ih0 ;ktuk d çkoèkku d erkfcd vko';d gA*
>
> *7. fd ;kph foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k ugh gvk Fkk] fdr ckn e 50 o"k dh vk; çklr dju d ckn ml fnukd 14.10.2005 d vkn'k d rgr foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k gku l NV nh x;h FkhA dkfed foHkkx }kjk tkjh fnukd 9.11.83 d i= l0 11691 d erkfcd] ;kph d ekey e NV dk vkn'k tkjh dju dh frfFk vFkkr fnukd 14.10.2005 l NV dk ykHk fn;k tkuk gA bl çdkj] ;kph doy fnukd 14.10.2005 dk ,0 lh0 ih0 ;ktuk d vèkhu çFke foÙkh; mRØe.k dk ik= cukA*
>
> *8. fd fnukd 14.8.2002 d ifji= d ijk 3 (iv) e ;g Hkh mfYyf[kr fd;k x;k g fd ^^;fn depkjh dh vik=rk vFkok mld fo#) foHkkxh; dk;okgh yfcr jgu d dkj.k çFke foÙkh; mRØe.k yfcr iMk jgrk g] bldk f}rh; foÙkh; mRØe.k ij ikfj.kkfed çHkko iMxk ftl rnulkj foyfcr dj fn;k tk,xkA** ,0 lh0 ih0 ;ktuk fnukd 9.8.1999 l çHkko e g] fdr ;kph fnukd 14.10.2005 l çFke ,0 lh0 ih0 dk gdnkj g vFkkr foHkkxh; ijh{kk e mÙkh.k gku l mldk NV nu d lcèk e vkn'k tkjh dju dh frfFk l vkj pfd ;kph dh vik=rk d dkj.k çFke ,0 lh0 ih0 6 o"k 2 ekg 5 fnu l foyfcr fd;k x;k Fkk] vr% f}rh; ,0 lh0 ih0 Hkh mDr vofèk }kjk foyfcr gk tk,xkA ;kph fnukd 9.8.2011 l f}rh; ,0 lh0 ih0 dk gdnkj gkrk fdr ;kph f}rh; ,0 lh0 ih0 dh gdnkjh dh frfFk l dkQh igy fnukd 31.12.2009 dk lokfuoÙk gk x;kA vr% og f}rh; ,0 lh0 ih0 dk gdnkj ugh gA***

6. पक्षों के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता सुने गए और अभिलेख पर मौजूद दस्तावेज का परिशीलन किया गया।

7. सेवा पूरा करने पर प्रथम ए॰ सी॰ पी॰ का और निरन्तर सेवा का 24 वर्ष पूरा करने पर द्वितीय ए॰ सी॰ पी॰ का प्रदान परिकल्पित करता है किंतु योजना में यह कहीं नहीं अनुबंधित किया गया है कि द्वितीय ए॰ सी॰ पी॰ के अधीन लाभ का प्रदान प्रथम ए॰ सी॰ पी॰ के प्रदान की तिथि से अगले 12 वर्ष की निरन्तर सेवा पूरा करने पर किया जाएगा। याची के विद्वान अधिवक्ता **त्रिपुरा राज्य बनाम के॰ के॰ रॉय, AIR 2004 SC 1249,** में दिए गए निर्णय पर विश्वास करते हैं और निवेदन करते हैं कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि योजना 12 वर्षों और 24 वर्षों की निरन्तर सेवा परिकल्पित करती है और इसलिए याची की आरंभिक नियुक्ति की तिथि से इसकी गणना करनी होगी।

8. दिनांक 14.8.2002 के संकल्प का परिशीलन उपदर्शित करता है कि ए॰ सी॰ पी॰ योजना के अधीन लाभ प्रदान करते हुए प्रोन्नति के प्रदान के लिए प्रयोज्य पात्रता और मापदंड प्रयोज्य होंगे। दिनांक 14.8.2002 के संकल्प के पैरा 3 (iv) से आगे प्रतीत होता है कि ''यदि कर्मचारी की अपात्रता अथवा उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के लंबित रहने के कारण प्रथम वित्तीय उत्क्रमण लंबित पड़ा रहता है, द्वितीय वित्तीय उत्क्रमण पर भी इसका पारिणामिक प्रभाव होगा जो तद्नुसार विलंबित हो जाएगा।''

9. अभिलेख पर मौजूद दस्तावेजों के परिशीलन करने पर, मैं पाता हूँ कि विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होना कर्मचारी के लिए आवश्यक था जिसमें याची उत्तीर्ण नहीं हो सका था और 50 वर्ष की आयु पूरा करने पर उसने उक्त संकल्प के प्रावधानों के अधीन छूट इप्सित किया। तद्नुसार, दिनांक 14.10.2005 को याची को ऐसा छूट प्रदान किया गया था।

10. प्रत्यर्थीगण ने अभिवचन किया है कि कर्मचारी ए॰ सी॰ पी॰ के अधीन लाभ के प्रदान का हकदार केवल तब होगा यदि वह विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है और चूँकि वर्तमान मामले में याची को दिनांक 14.10.2005 को छूट प्रदान किया गया था, लाभ जिसे पहले याची को प्रदान किया गया था का पुनर्विलोकन किया गया था। यह विवादित नहीं है कि याची को दिनांक 14.10.2005 को विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने से छूट प्रदान किया गया था और चूँकि छूट का प्रदान उस तिथि से प्रयोज्य बनाया गया है जिस पर छूट प्रदान किया गया था, याची को ए॰ सी॰ पी॰ योजना के अधीन दिनांक 14.10.2005 के प्रभाव से प्रथम लाभ प्रदान किया गया था। चूँकि याची की अपात्रता के कारण प्रथम ए॰ सी॰ पी॰ का प्रदान विलंबित किया गया था, याची को द्वितीय ए॰ सी॰ पी॰ का लाभ प्रदान नहीं किया जा सकता था। किंतु याची द्वितीय ए॰ पी॰ पी॰ की हकदारी की तिथि से काफी पहले दिनांक 13.12.2009 के प्रभाव से सेवा से अधिवर्षित हो गया।

11. ए॰ सी॰ पी॰ योजना के पठन से मैं पाता हूँ कि योजना के अधीन लाभ 12 वर्ष और 24 वर्ष की निरन्तर सेवा पूरा करने पर प्रदान करना होगा। याची की ओर से किया गया प्रतिवाद कि निरन्तर सेवा का अर्थ होगा याची की आरंभिक नियुक्ति की तिथि से सेवा मान्य नहीं है क्योंकि शब्द 'निरन्तर सेवा' इस संदर्भ में आया है कि प्रथम ए॰ सी॰ पी॰ के प्रदान के बाद ऐसी स्थिति हो सकती है जिससे कर्मचारी की सेवा में तोड़ होगा। आगे निरन्तर सेवा का अर्थ है निरन्तर मेधापूर्ण सेवा और इसलिए विभागीय और/अथवा न्यायिक कार्यवाही के कारण ए॰ सी॰ पी॰ के अधीन लाभ का प्रदान विलंबित हो सकता है।

12. याची के विद्वान अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि दिनांक 22.6.2010 और दिनांक 10.9.2010 के आदेश अभिखंडित किए जाने के दायी हैं क्योंकि याची को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया था। मैं पाता हूँ कि दिनांक 10.1.2006 के पत्र के तहत दिनांक 4.10.2005 के प्रभाव से याची को ए॰ सी॰ पी॰ योजना के अधीन लाभ अंतिम रूप दिया गया था और प्रदान किया गया था। दिनांक 22.6.2010 के पत्र के तहत लाभ के प्रदान की प्रभावकारी तिथि को बाद में दिनांक 14.10.2005 से दिनांक 4.10.2005 में परिवर्तित कर दिया गया था। मैं पाता हूँ कि दोनों पत्रों की प्रतियों को याची को प्रस्तुत किया गया था और इस प्रकार याची ने जनवरी, 2006 में ही ध्यान में लिया था कि उसे दिनांक 10.1.2006 के पत्र द्वारा ही दिनांक 4.10.2005 के प्रभाव से ए॰ सी॰ पी॰ योजना के अधीन लाभ प्रदान किया गया था। आगे, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने से छूट की तिथि और इसकी प्रयोज्यता को याची द्वारा विवादित नहीं किया गया है। याची ने रिट याचिका में प्रतिवाद नहीं किया है कि दिनांक 14.8.2002 का संकल्प उसके मामले पर प्रयोज्य नहीं है और इसलिए, मेरा दृष्टिकोण है कि भले ही याची को कोई

पृथक कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया था, दिनांक 22.6.2010 और दिनांक 10.9.2010 के आदेश हस्तक्षेप किए जाने के दायी नहीं है। प्रत्यर्थीगण द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र प्रकट करता है कि समस्त सेवा निवृत्ति लाभों को अंतिम रूप दिया जाएगा और याची को इसका भुगतान किया जाएगा।

13. कलकत्ता नगर निगम एवं एक अन्य बनाम सुजित बरण मुखर्जी एवं अन्य, (1997)11 SCC 463, में जिसमें वेतनमान को आगे बढ़ाने की मंजूरी कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस दिए बिना वापस ले लिया गया था, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि नियोक्ता ऐसा करने में न्यायोचित था।

14. मैं रिट याचिका में गुणागुण नहीं पाता हूँ। तद्नुसार, रिट याचिका में की गयी समस्त प्रार्थनाओं को अस्वीकार किया जाता है।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vferkHk dekj xlrk] U;k;efr

सदा शिव झा

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P.(S) No. 2367 of 2005. Decided on 12th December, 2013.

झारखंड पुलिस निर्देशिका–नियम 726 (III) एवं 824A—प्रोन्नति–इस आधार पर ए॰ सी॰ पी॰ के लाभ से इनकार कि याची को काला निशान अधिनिर्णीत किया गया था–दिनांक 22.8.2013 के मेमो सं॰ 1989 की दृष्टि में, पुलिस इंस्पेक्टर जो नियम 824A (e) के प्रावधानों के अधीन आच्छादित है तक की श्रेणी के ऐसे पुलिसकर्मियों पर दंड का भविष्यलक्षी प्रवर्तन प्रयोज्य नहीं है–दंड के आदेश की तिथि से दंड का भविष्यलक्षी प्रवर्तन डी॰ एस॰ पी॰ श्रेणी के अधिकारियों पर प्रयोज्य है और वे सी॰ सी॰ एस॰ (सी॰ सी॰ ए॰) नियमावली द्वारा शासित होते हैं। (पैरा 12)

निर्णयज विधि.–2010 (2) JLJR 331—Clarified; 1992 (1) PLJR 502; AIR 1989 SC 1133—Referred.

अधिवक्तागण.–M/s Dr. S.N. Pathak, Rishikesh Giri, Fayyaz Ahmad, Birju Thakur, For the Petitioner; M/s Ajit Kumar, Kumar Sundaram, For the Respondents.

आर॰ बानुमथी, मुख्य न्यायाधीश एवं अमिताभ कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति.–विद्वान एकल न्यायाधीश ने विधि का प्रश्न विरचित करके मामला खंडपीठ को निर्दिष्ट किया है जिसका पठन निम्नलिखित है:–

> *^^fd D;k rhu o"kk dh vofèk] tlk >kj[kM ifyl funf'kdk d fu;e 726 (III) d vèkhu fofgr fd;k x;k g] nM d vfèkfu.k; dh frfFk l vkjHk gkxh vFkok ?kVuk dh frfFk l vkjHk gkxh ftld fy, ifyl vfèkdkjh dk i'pkrorh frfFk ij nfMr fd;k x;k FkkA**

2. वर्तमान निर्देश को उद्भूत करने वाले संक्षिप्त तथ्य ये हैं कि याची को दिनांक 17.9.1974 को बिहार राज्य के पुलिस विभाग में सार्जेन्ट के रूप में नियुक्त किया गया था और दिनांक 4.6.1988 के प्रभाव से सार्जेन्ट मेजर के पद पर प्रोन्नत किया गया था। बिहार राज्य के विभाजन के बाद याची को दिनांक 14.8.2002 के आदेश के तहत झारखंड कैडर आवंटित किया गया था। याची को एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन (संक्षेप में 'ए॰ सी॰ पी॰') से इस आधार पर इनकार किया गया था कि याची को वर्ष 1998 में उस घटना

जो 3.1.1996 को हुई थी के लिए काला निशान का दंड अधिनिर्णीत किया गया था और तत्पश्चात याची को पुन: घटना जो दिनांक 20.8.2000 को हुई थी के लिए वर्ष 2002 में काला निशान का दंड अधिनिर्णीत किया गया था। बोर्ड, जिसे दिनांक 20.5.2003 और दिनांक 1.10.2004 को ए॰ सी॰ पी॰ के अनुशंसा और मंजूरी के लिए गठित किया गया था, ने याची को ए॰ सी॰ पी॰ का लाभ असंतोषजनक सेवा अभिलेख के आधार पर इनकार किया। व्यथित होकर, याची ने 24 वर्ष की सेवा पूरी होने पर कट–ऑफ–तिथि अर्थात् दिनांक 9.8.1999 से ए॰ सी॰ पी॰ के प्रदान के लिए रिट याचिका दाखिल किया।

3. विद्वान एकल न्यायाधीश के समक्ष याची के वरीय अधिवक्ता डॉ॰ एस॰ एन॰ पाठक ने **राम अनुग्रह सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य,** 1992 (1) PLJR 502, में दिए गए निर्णय पर विश्वास किया और निवेदन किया कि तीन वर्ष, जैसा झारखंड पुलिस निर्देशिका के नियम 726 (III) के अधीन अनुबंधित किया गया है, घटना की तिथि जिस पर गलत किया गया था से संगणित की जानी चाहिए और न कि उस तिथि से जिस पर दंड अधिनिर्णीत किया गया था।

4. विद्वान एकल न्यायाधीश के समक्ष विद्वान अपर महाधिवक्ता ने **श्री गिरीश देव पांडे बनाम झारखंड राज्य पुलिस महानिदेशक, राँची के माध्यम से एवं अन्य,** 2010(2) JLJR 331, में दिए गए निर्णय पर विश्वास किया और निवेदन किया कि झारखंड पुलिस निर्देशिका के नियम 726 (III) के मुताबिक तीन वर्षों का अंतराल मुख्य दंड दिए जाने की तिथि से और न कि उस तिथि से जिस पर गलत किया गया था, गिनी जाएगी।

5. राम अनुग्रह सिंह के मामले (ऊपर) और **श्री गिरीश देव पांडे के मामले (ऊपर)** में दो विरोधी निर्णयों पर गौर करने के बाद विद्वान एकल न्यायाधीश ने पूर्वोक्तानुसार विधि का प्रश्न विरचित करके मामला खंड पीठ को निर्दिष्ट किया।

6. हमने याची के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता और विद्वान अपर महाधिवक्ता को सुना है।

7. झारखंड पुलिस निर्देशिका के नियम 726 (III) का पठन निम्नलिखित है:–

^^çkUufr lph e ço'k d fy, vFkok ml ij çfrèkkj.k d fy, vugrk-&foxr rhu o"kk d Hkhrj fdlh J.kh e fdlh e[; nM dk vfèkjki.k lkekU;r% fdlh çkUufr lph e ço'k d fy, otuk gk ldrh gA

vfèkdkjh dk fdlh çkUufr lph d fy, çfrèkkfjr vFkok fopkj vFkok iufopkj fd, tku d igy e[; nM d vfèkjki.k d ckn rhu o"kk dk vrjky vko';d gA nt fd, tku oky fo'k"k dkj.kk l l{ke vfèkdkjh tk çkUufr nrk g }kjk bl vugrk dk f'kfFky fd;k tk ldrk gA**

8. दूसरी ओर, पुलिस आदेश सं॰ 99 का पैरा 6 कथन करता है कि प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने की तिथि मुख्य दंड के अधिरोपण की तिथि होगी और न कि वह तिथि जिस पर मुख्य दंड अधिनिर्णीत किया गया था अर्थात् तीन वर्ष का अंतराल।''

9. संशोधन पर्ची 1/86 द्वारा आदेश सं॰ 99 का पैरा 6 विखंडित किया गया था और इसके स्थान पर यह प्रावधानित किया गया है कि तीन वर्षों की अवधि दंड अधिनिर्णीत करने की तिथि से संगणित की जाएगी। यह संशोधन पर्ची 1/86 **राम अनुग्रह सिंह बनाम बिहार राज्य,** 1992 (1) PLJR 502 में माननीय पटना उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती की विषय वस्तु थी जिसमें माननीय पटना उच्च न्यायालय ने **AIR 1989 SC 1133 (महाराष्ट्र राज्य बनाम जगन्नाथ)** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर विश्वास करते हुए संशोधन पर्ची 1/86 यह अभिनिर्धारित करते हुए अभिखंडित कर दिया गया था कि तीन वर्षों की अवधि घटना की तिथि से गिनी जाएगी और न कि दंड अधिनिर्णीत किए जाने की

तिथि से और आदेश सं॰ 99 पैरा 6 को कायम रखा गया था। राम अनुग्रह सिंह के मामले के मुताबिक पुलिस आदेश सं॰ 99 पैरा 6 इस प्रकार वापस रख लिया गया था।

10. वर्तमान निर्देश के लंबित रहने के दौरान कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार ने दिनांक 18.2.2012 का मेमो सं॰ 1698 जारी किया। दिनांक 18.2.2012 के मेमो सं॰ 1698 का पठन निम्नलिखित है:–

"2. jkT; ljdkj u dn d erkfcd jkT; e lok'krk dk fØ;kfUor dju dk fu.k; fd;k gA dnh; flfoy lok (oxhdj.k] fu;=.k ,o vihy) fu;ekoyh] 1965 d fu;e 11 d lkFk Hkkjr ljdkj u fuEufyf[kr fun'k vfèklfpr fd;k g%&

^^nM vkn'k dh frfFk d ckn çHkkodkjh oru of) vFkok çknHkr gku okyh oru of) dk jkdk tkuk&oru of) jkdu d nM vkn'kk dk tkjh dju d ckn vfèkdkjh dk çknHkr gku oky oru of) dh frfFk l çHkko'khy gkrk gA ;g ml oru of) dk çHkkfor ugh dj ldrk g tk nM vkn'kk dk tkjh dju dh frfFk d igy n; Fkh ;|fi bl vfèkdkjh d vodk'k ij gku vFkok vU; ç'kklfud dkj.kk l oLrr% çklr ugh fd;k x;k FkkA**

11. दिनांक 18.2.2012 के मेमो सं॰ 1698 को पुलिस महानिदेशक–सह–पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के कार्यालय द्वारा जारी दिनांक 22.8.2013 के मेमो सं॰ 1989 द्वारा स्पष्ट किया गया था। दिनांक 22.8.2013 के मेमो सं॰ 1989 ने दिनांक 18.2.2012 के मेमो सं॰ 1698 को स्पष्ट किया और स्पष्ट किया कि उक्त परिपत्र (दिनांक 18.2.2012 का मेमो सं॰ 1698) और दंड आदेश का भविष्यलक्षी प्रभाव सेवा के पदधारी पर लागू होगा जो सी॰ सी॰ एस॰ (सी॰ सी॰ ए॰) नियमावली जिसे नियम 824A (b) में निर्दिष्ट किया गया है द्वारा मार्गदर्शित होते हैं। इसने आगे स्पष्ट किया कि प्रासंगिक खंड (b) आरक्षी उप अधीक्षक के पद से संबंधित था। दिनांक 22.8.2013 के उक्त मेमो ने आगे स्पष्ट किया कि पुलिस इंस्पेक्टर के पद से पुलिस कर्मचारी पुलिस कर्मचारी नियमावली के नियम 824 (A) के पैरा (e) के अधीन आच्छादित होते हैं और इसलिए सी॰ सी॰ एस॰ (सी॰ सी॰ ए॰) नियमावली पुलिस इंस्पेक्टर के स्तर से पुलिस कर्मचारी के प्रति निर्देश में प्रासंगिक नहीं है और कि पुलिस इंस्पेक्टर की श्रेणी तक पुलिस कर्मी जो नियम 824A (e) के प्रावधान द्वारा आच्छादित है, पर दिनांक 18.2.2012 का परिपत्र लागू नहीं होगा। दिनांक 22.8.2013 के मेमो सं॰ 1989/P का पठन निम्नलिखित है:–

^^fun'kkulkj mDr fo"k; d ilx e e> ;g dguk g fd dkfed ç'kklfud lèkkj ,o jktHkk"kk foHkkx] >kj[kM] jkph d fnukd 18.2.2012 d ldYi l0 1898 d rgr jkT; ljdkj depkjh d ilx e fuEufyf[kr çkoèkkuk dk fØ;kfUor fd;k x;k g%

----

mDr ekey dk iuijh{k.k fd;k x;k g vkj ;g Li"V gk x;k fd mDr çkoèkku flfoy lok (oxhdj.k] fu;=.k ,o vihy) fu;ekoyh ij vkèkkfjr g tk ifyl funf'kdk d fu;e 824A d ijk ^[k* d lnHk e ç;kT; gA ifyl bLiDVj d Lrj l ifyl depkjh ifyl depkjh fu;ekoyh d fu;e 824A d ijk bO d vèkhu vkPNkfnr gA vr%] ifyl bLiDVj Lrj l ifyl depkjh d lnHk e mDr çkoèkku çklfxd ugh gA**

12. पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुनने पर और झारखंड पुलिस निर्देशिका सह–पठित दिनांक 22.8.2013 के परिपत्र मेमो 1989/P के प्रावधानों के परिशीलन पर, जैसा उपर गौर किया गया है, उक्त विरोधी निर्णयों पर चर्चा आवश्यक नहीं है। निर्देश बिंदु का निम्नलिखित उत्तर दिया जाता है:–

- *fnukd 22.8.2013 d eek l0 1989 dh nf"V e nM dk Hkfo";y{kh çoru ifyl bLiDVj rd d ,l ifyl dfe;k ij ç;kT; ugh g] tk fu;e 824A (e) d çkoèkkuk d vèkhu vkPNkfnr gA*

- *nM d vkn'k dh frfFk l nM dk Hkfo";y{kh çoru vkj{kh mikèkh{kd dh J.kh d vfèkdkfj;k ij ç;kT; g vkj o lh0 lh0 ,l0 (lh0 lh0 ,0) fu;ekoyh }kjk 'kkfl r gkr gA*

13. उक्त को ध्यान में रखकर **श्री गिरीश देव पांडे बनाम झारखंड राज्य, पुलिस महानिदेशक, राँची के माध्यम से एवं अन्य,** (2010)2 JLJR 331, में एकल न्यायाधीश के निर्णय का निर्णयाधार दंड के आदेश की तिथि से दंड के भविष्यलक्षी प्रवर्तन के बिंदु पर केवल आरक्षी उप अधीक्षक की श्रेणी के अधिकारियों पर प्रयोज्य होगा और तद्नुसार उक्त निर्णय स्पष्ट किया जाता है।

14. निर्देश के प्रति दिए गए उत्तर के आलोक में विवाद्यकों एवं ताथ्यिक पहलूओं को विनिश्चित करने के लिए मामला विद्वान एकल न्यायाधीश के समक्ष वापस भेजा जाता है। पक्षगण विद्वान एकल न्यायाधीश के समक्ष तथ्यों को रखने के लिए स्वतंत्र हैं। चूँकि रिट याचिका वर्ष 2005 की है, विद्वान एकल न्यायाधीश जल्द की तिथि पर मामला सुनेंगे।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vferkHk dekj xlrk] U;k;efr

बस्ती विकास समिति (3596 में)

अभय सिंह (4570 में)

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य (दोनों में)

W.P. (PIL) Nos. 3596 with 4570 of 2013. Decided on 3rd December, 2013.

नागरिक सुविधाएँ–राज्य सरकार एवं टाटा स्टील लि॰ के बीच निष्पादित पट्टा विलेख निर्मित करने वाली भूमि–पट्टा के नवीकृत अनुबंध के मुताबिक प्रत्यर्थीगण जे॰ यू॰ एस॰ सी॰ ओ॰ और इर्द-गिर्द के ग्रामों में विद्युत और जल की आपूर्ति सहित आवश्यक नागरिक सुविधाओं को प्रदान करने की बाध्यता के अधीन हैं–प्रत्यर्थीगण को जल एवं विद्युत प्रभारों के भुगतान के अध्यधीन वियोजित सेवा संयोजन वालों को विद्युत एवं जल आपूर्ति का संयोजन देने का निर्देश दिया गया। (पैरा 8)

अधिवक्तागण.–M/s Anil Kumar Sinha, Rahul Kumar, Avnish Shekhar, Anurag Kashyap, P.P. Roy, For the Petitioner; M/s M.S. Shilpi John, Mittal, For the Respondent No. 5 & 6; J.C. to A.G., For the State.

आदेश

इन रिट याचिकाओं को 86 बस्तियों (ग्रामों) की ओर से जमशेदपुर शहर के संबंध में राज्य सरकार और टाटा स्टील लिमिटेड कंपनी के बीच निष्पादित दिनांक 1.8.1985 के पट्टा विलेख की अनुसूची–V का भाग निर्मित करने वाली भूमि पर बस्ती में रहने वाले लोगों को जल, विद्युत एवं स्वच्छ वातावरण सहित नागरिक सुविधाओं को प्रदान करने के लिए दाखिल किया गया है।

2. हमने याची के विद्वान वरीय अधिवक्ता और प्रत्यर्थी सं॰ 5 एवं 6 के विद्वान वरीय अधिवक्ता तथा राज्य के विद्वान अधिवक्ता को सुना है।

3. दिनांक 20.8.2005 के नवीकृत पट्टा अनुबंध के मुताबिक पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण दिनांक 1.8.1985 के पट्टा विलेख की अनुसूची–V का भाग निर्मित करने वाले पट्टाधृति क्षेत्र के अंतर्गत इर्द–गिर्द के ग्रामों में और जे॰ यू॰ एस॰ सी॰ ओ॰ में भी विद्युत एवं जल की आपूर्ति सहित आवश्यक सिविल सुविधाओं को प्रदान करने की बाध्यता के अधीन है।

4. पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण द्वारा दाखिल प्रति शपथ पत्र में पैराग्राफ 15 और आगे में प्रत्यर्थीगण ने दिनांक 20.8.2005 के पट्टा के नवीकृत अनुबंध के मुताबिक बाध्यताओं का पालन करने और विद्युत एवं जल आपूर्ति भी प्रदान करने के लिए अपनी तत्परता अभिव्यक्त किया है। पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण द्वारा अभिव्यक्त एक मात्र अवरोध दिनांक 7.3.2011 की लोकहित याचिका डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 1076 वर्ष 2011 में इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश है जिसमें इस न्यायालय ने अवैध निर्माणों/अतिक्रमणों को विद्युत एवं जल की आपूर्ति, जो ऐसे अतिक्रमित क्षेत्रों में है, को विसंबद्ध करने के लिए निर्देश जारी किया था।

5. पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण के विद्वान वरीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि यद्यपि पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण दिनांक 20.8.2005 के पट्टा के नवीकृत अनुबंध के निबंधनों के मुताबिक अपनी बाध्यताओं का पालन करने के लिए तैयार हैं, जब तक डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 1076 वर्ष 2011 में इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश स्पष्ट नहीं किया जाता है, पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण को अवमान कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है।

6. डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 1076 वर्ष 2011 में संबंधित प्राधिकारियों को आदेश जारी किया गया था कि ''ऐसे भवनों, जो अवैध हैं के विद्युत एवं जल संबंधन को तुरन्त विसंबद्ध/विच्छेदित कर दिया जाना चाहिए।'' डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 1076 वर्ष 2011 में पारित आदेश केवल अतिक्रमित क्षेत्रों में किए गए निर्माण अथवा अवैध निर्माण से संबंधित है।

7. याची के लिए उपस्थित विद्वान वरीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 3596 वर्ष 2013 केवल 86 बस्तियों के निवासियों की ओर से दाखिल किया गया है जो विद्युत आपूर्ति और जल संबंधों के बिना पीड़ित हो रहे है। विद्वान वरीय अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि दिनांक 7.3.2011 के डब्ल्यू॰ पी॰ (पी॰ आई॰ एल॰) सं॰ 1076 वर्ष 2011 में इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश की व्याख्या करते हुए उन 86 बस्तियों के अनेक निवासियों की विद्युत आपूर्ति और जल संबंध को विच्छेछित कर दिया गया है।

8. पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण द्वारा अपने प्रतिशपथ पत्र में अभिव्यक्त तत्परता को ध्यान में रखकर हम पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण को जल एवं विद्युत प्रभारों के बकाया के भुगतान के अध्यधीन विसंबद्ध सेवा संबंधन वालों को तुरन्त विद्युत एवं जल की आपूर्ति संयोजित करने का निर्देश देते हैं। ऐसे जल एवं विद्युत प्रभारों के बकाया का भुगतान तीन सप्ताह की अवधि के भीतर पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण को

किया जाएगा और विद्युत एवं जल प्रभारों के बकाया के ऐसे भुगतान पर पंचम एवं षष्टम प्रत्यर्थीगण तुरन्त बिजली एवं जल कनेक्शन को फिर से जोड़ेंगे। जहाँ तक उन 86 बस्तियों के निवासियों को नया जल एवं विद्युत कनेक्शन देने का संबंध है, वे आवश्यक भुगतान और आवश्यक आवेदन के साथ षष्टम प्रत्यर्थी के समक्ष आवेदन देंगे। ऐसे आवेदनों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ दाखिल किए जाने पर षष्टम प्रत्यर्थी इसे सत्यापित करेंगे और यह भी सत्यापित करेंगे कि निर्माण अवैध निर्माण नहीं हैं। उन नए आवेदनों के सत्यापन पर षष्टम प्रत्यर्थी यथासंभव शीघ्र प्राथमिकत: छह माह की अवधि के भीतर विधि के अनुरुप जल एवं विद्युत कनेक्शन देंगे।

9. इन निर्देशों एवं संप्रेक्षणों के साथ इन रिट याचिकाओं को निपटाया जाता है।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vferkHk dekj xIrk] U;k;efr

रमेश गोप एवं अन्य

cuke

सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० एवं अन्य

L.P.A. No. 194 of 2012. Decided on 3rd December, 2013.

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947—धारा 11—अधिनिर्णय का निष्पादन–श्रम न्यायालय अथवा अधिकरण द्वारा अथवा इसके समक्ष पहुँचा गया प्रत्येक अधिनिर्णय, आदेश अथवा व्यवस्थापन सी० पी० सी० के आदेश 21 के अधीन सिविल न्यायालय के आदेशों एवं डिक्री के निष्पादन के लिए अधिकथित प्रक्रिया के अनुरुप निष्पादित किया जाएगा–श्रम न्यायालय अथवा अधिकरण अथवा राष्ट्रीय अधिकरण किसी अधिनिर्णय, आदेश अथवा व्यवस्थापन को सिविल न्यायालय को प्रेषित करेगा और सिविल न्यायालय अधिनिर्णय को निष्पादित करेगा। (पैरा 11)

निर्णयज विधि.–(1995) 109 PLR 581—Referred.

अधिवक्तागण.–M/s Sujit Narayan Prasad, S. Shekhar, For the Appellants; Mr. Ananda Sen, For the Respondents.

न्यायालय द्वारा.–इस लेटर्स पेटेन्ट अपील को दिनांक 14.2.2012 की डब्ल्यू० पी० (पी० आई० एल०) सं० 5522 वर्ष 2011 में पारित आदेश के विरुद्ध दाखिल किया गया है जिसके द्वारा याची द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर, 1996 के अधिनिर्णय, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिपुष्ट किया गया है, के अनुसरण में सेवाओं के नियमितिकरण के लिए दाखिल रिट याचिका खारिज कर दी गयी है।

2. अपीलार्थीगण, जो कर्मकार हैं और संविदा श्रमिक के रूप में अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं, ने यूनियन के माध्यम से अपने नियमितिकरण का विवाद उठाया जिसे निर्देश केस सं० 58 वर्ष 1992 के रूप में निर्दिष्ट किया गया था और याची की सेवा को नियमित करने के लिए प्रबंधन को निर्देश देते हुए दिनांक 3.10.1996 को अधिनिर्णय पारित किया गया था। दिनांक 3.10.1996 के अधिनिर्णय को रिट याचिका सी० डब्ल्यू० जे० सी० सं० 199 वर्ष 1997 में चुनौती दी गयी थी और दिनांक 29.4.1999 को इसे खारिज कर दिया गया था। उक्त सी० डब्ल्यू० जे० सी० सं० 199 वर्ष 1997 में पारित आदेश को चुनौती देते हुए एल० पी० ए० सं० 214 वर्ष 1999 दाखिल की गयी थी और इसे दिनांक 19.8.1999 के आदेश के तहत खारिज कर दिया गया था। प्रबंधन ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका सं० 19391 वर्ष 1999 दाखिल किया जिसे भी दिनांक 30.8.2001 के आदेश के तहत खारिज कर दिया गया था। विशेष अनुमति याचिका की खारिजी के बाद भी जब अपीलार्थी–यूनियन के सदस्यों को नियमित

नहीं किया गया था, यूनियन ने पुन: रिट याचिका डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 2795 वर्ष 2002 दाखिल किया और दिनांक 25.9.2008 के आदेश के तहत प्रबंधन को अधिनिर्णय क्रियान्वित करने का निर्देश देते हुए और यदि (दिनांक 25.9.2008 के प्रभाव से) तीन माह की अवधि के भीतर प्राधिकारी द्वारा अधिनिर्णय क्रियान्वित नहीं किया जाता है अथवा निपटाया नहीं जाता है, अपीलार्थी को समुचित आवेदन/याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता देते हुए उक्त रिट याचिका को निपटाया गया था। तत्पश्चात, अपीलार्थी यूनियन और प्रबंधन ने दिनांक 4.8.2009 को समझौता किया। समझौते के मुताबिक, एकमुश्त राशि के रूप में 10,000/- रुपयों की राशि कर्मकार को भुगतेय थी और उन्हें नियमित भी किया जाना था।

3. अपीलार्थीगण की शिकायत यह है कि 299 कर्मकारों में से केवल कुछ को अर्थात् 117 को नियमित किया गया था और अभी भी 182 कर्मकारों को नियमित नहीं किया गया है और न ही नियुक्ति दी गयी है।

4. अपीलार्थीगण ने संदर्भ केस सं॰ 58 वर्ष 1992 में पारित दिनांक 3 अक्टूबर, 1996 के अधिनिर्णय, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक संपुष्ट किया गया था, के अनुसरण में पिछली मजदूरी के साथ सेवा में अपीलार्थीगण को तुरन्त नियुक्त करने के लिए नयी रिट याचिका डब्ल्यू॰ पी॰ (एल॰) सं॰ 5522 वर्ष 2011 दाखिल किया। विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह संप्रेक्षित करते हुए कि रिट अधिकारिता में अपीलार्थीगण की प्रार्थना ग्रहणीय नहीं है और यह भी कि याचीगण (वर्तमान अपीलार्थीगण) रिट न्यायालय के माध्यम से लगभग 15 वर्षों बाद अधिनिर्णय का निष्पादन इप्सित करते हैं, दिनांक 14.2.2012 को अपीलार्थीगण द्वारा दाखिल रिट याचिका खारिज कर दिया। डब्ल्यू॰ पी॰ (सी॰) सं॰ 5522 वर्ष 2011 में पारित आदेश को चुनौती देते हुए अपीलार्थीगण ने इस लेटर्स पेटेन्ट अपील को दाखिल किया है।

5. हमने अपीलार्थीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री सुजित नारायण प्रसाद को सुना है। प्रत्यर्थीगण की ओर से हमने श्री आनन्द सेन को सुना है।

6. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि यद्यपि अधिनिर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक संपुष्ट किया गया था, प्रबंधन ने 182 कर्मकारों को नियुक्ति जारी करना नहीं चुना है। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि अपीलार्थीगण अनेक अवसरों पर प्रबंधन के पास गए हैं और दिनांक 4.8.2009 को समझौता भी हुआ था और जब कर्मकार प्रबंधन के साथ अपने मामलों को सुलझानें में लगे हुए थे, विद्वान एकल न्यायाधीश यह कहने में सही नहीं थे कि 15 वर्षों बाद रिट न्यायालय के माध्यम से अधिनिर्णय का निष्पादन इप्सित किया जा रहा है और, इसलिए इस लेटर्स पेटेन्ट अपील को अनुज्ञात करने की प्रार्थना की जाती है। अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने **जगदीश चंद बनाम श्रम आयुक्त एवं अन्य, (1995)109 PLR 581,** मामले में दिए गए निर्णय को निर्दिष्ट किया है।

7. हमने प्रत्यर्थीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री आनन्द सेन को सुना है।

8. प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि रिट याचिका में इप्सित प्रार्थना केवल कर्मकार तथा प्रबंधन के बीच हुए समझौते द्वारा अनुसरित निर्देश केस सं॰ 58 वर्ष 1992 में अधिनिर्णय के निष्पादन के लिए है और औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 11 (9) एवं (10) के मुताबिक अधिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 21 के अधीन सिविल न्यायालय के आदेशों एवं डिक्री के निष्पादन के लिए अधिकथित प्रक्रिया के अनुरुप निष्पादित किया जाएगा।

9. हमने अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता और प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता के निवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है।

10. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 11 (9) एवं (10) का पठन निम्नलिखित है:

"11. ***lyg vfèkdkfj;k] ckMk] U;k;ky;k ,o vfèkdj.kk dh ifØ;k ,o 'kfDr;k-&***

xx xx xx

(9) Je U;k;ky; ;k vfèkdj.k ;k jk"Vh; vfèkdj.k d }kjk ;k le{k fd;k x;k iR;d vfèkfu.k;] fuxr fd;k x;k vkn'k ;k fd;k x;k le>kSrk flfoy ifØ;k lfgrk] 1908 (1908 dk 5) d vkn'k 21 d vèkhu flfoy U;k;ky; d vkn'kk ,o fMfØ;k d fu"iknu d fy, vfèkdfFkr ifØ;k d vu:i fu"ikfnr fd;k tk;xkA

*(10) Je U;k;ky; ;k vfèkdj.k ;k jk"Vh; vfèkdj.k] ;FkkfLFkfr vfèkdkfjrk j[ku okys flfoy U;k;ky; dk dkb vfèkfu.k;] vkn'k ;k le>kSrk if"kr djxk rFkk ,lk flfoy U;k;ky; vfèkfu.k;] vkn'k ;k le>kSrk fu"ikfnr djxk ekuk ;g blds }kjk ikfjr ,d fMØh gkA**

11. उक्त अधिनियम की धारा 11 के सावधानीपूर्ण पठन पर यह देखा जाता है कि श्रम न्यायालय अथवा अधिकरण अथवा राष्ट्रीय अधिकरण द्वारा अथवा इसके समक्ष किया गया प्रत्येक अधिनिर्णय, जारी आदेश अथवा हुआ समझौता सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश 21 के अधीन सिविल न्यायालय के आदेशों और डिक्री के निष्पादन के लिए अधिकथित प्रक्रिया के अनुरुप निष्पादित किया जाएगा। उसकी धारा 11 (10) के निबंधनानुसार श्रम न्यायालय अथवा अधिकरण अथवा राष्ट्रीय अधिकरण, यथास्थिति, अधिकारिता रखने वाले सिविल न्यायालय को कोई अधिनिर्णय, आदेश अथवा समझौता प्रेषित करेगा और ऐसा सिविल न्यायालय अधिनिर्णय, आदेश अथवा समझौता निष्पादित करेगा मानों यह इसके द्वारा पारित डिक्री हो।

12. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि दिनांक 15.9.2010 के प्रभाव से वर्ष 2010 का अधिनियम 24 अंत: स्थापित करके धारा 11 (9) और 11 (10) के प्रावधानों को संशोधित किया गया है और वर्तमान मामले में अधिनिर्णय दिनांक 3 अक्टूबर 1996 को पारित किया गया था और बाद में दिनांक 4.8.2009 को समझौता किया गया था और, इसलिए, प्रबंधन अधिनियम की धारा 11 (9) और (10) के संशोधित प्रावधानों का सहारा नहीं ले सकता है।

13. हम अधिनियम की धारा 11 (9) एवं (10) के भूतलक्षी अथवा भविष्यलक्षी प्रभाव पर कोई दृष्टिकोण अभिव्यक्त करने का प्रस्ताव नहीं देते हैं। इतना गौर करना पर्याप्त है कि अपीलार्थीगण को अधिनियम की धारा 11 (9) एवं 11 (10) के अनुरुप अधिनिर्णय के निष्पादन के लिए अनुतोष इप्सित करते हुए संबंधित अधिकरण के पास जाने की छूट है।

14. डब्ल्यू॰ पी॰ (एल॰) सं॰ 5522 वर्ष 2011 में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित दिनांक 14.2.2012 के आदेश को अपास्त किया जाता है और उक्त सीमा तक लेटर्स पेटेन्ट अपील को आंशिक रूप से अनुज्ञात किया जाता है।

यदि अधिनिर्णय के निष्पादन के लिए कोई आवेदन दाखिल किया जाता है, हम अधिकरण को जल्द की तिथि पर मामला सुनने और विधि के अनुरूप इसे निपटाने का निर्देश देते हैं।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vij'k dekj flg] U;k;efr

गुरु प्रसन्ना दास

cuke

भारत संघ एवं अन्य

W.P. (S) No. 4774 of 2012. Decided on 10th December, 2013.

सेवा विधि–वरीयता–स्वास्थ्य निरीक्षक–याची चयन के प्रति उपमत हुआ था और एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II के पद पर प्रत्यर्थी के चयन को चुनौती नहीं दिया था–मात्र इसलिए कि याची को वर्ष 1984 में और प्रत्यर्थी को वर्ष 1991 में स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था, याची पदग्रहण की तिथि के मूल वरीयता के आधार पर प्रत्यर्थी के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है–एच० एण्ड एम० आई० ग्रेड II का पद चयन पद होने के नाते याची स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में अपने पद ग्रहण की अपनी मूल तिथि के आधार पर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है–याची प्रत्यर्थी के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है–अधिकरण का आक्षेपित आदेश अभिपुष्ट किया गया–याचिका खारिज की गयी। (पैरा 11)

अधिवक्तागण.–Md. Ashrafuzzaman, For the Appellant; M/s Jalisur Rahman, Mr. Ram Niwas Roy, For the Respondents.

आर० बानुमथी, मुख्य न्यायाधीश.–दिनांक 7.10.2009 और दिनांक 18.12.2009 की संसूचना का अभिखंडन करने से इनकार करने और याची को डी० बी० घोष के वरीय के रूप में घोषित करने के लिए और नियमों के अनुरुप समस्त प्रोन्नति के अवसरों और लाभों को प्रदान करने के लिए प्रत्यर्थीगण को निर्देश जारी करने से इनकार करते हुए ओ० ए० सं० 24/2010 में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण द्वारा पारित दिनांक 19.4.2012 के आदेश से व्यथित होकर रिट याची वर्तमान रिट आवेदन में इस न्यायालय के पास आया है।

2. संक्षिप्त तथ्यः–याची को दिनांक 29.11.1984 को स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और सप्तम प्रत्यर्थी डी० बी० घोष को दिनांक 26.1.1991 को स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 1600–2660/- रुपयों के वेतनमान में एच० एण्ड एम० आई० ग्रेड II में एक पद के चयन के लिए याची को किसी एस० के० दूबे के साथ दिनांक 14.10.1992 को नियत लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कहा गया था और दोनों ने अर्हित अंकों को प्राप्त किया था और उन्हें मौखिक परीक्षा के लिए बुलाया गया था औरा दोनों मौखिक परीक्षा में उपस्थित हुए थे। मौखिक परीक्षा में एस० के० दूबे को उपयुक्त पाया गया था और उक्त एस० के० दूबे को पैनलकृत किया गया था और उसे एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II के उक्त पद पर प्रोन्नत किया गया था। पुनः याची को एच० एण्ड एम० आई० ग्रेड II के पद पर आगे चयन के लिए बुलाया गया था और याची दिनांक 11.11.1994 के पत्र के तहत लिखित परीक्षा में उपस्थित हुआ और उक्त चयन कुछ प्रक्रियात्मक कमी के कारण दिनांक 27.2.1996 के पत्र द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा रद्द माना गया था।

3. तत्पश्चात, एच० एन्ड एम० ग्रेड II के पद पर आगे चयन के लिए याची डी० बी० घोष, जो ओ० ए० सं० 24/2010 में सप्तम प्रत्यर्थीगण, के साथ दिनांक 20.9.1996 की पूरक तिथि के साथ दिनांक 21.8.1996 को लिखित परीक्षा में उपस्थित हुआ। उक्त परीक्षा में उन दोनों ने दिनांक 8.11.1996 की पूरक तिथि के साथ दिनांक 29.10.1996 को किए गए मौखिक परीक्षा में अर्हित अंक प्राप्त किया और डी० बी० घोष को उपयुक्त पाया गया था और उसे एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II पद के लिए पैनलकृत किया गया था और उक्त डी० बी० घोष को दिनांक 15.11.1996 के कार्यालय आदेश सं० 570/11 द्वारा प्रोन्नत और पदस्थापित किया गया था और उसने दिनांक 16.11.1996 की एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II का उक्त पद ग्रहण किया।

4. एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II के पद पर आगे चयन के लिए याची और किसी विजय कुमार को दिनांक 23.7.1997 के पत्र द्वारा लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया था और ली गयी लिखित परीक्षा में केवल याची ने अर्हित अंक प्राप्त किया और तत्पश्चात दिनांक 10.11.1997 को आयोजित मौखिक परीक्षा में उपस्थित हुआ। याची को पैनलकृत किया गया था और दिनांक 19.12.1997 के कार्यालय आदेश द्वारा 5000-8000/- रुपयों के वेतनमान में एच० एण्ड एम० आई० ग्रेड II के पद पर प्रोन्नत किया गया था और उसने दिनांक 21.12.1997 को उक्त पद ग्रहण किया।

5. डी० बी० घोष को वर्ष 1996 में पैनलकृत किए जाने के कारण दिनांक 15.11.1996 के कार्यालय आदेश द्वारा एच० एन्ड एम० आई० ग्रेड II के पद पर प्रोन्नत और पदस्थापित किया गया था और

उसने दिनांक 16.11.1996 को एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II का पद ग्रहण किया जबकि याची को दिनांक 13.11.1997 के आदेश द्वारा एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के पद के लिए पैनलकृत किया गया था और उसे 19.12.1997 के आदेश द्वारा एच॰ एण्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के तौर पर पदस्थापित तथा प्रोन्नत किया गया था तथा उसने दिनांक 21.12.1997 को उक्त पद ग्रहण किया। डी॰ बी॰ घोष, जिसे याची की तुलना में काफी पहले एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के रूप में पैनलकृत और प्रोन्नत किया गया था, याची का सीनियर हो गया।

6. दिनांक 11.12.1998 और दिनांक 1.10.2001 को प्रकाशित वरीयता सूची के विरुद्ध, जिसमें याची को प्रत्यर्थी सं॰ 7 डी॰ बी॰ घोष का जूनियर दर्शाया गया था, उसने दिनांक 3.10.2001 के पत्र के तहत अपनी आपत्ति दाखिल किया और इसी वरीयता सूची को दिनांक 10.1.2007 को प्रकाशित किया गया था जिसमें प्रत्यर्थी सं॰ 7 को पुनः याची के सीनियर के रूप में दर्शाया गया था। याची ने उक्त वरीयता सूची के विरुद्ध आपत्ति करते हुए दिनांक 7.3.2007 को अभ्यावेदन दिया और इस पर विचार नहीं किया गया था। पूर्वोक्त से व्यथित होकर, याची ने दिनांक 23.8.2007 के पैनल सूची और दिनांक 30.12.2008 की अधिसूचना का अभिखंडन इप्सित करते हुए अधिकरण के समक्ष ओ॰ ए॰ सं॰ 33/2009 दाखिल किया। दिनांक 16.7.2009 के आदेश द्वारा अधिकरण ने वरीयता सूची के विरुद्ध याची के अभ्यावेदन को निपटाने का निर्देश प्रत्यर्थीगण को दिया। याची ने प्रत्यर्थी सं॰ 7 डी॰ बी॰ घोष का सीनियर होने का दावा और प्रोन्नति का दावा करते हुए प्रत्यर्थीगण के समक्ष एक अन्य अभ्यावेदन दाखिल किया। प्रत्यर्थीगण ने याची की वरीयता का दावा अस्वीकार करते हुए इस आधार पर दिनांक 7.10.2009 का आदेश पारित किया कि डी॰ बी॰ घोष को दिनांक 15.11.1996 के आदेश द्वारा प्रोन्नत और पदस्थापित किया गया था जबकि याची को केवल दिनांक 19.12.1997 के आदेश द्वारा पैनलकृत किया गया था और उसने दिनांक 21.12.1997 को उक्त पद ग्रहण किया और इसलिए, याची डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है।

7. दिनांक 7.10.2009 को उक्त संसूचना और दिनांक 18.12.2009 के आदेश को भी चुनौती देते हुए याची ने अधिकरण के समक्ष ओ॰ ए॰ सं॰ 24/2010 दाखिल किया। अधिकरण ने यह अभिनिर्धारित करते हुए उक्त ओ॰ ए॰ खारिज कर दिया कि डी॰ बी॰ घोष को दिनांक 15.11.1996 के आदेश द्वारा एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के पद पर प्रोन्नत और पदस्थापित किया गया था जबकि याची केवल दिनांक 19.12.1997 को अगली चयन परीक्षा में उपस्थित हुआ और उसने दिनांक 21.12.1997 को पद ग्रहण किया और इसलिए, याची डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है।

8. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री एम॰ ए॰ खान ने प्रतिवाद किया कि याची की स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में आरंभिक नियुक्ति की तिथि दिनांक 29.11.1984 थी जबकि डी॰ बी॰ घोष की नियुक्ति की तिथि दिनांक 26.1.1991 थी और ऐसा होने पर प्रत्यर्थीगण ने जानबूझकर याची को अनुपयुक्त घोषित किया और याची के जूनियर डी॰ बी॰ घोष को उपयुक्त घोषित किया गया था। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि याची को डी॰ बी॰ घोष की प्रोन्नति की तिथि से प्रोन्नति दी जानी चाहिए और दिनांक 7.10.2009 का आक्षेपित आदेश और दिनांक 18.12.2009 का आदेश संपोषणीय नहीं है। विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि याची की ओर से किए गए अनेक निवेदनों को अधिकरण द्वारा समुचित रूप से अधिमूल्यन नहीं किया गया था और उन्होंने रिट याचिका अनुज्ञात करने के लिए प्रार्थना किया।

9. प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता श्री जलिसुर रहमान ने निवेदन किया कि डी॰ बी॰ घोष को उपयुक्त पाया गया था और पैनलकृत किया गया था और एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के पद पर प्रोन्नत किया गया था जिसे उसने दिनांक 16.11.1996 को ग्रहण किया जबकि याची ने केवल दिनांक 21.12.1997 को उक्त पद ग्रहण किया। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि डी॰ बी॰ घोष याची के पहले एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II पद पर चयनित एवं प्रोन्नत किए जाने के कारण याची का सीनियर बन गया और याची डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है।

10. हमने निवेदनों, परस्पर विरोधी प्रतिवादों पर विचार किया है और अभिलेख का परिशीलन किया है।

11. जैसा पहले वर्णित किया गया है, याची और डी॰ बी॰ घोष दोनों दिनांक 21.8.1996 को लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए और उन दोनों ने लिखित परीक्षा में अर्हित अंक प्राप्त किया और उन्हें दिनांक 8.11.1996 की पूरक तिथि के साथ दिनांक 29.10.1996 को मौखिक परीक्षा के लिए बुलाया गया था। मौखिक परीक्षा में डी॰ बी॰ घोष को उपयुक्त पाया गया था और पैनलकृत किया गया था और दिनांक 15.11.1996 के आदेश द्वारा प्रोन्नत और पदस्थापित किया गया था और उसने दिनांक 16.11.1996 को एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II पद ग्रहण किया। याची, जिसने उक्त लिखित परीक्षा में और मौखिक परीक्षा में भी भाग लिया और असफल रहा, यदि वस्तुत: डी॰ बी॰ घोष के चयन से व्यथित था, उसे प्रासंगिक समय पर उक्त चयन को चुनौती देना चाहिए था किंतु उसने ऐसा नहीं किया। किंतु याची ने इसके लिए कोई आपत्ति किए बिना आगे चयन में भाग लिया जिसके लिए दिनांक 23.7.1997 को लिखित परीक्षा ली गयी थी और उसका चयन किया गया था और उसने दिनांक 10.11.1997 को किए गए साक्षात्कार में भी भाग लिया और उसे दिनांक 19.12.1997 के आदेश द्वारा पैनलकृत और प्रोन्नत किया गया था। याची वर्ष 1996 में किए गए चयन से उपमत हुआ था जिसमें डी॰ बी॰ घोष को पैनलकृत और प्रोन्नत किया गया था और याची को वर्ष 1997 में पैनलकृत और नियुक्त किया गया था। याची ने वर्ष 1996 में किए गए चयन के संबंध में तब आपत्ति नहीं करने के कारण याची को पीछे पलटने और डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा करने अथवा उस तिथि जिस पर डी॰ बी॰ घोष ने एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के रूप में पद ग्रहण किया था से प्रोन्नति का दावा करने की छूट नहीं है। मात्र इसलिए कि याची को वर्ष 1984 में स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और उक्त डी॰ बी॰ घोष को वर्ष 1991 में नियुक्त किया गया था, याची पद ग्रहण करने की तिथि के मूल वरीयता के आधार पर डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है। एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II पद चयन पद होने के कारण याची स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में अपने पद ग्रहण की अपनी मूल तिथि के आधार पर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है। इस प्रकार, अधिकरण ने सही प्रकार से अभिनिर्धारित किया है कि डी॰ बी॰ घोष याची की तुलना में पहले एच॰ एन्ड एम॰ आई॰ ग्रेड II के रूप में चयनित एवं प्रोन्नत किए जाने के कारण याची का सीनियर बन गया था और याची डी॰ बी॰ घोष के उपर वरीयता का दावा नहीं कर सकता है। इस प्रकार, हम अधिकरण के आक्षेपित आदेश में हस्तक्षेप करने का कारण नहीं पाते हैं। गुणागुण रहित होने के कारण रिट याचिका खारिज की जाती है।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vferkHk dekj xlrk] U;k;efr

उनके कर्मकार, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन

cuke

मेसर्स भारत कोकिंग कोल लि॰ एवं अन्य

L.P.A. No. 84 of 2013. Decided on 4th December, 2013.

श्रम एवं औद्योगिक विधि–पिछली मजदूरी–जब यूनियन के सदस्य पिछली मजदूरी के विरुद्ध एकमुश्त राशि स्वीकार करने के लिए सहमत हुए, संपूर्ण पिछली मजदूरी की मांग करने की छूट अपीलार्थी को नहीं है–जब अपीलार्थी समझौते के निबंधनों का पालन करने के लिए सहमत हुआ, अपीलार्थी अधिनिर्णय का क्रियान्वयन इप्सित नहीं कर सकता है–एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कारण नहीं है–एल॰ पी॰ ए॰ खारिज। (पैराएँ 9 एवं 10)

अधिवक्तागण.–Mr. S.K. Laik, For the Appellants; M/s Ananda Sen & Nagmani Tiwari, For the Respondents.

आदेश

यह एल॰ पी॰ ए॰ निर्देश केस सं॰ 156 वर्ष 1994 और 72 वर्ष 1995 में केंद्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण सं॰ 1, धनबाद द्वारा पारित दिनांक 18.8.1997 के अधिनिर्णय को क्रियान्वित करने के लिए प्रत्यर्थी–प्रबंधन को निर्देश जारी करने से इनकार करने वाले डब्ल्यू॰ पी॰ (एल॰) सं॰ 6884 वर्ष 2012 में विद्वान एकल न्यायाधीश के आदेश के विरुद्ध दाखिल किया गया है।

2. आक्षेपित निर्णय के पैराग्राफ 3 में मामले के संक्षिप्त तथ्यों का उल्लेख किया गया है जिनका पठन निम्नलिखित है:–

> *"ekey dk yck bfrgkl gA iokDr fun'k ds le fnukd 18.8.1997 dk ikfjr ç'uxr vfèkfu.k; çcèku }kjk iVuk mPp U;k;ky; ds le{k pukrh dk fo"k; oLrq Fkk ftls vrr% lh0 MCY;0 t0 lh0 l0 7/98 (R) esa ikfjr vkns'k ds rgr o"k 1999 esa [kkfjt dj fn;k x;k FkkA ;kph ds vulkj blds fo#) çcèku }kjk nkf[ky yVl iVUV vihy dk Hkh fnukd 12.7.1999 ds vkns'k }kjk [kkfjt dj fn;k x;k FkkA çcèku }kjk nkf[ky fo'k"k vuefr ;kfpdk ,l0 ,y0 ih0 (flfoy) l0 15253/99 Hkh fnukd 17.4.2000 ds fu.k; ,o vkns'k (ifjf'k"V&4) ds rgr [kkfjt dj nh x;h FkhA mDr vkns'k ds fo#) iufoykdu] ifjf'k"V&5, Hkh fnukd 8.8.2000 dk [kkfjt dj fn;k x;k FkkA rRi'pkr çcèku }kjk nkf[ky fjV ;kfpdk MCY;0 ih0 (,y0) l0 4189 o"k 2002 esa bl U;k;ky; us vfèkfu.k;] ifjf'k"V&6, fØ;kfUor djus dk fun'k çcèku dks fn;kA ekuuh; lokPp U;k;ky; ds le{k okn ds nlj pØ flfoy vihy l0 6651/2003 esa ekuuh; lokPp U;k;ky; us dedkjk dk viuh igpku ds lR;kiu ds fy, mPp U;k;ky; ds le{k 'kiFk i=k dk nkf[ky djus dk fun'k fn;k vkj rRi'pkr mPp U;k;ky; dk iucgkyh] ifjf'k"V&7, ds lcèk esa lefpr fun'k ikfjr djus dk fun'k fn;k x;k FkkA rRi'pkr] mPp U;k;ky; ds fun'k ij dedkjk }kjk nLrkostk dk nkf[ky fd;k x;k Fkk vkj vk|kfxd vfèkdj.k us dedkjk dk fu;fer djus dk fun'k çcèku dks nrs g, fnukd 9.12.2010 dk vkns'k] ifjf'k"V&9, ikfjr fd;k D;kfd mudh igpku çfØ;k ijh dj yh x;h gA fQj Hkh vfèkfu.k; fØ;kfUor ugh fd;k x;k Fkk vkj ;kph rFkk çcèku us fnukd 21.2.2011 dk ifjf'k"V 10 ds rgr le>krk fd;kA ;kph ds vulkj] ;|fi dedkjk ftudh l[;k 112 g] dk le>krk gku ds dN nj ckn fu;fer fd;k x;k gA ;kph dk çfrokn g fd vc dedkjk dk lrg ij dke tlk o"k 1997 esa ey vfèkfu.k; ds le; ij ijk fd;k tk jgk Fkk] ds fo#) Hkfexr [kkuk esa dke djus ds fy, dgk tk jgk gA vr%] ;kph bl U;k;ky; ds ikl vk;k g D;kfd vfèkfu.k; ds fØ;kUo;u ds fy, dedkjk ds vH;konuk dk Lohdkj ugh fd;k tk jgk gA**

3. अपीलार्थी की शिकायत यह है कि यद्यपि कर्मकारों, जिनकी संख्या 112 है, को तत्पश्चात नियमित किया गया है किंतु समझौता होने के कुछ देर बाद, कर्मकारों को सतह के काम के विरुद्ध भूमिगत खानों में काम करने के लिए कहा जा रहा है जो वर्ष 1997 में पारित मूल अधिनिर्णय के निबंधनों के विरुद्ध है। याची–अपीलार्थी की आगे शिकायत यह है कि अधिनिर्णय के मुताबिक कर्मकारों को पूर्ण पिछली मजदूरी का भुगतान किया जाना है किंतु कर्मकारों को केवल 1,45,000/- रुपयों का भुगतान किया गया है। उन शिकायतों पर, अपीलार्थी ने दिनांक 18.8.1997 के अधिनिर्णय को पूरी तरह से क्रियान्वित करने के लिए प्रत्यर्थी प्रबंधन को निर्देश जारी करने के लिए रिट याचिका डब्ल्यू॰ पी॰ (एल॰) सं॰ 6884 वर्ष 2012 दाखिल किया है।

4. पक्षों को सुनने के बाद विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह संप्रेक्षित करते हुए रिट याचिका खारिज कर दिया कि अधिनिर्णय पारित किए जाने के बाद पक्षगण ने दिनांक 21.2.2011 को समझौता किया है और समझौता अनुबंधित करता है कि अधिनिर्णय के क्रियान्वयन के संबंध में अधिनिर्णय पाने वालों द्वारा अथवा प्रायोजक यूनियन द्वारा किसी विधिक फोरम के समक्ष विवाद नहीं किया जाएगा। विद्वान एकल न्यायाधीश ने संप्रेक्षित और अभिनिर्धारित किया कि चूँकि समझौता संपूर्ण रूप से अधिनिर्णय के क्रियान्वयन के लिए समस्त विवाद्यकों का समाधान करता है रिट याची किसी अनुतोष का हकदार नहीं है और विद्वान एकल न्यायाधीश ने रिट याचिका खारिज कर दिया।

5. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि अधिनिर्णय के निबंधनों के मुताबिक कर्मकारों को नियमित किया जाना चाहिए था और सतह का काम दिया जाना चाहिए था और अधिनिर्णय के निबंधनों के विपरीत नियमित किए गए कर्मकारों को अब भूमिगत खान में काम करने के लिए कहा जा रहा है। आगे शिकायत यह है कि यद्यपि अधिनिर्णय अनुबंधित करता है कि समस्त नियमित कर्मकार पिछली मजदूरी के हकदार होंगे किंतु कर्मकारों को केवल एकमुश्त मुआवजा का भुगतान किया गया है।

6. हमने प्रत्यर्थी प्रबंधन के विद्वान अधिवक्ता श्री आनन्द सेन को सुना है जिन्होंने हमारा ध्यान करार के निबंधनों की ओर खींचा है और निवेदन किया है कि यूनियन ने समझौता किया था और समझौते के निबंधनों से सहमत होने पर अब अधिनिर्णय को क्रियान्वित करने के लिए नहीं कह सकता है और कर्मकारों को ऐसा करने से रोका गया है।

7. मामले का लंबा इतिहास है। इस न्यायालय द्वारा और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी अनेक निर्देशों को जारी किया गया है। पक्षों ने दिनांक 21.2.2011 को समझौता किया है। समझौते में यह स्पष्टत: अनुबंधित किया गया है कि पिछली मजदूरी के भुगतान के विरुद्ध यूनियन के सदस्य एकमुश्त भुगतान के रूप में 1,45,000/- रुपया स्वीकार करने के लिए सहमत हुए।

8. दिनांक 21.2.2011 के समझौते के खंड (2) का पठन निम्नलिखित है:–

*"(2) fun'k d l l0 156/94 e fnukd 1.7.1994 d çHkko l fu;fefrdj.k dh frfFk rd vkj fun'k d l l0 72/95 e fnukd 1.6.95 l fu;fefrdj.k dh frfFk rd dnh; ljdkj vk|kfxd vfèkdj.k l0 1, èkuckn }kjk ikfjr vfèkfu.k; d ,okfM;k dk fiNyh etnjh d Hkxrku d lcèk e ;fu;u fiNyh etnjh d fo#) ,de'r Hkxrku d :i e 1,45,000/- #i;k Lohdkj dju d fy, lger gvkA***

9. जब यूनियन के सदस्य पिछली मजदूरी के विरुद्ध एकमुश्त भुगतान स्वीकार करने के लिए सहमत हुए, अपीलार्थी को संपूर्ण पिछली मजदूरी की मांग करने की छूट नहीं है। जहाँ तक नियमित किए गए कर्मकारों को भूमिगत काम देने के संबंध में प्रतिवाद का संबंध है। समझौते के निबंधनों के पैराग्राफ 6 में यह स्पष्टत: कथन किया गया है कि ''इस अधिनिर्णय के क्रियान्वयन के संबंध में एवार्डियों द्वारा अथवा प्रायोजक यूनियन द्वारा किसी विधिक फोरम के समक्ष कोई विवाद नहीं किया जाएगा।'' जब अपीलार्थी समझौते के निबंधनों का पालन करने के लिए सहमत हुए और इस पर भी सहमत हुए कि कोई विवाद नहीं किया जाएगा अपीलार्थी अधिनिर्णय का क्रियान्वयन इप्सित नहीं कर सकते हैं। समझौते के निबंधनों को निर्दिष्ट करते हुए विद्वान एकल न्यायाधीश ने सही प्रकार से रिट याचिका खारिज किया।

10. हम विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं पाते हैं। अत: एल० पी० ए० खारिज किया जाता है।

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

बीरू मांझी

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

Cr.M.P. No. 540 of 2009. Decided on 8th January, 2014.

भारतीय दंड संहिता, 1860—धाराएँ 147, 148, 149, 432, 436, 452, 307 एवं 506—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 482—हत्या का प्रयास और दोषपूर्ण अवरोध–संज्ञान–याची के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया है–इसके बावजूद कोई कारण दिए बिना कि वह किस आधार पर इस निष्कर्ष पर आए हैं कि याची के विरूद्ध प्रथम दृष्टया सामग्री है, न्यायालय ने याची के विरुद्ध अपराध का संज्ञान लिया–संज्ञान लेने वाला आक्षेपित आदेश अभिखंडित किया गया–नए आदेश के लिए मामला वापस भेजा गया। (पैराएँ 5 एवं 6)

अधिवक्तागण.–Mr. A.K. Sahani, For the Petitioner; A.P.P., For the State; Mr. Kalyan Banerjee, For the Informant.

आदेश

याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और सूचक के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. यह आवेदन चंदनकियारी (बरमसिया) पी॰ एस॰ केस सं॰ 79 वर्ष 2003 (जी॰ आर॰ सं॰ 693 वर्ष 2003) में पारित दिनांक 23.7.2006 के आदेश के अभिखंडन के लिए दाखिल किया गया है जिसके द्वारा और जिसके अधीन अन्वेषण अधिकारी द्वारा दिए गए निष्कर्ष से असहमत होकर अभिलेख पर उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर समस्त अभियुक्तगण के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 147, 148, 149, 432, 436, 452, 307, 506 के अधीन दंडनीय अपराधों का संज्ञान लिया गया है। उस आदेश से व्यथित होकर इस आवेदन को दाखिल किया गया है।

3. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री साहनी निवेदन करते हैं कि स्वीकृत रूप से किसी अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्वेषण अधिकारी द्वारा अपराधिता नहीं पायी गयी थी और तद्द्वारा किसी भी याची को विचारण के लिए नहीं भेजा गया था, फिर भी न्यायालय ने यह कथन करते हुए कोई कारण दिए बिना अपराध का संज्ञान लिया कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है और तद्द्वारा न्यायालय ने **नुपूर तलवार बनाम केंद्रीय जाँच ब्यूरो, (2012)2 SCC 188**, और **मेसर्स जी॰ एच॰ ई॰ एल॰ कर्मचारी स्टॉक आप्शन ट्रस्ट बनाम मेसर्स इंडिया इंफोलाइन लिमिटेड, (2013)2 East Crl. Cases 326 (SC)** में दिए गए निर्णय की दृष्टि में, जिसके द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने संप्रेक्षित किया कि ऐसी स्थिति में न्यायालय को कारण देकर आदेश पारित करने की आवश्यकता है, न्यायालय ने अवैधता किया था और चूँकि यह अभिनिर्धारित करने के लिए कि प्रथम दृष्टया सामग्री मौजूद है, कोई कारण नहीं दिया गया है, आक्षेपित आदेश अपास्त किए जाने योग्य है।

4. इसके विरुद्ध सूचक के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि न्यायालय ने याची के विरुद्ध प्रथम दृष्टया मामला पाने पर अपराध का संज्ञान लिया है और तद्द्वारा संज्ञान लेने वाले आदेश को दोषपूर्ण कभी नहीं कहा जा सकता है।

5. स्वीकृत रूप से, याची के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया है, उसके बावजूद न्यायालय ने कोई कारण दिए बिना कि किस आधार पर यह इस निष्कर्ष पर आया है कि याची के विरुद्ध प्रथम दृष्टया सामग्री है, याची के विरुद्ध अपराध का संज्ञान लिया।

6. वैसी स्थिति में, याची के विरुद्ध संज्ञान लेने वाला दिनांक 23.7.2006 का आक्षेपित आदेश एतद् द्वारा अपास्त किया जाता है और विधि के अनुरुप नया आदेश पारित करने के लिए मामला संबंधित न्यायालय के पास वापस भेजा जाता है।

7. परिणामस्वरुप, यह आवेदन निपटाया जाता है।

---

ekuuh; Mhñ ,uñ mikè;k;] U;k;efr

सरदूल सिंह

cuke

जमशेदपुर प्रिंटिंग वर्क्स लिमिटेड

C.R. No. 131 of 2004. Decided on 8th January, 2014.

अभिधृति–बेदखली–बेदखली का एकपक्षीय आदेश–नोटिस के वैध तामीला के बाद भी याची वाद का प्रतिवाद करने उपस्थित नहीं हुआ था–याची मामले का प्रतिवाद करने में चौकस नहीं था और अनेक अवसरों पर विलंब के बाद अपने-अपने फोरम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया–चूँकि वाद परिसर अस्तित्व में नहीं है, कोई अनुतोष, जैसा इप्सित किया गया है, याची को नहीं दिया जा सकता है–पुनरीक्षण आवेदन खारिज किया गया। (पैराएँ 6 एवं 7)

अधिवक्तागण.–Mr. Ananda Sen, For the Petitioner; Mr. S.L. Agarwal, For the Opp. Party.

आदेश

यह पुनरीक्षण विविध अपील सं॰ 26 वर्ष 1994 के संबंध में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा पारित दिनांक 2.8.2004 के आदेश के विरुद्ध दाखिल किया गया है।

2. पुनरीक्षण के पीछे संक्षिप्त तथ्य ये हैं कि याची विरोधी पक्षकार के अधीन किराएदार था और वह भूखंड सं॰ 16, साकची मिल्स एवं गोदाम क्षेत्र पर अवस्थित भवन के भूतल पर दुकान के अधिभोग में था। यह स्पष्ट किया गया है कि उक्त भवन के भूतल पर दुकान सं॰ 8 को याची द्वारा उपभोग अनुसार विद्युत प्रभारों के अतिरिक्त 470/- रुपया मासिक किराया पर लिया गया था।

3. विरोधी पक्षकार के अनुसार, किराएदारी ग्यारह माह के नियत अवधि के लिए थी और, तत्पश्चात, इसे नवीकृत नहीं किया गया था। विरोधी पक्षकार ने वर्तमान याची के विरुद्ध बेदखली वाद सं॰ 171/1989 के तहत बेदखली वाद दाखिल किया। नोटिस का तामील किया गया था किंतु नोटिस के वैध तामीले के बाद भी याची उपस्थित नहीं हुआ था जिसके परिणामस्वरुप, एकपक्षीय आदेश पारित किया गया था और याची को भूखंड सं॰ 16, साकची मिल्स एवं गोदाम क्षेत्र, शहर जमशेदपुर पर खड़ी वाद संपत्ति से बेदखल करने का निर्देश दिया गया था। उक्त एकपक्षीय आदेश के विरुद्ध याची ने एकपक्षीय आदेश को अपास्त करने के लिए आदेश 9 नियम 13 के अधीन याचिका दाखिल किया जिसके लिए विविध केस सं॰ 2 वर्ष 1992 दर्ज किया गया था और विद्वान मुंसिफ, जमशेदपुर ने पक्षों को सुनने के बाद दिनांक 24.8.1994 को आक्षेपित एकपक्षीय आदेश अपास्त करने से इनकार कर दिया और विविध केस सं॰ 2/1992 खारिज कर दिया। तब याची ने विद्वान जिला न्यायाधीश के समक्ष विविध अपील सं॰

26/1994 दाखिल किया, जिसे प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, जमशेदपुर के न्यायालय को अंतरित किया गया था जिन्होंने इसे दिनांक 24.8.1994 को निपटाया और यह भी खारिज किया गया था और बेदखली वाद सं॰ 171/1989 के संबंध में विद्वान मुंसिफ द्वारा पारित दिनांक 12.8.1991 का आदेश अस्तित्व में बना रहा।

4. विरोधी पक्षकार ने दिनांक 27.11.2003 को उसमें यह प्रकट करते हुए पूरक शपथ पत्र दाखिल किया कि भूखंड सं॰ 16, साकची मिल्स एवं गोदाम क्षेत्र पर खड़े संपूर्ण भवन को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र कमिटी की प्रेरणा पर भंजित कर दिया गया है और, इसलिए, उक्त दुकान का अस्तित्व अब नहीं है और इसलिए इस पुनरीक्षण में आदेश पारित करना निरर्थक होगा।

5. याची के लिए उपस्थित अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि उनको कोई अनुदेश नहीं है कि भवन विद्यमान है अथवा भंजित कर दिया गया है।

6. चूँकि वाद परिसर अस्तित्व में नहीं है, याची को कोई अनुतोष, जैसा इप्सित किया गया है, नहीं दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दो न्यायालयों अर्थात् मुंसिफ एवं अपर जिला के न्यायालयों का समवर्ती निष्कर्ष यही है कि नोटिस के वैध तामीले के बिना याची वाद का प्रतिवाद करने के लिए उपस्थित नहीं हुआ। यह भी प्रकट है कि याची मामले का प्रतिवाद करने में अधिक चौकस नहीं था और विभिन्न अवसरों पर विलंब के बाद अपने-अपने फोरम के समक्ष आवेदन दिया है।

7. इन समस्त पहलूओं पर विचार करते हुए और इसे भी विचार में लेते हुए कि वाद परिसर वर्तमान में विद्यमान नहीं है, यह पुनरीक्षण आवेदन निष्फल बन गया प्रतीत होता है और खारिज किया जाता है।

---

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

बालेश्वर रविदास

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

Cr.M.P.No. 1349 of 2011. Decided on 8th January, 2014.

भारतीय दंड संहिता, 1860—धारा 302—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 482—हत्या–संज्ञान–जब याची के विरुद्ध फाइनल फॉर्म दाखिल किया गया था, इसे स्वीकार किया गया था–पुनरीक्षण न्यायालय ने याची को सुनवाई का अवसर दिए बिना आदेश अपास्त कर दिया जिसके द्वारा फाइनल फॉर्म स्वीकार किया गया था–याची को वैध अधिकार प्रोद्‌भूत हुआ था जब न्यायालय ने फाइनल फॉर्म स्वीकार किया था और तद्द्वारा पुनरीक्षण न्यायालय ने याची को सुनवाई का अवसर दिए बिना आदेश पारित करने में अवैधता किया–आक्षेपित आदेश अपास्त किया गया और नए सिरे से विचार के लिए मामला वापस भेजा गया।

(पैराएँ 6 एवं 7)

निर्णयज विधि.–(2004) 13 SCC 472; (2013)7 SCC 789—Relied.

अधिवक्तागण.–Mr. Jitendra S. Singh, For the Petitioner; A.P.P., For the State.

आदेश

याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और सूचक के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अधीन अपराध की कारिता के लिए याची सहित दो व्यक्तियों के विरुद्ध सूचक द्वारा मामला दर्ज किया गया था। मामले का अन्वेषण किया गया था। अन्वेषण के दौरान पुलिस ने अभियुक्तगण में से किसी के विरुद्ध अपराधिता नहीं पाया था और इसलिए, फाइनल फॉर्म दाखिल किया गया था जिसे दिनांक 25.4.2008 के आदेश के तहत न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया था।

3. उस आदेश से व्यथित होकर, सूचक ने सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जिसे प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, गोड्डा द्वारा सुना गया था। पुनरीक्षण न्यायालय ने फाइनल फॉर्म स्वीकार करने वाले आदेश को अपास्त करके आगे जाँच के लिए मामला वापस भेज दिया। उस पर दंडाधिकारी ने टी॰ आर॰ सं॰ 347 वर्ष 2011/ पी॰ सी॰ आर॰ केस सं॰ 482 वर्ष 2008 में पारित दिनांक 21.7.2011 के आदेश के तहत याची के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अधीन दंडनीय अपराध का संज्ञान लिया।

4. दंडाधिकारी एवं पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा पारित आदेश चुनौती के अधीन हैं।

5. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री जितेन्द्र एस॰ सिंह निवेदन करते हैं कि पुनरीक्षण न्यायालय ने याची को सुने बिना आदेश पारित किया है और तद्द्वारा पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा पारित आदेश और दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गोड्डा द्वारा पारित पारिणामिक आदेश **पी॰ सुन्दर राजन एवं अन्य बनाम आर॰ विद्या सेकर, (2004)13 SCC 472,** और **मोहित उर्फ सोनू एवं एक अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं एक अन्य, (2013)7 SCC 789,** में दिए गए निर्णय की दृष्टि में अवैधता से पीड़ित है।

6. स्वीकृत रूप से, जब याची के विरुद्ध फाइनल फॉर्म दाखिल किया गया था, इसे स्वीकार किया गया था। सूचक उस आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण न्यायालय के पास गया और पुनरीक्षण न्यायालय ने याची को मामले में सुने जाने का कोई अवसर दिए बिना आदेश जिसके द्वारा फाइनल फॉर्म स्वीकार किया गया था अपास्त कर दिया क्योंकि याची को वैध अधिकार प्रोद्भूत हुआ था जब न्यायालय ने फाइनल फॉर्म स्वीकार किया था और तद्द्वारा पुनरीक्षण न्यायालय ने याची को मामले में सुने जाने का कोई अवसर दिए बिना आदेश पारित करने में अवैधता किया।

7. तद्नुसार, दांडिक पुनरीक्षण सं॰ 39 वर्ष 2008/19 वर्ष 2008 में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, गोड्डा द्वारा पारित दिनांक 4.7.2008 का आदेश और दिनांक 21.7.2011 को दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गोड्डा द्वारा पारित पारिणामिक आदेश भी एतद्द्वारा अपास्त किया जाता है। पक्षों को सुनने के बाद मामले को नए सिरे से विनिश्चित करने के लिए मामला संबंधित न्यायालय को वापस भेजा जाता है।

---

ekuuh; ihñ ihñ HkVV] U;k;efr

गणेश तिवारी

cuke

रमाकांत तिवारी एवं अन्य

W.P. (C) No. 2622 of 2013. Decided on 30th July, 2013.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908—आदेश 26 नियम 9—प्लीडर कमिश्नर की नियुक्ति के लिए आवेदन का अस्वीकरण–अवर न्यायालय ने संप्रेक्षित किया कि उसकी वृद्धावस्था पर

विचार करते हुए प्रतिपरीक्षण दर्ज किए जाने के समय पर ब॰ सा॰ को आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएगी–प्रत्यर्थीगण ब॰ सा॰ को न्यायालय परिसर तक लाने का व्यय वहन करने के लिए तैयार हैं–अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है–प्रतिवादी के साक्ष्य को बंद करने वाला आदेश अभिखंडित किया गया। (पैराएँ 2 से 5)

अधिवक्तागण.–Mr. Sanjay Kumar Tiwari, For the Petitioner; None, For the Respondent.

आदेश

याची के विद्वान अधिवक्ता और प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता सुने गए और आक्षेपित आदेश तथा अभिलेख पर उपलब्ध अन्य सामग्रियों का परिशीलन किया गया। यह प्रतीत होता है कि अवर न्यायालय ने ब॰ सा॰ 1 जो एक 85-90 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति है के प्रति परीक्षण के लिए प्लीडर कमिश्नर की नियुक्ति का याची का आवेदन अस्वीकार कर दिया है। आगे यह प्रतीत होता है कि इसे मुख्यत: इस आधार पर अस्वीकार किया गया था कि ब॰ सा॰ 1 हाल ही में शपथ पत्र पर मुख्य परीक्षण दाखिल करने के लिए न्यायालय आया था और, इसलिए, उसके स्वास्थ्य को देखते हुए वह प्रति परीक्षण के प्रयोजन से न्यायालय आ सकता है। अवर न्यायालय ने आगे संप्रेक्षित किया कि उसकी वृद्धावस्था पर विचार करते हुए प्रति परीक्षण दर्ज करने के समय पर उसको आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

2. प्रत्यर्थीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने भी निष्पक्षत: निवेदन किया कि वे उस तिथि पर कोई स्थगन के लिए नहीं कहेंगे जिस तिथि पर विद्वान अवर न्यायालय द्वारा प्रतिपरीक्षण नियत किया जाएगा और वे किसी स्थगन के लिए कहे बिना व्यक्ति को परेशानी पहुँचाए बिना प्रति परीक्षण करेंगे। प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा आगे यह कथन किया गया है कि ब॰ सा॰ 1 को गाँव से न्यायालय परिसर में लाने के लिए प्रत्यर्थीगण द्वारा परिवहन का व्यय वहन किया जाएगा।

3. उक्त अवस्था की दृष्टि में, विद्वान अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

4. प्रत्यर्थीगण द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र से आगे यह प्रतीत होता है कि दिनांक 20 जुलाई, 2013 तक प्रतिवादी का साक्ष्य बंद करने का आदेश दिया गया है किंतु याची द्वारा पूरक शपथ पत्र दाखिल करके उक्त आदेश को चुनौती नहीं दी गयी है। किंतु, प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने अत्यन्त निष्पक्षत: निवेदन किया है कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है यदि प्रतिवादी के साक्ष्य को बंद करने के संबंध में आदेश अभिखंडित और अपास्त किया जाता है और याची प्रतिवादी को साक्ष्य देने का अवसर दिया जाए।

5. तद्नुसार, दिनांक 20.7.2013 का आदेश अपास्त किया जाता है और प्रतिवादी को साक्ष्य देने की अनुमति दी जाती है।

6. आगे यह प्रतीत होता है कि सिविल वाद वर्ष 2003 का है और, इसलिए, इसके पुराना लंबित वाद होने के नाते अवर न्यायालय शीघ्रातिशीघ्र इसका निपटान करने का प्रयास भी करेगा। पक्षगण वाद की शीघ्र सुनवाई के लिए न्यायालय के साथ सहयोग करेंगे और विचारण न्यायालय इस आदेश की प्राप्ति की तिथि से एक वर्ष के भीतर बँटवारा वाद सं॰ 22 वर्ष 2003 को निपटाने का प्रयास करेगा।

7. तद्नुसार, यह रिट याचिका निपटायी जाती है।

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

बिजेन्द्र यादव उर्फ बिजेन्द्र कुमार यादव एवं अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

Cr. M.P. No. 451 of 2012. Decided on 8th January, 2014.

भारतीय दंड संहिता, 1860—धाराएँ 302/34—आयुध अधिनियम, 1959—धारा 27—विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908—धाराएँ 3/4—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 482—हत्या–समन–पुलिस द्वारा फाइनल फॉर्म दाखिल करने के बाद अभ्यापत्ति याचिका पर अपराध का संज्ञान लिया गया–जाँच के दौरान याचीगण के विरुद्ध पर्याप्त सामग्री पाने के बाद न्यायालय ने अपराध का संज्ञान लिया–संज्ञान लेने वाला आदेश किसी अवैधता से पीड़ित नहीं है और इसे अभिखंडित करने की आवश्यकता नहीं है–आवेदन खारिज किया गया। (पैराएँ 3 एवं 4)

अधिवक्तागण.–Mr. Rajesh Kumar, For the Petitioners; A.P.P., For the State; Mr. M. K. Dey, For the O.P. No.2.

आदेश

याचीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और विरोधी पक्षकार सं॰ 2 के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. यह आवेदन सी॰ पी॰ केस सं॰ 1304 वर्ष 2009 में न्यायिक दंडाधिकारी, धनबाद द्वारा पारित दिनांक 28.4.2010 के आदेश के विरुद्ध निर्देशित है जिसके द्वारा और जिसके अधीन न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302/34 के अधीन और आयुध अधिनियम की धारा 27 के अधीन और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 3/4 के अधीन याचीगण को विचारण का सामना करने के लिए समन किया है।

3. यह प्रतीत होता है कि सूचक के मामा की हत्या की कारिता के लिए 12 नामित व्यक्तियों और 8-10 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले का अन्वेषण किया गया था। अन्वेषण के दौरान, जब तीन अभियुक्तगण के विरुद्ध अपराधिता पायी गयी थी, आरोप-पत्र दाखिल किया गया था और शेष के विरुद्ध अन्वेषण जारी रखा गया था। आगे अन्वेषण के बाद जब पुलिस ने अन्य अभियुक्तगण की ओर से अपराधिता नहीं पाया था, तीन याचीगण सहित उनके विरुद्ध फाइनल फॉर्म दाखिल किया गया था, जिन्हें विचारण के लिए नहीं भेजा गया था। फाइनल फॉर्म दाखिल करने पर अभ्यापत्ति याचिका दाखिल की गयी थी जिसे परिवाद के रूप में माना गया था। वह अभ्यापत्ति याचिका समस्त 12 नामित अभियुक्तगण के विरुद्ध दाखिल की गयी थी किंतु यह प्रतीत होता है कि यह केवल इन याचीगण तक सीमित है। मामले की जाँच की गयी थी। जाँच के दौरान न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302/34 के अधीन और आयुध अधिनियम की धारा 27 के अधीन और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 3/4 के अधीन इन याचीगण के विरुद्ध पर्याप्त सामग्री पाने के बाद दंडनीय अपराध का संज्ञान लिया और तद्द्वारा संज्ञान लेने वाला आदेश किसी अवैधता से पीड़ित नहीं है और इसलिए इसे अभिखंडित करने की आवश्यकता नहीं है।

4. तद्नुसार, यह आवेदन खारिज किया जाता है।

ekuuh; ihñ ihñ HkVV] U;k;efr

रामेश्वर साव एवं अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

W.P. (Cr.) No. 232 of 2013. Decided on 29th November, 2013.

दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 313—अभियुक्त का परीक्षण–विचारण न्यायालय अभियुक्त का दूसरी बार अथवा विचारण के किसी चरण पर परीक्षण कर सकता है यदि विचारण न्यायालय सोचता है कि मामले के निपटान के लिए यह आवश्यक है–जब दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 में अंतर्विष्ट प्रावधान के गैर-अनुपालन पर अभियुक्त पर प्रतिकूलता कारित नहीं होती है, तब इसे चुनौती नहीं दिया जा सकता है। (पैरा 9)

निर्णयज विधि.–(1998) 3 SCC 455; AIR 1954 Orissa 65; AIR 1972 SC 2058—Relied.

अधिवक्तागण.–Mr. Mahesh Tewari, For the Petitioners; J.C. to S.C.-III, For the State.

आदेश

याचीगण ने वर्तमान रिट याचिका दाखिल करके विद्वान अपर सत्र न्यायाधीश, एफ॰ टी॰ सी॰, IV, धनबाद द्वारा दिनांक 16.9.2013 को दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन लिए बयान को अभिखंडित/अपास्त करने के लिए इस आधार पर प्रार्थना किया है कि जब दिनांक 8.7.2010 को दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन इन याचीगण का पहले ही परीक्षण कर लिया गया है, दिनांक 16.9.2013 को दूसरी बार दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन अभियुक्त का परीक्षण न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

2. मामले के संक्षिप्त तथ्य ये हैं कि याचीगण को तोपचाँची (हरिहरपुर) पी॰ एस॰ केस सं॰ 102 वर्ष 2000 में भा॰ दं॰ सं॰ की धाराओं 302/201 और 34 के अधीन अभियुक्त बनाया गया था। मामले की सुपुर्दगी और अभियोजन गवाहों के परीक्षण के बाद दिनांक 8.7.2010 को दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन याचीगण का परीक्षण किया गया था। साक्ष्य बंद करने और तर्कों के समापन के बाद दिनांक 16.9.2013 को पुनः दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन याचीगण का परीक्षण किया गया था।

3. याचीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि अभियुक्तगण का दूसरी बार परीक्षण किसी वैध कारण के बिना है और केवल अभियोजन गवाहों की कमियों को पूरा करने की दृष्टि से है। उन्होंने आगे निवेदन किया कि दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन अभियुक्तगण का परीक्षण इस तरीके से नहीं किया जा सकता है जिसे अभियुक्तगण का प्रति-परीक्षण कहा जा सके।

याचीगण के विद्वान अधिवक्ता ने अपने निवेदन के समर्थन के लिए **रंजन द्विवेदी एवं एक अन्य बनाम सी॰ बी॰ आई॰, महानिदेशक के माध्यम से, 2008 Cri. LJ 1440,** मामले को निर्दिष्ट किया है और इस पर विश्वास किया है।

4. दूसरी ओर, प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि याचीगण ने इस तथ्य को प्रकट नहीं किया है कि दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 के अधीन दूसरे परीक्षण द्वारा याचीगण पर कौन सी प्रतिकूलता कारित हुई है। उन्होंने आगे निवेदन किया कि अभियुक्तगण के परीक्षण के संबंध में याचीगण की आपत्ति को विद्वान अवर न्यायालय द्वारा तार्किक आदेश द्वारा ठुकरा दिया गया है। प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने **शोभित चमार बनाम बिहार राज्य, (1998)3 Supreme Court Cases 455, रुसी विसवल बनाम नख्यात्रामालिनी देवी एवं अन्य, AIR 1954 Orissa 65; अजित कुमार चौधरी बनाम**

बिहार राज्य, AIR 1972 SC 2058 और **अशरफ अली बनाम असम राज्य** में निर्णयों को निर्दिष्ट किया है और इन पर विश्वास किया है।

5. मामले के गुणागुण पर आने के पहले मैं दं० प्र० सं० की धारा 313 के अधीन प्रावधान को उद्धृत करना चाहूँगा। दं० प्र० सं० की धारा 313 का पठन निम्नलिखित है:–

> **^vfHk;Dr dh ijh{kk dju dh 'kfDr-**&(1) çR;d tkp ;k fopkj.k e] bl ç;ktu l fd vfHk;Dr viu fo#) lk{; e çdV gku okyh fdUgh ifjfLFkfr;k dk Lo; Li"Vhdj.k dj ld] U;k;ky;&
>
> (a) fdlh çØe e] vfHk;Dr dk igy l prkouh fn, fcuk] mll ,l ç'u dj ldrk g tk U;k;ky; vko';d le>]
>
> (b) vfHk;ktu d lkf{k;k dh ijh{kk fd, tku d i'pkr vkj vfHk;Dr l viuh çfrj{kk dju dh vi{kk fd, tku d io ml ekey d ckj e mll lkekkj.kr;k ç'u djxk(**

6. पूर्वोक्त प्रावधान के कोरे परिशीलन से यह प्रतीत होता है कि खंड (1) (b) के अधीन शब्द ''करेगा'' का उपयोग किया गया है और इस प्रकार यह आज्ञापक खंड है कि यह उसके विरुद्ध अपराध में फँसानेवाली समस्त सामग्रियों के संबंध में अभियुक्त से प्रश्न पूछने के लिए न्यायालय का कर्तव्य प्रावधानित करता है और सामग्रियों, जो अपराध में फँसाने वाली हो सकती है, के अस्तित्व के बावजूद न्यायालय द्वारा कोई उल्लंघन, व्यपगमन अथवा लोप अपरिहार्य परिणामों की ओर ले जा सकता है। किंतु खंड (1) (a) के अधीन शब्द ''किसी चरण पर कर सकता है'' आता है और इस प्रकार यह न्यायालय को उसके विरुद्ध साक्ष्य में सामने आने वाली किसी परिस्थिति को स्पष्ट करने के लिए अभियुक्त को व्यक्तिगत रूप से सक्षम बनाने के लिए किसी चरण पर अभियुक्त का परीक्षण करने का विकल्प देता है। अत: विधान मंडल दं० प्र० सं० की धारा 313 के अधीन दूसरी बार अभियुक्त का परीक्षण करने के लिए कोई वर्जना नहीं करता है और खंड (1) (a) के अधीन न्यायालय को ऐसा प्रश्न **जैसा न्यायालय आवश्यक समझता है** पूछने के लिए सशक्त बनाता है।

7. तर्क के समय पर याचीगण के विद्वान अधिवक्ता ने इस न्यायालय द्वारा किए गए प्रश्न पर इंगित किया कि धारा 313 के अधीन अभियुक्त के दूसरी बार परीक्षण का विरोध करते हुए अभियुक्तगण द्वारा आवेदन दाखिल किया गया था और अवर न्यायालय द्वारा उक्त आवेदन अस्वीकार कर दिया गया था। समुचित कार्यवाही दाखिल करके उक्त आदेश को चुनौती कभी नहीं दी गयी थी। मैंने याचीगण द्वारा उद्धृत निर्णयों का भी परिशीलन किया है। उक्त निर्णय में भी, दिल्ली उच्च न्यायालय के विद्वान एकल न्यायाधीश ने अभिनिर्धारित किया कि प्रश्नों का पुन: उत्तर देने के लिए अभियुक्त को बुलाने पर कोई विवक्षित निषेध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया एकमात्र सुझाव यह है कि अभियोजन साक्ष्य के समापन के बाद एक से अधिक बार प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अभियुक्त को बुलाने की शक्ति का उपयोग रुटीन अथवा यंत्रवत तरीके से नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान मामले में विद्वान अवर न्यायालय ने उक्त आवेदन को अस्वीकार करते हुए अभियुक्त के बयान को आगे दर्ज करने के लिए आवश्यक प्रशंसनीय कारण दिया है जो अभियुक्तगण के हित में प्रतीत होता है और इसलिए याचीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उद्धृत निर्णय याचीगण के मामले की मदद नहीं करता है।

8. अब प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उद्धृत अनेक निर्णयों के परिशीलन पर यह प्रतीत होता है कि **शोभित चमार बनाम बिहार राज्य (1998)3 Supreme Court Cases 455,** मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि दं० प्र० सं० की धारा 313 के गैर–अनुपालन पर आधारित दोषसिद्धि को इस अपील में पहली बार ग्रहण नहीं किया जा सकता है जब तक अपीलार्थीगण प्रदर्शित नहीं करते हैं कि उन पर प्रतिकूलता कारित की गयी है। **रूसी बिसवल बनाम नख्यत्रामालिनी देवी एवं अन्य, AIR 1954 Orissa 65,** में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि धारा अपनी भाषा में व्यापक है और किसी

चरण विशेष पर अभियुक्त का परीक्षण करने की न्यायालय की शक्ति को सीमित नहीं करती है। न्यायालय अभियुक्त के साक्ष्य में उसके विरुद्ध आने वाली किसी परिस्थिति को स्पष्ट करने के लिए सक्षम बनाने के लिए उतनी बार उसका परीक्षण कर सकता है जितनी बार यह ऐसा करना आवश्यक समझता है, धारा का उद्देश्य यह देखना है कि क्या अभियुक्त अपने विरुद्ध बताए गए तथ्यों का निर्दोष स्पष्टीकरण दे सकता है। धारा की भाषा में ऐसा कुछ भी नहीं हैं जो बचाव साक्ष्य दर्ज किए जाने के बाद भी अभियुक्त का परीक्षण करने से न्यायालय को रोक सकता है। **अजित कुमार चौधरी बनाम बिहार राज्य, AIR 1972 SC 2058,** में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 342 (संशोधित अधिनियम की धारा 313 के तत्सम) के अनुपालन का लोप आवश्यकत: विचारण को दूषित नहीं करता है। जब तक धारा 342 का अनुपालन करने में अनियमितता से अन्याय परिणत नहीं होता है, इस आधार पर हस्तक्षेप अन्यायोचित नहीं होगा।

9. याचीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उद्धृत निर्णय याचीगण के मामले की मदद नहीं करता है। जैसा पूर्वोक्त समस्त निर्णयों में उपर चर्चा की गयी है, यह अभिनिर्धारित किया गया है कि जब दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 में अंतर्विष्ट प्रावधान के अनुपालन के लिए अभियुक्त पर प्रतिकूलता कारित नहीं होती है, तब इसे चुनौती नहीं दिया जा सकता है। दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 313 (1) (a) में अंतर्विष्ट प्रावधान की दृष्टि में विचारण न्यायालय विचारण के किसी चरण पर अभियुक्त का दूसरी बार परीक्षण कर सकता है यदि विचारण न्यायालय मामले के निपटान के लिए ऐसा आवश्यक समझता है।

10. उक्त अवस्था की दृष्टि में याचीगण को यह दर्शाने की आवश्यकता है कि आगे बयान पुन: दर्ज किए जाने के कारण किस प्रतिकूलता के कारित होने की संभावना है। यह प्रतीत होता है कि वर्तमान मामले में याचीगण यह दर्शाने की अवस्था में नहीं है कि अभियुक्त के बयान को आगे पुन: दर्ज किए जाने के कारण किस प्रतिकूलता के कारित होने की संभावना है। इन परिस्थितियों के अधीन याचीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा किए गए निवेदन को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यह भी प्रतीत होता है कि याचीगण ने अभियुक्त का बयान दर्ज किए जाने का विरोध करते हुए आवेदन दाखिल किए जाने और उस पर न्यायालय द्वारा पारित तार्किक आदेश के संबंध में तथ्यों का कथन नहीं किया है। इस प्रकार, वर्तमान याचिका तात्विक तथ्य को दबाते हुए दाखिल की गयी है और इसलिए इस आधार पर भी यह अस्वीकार किए जाने योग्य है।

11. पूर्वोक्त कारणों से रिट याचिका खारिज की जाती है।

---

ekuuh; ç'kkr dekj] U;k;efr

रमेश कुमार सिंह एवं एक अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

W.P. (Cr.) No. 353 of 2005. Decided on 10th January, 2014.

भारतीय वन अधिनियम, 1927—धारा 33—वन संरक्षण अधिनियम, 1980—धारा 2—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 197—वन अपराध–संज्ञान–याचीगण सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियन्ता और सहायक अभियन्ता हैं और उन्हें राज्यपाल के आदेश द्वारा नियुक्त किया गया है–याचीगण को अभियोजित करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी प्राप्त नहीं की गयी–आक्षेपित आदेश गंभीर अवैधता से पीड़ित है और इसे संपोषित नहीं किया जा सकता है। (पैराएँ 2 से 5)

अधिवक्तागण.—Mr. Atanu Banerjee, For the Petitioners; M/s R.S. Mazumdar, R.R. Mishra, For the State.

आदेश

यह आवेदन टी॰ आर॰ सं॰ 741 वर्ष 2005 में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जामतारा द्वारा पारित दिनांक 3.2.2005 के आदेश के अभिखंडन के लिए दाखिल किया गया है जिसके द्वारा और जिसके अधीन उन्होंने याचीगण के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम की धारा 33 और भारतीय वन संरक्षण अधिनियम की धारा 2 के अधीन संज्ञान लिया।

2. याचीगण के विद्वान अधिवक्ता श्री अतानू बनर्जी द्वारा यह निवेदन किया गया है कि याचीगण सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियन्ता और सहायक अभियन्ता हैं और उन्हें राज्यपाल के आदेश द्वारा नियुक्त किया गया है। इस प्रकार, राज्य सरकार की मंजूरी के बिना उनके विरुद्ध संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। यह निवेदन किया गया है कि वर्तमान मामले में याचीगण को अभियोजित करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी प्राप्त नहीं की गयी थी।

3. राज्य के लिए उपस्थित विद्वान महाधिवक्ता श्री आर॰ एस॰ मजूमदार ने निष्पक्षत: कथन किया है कि वर्तमान मामले में अब तक मंजूरी प्रदान नहीं की गयी है।

4. पूर्वोक्त परिस्थिति के अधीन, मैं पाता हूँ कि आक्षेपित आदेश को दं॰ प्र॰ सं॰ की धारा 197 के प्रावधानों की दृष्टि में संपोषित नहीं किया जा सकता है। अत:, मैं पाता हूँ कि आक्षेपित आदेश गंभीर अवैधता से पीड़ित है।

5. तद्नुसार, यह रिट आवेदन अनुज्ञात किया जाता है और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जामतारा द्वारा पारित दिनांक 3.2.2005 का आक्षेपित आदेश एतद्द्वारा अभिखंडित किया जाता है।

---

ekuuh; Jh pn'k[kj] U;k;efr

जॉय कुमार महतो

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (S) No. 5874 of 2007. Decided on 25th October, 2013.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन एक आवेदन के मामले में।

35. इस प्रकार, जो अभिकथन प्रतीत होता है, वे अभिकथन कंपनी के विरुद्ध हैं किंतु आश्चर्यजनक रूप से कंपनी यद्यपि इसे आरंभ में अभियुक्त बनाया गया था को आरोप-पत्रित नहीं किया गया है। कंपनी को आरोप-पत्रित करने के बजाए याचीगण, जो मेसर्स बी॰ ई॰ बी॰ बी॰ सी॰ ओ॰ के निदेशकगण हैं, और नितीश भलोटिया भी, जो मेसर्स भारत ऑटोमोबाईल प्रा॰ लि॰ का निदेशक है, को किसी अभिकथन के बिना याचीगण कंपनी के दैनिक कार्यकलाप के लिए जिम्मेदार थे, आरोप-पत्रित किया गया है और केवल इस आधार पर **महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बनाम दातार स्विचगियर एवं अन्य, (2010)10 SCC 479;** और **आर॰ कल्याणी बनाम जनक सी॰ मेहता एवं अन्य, (2009)1 SCC 516,** में दिए गए निर्णयों की दृष्टि में याचीगण को निदेशकगण होने के नाते अभियोजित नहीं किया जा सकता है।

36. इसके अतिरिक्त, अभियोग जो कंपनी के विरुद्ध लगाया गया प्रतीत होता है, भले ही इसे याचीगण के विरुद्ध भी लगाया गया स्वीकार किया जाता है, जैसा उपर उपदर्शित किया गया है, याचीगण का कृत्य छल, अथवा दस्तावेज के झूठा सिद्ध करने का अपराध गठित नहीं करता है। कहीं भी याचीगण को कपटपूर्वक संकर्म आदेश सुरक्षित करता अभिकथित नहीं किया गया है। निश्चय ही, अभिकथन है कि कंपनी ने दिए गए कोटेशन, जो एन॰ आई॰ टी॰ के निबंधनों एवं शर्तों के अनुरुप नहीं थे, के आधार पर संकर्म आदेश सुरक्षित किया था। यदि यह निबंधनों एवं शर्तों के साथ संगत नहीं था, निविदा कमिटी अपनी इच्छानुसार इसे रद्द कर सकती थी, किंतु इसे रद्द कभी नहीं किया गया है, बल्कि इसे प्रदान किया गया है। यदि यह कृत्य मौनानुकूलता का भाग था, तब निविदा कमिटी के सदस्यों को अभियुक्त बनाया गया होता किंतु उन्हें अभियुक्त नहीं बनाया गया है। अतः याचीगण के पूर्वोक्त कृत्य को कपटपूर्ण नहीं कहा जा सकता है।

37. आगे यह कथन किया जाए कि सी॰ बी॰ आई॰ के मामले के मुताबिक एम॰ एम॰ यू॰ की कीमत को अधिक बल्कि अत्यधिक प्रभारित किया जाना कपटपूर्ण कृत्य कभी नहीं कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने अपने तरीके से फ्रैब्रिकेशन की कीमत और उपकरणों की कीमत की संगणना की है।

38. यह कथन किया जाए कि समान प्रकार के एम॰ एम॰ यू॰ के लिए आपूर्तिकर्ताओं ने कर के साथ 66 लाख रुपया प्रभारित किया था।

39. मामले में आगे जाते हुए, यह कथन किया जाए कि जितना प्रभारित किया जाना चाहिए था, उसकी तुलना में आधिक्य भी प्रभारित करना भ्रष्ट अथवा अवैध साधनों द्वारा धनीय लाभ लिया जाना नहीं कहा जा सकता है।

40. जहाँ तक श्यामल चक्रवर्ती के मामले का संबंध है, उसे केवल तीन फर्मों की ओर से कोटेशन देने में भागीदार होने का अभिकथित किया गया है। वह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 420 अथवा 477A के अधीन अपराध कभी नहीं गठित करता है। उस अभिकथन के अतिरिक्त, यह भी अभिकथित किया गया है कि इस याची का डॉ॰ प्रदीप कुमार के साथ निकट संबंध था किंतु प्रत्यक्षत: अथवा अप्रत्यक्षत: कुछ भी सामने नहीं लाया गया है। निकट संबंध को इस तथ्य से जोड़ा जा रहा है कि डॉ॰ प्रदीप कुमार के भाई का मेसर्स एस्सर इंटरप्राइजेज के नाम एवं शैली में एक भागीदार फर्म था जिसका यह याची सह-भागीदार था। मेसर्स एस्सर इंटरप्राइजेज के खाता से व्यक्तिगत खाता में कतिपय संव्यवहार किया गया दर्शाया गया है किंतु वह संव्यवहार वर्ष 2007 का है जिसका अभिकथित अपराध के साथ संबंध नहीं हो सकता था। समान रूप से सुश्री लालवंतलुआंगी के खाता से कंपनी अर्थात् मेसर्स एस्सर इंटरप्राइजेज के खाता में 22 लाख रुपयों के अंतरण के साथ कोई संबंध प्रतीत नहीं होता है जबकि पूर्वोक्त समस्त अभिकथन समय के बाद की बिंदु पर के हैं।

41. इस प्रकार, मैं पाता हूँ कि याचीगण के विरुद्ध किए गए अभिकथन अपराध गठित नहीं करते हैं जिनके अधीन आरोप विरचित किए गए हैं और तद्द्वारा, जहाँ तक इन याचीगण का संबंध है, आरोप विरचित करने वाला आदेश एतद् द्वारा अभिखंडित किया जाता है।

42. परिणामस्वरुप, पूर्वोक्त आवेदनों को अनुज्ञात किया जाता है।

---

ekuuh; Jh pn'k[kj] U;k;efr

ओम प्रकाश सं॰ 2

cuke

अवधेश कुमार पांडे एवं अन्य

Contempt Case (Civil) No. 5 of 2013. Decided on 3rd December, 2013.

न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971—धारा 2(b)—अवमान कार्यवाही दांडिक सदृश प्रकृति की है और दांडिक मामले में जिस प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है, उसी को अवमान कार्यवाही में अपनाना होगा–भले ही आदेश का भंग अभिकथित अवमानकर्ता द्वारा स्वीकार किया गया है, आवेदक को यह सिद्ध करने की आवश्यकता है कि आदेश का उल्लंघन जानबूझकर किया गया एवं आशयपूर्ण था–ऐसी कोई सामग्री नहीं है जिससे यह निष्कर्षित किया जा सके कि वि॰ प॰ ने आशयपूर्वक न्यायालय द्वारा पारित आदेश का उल्लंघन किया था–अवमान याचिका खारिज। (पैराएँ 5 से 8)

निर्णयज विधि.–(2010) 12 SCC 770—Relied.

अधिवक्तागण.–Mr. Amit Kumar Sinha, For the Petitioner; Mrs. Suchitra Pandey, For the Opp. Parties.

आदेश

डब्ल्यू॰ पी॰ (एस॰) सं॰ 5893 वर्ष 2012 में पारित दिनांक 5.10.2012 के आदेश की अवज्ञा अभिकथित करते हुए आवेदक वर्तमान अवमान याचिका दाखिल करके इस न्यायालय के पास आया है। इस अवमान याचिका में आवेदक ने निम्नलिखित प्रकथन किया है:–

> *"5. fd ;kph dFku djrk g fd mlu lfpo uxj fodkl foHkkx vkj dk;ikyd vfèkdkjh] flUnjh vpy] èkuckn uxj fuxe d le{k bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr vkn'k dh çfr d lkFk lyXu fnukd 13.10.2012 dk vH;konu Hkh nkf[ky fd;k gA*

6. fd ;kph vR;Ur fouerkiod dFku ,o fuonu djrk g fd bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr fun'kk d erkfcd fojkèkh i{kx.k bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr vkn'k dh çfr dh çkfIr dh frfFk l 30 fnuk d Hkhrj] ftldk volku fnukd 13.11.2012 dk gk x;k g] lokfuofÙk ykHkk d Hkxrku l lcfèkr ekey e fu.k; yu d fy, drO;c) Fk fdr fojkèkh i{kx.k lcfèkr ekeyk e dkb fu.k; yu e foQy jg g vkj rn}kjk bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr vkn'kk dk voeku fd;k g vkj fnukd 13.11.2012 dk ,lk djuk tkjh j[k g, gA

7. fd ;kph vR;Ur fouerkiod dFku ,o fuonu djrk g fd çR;FkhZx.k@fojkèkh i{kx.k dh vkj l fuf"Ø;rk d dkj.k ;kph dk bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr vkn'kk d ckotn vkt dh frfFk rd ,d ilk rd dk Hkxrku ugh fd;k x;k g vkj ;kph dk viu ifjokj d lkFk nfud vkèkkj ij ihfMr fd;k tk jgk gA

*8. fd ;kph dFku djrk g fd foi{kh i{kx.k bl ekuuh; U;k;ky; }kjk ikfjr vkn'kk ,o fun'kk dk mYy?ku dju ij ry g vkj bl çdkj ;g ekuuh; U;k;ky; ekey e xHkhj nf"Vdk.k viuk ldrk gA**

2. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश और विरोधी पक्षकार सं॰ 1 को प्रस्तुत अभ्यावेदन के बावजूद याची को अब तक सेवानिवृत्ति देयों का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आगे निवेदन किया है कि यद्यपि प्रत्यर्थी प्राधिकारी ने दिनांक 22.3.2013 और दिनांक 18.11.2003 को आदेश पारित किया है, उन आदेशों में प्रकट असंगतियाँ हैं और उन आदेशों में याची को भुगतेय पाए गए और उल्लिखित किए गए राशि का भी अब तक याची को भुगतान नहीं किया गया है।

3. विरोधी पक्षकार सं॰ 2 के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि चूँकि दिनांक 5.10.2012 का आदेश विरोधी पक्षकार सं॰ 2 को याची के दावा पर विचार करने की आज्ञा देता है और यदि देय बकाया पाया जाता है, याची को इसका भुगतान किया जाए।

4. अवमान याचिका का परिशीलन प्रकट करेगा कि आवेदक अवमान याचिका में यह प्रकथन करने में भी विफल रहा है कि विरोधी पक्षकार ने जानबूझकर और आशयपूर्वक इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अवज्ञा किया है। न्यायालय अवमान अधिनियम की धारा 2 (b) को नीचे उद्धृत किया जाता है:–

*"2. **ifjHkk"kk-**&(b) ^^flfoy voeku** l vfHkçr g U;k;ky; d fdlh fu.k;] fMØh] fun'k] vkn'k] fjV vFkok vU; çfØ;k dh tkuc>dj voKk vFkok U;k;ky; dk fn, x, opu dk tkuc>dj Hkx(*

5. न्यायालय अवमान अधिनियम की धारा 2 (b) में अंतर्विष्ट परिभाषा उपदर्शित करेगी कि सिविल अवमान की परिभाषा में शब्द ''जानबूझकर'' सम्मिलित किया गया है। अवमान कार्यवाही दांडिक सदृश प्रकृति की है और इसलिए, जिस प्रक्रिया का अनुसरण दांडिक मामले में किया जाना है, उसे ही अवमान कार्यवाही में अपनाना होगा। भले ही अभिकथित अवमानकर्ता द्वारा आदेश का भंग स्वीकार किया गया है, आवेदक जिसने इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवज्ञा अभिकथित किया है को तर्कपूर्ण सामग्री द्वारा अभिवचनित और सिद्ध करने की आवश्यकता है कि आदेश का अभिकथित उल्लंघन जानबूझकर और आशयपूर्वक था। अधिनियम स्वयं अभिकथित अवमानकर्ता की ओर से कृत्य अथवा लोप के लिए कारावास प्रावधानित करता है और इसलिए, यह बिल्कुल प्रकट है कि न्यायालय अवमान अधिनियम के विरुद्ध आरंभ की गयी कार्यवाही के गंभीर परिणाम होंगे।

6. वर्तमान आवेदन में, मैं उभिलेख पर ऐसी कोई सामग्री नहीं पाता हूँ जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि विपक्षी पक्षकार सं॰ 1 ने इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश का जानबूझकर या आशयपूर्वक उल्लंघन या अवमान किया है। मैं यह पाता हूँ कि रिट याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में, प्रत्यर्थी–प्राधिकारी ने याची के बकाये के भुगतान के लिए दिनांक 4.10.2012 तथा 18.11.2013 का आदेश पारित किया है।

7. ''दिनेश कुमार गुप्ता बनाम यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं॰ लि॰'', (2010)12 SCC 770 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नलिखित अभिनिर्धारित किया है:–

"17. vc ;g ge vxy ç'u vkj vfèkd çklfxd ç'u dh vkj y tkrk g fd D;k vihykFkh d fo#) vkjHk dh x;h voeku dk;okgh dk vVdy ,o mièkkj.kk ij vkj oreku ekey d rF;k vkj ifjfLFkfr;k l fudky x, fu"d"k ij lik"k.kh; vfHkfuèkkfjr fd;k tk ldrk gA gekj lfopkfjr er e] bl U;k;ky; d fu.k;k dh J[kyk e ifjyf{kr lfuf'pr fofèkd çfriknuk dh nf"V e mÙkj Li"Vr% udkjkRed gkxk D;kfd flfoy çÑfr d voeku doy rc gvk vfHkfuèkkfjr fd;k tk ldrk g ;fn vkn'k dk tkuc>dj mYy?ku fd;k x;k g vkj ;|fi voKk gk ldrh g] fQj Hkh ;fn ;g bl ckr dk ifjyf{kr ugh djrk g fd ;g lpr ,o tkuc>dj dh x;h voKk g] voeku dk ekeyk curk vfHkfuèkkfjr ugh fd;k tk ldrk gA oLrr%] ;fn vud ifj.kkek dk mnHkr djr g, vkn'k dh ,d l vfèkd 0;k[;k gk ldrh g] bld vuuikyu dk vkn'k dh tkuc>dj dh x;h voKk vfHkfuèkkfjr ugh fd;k tk ldrk g rkfd nM d vfèkjki.k lfgr xHkhj ifj.kkek dk vifjgk; cuku okyk voeku dk ekeyk cuk;k tk ldA fdr] tc U;k;ky; dk lkeuk bl ç'u l djk;k tkrk g fd D;k nh x;h fLFkfr dk] vkn'k dk vuikyu fu"Qy dju d fy,] tkuc>dj dh x;h voKk dk ekeyk] vFkok vikfgt cgku dk ekeyk] pkg ;g fdruk Hkh e[kj D;k u gk] ekuk tk ldrk Fkk] Li"Vr% ekeyk fo'k"k d rF;k ,o ifjfLFkfr;k ij fuHkj djxk(fdr ,lk fofuf'pr djr g, èkkj.kk ij vkèkkfjr vVdycktsh djuk fofèkr% lgh ugh gkxk D;kfd U;k;ky; voeku vfèkfu;e] 1971 Li"Vr% çfrikfnr djrk g vkj tkj nrk g fd bld igy fdlh dk flfoy çfØ;k d voeku d vkjki d fy, vfHk;kftr fd;k tk,] tkuc>dj dh x;h voKk dk vo;o gkuk pkfg,A

----

23. bld vfrfjDr] U;k;ky; voeku vfèkfu;e] 1971 dh èkkjk 2 (b) d vèkhu fn, x, flfoy çÑfr d voeku d egRoi.k lkfofèkd vo;o dk vun[kk djuk Hkh lgh ugh gkxk fd voeku vfHkdfFkr dju oky vkn'k dh voKk dk bl ijh{kk e mÙkh.k gkuk gkxk fd ;g vkn'k dh tkuc>dj dh x;h voKk gA bl egRoi.k dkjd dk è;ku e j[kr g,] ;g xkj djuk çklfxd g fd flfoy voeku dh dk;okgh ugh gkxh ;fn vkn'k] ftldh voKk vfHkdfFkr dh x;h g] Lo; vkn'k vFkok ifjfLFkfr dh ;fDr;Dr vFkok rdi.k 0;k[;k dh xtkb'k çkoèkkfur djrk g tk oreku ekey e rkfF;d voLFkk gA ;g fu"df"kr djuk Hkh leku :i l lgh ugh gkxk fd i{k] ;|fi ;g lgh fofèkd voLFkk dh xyr le> d dkj.k vkj U;k;ky; d vkn'k dk foQy dju vFkok bldh voKk dju d fdlh gr d fcuk lnfo'okl e ÑR; dj jgk g] dk xHkhj vkèkkj d :i e n[kk tkuk pkfg, tk voeku dk;okgh dk mnHkr dj ldA**

8. पूर्वोक्त की दृष्टि में, यह अवमान याचिका खारिज की जाती है।''

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

तापस कुमार लाहिरी उर्फ टी० के० लाहिरी (66 में)

दिनेश चंद्र झा उर्फ डी० सी० झा (120 में)

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य (दोनों में)

Cr. M.P. Nos. 66 with 120 of 2011. Decided on 9th January, 2014.

संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970—धाराएँ 23 एवं 26—कोलियरी से कोयला के परिवहन के निषिद्ध काम में संविदा श्रम का नियोजन–मंजूरी से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अभियोजन का काम है–यदि मंजूरी आदेश अभियोजन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है, उपधारणा ऐसी होती है कि मंजूरी प्रदान नहीं की गयी है–न्यायालय ने नकारात्मक उपधारणा की है और तद्द्वारा याचीगण के विरुद्ध परिवाद मामला वापस लेने के लिए अनुमति की परिवादी की प्रार्थना अस्वीकार करने में अवैधता किया–संज्ञान का आक्षेपित आदेश अपास्त किया गया–आवेदन अनुज्ञात। (पैराएँ 4 से 6)

अधिवक्तागण.–Mr. Indrajeet Sinha, For the Petitioners; Mr. APP., For the State; M/s M. Khan, S.P. Jha, For the O.P. No.2.

आदेश

दोनों मामलों में याचीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता, राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता और वि० प० सं० 2 के विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय) धनबाद ।।। द्वारा उसमें यह अभिकथन करते हुए परिवाद दाखिल किया गया था कि दोनों मामलों के याचीगण अर्थात् बी० सी० सी० एल० के पदधारियों और अन्य अभियुक्तगण ने मेसर्स बी० सी० सी० एल० के ई० जे० क्षेत्र के भाउरा (उत्तर) कोलियरी के XIVI और XV सीम्स से कोयला के परिवहन का संविदा कार्य निष्पादित करने के लिए 15 संविदा श्रमिकों को संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 के उल्लंघन में नियोजित किया यद्यपि दिनांक 21.6.1988 के अधिसूचना सं० एस० ओ० 2063 के अधीन कोयला का परिवहन निषिद्ध किया गया है। उस पर, अभियुक्तगण का अभियोजन करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी इप्सित की गयी थी किंतु केवल श्री सौमेन चटर्जी एवं संजय अग्रवाल के विरुद्ध और न कि दोनों मामलों के याचीगण के विरुद्ध मंजूरी दी गयी थी। उसके बावजूद व्यक्तियों जिनके विरुद्ध मंजूरी प्रदान की गयी थी और इन दोनों याचीगण के विरुद्ध भी परिवाद दर्ज किया गया था जिस पर संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 की धारा 23 के अधीन दंडनीय अपराधों के लिए इन समस्त चार व्यक्तियों के विरुद्ध संज्ञान लिया गया था। बाद में परिवादी ने जाना कि इन दो याचीगण के विरुद्ध अभियोजन की मंजूरी कभी नहीं दी गयी थी और, इसलिए, मामला वापस लेने के लिए परिवादी द्वारा आवेदन दाखिल किया गया था किंतु उस आवेदन को उसमें यह अभिनिर्धारित करते हुए दिनांक 8.12.2010 के अपने आदेश के तहत अस्वीकार कर दिया गया था कि यह दर्शाते हुए कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था कि इन दोनों याचीगण के विरुद्ध अभियोजन के लिए मंजूरी नहीं दी गयी है। उस आदेश से व्यथित होकर, इन दोनों आवेदनों को दाखिल किया गया है।

3. याचीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि अन्य दो अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोजन मंजूर करने वाला दस्तावेज अभिलेख पर मौजूद है जिससे यह प्रतीत होगा कि केवल अन्य दो अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोजन के लिए मजदूरी दी गयी है और न कि इन दोनों याचीगण के विरुद्ध और, इसलिए, जब परिवादी को अपनी गलती का अहसास हुआ, मामला वापस लेने के लिए याचिका दाखिल की गयी थी किंतु उस आवेदन को यह विचित्र दृष्टिकोण अपना कर अस्वीकार कर दिया गया था कि यह दर्शाने के लिए दस्तावेज नहीं है कि प्राधिकारी ने इन दोनों याचीगण के विरुद्ध मंजूरी देने से इनकार कर दिया था।

4. मैं भी याचीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता के दृष्टिकोण के साथ सहमत हूँ कि न्यायालय द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण विचित्र है। मंजूरी से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अभियोजन का काम है। यदि अभियोजन एजेंसी द्वारा मंजूरी आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया है उपधारणा यही होती है कि मंजूरी प्रदान नहीं की गयी है, किंतु न्यायालय इस मामले में नकारात्मक उपधारणा करता प्रतीत होता है और तद्द्वारा न्यायालय ने इन दोनों याचीगण के विरुद्ध परिवाद मामला वापस लेने के लिए उसको अनुमति देने की परिवादी की प्रार्थना को अस्वीकार करने में अवैधता किया है। यह आवेदन संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 की धारा 26 में अंतर्विष्ट प्रावधान को दृष्टि में रखते हुए दाखिल किया गया प्रतीत होता है जो अपराधों के संज्ञान के बारे में कहती है जिसका पठन निम्नलिखित है:–

> *"26. **vijkèkk dk lKku-**&dkb U;k;ky; bLiDVj }kjk fd, x, ifjokn vFkok fyf[kr e io etjh d flok, bl vfèkfu;e d vèkhu fdlh vijkèk dk lKku ugh yxk vkj çfIMIh eftLVV vFkok çFke J.kh d nMkfèkdkjh d U;k;ky; l fuEurj dkb U;k;ky; bl vfèkfu;e d vèkhu fdlh nMuh; vijkèk dk fopkj.k ugh djxkA***

5. तद्नुसार दिनांक 8.12.2010 का आक्षेपित आदेश एतद् द्वारा अपास्त किया जाता है।

6. परिणामस्वरुप, दोनों आवेदनों को अनुज्ञात किया जाता है।

7. यह स्पष्ट किया जाता है कि यह आदेश केवल इन दोनों याचीगण तक सीमित रहेगा।

---

ekuuh; ujUn ukFk frokjh] U;k;efr

कौशल कुमार सिंह एवं एक अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (C) No. 25 of 2014. Decided on 9th January, 2014.

बिहार सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956—धारा 3—अतिक्रमण हटाया जाना–घरों के भंजन का खतरा–याचीगण दावा कर रहे हैं कि प्रश्नगत भूमि उनकी रैयती भूमि है और वे राज्य को लगान का भुगतान कर रहे हैं–याचीगण ने आवासीय गृह का निर्माण किया है और संपूर्ण परिवार घर में निवास कर रहा है–याची को उपायुक्त के समक्ष अपने अपील का अनुसरण करने की स्वतंत्रता देते हुए रिट याचिका निपटायी गयी। (पैराएँ 6 एवं 7)

अधिवक्तागण.–Mr. Binod Kumar Dubey, For the Petitioner; G.A., For the State.

आदेश

इस रिट याचिका में, याचीगण ने दिनांक 7.11.2013 के आदेश के अनुसरण में याचीगण के घर को भंजित नहीं करने के लिए प्रत्यर्थीगण को निर्देश देने की प्रार्थना की है।

2. यह कथन किया गया है कि बिहार/झारखंड भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तात्पर्यित प्रावधान के अधीन कार्यवाही आरंभ की गयी थी। याची सं॰ 2 को नोटिस जारी किया गया था। उसने कारण बताओ का उत्तर दाखिल किया था, किंतु इसे विलंब के आधार पर स्वीकार नहीं किया गया था और याची की रैयती भूमि को सार्वजनिक भूमि अभिनिर्धारित करते हुए और उसको अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते हुए एकपक्षीय आदेश पारित किया गया है। तत्पश्चात, याची सं॰ 2 ने विद्वान अंचलाधिकारी, चतरा द्वारा पारित आदेश का प्रवर्तन स्थगित करने की प्रार्थना के साथ उपायुक्त, चतरा के समक्ष अपील दाखिल किया। उक्त अपील को भूमि अतिक्रमण अपील सं॰ 27/2013 के रूप में दर्ज किया गया था। किंतु, आज की तिथि तक उक्त अपील सुनी नहीं गयी है और अपीलीय प्राधिकारी द्वारा स्थगन का आदेश पारित नहीं किया गया है। इस बीच सब-डिविजनल अधिकारी, चतरा ने याचीगण के आवासीय घर सहित अभिकथित अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। याचीगण ने कोई विकल्प नहीं होने पर रिट याचिका दाखिल किया है।

3. यह निवेदन किया गया है कि प्रश्नगत भूमि याचीगण की रैयती भूमि है और वे सरकार को लगान का भुगतान कर रहे हैं। प्रश्नगत घर संपूर्ण परिवार के लिए एकमात्र वास सुविधा एवं आश्रय है। यदि उपायुक्त, चतरा के समक्ष अपील के लंबित रहने के दौरान अंचलाधिकारी द्वारा पारित आदेश स्थगित नहीं किया जाता है, अतिक्रमण हटाने के नाम में याचीगण का आवासीय घर भंजित कर दिया जाएगा और इस कड़ाके की ठंढ़ में संपूर्ण परिवार को आश्रयहीन बना दिया जाएगा। याचीगण और उनका परिवार अपूरणीय क्षति और उपहति से पीड़ित होगा और उन पर अत्यधिक प्रतिकूलता कारित होगी।

4. प्रत्यर्थीगण की ओर से उपस्थित विद्वान सरकारी अधिवक्ता ने निवेदन किया कि कार्यवाही एकपक्षीय नहीं थी जैसा याचीगण ने अभिकथित किया है। कारण बताओ दाखिल करने के लिए और भूमि से संबंधित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए याची सं॰ 2 को अवसर दिया गया था, किंतु वह ऐसा करने में विफल रहा। अंततः अंचलाधिकारी, चतरा ने भूमि को 'सार्वजनिक भूमि' अभिनिर्धारित करते हुए और याचीगण को अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते हुए उक्त आदेश पारित किया। उन्होंने आगे निवेदन किया कि याची सं॰ 2 ने अपील दाखिल किया है और अपील लंबित है। याचीगण को समुचित आदेश पारित करवाने के लिए अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष जोर देना चाहिए था। इसके बजाए, याचीगण ने इस रिट याचिका को दाखिल किया है।

5. मैंने पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुना है और अभिलेख पर मौजूद तथ्यों एवं सामग्रियों का परिशीलन किया है।

6. याचीगण ने दावा किया है कि प्रश्नगत भूमि, जिसे सार्वजनिक भूमि अभिनिर्धारित किया गया है, उनकी रैयती भूमि है और वे राज्य को लगान का भुगतान कर रहे हैं। याचीगण ने अपने आवासीय गृह का निर्माण किया है और संपूर्ण परिवार घर में निवास कर रहा है। यह उनका एकमात्र आश्रय है। याचीगण ने राज्य द्वारा प्रदान किए गए लगान रसीदों (परिशिष्ट-1/1) और नगरपालिका प्राधिकारी, चतरा द्वारा जारी धृति रसीद (परिशिष्ट 2) को भी संलग्न किया है। याची सं॰ 2 ने इस अपील को दाखिल किया है और अपील अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष लंबित है। यह कथन किया गया है कि अपीलीय प्राधिकारी ने की गयी प्रार्थना के बावजूद अंचलाधिकारी, चतरा द्वारा पारित आदेश को स्थगित करने का आदेश पारित नहीं किया है।

7. उक्त की दृष्टि में, याची सं० 2 को उपायुक्त, चतरा के समक्ष अपने अपील का अनुसरण करने की स्वतंत्रता देते हुए इस रिट याचिका को निपटाया जाता है।

8. जब तक अपील निपटायी नहीं जाती है, भूमि अतिक्रमण मामला सं० 2/2013-14 में अंचलाधिकारी, चतरा द्वारा पारित दिनांक 7.11.2013 का आदेश प्रास्थगन में रहेगा।

आई० ए० सं० 106 वर्ष 2014

याचीगण की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने इस आई० ए० पर जोर नहीं दिया है।

आई० ए० सं० 106 वर्ष 2014 जोर नहीं दिए जाने के रूप में निपटायी जाती है।

---

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

अरुण पांडे एवं अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

Cr. M.P. No. 1475 of 2011. Decided on 9th January, 2014.

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989—धारा 3 (1)(x)—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 482—संज्ञान–जब न्यायालय ने एस० सी०/एस० टी० अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन अपराध का संज्ञान नहीं लिया था बल्कि केवल भा० दं० सं० के अधीन लिया था, याचीगण को बहुमूल्य अधिकार प्रोद्भूत हुआ–पुनरीक्षण न्यायालय को याचीगण के विरुद्ध निष्कर्ष देने के पहले याचीगण को सुने जाने का अवसर देना चाहिए था–चूँकि याचीगण को अवसर नहीं दिया गया था, आदेश अवैधता से पीड़ित है–आक्षेपित आदेश अपास्त। (पैराएँ 4 एवं 5)

निर्णयज विधि.–(2004)13 SCC 472; (2013)7 SCC 789—Relied.

अधिवक्तागण.–M/s Anand Kr. Sinha, P.K. Jha, For the Petitioners; Mr. APP., For the State; Mr. V.S. Jha, For the O.P. No.2.

आदेश

याचीगण के विद्वान अधिवक्ता, राज्य के विद्वान अधिवक्ता और वि० प० सं० 2 के विद्वान अधिवक्ता सुने गए।

2. यह आवेदन दांडिक पुनरीक्षण सं० 27 वर्ष 2009 में विद्वान सत्र न्यायाधीश, देवघर द्वारा पारित दिनांक 31.8.2010 के आदेश के विरुद्ध है जिसके द्वारा और जिसके अधीन पुनरीक्षण न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि याचीगण के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

3. यह प्रतीत होता है कि परिवादी ने उसमें यह अभिकथित करते हुए परिवाद दाखिल किया कि अभियुक्तगण विधि विरुद्ध जमाव निर्मित करने के बाद घातक हथियारों के साथ परिवादी के दरवाजा पर आए और परिवादी एवं अन्य को गाली दिया और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन अपराध आकृष्ट किया और छत की टाइल को नुकसान पहुँचाया और दांडिक गृह अतिचार का अपराध भी किया। मामले की जाँच की गयी थी। जाँच करने के बाद न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता के अधीन और न कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति

(अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन अपराध का संज्ञान लिया। उस आदेश से व्यथित होकर परिवादी पुनरीक्षण न्यायालय के पास आया। पुनरीक्षण न्यायालय ने दांडिक पुनरीक्षण सं॰ 27/2009 में पारित दिनांक 31.8.2010 के अपने आदेश के तहत यह अभिनिर्धारित करते हुए पुनरीक्षण आवेदन अनुज्ञात किया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन याचीगण के विरुद्ध प्रथम दृष्टया मामला बनता है। याचीगण द्वारा उक्त आदेश को केवल इस आधार पर चुनौती दी गयी है कि पुनरीक्षण न्यायालय ने अवैधता किया है क्योंकि उन्होंने याचीगण को कोई अवसर दिए बिना उसमें यह अभिनिर्धारित करते हुए आदेश पारित किया है कि याचीगण के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन प्रथम दृष्टया मामला बनता है और तद्द्वारा पुनरीक्षण न्यायालय ने पुनरीक्षण आवेदन अनुज्ञात करने में अवैधता किया है।

4. मैं याचीगण की ओर से किए गए निवेदनों में सार पाता हूँ। जब न्यायालय ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (1) (x) के अधीन अपराध का संज्ञान नहीं लिया था, याचीगण को बहुमूल्य अधिकार प्रोद्भूत हुआ। उस स्थिति में, पुनरीक्षण न्यायालय को याचीगण के विरुद्ध कोई निष्कर्ष देने के पहले याचीगण को इस मामले में सुने जाने का अवसर देना चाहिए था। चूँकि, याचीगण को अवसर नहीं दिया गया था, आदेश निश्चय ही अवैधता से पीड़ित है। इस संबंध में, मैं **''पी॰ सुन्दरराजन एवं अन्य बनाम आर॰ विद्या सेकर, (2004)13 SCC 472"** और **''मोहित उर्फ सोनू एवं एक अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं एक अन्य, (2013)7 SCC 789,** में दिए गए निर्णयों को निर्दिष्ट कर सकता हूँ। यद्यपि बाद वाला मामला इस बिन्दु पर नहीं है जो इस मामले में अंतर्ग्रस्त है, किंतु उसमें यही सिद्धांत अधिकथित किया गया है कि यदि आदेश से याचीगण को बहुमूल्य अधिकार प्रोद्भूत होता है, तब उस व्यक्ति को सुने जाने का अवसर देना ही होगा।

5. इन परिस्थितियों के अधीन, दिनांक 31.8.2010 का आक्षेपित आदेश एतद् द्वारा अपास्त किया जाता है।

6. परिणामस्वरुप, यह आवेदन अनुज्ञात किया जाता है।

7. किंतु, मामला पुनरीक्षण न्यायालय को वापस भेजा जाता है ताकि न्यायालय दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित कर सके।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o vij'k dekj flg] U;k;efr

बिहार राज्य (अब झारखंड) एवं अन्य

cuke

अजय कुमार नंद उर्फ जय प्रकाश मंडल

L.P.A. No. 177 of 2012. Decided on 8th January, 2014.

सेवा विधि–बर्खास्तगी–इस आधार पर कि दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ, वेतन के 40% बकाया के साथ पुनर्बहाली और सेवा से बर्खास्तगी के दंड को अपास्त करते हुए एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील–प्रत्यर्थी को दांडिक न्यायालय द्वारा सम्मानपूर्वक दोषमुक्त नहीं किया गया था बल्कि गवाहों के गैर-परीक्षण एवं दस्तावेज की गैर-प्रस्तुति के कारण संदेह का लाभ दिया गया था–दांडिक मामले में दोषमुक्ति मात्र स्वयं में

दंड के आदेश में हस्तक्षेप करने का आधार नहीं हो सकता है–प्रत्यर्थी ने जाली प्रमाण पत्रों के आधार पर नियोजन प्राप्त किया–एकल न्यायाधीश का आदेश संपोषित नहीं किया जा सकता है और अपास्त किया जाता है–एल० पी० ए० अनुज्ञात। (पैराएँ 20, 24 एवं 25)

निर्णयज विधि.–2009(2) JCR 269; (2013) 7 SCC 665; (2013) 1 SCC 598—Referred; AIR 1964 SC 787—Followed.

अधिवक्तागण.–Mr. Rajiv Ranjan Mishra, For the Appellants; Mr. Arshad Hussain, For the Respondent.

आर० बानुमथी, मुख्य न्यायाधीश.–यह लेटर्स पेटेन्ट अपील सी० डब्ल्यू० जे० सी० सं० 5762 वर्ष 2000P में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित दिनांक 19.11.2011 के आदेश के विरुद्ध दाखिल किया गया है जिसके द्वारा विद्वान एकल न्यायाधीश ने सेवा से बर्खास्तगी का आदेश अपास्त कर दिया और वेतन के 40% बकाया के साथ पुनर्बहाली आदेशित किया। इस अपील में अंतर्ग्रस्त संक्षिप्त बिंदु यह है कि क्या विभागीय कार्यवाही में अधिनिर्णीत बर्खास्तगी का दंड केवल इस आधार मात्र पर अभिखंडित किए जाने का दायी है कि दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ।

2. प्रत्यर्थी को समाहर्ता, साहेबगंज द्वारा जारी दिनांक 29.8.1990 के आदेश द्वारा राजस्व कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था दिनांक 4.10.1990 के आदेश सं० 12 द्वारा प्रत्यर्थी और समरुपत: समस्थित व्यक्तियों को पदस्थापन दिया गया था और प्रत्यर्थी को अंचल पकुरिया में पदस्थापित किया गया था। प्रत्यर्थी को अजय कुमार नंद (जिसे वास्तविक रूप से जय प्रकाश मंडल, पुत्र निर्मल कुमार मंडल होने का कथन किया जाता है) के नाम में नियुक्ति प्राप्त करता हुआ अभिकथित किया गया है। दिनांक 1.11.1993 को किसी राजेन्द्र प्रसाद मंडल से यह अभिकथन करते हुए कि वर्ष 1990 में प्रत्यर्थी की नियुक्ति अजय कुमार मंडल के नाम को प्रतिरुपित करके की गयी थी जबकि उसका वास्तविक नाम जय प्रकाश मंडल, पुत्र निर्मल कुमार मंडल है और वह गाँव नंद गोला, पी० ओ० पथरघट्टा पी० एस० अंटीचक (कहलगाँव) जिला भागलपुर का निवासी है, परिवाद प्राप्त किया गया था।

3. परिवाद के आधार पर, प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत स्थायी पता और विद्यालय पता के बारे में सत्यापन एवं जाँच किया गया था। सब-डिविजनल अधिकारी, पाकुड़ ने यह कथन करते हुए अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया कि यद्यपि प्रत्यर्थी नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय से प्रथम श्रेणी में मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने का दावा करता है, प्रत्यर्थी अंग्रेजी में परीक्षा का वर्ष, रॉल कोड, आदि लिखने में सक्षम नहीं था और कि वह नहीं जानता है कि नेतरहाट सरकारी विद्यालय कहाँ अवस्थित है। सब-डिविजनल अधिकारी, पाकुड़ ने प्रत्यर्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की।

4. प्रत्यर्थी के मूल गाँव नंदगोला, पी० एस० अंटीचक, पी० एस० पथरघट्टा, जिला भागलपुर में जाँच की गयी थी। जाँच के दौरान गाँववालों ने लिखित बयान दिया कि अजय कुमार नंद पुत्र रामरतन प्रसाद सिंह नाम का कोई व्यक्ति गाँव नंद गोला में निवास नहीं कर रहा है। जाँच के क्रम में, सह-ग्रामीणों ने यह भी सूचित किया कि प्रत्यर्थी का वास्तविक नाम जय प्रकाश मंडल पुत्र निर्मल मंडल है और वह पकुरिया में राजस्व कर्मचारी के रूप में पदस्थापित है। प्रत्यर्थी की माता द्वारा भी इसे संपुष्ट किया गया था।

5. संबंधित नेतरहाट उच्च विद्यालय में जाँच करने पर कार्यपालक दंडाधिकारी ने पाया कि अजय कुमार नंद, पुत्र श्री रामरतन प्रसाद सिंह वर्ष 1984 में नेतरहाट सरकारी विद्यालय से प्रथम श्रेणी में मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण हुआ और उक्त अजय कुमार नंद ने सेंट जेवियर महाविद्यालय, राँची से अपना इंटर विज्ञान और सिंद्री संस्थान से इंजीनियरिंग पूरा किया है और कि वह तब दिल्ली से यू० पी० एस० सी० के

लिए तैयारी कर रहा है। राजकीय मध्य विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत उसके पिता राम रतन प्रसाद सिंह ने कथन किया कि उसका पुत्र कहीं काम नहीं कर रहा है। उसने कथन किया कि उसका स्थायी पता गाँव हेतिनपुर, पी॰ ओ॰ हेतिनपुर, पी॰ एस॰ पटोरी, जिला समस्तीपुर है और उसकी जाति यादव है।

6. जाँच के आधार पर, प्रत्यर्थी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 198, 200, 416, 420, 463, 467, 468 और 471 के अधीन दिनांक 11.3.1994 के पकुरिया पुलिस थाना केस सं॰ 13/1994 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अन्वेषण पूरा करने के बाद आरोप-पत्र दाखिल किया गया था। विचारण के बाद प्रत्यर्थी को दिनांक 29.8.1996 के निर्णय (परिशिष्ट 10) द्वारा विचारण न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया था। दोषमुक्ति के विरुद्ध दाखिल सरकारी अपील दिनांक 9.2.1998 के आदेश के तहत उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गयी थी।

7. उपायुक्त, पाकुड़ ने प्रत्यर्थी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही आरंभ करने का आदेश दिया और जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए और झूठे प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाने के लिए प्रत्यर्थी के विरुद्ध आरोप (परिशिष्ट 11) विरचित किया गया था। प्रत्यर्थी ने यह कथन करते हुए विभागीय कार्यवाही का प्रतिवाद किया कि उसके विरुद्ध लगाए गए आरोप आधारहीन हैं और उसका वास्तविक नाम अजय कुमार नंद, पुत्र राम रतन प्रसाद सिंह है और वह गाँव नंदगोला, पी॰ एस॰ अंटीचक, पी॰ एस॰ पथरघट्टा जिला भागलपुर का निवासी है। कार्यवाही के दौरान प्रत्यर्थी ने दृष्टिकोण अपनाया कि उसे दांडिक न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया है और सरकार द्वारा दाखिल अपील माननीय उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गयी थी। प्रत्यर्थी ने प्रतिवाद किया कि उन्हीं आरोपों पर उसके विरुद्ध विभागीय रूप से अग्रसर नहीं हुआ जा सकता है। जाँच अधिकारी ने अभिनिर्धारित किया कि प्रत्यर्थी के विरुद्ध लगाए गए आरोप सिद्ध किए गए हैं और निष्कर्षित किया कि प्रत्यर्थी ने अजय कुमार नंद के नाम में कूटरचित शिक्षण प्रमाण पत्र पर राजस्व कर्मचारी के पद के लिए नियुक्ति प्राप्त किया था। प्रत्यर्थी को द्वितीय कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और दिनांक 27.5.2000 के आदेश द्वारा प्रत्यर्थी पर सेवा से बर्खास्तगी का दंड अधिरोपित किया गया था।

8. सेवा से बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देते हुए प्रत्यर्थी ने रिट याचिका दाखिल किया और प्रतिवाद किया कि जी॰ आर॰ सं॰ 89 वर्ष 1994 में दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ और कि बर्खास्तगी के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय, राँची पीठ के समक्ष दाखिल सरकारी अपील सं॰ 1 वर्ष 1997 की उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 9.2.1998 के आदेश के तहत खारिज कर दी गयी थी और ऐसा होने के कारण दांडिक कार्यवाही के समरुप आरोप संपोषणीय नहीं है।

9. विद्वान एकल न्यायाधीश ने सेवा से बर्खास्तगी का दंड अपास्त करते हुए और वेतन के 40% बकाया के साथ प्रत्यर्थी की पुनर्बहाली आदेशित करते हुए रिट याचिका अनुज्ञात किया। **(रफीक मियाँ बनाम केंद्रीय कोल फील्ड्स लि॰ एवं अन्य), 2009 (2) JCR 269,** को निर्दिष्ट करते हुए विद्वान एकल न्यायाधीश ने अभिनिर्धारित किया कि दांडिक मामले में उसके विरुद्ध लगाए गए आरोप के मुकाबले विभागीय कार्यवाही में अपचारी प्रत्यर्थी के विरुद्ध लगाए गए आरोप समरुप हैं और जब एक बार दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ, समरुप आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही में आगे कार्यवाही करना अर्थहीन है।

10. रिट याचिका में आदेश को चुनौती देते हुए सरकार ने इस अपील को दाखिल किया है। विद्वान सरकारी अधिवक्ता श्री राजीव रंजन मिश्रा ने प्रतिवाद किया कि विद्वान एकल न्यायाधीश यह विचार करने में विफल रहे कि दांडिक मामले की प्रकृति और विस्तार विभागीय कार्यवाही की प्रकृति एवं विस्तार से पूर्णत: भिन्न है और इसलिए, दोषमुक्ति का आदेश विभागीय कार्यवाही को समाप्त नहीं कर सकता है अथवा अधिरोपित दंड अपास्त नहीं किया जा सकता है। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि

प्रत्यर्थी का वास्तविक नाम जय प्रकाश मंडल है और उसके पिता का नाम निर्मल प्रसाद मंडल है और जब अनुशासनिक कार्यवाही में प्रस्तुत सामग्रियाँ स्पष्टत: दर्शाती हैं कि प्रत्यर्थी ने अजय कुमार नंद, पुत्र श्री रामरतन प्रसाद सिंह के नाम में झूठे रूप से नकली प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किया है, विद्वान एकल न्यायाधीश सेवा से बर्खास्तगी के आक्षेपित आदेश को अभिखंडित करने में सही नहीं थे।

11. रिट याचिका में किए गए प्रतिवादों को दोहराते हुए प्रत्यर्थी के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि जब दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ, आरोपों के उसी संवर्ग पर आरंभ की गयी विभागीय कार्यवाही संपोषित नहीं की जा सकती है और विद्वान एकल न्यायाधीश ने सही प्रकार से अभिनिर्धारित किया कि समरुप आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही में आगे कार्यवाही करना अर्थहीन है। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया कि प्रत्यर्थी ने नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय में अध्ययन किया है जबकि अधिकारियों ने किसी अजय कुमार नंद के बारे में जाँच किया था जिसने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अध्ययन किया है और अभिकथित जाँच के आधार पर गलत निष्कर्ष पर आए और विभागीय कार्यवाही में प्रस्तुत सामग्री का इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है।

12. विद्वान एकल न्यायाधीश ने मुख्यत: इस आधार पर रिट याचिका अनुज्ञात किया कि दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ है और कि दांडिक मामले में उसके विरुद्ध लगाए गए आरोपों के मुकाबले विभागीय कार्यवाही में अपचारी प्रत्यर्थी के विरुद्ध लगाए गए आरोप समरुप है, अत: विभागीय कार्यवाही अर्थहीन है।

13. नियोजन प्राप्त करने के लिए प्रत्यर्थी को अजय कुमार नंद, पुत्र रामरतन प्रसाद सिंह का झूठा शिक्षण प्रमाण पत्र यह कथन करते हुए प्रस्तुत करता हुआ अभिकथित किया गया है कि वह सरकारी उच्च विद्यालय, नेतरहाट से माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है और उसका समुदाय ''कुर्मी'' है। एस० डी० ओ० के रिपोर्ट के आधार पर प्रत्यर्थी के विरुद्ध भा० दं० सं० की धाराओं 198, 200, 416, 420, 463, 468 और 471 के अधीन दांडिक मामला दर्ज किया गया था। दांडिक मामले में प्रत्यर्थी पर कूटरचना, नियोजन प्राप्त करने के लिए वास्तविक के रूप में कूटरचित दस्तावेज का उपयोग करने, अनुचित साधनों का उपयोग करके सरकारी सेवा प्राप्त करके सरकारी निधि के दुर्विनियोग एवं छल के आरोप लगाए गए थे।

14. विभागीय कार्यवाही में प्रत्यर्थी के विरुद्ध विरचित आरोप ये हैं कि प्रत्यर्थी का वास्तविक नाम जय प्रकाश मंडल पुत्र निर्मल मंडल है और कि प्रत्यर्थी ने अजय कुमार नंद, पुत्र रामरतन प्रसाद सिंह के नाम में सरकारी नौकरी प्राप्त किया है और कि उसने अनुचित साधनों का उपयोग करके अजय कुमार नंद का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करके अंचल कार्यालय, पकुरिया में राजस्व कर्मचारी का पद प्राप्त किया।

15. यद्यपि दांडिक मामले में आरोप और विभागीय कार्यवाही में आरोप समरुप प्रतीत होते हैं, सारत: आरोप एक ही नहीं हैं। विभागीय कार्यवाही में लगाए गए आरोप अनुचित साधनों का उपयोग करके अजय कुमार नंद के नाम में झूठे प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के लिए है। विभागीय कार्यवाही में अंतर्ग्रस्त प्रश्न यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जिसने अनुचित साधनों का उपयोग करके झूठे प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त किया है, को विभाग में काम करने की अनुमति दी जा सकती है। किंतु दांडिक मामले में आरोप कूटरचना, वास्तविक के रूप में कूटरचित दस्तावेज का उपयोग करना, प्रतिरुपण, आदि है।

16. आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखने पर हमारा दृष्टिकोण है कि दांडिक न्यायालय द्वारा प्रत्यर्थी की दोषमुक्ति मात्र का विभाग द्वारा आरंभ की गयी अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रभाव नहीं है। यह

गौर करना उपयुक्त है कि यह स्थापित करने के लिए विभागीय कार्यवाही में पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत की गयी थी कि प्रत्यर्थी वस्तुतः जय प्रकाश मंडल, पुत्र निर्मल मंडल, निवासी गाँव नंद गोला है और अजय कुमार नंद, पुत्र श्री राम रतन प्रसाद सिंह ग्राम हेतीनपुर, पो० हेतीनपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर के निवासी के नाम में कूटरचित शिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किया है। इस अपील में तर्कों के दौरान विद्वान सरकारी अधिवक्ता श्री राजीव रंजन मिश्रा ने दस्तावेजों जो उपायुक्त, पाकुड़ के समक्ष थे को अंतर्विष्ट करने वाले मुहरबंद लिफाफा को और विभागीय कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों की छाया प्रतिलिपियों को प्रस्तुत किया है। प्रत्यर्थी के विरुद्ध विरचित आरोपों (परिशिष्ट 11) में इन दस्तावेजों/रिपोर्टों का सार निर्दिष्ट किया गया था। हमने विभागीय कार्यवाही में प्रस्तुत दस्तावेजों/अनेक रिपोर्टों की छाया प्रतिलिपी का परिशीलन किया है।

17. यह सूचना प्राप्त करने पर कि प्रत्यर्थी ने झूठे नाम, पता और प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किया है, प्रत्यर्थी के मूल गाँव नंद गोला, पी० एस० अंटीचक, पी० एस० पथरघट्टा, जिला भागलपुर में जाँच किया गया था। हमारे समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों (फ्लैग 1) के परिशीलन द्वारा यह प्रकट है कि नंद गोला गाँव के सह-ग्रामीणों अर्थात सिलचू यादव, सरोवर चौधरी, रामवृक्ष सिंह, चंद्रशेखर सिंह, शिव कुमार सिंह और रामशरण चौधरी ने बयान दिया है कि अजय कुमार नंद, पुत्र श्री रामरतन प्रसाद सिंह, नाम का कोई व्यक्ति ग्राम नंद गोला, जिला भागलपुर में निवास नहीं कर रहा है। जाँच के क्रम में, लड्डू मंडल, रामदहीन मंडल एवं नंद गोला गाँव के अन्य व्यक्तियों ने सूचित किया कि ग्राम नंद गोला के व्यक्ति, जिसका वास्तविक नाम जय प्रकाश मंडल, पुत्र निर्मल मंडल है, को पकुरिया में राजस्व कर्मचारी के रूप में पदस्थापित किया गया था। प्रत्यर्थी ने प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था कि वह नेतरहाट सरकारी विद्यालय से प्रथम श्रेणी में मैट्रिकुलेशन में उत्तीर्ण हुआ है और अंग्रेजी में 80% अंक प्राप्त किया है। यद्यपि प्रत्यर्थी नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय (जो झारखंड राज्य में अत्यन्त प्रतिष्ठित विद्यालय है) से प्रथम श्रेणी में मैट्रिकुलेशन में उत्तीर्ण होने का दावा करता है और अंग्रेजी में 80% अंक प्राप्त करने का दावा करता है, एस० डी० ओ० द्वारा जाँच के दौरान यह गौर किया गया था कि प्रत्यर्थी अंग्रेजी में परीक्षा वर्ष, रॉल कोड, आदि लिखने में समर्थ नहीं था। प्रत्यर्थी यह भी नहीं जानता था कि नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय कहाँ अवस्थित है।

18. कार्यपालक दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार द्वारा नेतरहाट विद्यालय में तुरंत जाँच किया गया था। जाँच करने पर यह पाया गया था कि अजय कुमार नंद, पुत्र रामरतन प्रसाद सिंह वर्ष 1984 में नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय से प्रथम श्रेणी में मैट्रिकुलेशन परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ था और कि उक्त रामरतन प्रसाद सिंह राजकीय मध्य विद्यालय, रातू, राँची में शिक्षक के रूप में पदस्थापित है। कार्यपालक दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार ने राँची में उक्त श्री रामरतन प्रसाद सिंह का परीक्षण किया जिसने दिनांक 3.4.1994 को बयान दिया कि उसका पुत्र अजय कुमार नंद वर्ष 1984 में नेतरहाट विद्यालय से मैट्रिकुलेशन परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद सेंट जेवियर महाविद्यालय, राँची से वर्ष 1984-86 के दौरान इंटर विज्ञान पूरा किया और वर्ष 1986-90 के दौरान सिंद्री इंजीनियरिंग महाविद्यालय से इंजीनियरिंग किया और दिल्ली से यू० पी० एस० सी० की तैयारी कर रहा है। उक्त राम रतन प्रसाद सिंह ने कथन किया कि उसका पुत्र अजय कुमार नंद कहीं नहीं काम कर रहा है और यदि किसी को अजय कुमार नंद, पुत्र रामरतन प्रसाद सिंह के नाम में नियुक्त किया गया है, तब वह उसका पुत्र नहीं है और उसने अनुरोध किया कि उस व्यक्ति, जिसे अजय कुमार नंद के नाम में सरकारी सेवा में नियुक्त किया गया था, के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। नंदगोला के ग्रामीणों के बयान, सब डिविजनल अधिकारी, पाकुड़ के रिपोर्ट

और कार्यपालक दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार के रिपोर्ट के आधार पर जाँच अधिकारी ने पाया कि आरोप सिद्ध किया गया था और कि प्रत्यर्थी ने कपट और छल किया है और सरकारी नौकरी प्राप्त किया है।

19. इस अपील में, तर्क के दौरान प्रत्यर्थी के विद्वान अधिवक्ता ने सरकारी उच्च विद्यालय, नेतरहाट में अजय कुमार नंद द्वारा प्राप्त किए गए अंकों का विवरण अंतर्विष्ट करने वाले बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड, पटना द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। प्रत्यर्थी के विद्वान अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि प्रत्यर्थी सरकारी उच्च विद्यालय, नेतरहाट से मैट्रिकुलेशन में उत्तीर्ण हुआ है जबकि अधिकारियों द्वारा की गयी जाँच नेतरहाट के आवासीय विद्यालय के किसी अजय कुमार नंद से संबंधित थी। जाँच अधिकारी के समक्ष दाखिल कारण बताओ (परिशिष्ट 12) में प्रत्यर्थी ने यह बिंदु नहीं उठाया है कि उसने नेतरहाट सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन किया है और कि एक अन्य अजय कुमार नंद ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अध्ययन किया है। प्रत्यर्थी के विद्वान अधिवक्ता ने नेतरहाट सरकारी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अभिकथित रूप से जारी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया था। प्रत्यर्थी ने जाँच अधिकारी के समक्ष अथवा अनुशासनिक प्राधिकारी के समक्ष मूल मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र अथवा इसकी अधिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत नहीं किया था।

20. दांडिक मामले में दोषमुक्ति मात्र स्वयं में अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा अधिरोपित दंड के आदेश में हस्तक्षेप करने का आधार नहीं हो सकता है। आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखने पर बर्खास्तगी का आदेश पारित किया जा सकता है भले ही अपचारी अधिकारी को दांडिक आरोपों से दोषमुक्त कर दिया गया था। जैसा **पुलिस आयुक्त, नयी दिल्ली एवं एक अन्य बनाम मेहर सिंह, (2013)7 SCC 685,** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया है कि जहाँ दांडिक मामले में प्रमाण का स्तर समस्त युक्तियुक्त संदेह के परे प्रमाण है, विभागीय कार्यवाही में प्रमाण अधिसंभाव्यता की बहुलता है।

21. पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं एक अन्य बनाम एस॰ समुथिरम, (2013)1 SCC 598, मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिव्यक्ति 'सम्मानपूर्वक दोषमुक्ति'' पर विचार किया गया था। एस॰ समुथिरम में अभिव्यक्ति 'सम्मानपूर्ण दोषमुक्ति' के अर्थ पर विचार करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पैरा 25 और 26 में निम्नलिखित अभिनिर्धारित किया:–

"25. vkj0 ih0 dij cuke Hkkjr l?k e ;g vfHkfuèkkfjr fd;k x;k Fkk fd nk"kefDr d ekey e Hkh foHkkxh; dk;okgh dh tk ldrh g tgk nk"kefDr lEekuuh; l fHkUu gA v le jkT; cuke jk?ko jktxkikykpkjh u bl U;k;ky; u jkcV LVvV okmpki cuke lekV e ykM fofy;El] U;k;efr }kjk vfHk0;Dr nf"Vdk.k dk vueknu d lkFk m)r fd;k tk fuEufyf[kr g% ^jk?ko ekeyk] ,l0 ,y0 vkj0 i"B 47 ijk 8)

"8. ...... vfHk0;fDr ^^lEekuuh; :i l nk"keDr** U;k;ky;k dk vKkr gA çdVr% ;g dkV ek'ky ,o vU; U;kf;drj vfèkdj.kk e ç;Dr vkn'k dk :i gA geu viu fu.k; e dgk fd geu vihykFkh }kjk fn;k x;k Li"Vhdj.k Lohdkj fd;k g] bl lR; ekuk vkj fopkj fd;k fd ljdkjh çkfèkdkfj;k vkj nMkfèkdkjh }kjk bl Lohdkj fd;k tkuk pkfg, FkkA vkx geu fu.k; fd;k fd vihykFkh u vkjkik e fufn"V èku dk nfofu;kx ugh fd;k FkkA bl çdkj ;g Li"V g fd gekj fu.k; dk çHkko ;g Fkk fd vihykFkh dk mruk gh ijh rjg nk"keDr fd;k x;k Fkk ftruk mldk nk"keDr fd, tku d fy, lHko FkkA lHkor% ;g mld lerY; g ftl ljdkjh çkfèkdkjh ^^lEekuuh; :i l nk"keDr** dgr gA*

*26. geu igy gh minf'kr fd;k g fd iucgkyh d fy, lok fu;ek e fdlh çkoèkku dh vuifLFkfr e] ;fn depkjh dk nkfMd U;k;ky; }kjk lEekuuh; :i l nk"keDr fd;k tkrk g] iucgkyh lfgr fdlh ykHk dk nkok dju d fy, depkjh ij vfèkdkj çnUk ugh fd;k tkrk gA dkj.k ;g g fd nkfMd U;k;ky; }kjk O;fDr dk nk"kh vfHkfuèkkfjr dju d fy, çek.k dk Lrj vkj vu'kklfud dk;okgh d :i e dh x;h tkp e çek.k dk Lrj fcYdy fHkUu gA nkfMd ekey e] vfHk;Dr d nk"k dk LFkkfir dju dk Hkkj vfHk;kstu ij g vkj ;fn ;g leLr ;fDr;Dr lng d ij nk"k LFkkfir dju e foQy jgrk g] vfHk;Dr dk funk"k mièkkfjr fd;k tkrk gA ;g lfuf'pr fofèk g fd nkfMd U;k;ky; e nk"k LFkkfir dju d fy, vko';d çek.k dk dBkj Hkkj vu'kklfud dk;okgh e vko';d ugh g vkj vfèklHkkO;rkvk dh cgyrk i;klr gA ,l ekey gk ldr g tgk O;fDr dk VfDudy dkj.kk l vFkok vfHk;kstu }kjk vU; xokgk dk NkM nu D;kfd xokgk e l dN i{knkgh cu x, d dkj.k nk"keDr fd;k tkrk gA oreku ekey e] vfHk;kstu u vud fu.k;dkjh xokgk dk ijh{k.k dju d fy, bl vkèkkj ij dne ugh mBk;k Fkk fd ifjoknh vkj mlds iRuh i{knkgh cu x, FkA vr%] U;k;ky; u lng dk ykHk nr g, vfHk;Dr dk nk"keDr dj fn;kA ge ;g dgu d fy, r;kj ugh g fd oreku ekey e çR;Fkh dk nkfMd U;k;ky; }kjk lEekuuh; :i l nk"keDr fd;k x;k Fkk vkj ;fn ,lk g] rc Hkh og iucgkyh dk nkok dju dk gdnkj ugh g D;kfd rfeyukM lok fu;ekoyh ,lk çkoèkkfur ugh djrh gA***

22. पुलिस आयुक्त, नयी दिल्ली एवं एक अन्य बनाम मेहर सिंह, (2013)7 SCC 685, के निर्णय में एस० सामुथिरम मामले को निर्दिष्ट एवं अनुसरित किया गया था और यह संप्रेक्षित किया गया था कि प्राय: दांडिक मामले दोषमुक्ति में इसलिए समाप्त होते हैं क्योंकि गवाह पक्षद्रोही हो गए थे अथवा साक्ष्य नहीं दिया गया था। ऐसी दोषमुक्ति गुणागुण पर दोषमुक्ति नहीं है। संदेह के लाभ पर आधारित दोषमुक्ति पूर्णरुपेण विचारण के बाद गुणागुण पर स्पष्ट दोषमुक्ति के समतुल्य नहीं होगी जहाँ कोई उपदर्शन नहीं है कि गवाहों को जीत लिया गया था। **आर० पी० कपूर बनाम भारत संघ, AIR 1964 SC 787,** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दृष्टिकोण अपनाया है कि विभागीय कार्यवाही जारी रह सकती है भले ही व्यक्ति को दोषमुक्त कर दिया गया है जब दोषमुक्ति सम्माननीय रूप से भिन्न है।

23. उक्त की दृष्टि में, हम परीक्षण करें कि प्रत्यर्थी के विरुद्ध दांडिक मामले में दोषमुक्ति की प्रकृति क्या है। दांडिक न्यायालय के निर्णय (परिशिष्ट 10) के परिशीलन से यह देखा गया है कि केवल सूचक जिसने मामला दर्ज किया और जो जाँच अधिकारी भी था, का परीक्षण किया गया था। दांडिक मामले में दस्तावेज प्रस्तुत एवं चिन्हित नहीं किए गए थे। न्यायिक दंडाधिकारी, पाकुड़ ने इंगित किया कि सूचक जो जाँच अधिकारी भी था, के अलावे किसी अन्य गवाह की परीक्षा अभियोजन द्वारा नहीं किया गया था और अभियोजन ने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। मामला मुख्यत: गवाहों के गैर-परीक्षण, दस्तावेजी साक्ष्य के अप्रस्तुतीकरण के कारण और प्रत्यर्थी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्ति में समाप्त हुआ।

24. हमारा दृष्टिकोण है कि दांडिक मामले में प्रत्यर्थी को दांडिक न्यायालय द्वारा सम्मानपूर्वक दोषमुक्त नहीं किया गया था, बल्कि केवल गवाहों के गैर परीक्षण और दस्तावेजों के अप्रस्तुतीकरण के कारण प्रत्यर्थी को संदेह का लाभ दिया गया था और उसे दोषमुक्त किया गया था। विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा इन पहलूओं को ध्यान में नहीं रखा गया था और विद्वान एकल न्यायाधीश मात्र इस आधार पर कि दांडिक मामला दोषमुक्ति में समाप्त हुआ, बर्खास्तगी के दंड में हस्तक्षेप करने में सही नहीं थे। आरोपों

की गंभीरता को ध्यान में रखने पर कि प्रत्यर्थी ने जाली प्रमाण पत्रों के आधार पर नियोजन प्राप्त किया था, प्रत्यर्थी को विभाग में काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और हमारा दृष्टिकोण है कि सेवा से बर्खास्तगी का दंड आरोपों की गंभीरता के अनुरुप है और विद्वान एकल न्यायाधीश के आदेश को संपोषित नहीं किया जा सकता है और यह अपास्त किए जाने का दायी है।

25. अतः, सी॰ डब्ल्यू॰ जे॰ सी॰ सं॰ 5762 वर्ष 2000P में पारित दिनांक 19.11.2011 के आदेश को अपास्त किया जाता है। एल॰ पी॰ ए॰ अनुज्ञात किया जाता है।

---

ekuuh; Jh pn'k[kj] U;k;efr

विश्वास कुमार बर्णवाल

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P. (S) No. 3839 of 2013. Decided on 21st November, 2013.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन एक आवेदन के मामले में।

सेवा विधि–पारिवारिक पेंशन–किसी व्यक्ति का नामांकन उस व्यक्ति को संपत्ति का स्वामी बन जाने का हकदार नहीं बनाता है–नाम निर्देशिती केवल उत्तराधिकारियों के बीच संपत्ति निष्पादित अथवा वितरित करने के लिए संपत्ति धारण करता है–संपत्ति की हकदारी को उत्तराधिकार की विधि के अनुसार विनिश्चित करना होगा–कर्मचारी अपने जीवनकाल के दौरान किसी व्यक्ति को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित नहीं कर सकता है क्योंकि भूतपूर्व कर्मचारी का पारिवारिक पेंशन के उपर कोई दावा नहीं होगा और वह किसी व्यक्ति को पारिवारिक पेंशन विरासत में देते हुए वसीयत नहीं कर सकता है–अभिलेख पर कोई निश्चयात्मक साक्ष्य नहीं लाया गया जो याची का दावा स्थापित कर सकता था–रिट याचिका खारिज। (पैराएँ 17, 23 एवं 26)

निर्णयज विधि.–AIR 1924 Sind 57; AIR 1928 Lahore 773; AIR 1957 Mad 115; (1984) 1 SCC 424; (2000) 6 SCC 724; AIR 1945 Pat 475; (1897) ILR 19 AH. 458; (1993) 2 SCC 507—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. K.P. Deo, For the Petitioner; Mr. A.K. Mishra, For the Resp. Nos. 1 to 6; Mr. S. Shrivastava, For the Resp. No.7.

न्यायालय द्वारा.–याची किसी गायत्री प्रसाद वर्णवाल का जी॰ पी॰ एफ॰, उपदान, अवकाश नगदकरण सामूहिक बीमा, आदि सहित सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान उसको किए जाने के लिए निर्देश इप्सित करते हुए इस न्यायालय के पास आया है।

2. अनावश्यक विवरणों को छोड़ते हुए संक्षिप्त तथ्य ये हैं कि किसी गायत्री प्रसाद बर्णवाल जिसे दिनांक 12.7.1994 को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त किया गया था की मृत्यु दिनांक 24.10.2008 को हो गयी। उसने दिनांक 12.4.2007 को याची के पक्ष में वसीयत निष्पादित किया और उक्त वसीयत दिनांक 10.10.2012 को प्रोबेट किया गया था। उसने दिनांक 19.3.2007 को कार्यालय में आवेदन भी दाखिल किया और दो गवाहों अर्थात् सुरेश सिंह, कनीय क्षेत्र अन्वेषक एवं अनिल दूबे, बी॰ एस॰ एस॰ की उपस्थिति में याची को नामांकित करते हुए जी॰ पी॰ एफ॰ फॉर्म भी भरा। इन तथ्यों में याची ने दावा किया है कि उक्त गायत्री प्रसाद बर्णवाल के सेवानिवृत्ति देयों को उसको दिया जाना चाहिए।

3. याची के दावा से इनकार करते हुए इस आधार पर प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया है कि किसी प्रतिमा कुमारी जो उक्त गायत्री प्रसाद वर्णवाल की दत्तक पुत्री थी ने भी समरुप दावा किया है।

4. दोनों पक्षों के अधिवक्ता सुने गए और अभिलेख पर मौजूद दस्तावेजों का परिशीलन किया गया।

5. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री के॰ पी॰ देव ने निवेदन किया है कि चूँकि मृतक कर्मचारी अर्थात् गायत्री प्रसाद वर्णवाल द्वारा जी॰ पी॰ एफ॰ फॉर्म में याची का नाम नामांकित किया गया था और उसने याची के पक्ष में वसीयत निष्पादित किया था जिसमें भी यह विनिर्दिष्टत: कथन किया गया है कि याची को उक्त गायत्री प्रसाद बर्णवाल के सेवानिवृत्ति देयों को प्राप्त करने के लिए नामांकित किया गया है और चूँकि, उक्त वसीयत विधि के सक्षम न्यायालय द्वारा प्रोबेट किया गया है, अत: याची गायत्री प्रसाद वर्णवाल के सेवानिवृत्ति देयों का भुगतान पाने का हकदार है।

6. समानांतर स्तंभ में, प्रत्यर्थी राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री ए॰ के॰ मिश्रा ने निवेदन किया है कि चूँकि मृतक कर्मचारी के विधिक उत्तराधिकारी के संबंध में विवाद है, याची के दावा को अंतिम रूप नहीं दिया गया था। उन्होंने आगे निवेदन किया है कि जी॰ पी॰ एफ॰ फॉर्म में याची के पक्ष में नामांकन भी संदेहास्पद है। यद्यपि अभिकथित वसीयत को प्रोबेट किया गया है, किसी प्रतिमा कुमारी, जिसने स्वयं का मृतक कर्मचारी की दत्तक पुत्री होने का दावा किया, को प्रोबेट कार्यवाही में नोटिस कभी नहीं दिया गया था और इसलिए, याची का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

7.प्रत्यर्थी सं॰ 7 के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री सुदर्शन श्रीवास्तव ने निवेदन किया है कि किसी व्यक्ति का नामांकन केवल उस हाथ को उपदर्शित करता है जो राशि प्राप्त करेगा और यह इस प्रकार नामांकित व्यक्ति पर राशि के स्वामित्व का दावा करने के लिए कोई अधिकार प्रदत्त नहीं करता है। विद्वान अधिवक्ता ने **(1984)1 SCC 424** और **(1991)1 SCC 725,** में प्रकाशित निर्णयों को निर्दिष्ट किया है।

8. परस्पर विरोधी निवेदनों पर विचार करने पर मेरा मत है कि इस मामले में अंतर्ग्रस्त संक्षिप्त बिंदु यह है कि ''सेवानिवृत्ति लाभों को प्राप्त करने के लिए याची के नामांकन का क्या प्रभाव है?''

9. शब्द ''नामांकन'' को ब्लैक के विधि शब्दकोष में "1. निर्वाचन अथवा नियुक्ति के लिए व्यक्ति को प्रस्तावित करने के कृत्य, 2. पद, सदस्यता, पुरस्कार अथवा समान उपाधि अथवा दर्जा के लिए व्यक्ति को नामित अथवा पदनामित करने के कृत्य'' के रूप में परिभाषित किया गया है। हाल्सबरी के विधि शब्दकोष में भी शब्द ''नामांकन और मृत्यु पर भुगतान'' पर निम्नलिखित रूप से चर्चा किया गया है:–

> *"189.* ***ukekadu ,o eR;q ij Hkxrku*** *&jk"Vh; cpr LVkd jftLVj ij jftLVM LVkd èkkjd] ;fn og èkkjd Fkk ftlus 16 o"k dh vk;q çkIr dj yh ;k g] dk 1 eb] 1981 d igy ;g fun'k nrk g, fd mldh eR;q ij mld }kjk rc èkkj.k fd, x, vkj mld uke e jftLVj fd, x, fdlh LVkd e mldk fgr ukekadu e fofufn"V 0;fDr ;k ij vkj fofufn"V v'kk ,o [kMk e U;kxr fd;k tkuk pkfg,] ukekadu dju dh 'kfDr FkhA tgk] bl çdkj jftLVM fdlh LVkd d èkkjd dh eR;q ij LFkku] tgk èkkjd viuh eR;q dh frfFk ij fuokl djrk Fkk] dh fofèk d vu#i Hkxrku fd;k tkrk g] Hkxrku dk lE;d :i l fd;k x;k le>k tkrk g tc rd] Hkxrku fd, tku d igy] cpr fun'kd u fyf[kr e vfèklfpr ugh fd;k Fkk fd èkkjd ml le; ij dgh vkj vfèkokfIr FkkA dfri; vioknk d vèkhu] èkkjd dh eR;q ij fdlh Hkxrku vFkok vrj.k fd, tk ldu d igy eR;q ij çHkkj ;kX; dj d Hkxrku d çfr vrn'kh; jktLo vk;Dr l oDr0; dh çLrfr vko';d g ftld fofufn"V vkfLr;k dk dy eY; £50,000/- (ikmUM) l vfèkd gA*

bl idkj jftLVM LVkd d ekey e cpr fun'kd dk fdlh LVkd] nLrkot vFkok èku d ifr fdlh O;fDr d gd vFkok fdlh O;fDr dh igpku dk mld lrk"kkulkj lk{; fn, tku dh vko';drk gk ldrh gA ,lk dkb c;ku vFkok lpuk fd O;fDr d ckj e lkr o"kk vFkok vfèkd rd luk ugh x;k g] eR; d fu'p;kRed iek.k d :i e Lohdkj fd;k tk ldrk gA

*tgk èkkjd dh eR; d le; ij èkfr dk eY; £50,000/- (ikmUM) d ij ugh g vFkok] ;FkkfLFkfr] mldh eR; d le; ij tek dju oky dk n; jkf'k C;kt l vuU; £50,000 (ikmUM) l vfèkd ugh g çkcV vFkok ç'kklu i= vko';d cuk, fcuk gdnkj lefpr O;fDr dk Hkxrku fd;k tk ldrk gA***

10. नामांकन के विधिक प्रभाव पर काफी पहले वर्ष 1924 में **''आयमाई बनाम अवाबाई धनजीरशाव जमशेरजी एवं अन्य,'' AIR 1924 Sind 57,** में विचार किया गया था। उक्त मामले में, किसी मास्टर (स्वामी), प्रासंगिक समय पर विधुर, द्वारा अपनी एकमात्र पुत्री आयमाई के पक्ष में किए गए नामांकन को उसकी दूसरी पत्नी जो उत्तरजीवी रही द्वारा और दूसरी पत्नी के संतानों द्वारा मृतक की संपदा होने के नाते भविष्य निधि की राशि का दावा करते हुए और इस प्रकार विधवा (दूसरी पत्नी अवाबाई) को दिए जाने के लिए चुनौती दी गयी थी। न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि नाम निर्देशिती मात्र नामांकन के फलस्वरुप कोई अधिकार अथवा हक नहीं पाता है। न्यायालय ने निम्नलिखित संप्रेक्षित किया:–

अधिवक्तागण.–M/s Bhawesh Kumar, Ravi Kumar, Rahul Kamlesh, Arbind Kr. Sinha, For the Appellants; Mr. Rangan Mukhopadhyay, For the Respondents.

न्यायालय द्वारा.–753 भूमि संदर्भ मामलों में विद्वान विशेष भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश, कोडरमा द्वारा पारित दिनांक 2.2.2006 के सम्मिलित निर्णय तथा अधिनिर्णय से व्यथित एवं असंतुष्ट होकर, अपीलार्थीगण, जिन्होंने केशो जलाशय परियोजना के कारण भूमि खोई है, ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अधीन प्रतिकर की दर के वर्धन के लिये तथा वर्द्धित दर के भुगतान के लिए अपीलों का वर्तमान समूह दाखिल किया है।

2. मामले के संक्षिप्त तथ्य निम्नवत् हैं:–

प्रश्नाधीन भूमि केशो जलाशय परियोजना के अधीन एक बांध के निर्माण के लिए अधिगृहित की गयी थी। हजारीबाग जिला में (वर्तमान में कोडरमा जिला में) मरकाचो प्रखंड में 11 ग्रामों से भूमि का अधिग्रहण किया गया था। 'कटही', 'भगटियाडीह', 'कारिखोखो', 'पसियाडीह', 'मसमोहना', 'परनवा तांड', 'टिक्कोपारा', 'कैला खंडहर', 'निमाडीह', 'कुन्दी धनवार' एवं 'बछेडीह' ग्रामों से संबंधित कुल मिलाकर लगभग 721 एकड़ जमीन अधिगृहित की गयी है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अधीन विधि की सम्यक् प्रक्रिया का अनुपालन करके वर्ष 1987-88 में अधिग्रहण हुआ था तथा तत्पश्चात्, विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा संदर्भ मामले दाखिल किये गये थे। मौजा-बछेडीह के अधीन जमीन के संबंध में संदर्भ मामलों का एक समूह-एल॰ आर॰ संख्या 68-122 वर्ष 1990-3.9.1991 को निर्णीत किया गया था। उक्त निर्णय से व्यथित होकर, इस न्यायालय के समक्ष प्रथम अपीलें दाखिल की गयी थीं तथा प्रथम अपीलों के उस समूह में अंतर्ग्रस्त तथ्यों तथा परिस्थितियों पर विचार करने के उपरान्त, विद्वान विशेष भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय तथा अधिनिर्णय अपास्त कर देने का आदेश किया गया था तथा दोनों पक्षकारों द्वारा विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने के लिये एक अवसर प्रदान करने के उपरान्त प्रारंभिक चरण से विधि के अनुसार फिर से निर्णय करने के लिये मामला प्रतिप्रेषित कर दिया गया था। यह प्रतीत होता है कि दिनांक 2.12.1992 के एक अन्य निर्णय द्वारा संदर्भ मामलों का एक अन्य समूह निस्तारित किया गया था, जिसके विरूद्ध इस न्यायालय में प्रथम अपीलें दाखिल की गयी थी तथा उन्हें सुना गया था एवं 3.12.2003 को निर्णीत किया गया था, जिसके द्वारा इस न्यायालय ने सभी मामलों को नये निर्णयों के लिये प्रतिप्रेषित कर दिया है। इस न्यायालय ने विद्वान अवर न्यायालय को केशो जलाशय परियोजना के संबंध में लंबित सभी संदर्भ मामलों को एक साथ मिला देने का भी निर्देश दिया था। तद्नुसार, विद्वान अवर न्यायालय केशो जलाशय परियोजना से उद्भूत भूमि संदर्भ मामलों से निपटा था तथा उनका निर्णय किया था एवं प्रत्येक अधिनिर्णय के विरूद्ध अभिनिर्धारित कुल राशि का 25% जोड़कर दिनांक

2.2.2006 के एक आदेश द्वारा अधिनिर्णय को उपांतरित कर दिया था। पूर्वोक्त निर्णय तथा अधिनिर्णय से असंतुष्ट एवं व्यथित होकर, केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों ने प्रथम अपीलों का वर्तमान समूह दाखिल किया है।

3. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि विद्वान अवर न्यायालय मौखिक तथा अभिलेख पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य का भी मूल्यांकन करने में विफल रहा था तथा तद्द्वारा प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में पर्याप्त प्रतिकर प्रदान करने में विफल रहा था, यद्यपि प्रश्नाधीन भूमि को सिंचाई की उत्तम सुविधा उपलब्ध थी तथा एक वर्ष में तीन फसलें उगाने में सक्षम थीं। यह भी निवेदन किया गया है कि विद्वान अवर न्यायालय ने प्रश्नाधीन जमीन की अवस्थिति, जो राज्य उच्च मार्ग, रेलवे स्टेशन से सटी है, जैसे कई कारकों तथा निकट के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों जैसे अन्य कारकों को भी उपयुक्त रूप से विचार में नहीं लिया है। यह भी निवेदन किया गया है कि विद्वान अवर न्यायालय ने इस तथ्य पर भी उपयुक्त रूप से विचार नहीं किया है कि केशो जलाशय परियोजना तथा पंचखेरो जलाशय परियोजना उसी प्रखंड के भीतर लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर थीं तथा उन दोनों की भूमि की गुणवत्ता समरूप थीं। अधिग्रहण का उद्देश्य भी एक ही था। यह भी निवेदन किया गया है कि केशो जलाशय परियोजना तथा पंचखेरो जलाशय परियोजना के संबंध में भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना भी निकट की ही अवधि की थी तथा उनके बीच एक वर्ष से अधिक का अंतराल नहीं था। यह भी निवेदन किया गया है कि विद्वान अवर न्यायालय ने इस न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय पर भी उपयुक्त रूप से विचार नहीं किया है, जिसमें मामले में अंतर्ग्रस्त तथ्यों तथा परिस्थितियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के उपरांत इस न्यायालय द्वारा 660/– रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर अभिनिर्धारित किया गया था। यह भी निवेदन किया गया है कि उक्त निर्णय विद्वान अवर न्यायालय के समक्ष उद्धृत किया गया था तथा प्रदर्श 1 के माध्यम से उसकी प्रतिलिपि भी पेश की गयी थी, परन्तु विद्वान अवर न्यायालय ने इस न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय पर उसके उचित परिप्रेक्ष्य में विचार में नहीं लिया है। यह भी निवेदन किया गया है कि अपीलार्थीगण ने कई साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं तथा अपीलार्थीगण द्वारा पेश किये गये साक्ष्यों में से अधिकांश उनके मामले के समर्थन में दावा के वर्धन के उद्देश्य के लिये सुसंगत थे। तथापि, उक्त दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य का भी विद्वान अवर न्यायालय द्वारा उपयुक्त रूप से मूल्यांकन नहीं किया गया है।

अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों के कुछ हिस्से की ओर इस न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया तथा निम्नवत् निवेदन किया:–

कि अपीलार्थीगण के गवाहों ने भी अपने अभिसाक्ष्य में यह तथ्य कथित किये हैं कि अधिगृहित भूमि का एक बड़ा हिस्सा धान सं॰ 1 तथा तांड़ सं॰ 1 है तथा एक वर्ष में तीन फसल उगाने योग्य है क्योंकि सिंचाई की उत्तम सुविधा है तथा भूमि काफी उपजाऊ है। यह भी निवेदन किया गया है कि उन्होंने यह भी कथित किया है कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास के कारण, भूमि की कीमत दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है।

कि अपीलार्थीगण ने प्रदर्शों के तौर पर कुछ दस्तावेजों को भी पेश किया है। प्रदर्श सं॰ 1 दर्शाता है कि लगभग 2,000/– रुपये प्रति डिसमिल की दर से केन्द्र सरकार (दूरसंचार विभाग) को बछेडीह का क्षेत्र अंतरित किया गया था। उक्त परियोजना के लिये अपीलार्थीगण की भूमि के अधिग्रहण के एक वर्ष पहले 7.7.1987 को भूमि का यह अंतरण हुआ था।

कि दावे के समर्थन में गवाहों में से एक गवाह सं॰ 3 ने स्पष्टतः कथित किया है कि उसके भाई ने अधिगृहित क्षेत्र में 15,00/– रुपये प्रति डिसमिल की दर से जनवरी, 1987 में दो डिसमिल जमीन बेंची थी। इसी अनुक्रम में अपीलार्थीगण ने एक अन्य प्रदर्श, अर्थात, प्रदर्श 1/1 प्रस्तुत किया है जिसके द्वारा 7.11.1984 (कथित भूमि अधिग्रहण के लगभग चार वर्ष पहले) को मौजा बछेडीह के अधीन जमीन 10 डिसमिल जमीन के लिये 5,000/– रुपये की प्रतिफल राशि पर बेची गयी थी।

कि दस्तावेजी साक्ष्य, अर्थात, प्रदर्श 4, जो एल॰ आर॰ केस सं॰ 123/90 से 254/90 में पारित भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश का निर्णय है, से यह प्रकट होता है कि 736/- रुपये प्रति डिसमिल की एक समान दर पर उसी जिला में भैरवा जलाशय परियोजना के अधीन भूमि का एक बड़ा टुकड़ा अधिगृहित किया गया था।

कि अपीलार्थीगण ने उसी प्रखंड, मरकाछो की सीमाओं के भीतर पछखेरो जलाशय परियोजना के लिये भूमि के अधिग्रहण से संबंधित प्रथम अपील सं॰ 150/92 (आर॰) से 181/92 (आर॰) में पारित निर्णय की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत की है। यह चौंकाने वाला है कि इस उच्च न्यायालय का निर्णय अवर न्यायालय द्वारा विचारित नहीं किया गया है इस आधार पर कि पंचखेरो जलाशय परियोजना की भूमि का अधिग्रहण 23.3.1988 को किया गया था तथा वर्तमान संदर्भ मामले वर्ष 1987 में किये गये काफी पहले के अधिग्रहण से संबंधित हैं। इस प्रकार विचार किया जाना दोषपूर्ण है। तथापि, यह तथ्य है कि पंचखेरो जलाशय परियोजना के अधीन भूमि का अधिग्रहण अपीलार्थी की भूमि के ही अधिग्रहण के ही वर्ष 23.3.1988 को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया गया था।

4. इसके विरूद्ध, प्रत्यर्थी-राज्य सरकार के लिये उपस्थित होने वाले विद्वान अधिवक्ता ने प्रत्यर्थी-राज्य द्वारा दाखिल प्रतिशपथ पत्र को निर्दिष्ट करके निवेदन किया कि विद्वान अवर न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य पर सावधानीपूर्वक विचार करने के उपरांत एक विस्तृत निर्णय तथा अधिनिर्णय पारित किया है तथा अतएव, इसके साथ हस्तक्षेप किए जाने की आवश्यकता नहीं है एवं विद्वान अवर न्यायालय द्वारा पारित अधिनिर्णय सम्पुष्ट किया जा सकता है। यह भी निवेदन किया गया है कि भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी द्वारा 24% वर्धन पहले ही विचारित किया जा चुका है तथा भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी द्वारा पारित अधिनिर्णय में इसका प्रभाव प्रदान किया जा चुका है। प्रत्यर्थी-राज्य सरकार के विद्वान अधिवक्ता ने विद्वान अवर न्यायालय द्वारा किये गए सम्परीक्षणों को निर्दिष्ट करके निवेदन किया कि विद्वान अवर न्यायालय ने मौखिक तथा अभिलेख पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य पर भी विस्तार से चर्चा किया है तथा तत्पश्चात् निष्कर्ष पर पहुँचा है, जो विधि के अनुसार प्रतीत होता है तथा अतएव, उक्त निष्कर्षों के साथ प्रथम अपीलों के वर्तमान समूह में हस्तक्षेप नहीं किया जाय।

5. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने उनके द्वारा दाखिल लिखित निवेदनों को निर्दिष्ट करके निवेदन किया कि इन प्रथम अपीलों के लंबित रहने के दौरान केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों द्वारा किये गये विरोध को देखते हुए, झारखंड सरकार, जल संसाधन विभाग ने उपायुक्त, कोडरमा को उनसे उनकी अध्यक्षता के अधीन एक समिति गठित करने का आग्रह करते हुए दिनांक 18 मार्च, 2009 के ज्ञापन के माध्यम से केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों को भुगतान के संबंध में एक पत्र लिखा था, ताकि भूमि खोने वालों के साथ संवादों के उपरान्त, समस्या का समाधान किया जा सके। यह प्रतीत होता है कि राज्य सरकार के उपरोक्त निर्दिष्ट पत्र के आलोक में, उपायुक्त, कोडरमा (प्रत्यर्थी सं॰ 1) की अध्यक्षता के अधीन एक समिति गठित की गयी थी। उक्त समिति में अध्यक्ष के अलावा राज्य के अन्य उच्चस्तरीय पदाधिकारीगण थे। यह प्रतीत होता है कि उक्त समिति ने भूमि खोने वालों के साथ सम्यक् संवादों के उपरान्त तथा मामले की उपयुक्त संवीक्षा के उपरान्त राज्य सरकार को निम्नांकित अनुशंसायें की थीं:-

(i) Hkfe [kku okyk dh ekx dk n[kr g,] ekuuh; mPp U;k;ky; }kjk ;Fkk fuèkkfjr ip[kjk tyk'k; ifj;ktuk d Hkfe [kku okyk d fy; ifrdj dh nj d vkèkkj ij d'kk tyk'k; ifj;ktuk d iHkkfor vfHkèkkfj;k dk ifrdj d Hkxrku d fy, vkj dne mBk; tku pkfg,A ekuuh; mPpre U;k;ky; u ip[kjk tyk'k; d Hkfe [kku okyk dk Hkfe vfèkxg.k vfèkfu;e d vèkhu vU;

ykHkk d lkFk 660@& #i; ifr fMlfey dh ,d leku nj fuèkkfjr dh FkhA vuyXud 2

(ii) ekuuh; mPp U;k;ky; d le{k le>krk vkonu d ekè;e l d'kk tyk'k; ifj;ktuk d xkeh.kk (Hkfe [kku okyk) }kjk nkf[ky vihyk d fuLrkj.k d fy; dne mBk; tku pkfg,] rkfd vihyk dk fuLrkj.k fd;k tk ld rFkk foHkkx ,o xkeh.kk d chp dk fookn ly>k;k tk ldA

यह निवेदन किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपरोक्त कथित अनुशंसाओं के आलोक में, विभाग द्वारा प्रतिकर की राशि की गणना की गयी है तथा लोक अदालत के माध्यम से विवाद का समाधान करके एक सौहार्द्रपूर्ण समाधान पर पहुँचने की संभावना का पता लगाने के लिये भी कदम उठाये गये थे। तद्नुसार, इस न्यायालय द्वारा प्रथम अपील संख्याओं 127 वर्ष 2006 एवं अन्य सदृश मामलों में पारित दिनांक 27.9.2010 के अपने आदेश द्वारा 319 प्रथम अपील मामले लोक अदालत को निर्दिष्ट किये गये थे। यह भी निवेदन किया गया है कि 9.10.2010 को इस न्यायालय के परिसर में भी लोक अदालत आयोजित की गयी थी जिसमें राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के सचिव ने 660 रुपये प्रति डिसमिल की दर से केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों को प्रतिकर की राशि का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया था। इस संबंध में, विभाग के संयुक्त सचिव के हस्ताक्षराधीन विभाग द्वारा दिनांक 9.10.2010 का एक पत्र निर्गत किया गया था उसमें यह कथित करते हुए कि सरकार 660/- रुपया प्रति डिसमिल की दर से केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों को प्रतिकर का भुगतान करने के लिये तैयार थी परन्तु किसी प्रकार उक्त प्रस्ताव समाधान तक नहीं पहुँच सका था।

6. अब प्रथम अपीलों के प्रस्तुत समूह में उपरोक्त निवेदन के आलोक में, जिस मूल प्रश्न का निर्णय किये जाने की आवश्यकता है, वह इसको लेकर है कि ''क्या राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रतिकर अपीलार्थीगण के लिये पर्याप्त प्रतिकर है या अपीलार्थीगण उससे अधिक के हकदार हैं जितने का प्रस्ताव किया गया है।'' उपरोक्त मुद्दे का निर्णय करने के उद्देश्य के लिये, पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत निम्नांकित साक्ष्यों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।

7. बछेडीह ग्राम के एल॰ आर॰ सं॰ 68 से 122 वर्ष 1990/1 से 55 वर्ष 1997 (27/97 को छोड़कर) के मामले में आवेदकों ने कुल मिलाकर तीन गवाहों को परीक्षित किया था तथा विपक्षी ने दो गवाहों को परीक्षित किया था।

ए॰ डब्ल्यू॰ 1 (मांगर महतो)	उसने कथित किया कि उसकी जमीन का केशो जलाशय के लिये वर्ष 1985-86 में अधिग्रहण किया गया था तथा अति अल्प प्रतिकर का भुगतान किया गया है। उसने कथित किया था उसकी अधिगृहित भूमि की प्रकृति कोटि I भूमि की थी तथा वह एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया था कि तिलैया-गिरीडीह मुख्य सड़क अधिगृहित भूमि से होकर गुजरती है। एक एकड़ में एक वर्ष में 45 मन धान एवं 40 मन गेहूँ तथा खेसाड़ी भी उगता है। उसने यह भी कथित किया था कि नवलशाही गांव बछेडीह गांव से सटा हुआ है तथा दूरसंचार विभाग ने 2,000/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से वर्ष 1983-84 में जमीन खरीदी थी।
ए॰ डब्ल्यू॰ 2 (अर्जुन साव)	उसने कथित किया कि 7.7.1987 को उसने केन्द्र सरकार को 45,914/- रुपये में मौजा नवलशाही खेसड़ा सं॰ 3 खाता सं॰ 43 की 23 डिसमिल जमीन बेची थी तथा इसे दूरसंचार विभाग के लिये खरीदा गया था। भूमि

	की प्रकृति टांड़ थी। उसने यह भी कथित किया कि नवलशाही तथा बछेडीह की जमीन की प्रकृति एक ही है। विक्रय–विलेख प्रदर्श 1 के तौर पर अंकित किया गया है।
ए॰ डब्ल्यू॰ 3 (छोटु महतो)	उसने कथित किया कि उसकी भूमि भी केशो जलाशय के लिये अर्जित की गयी है। वह अधिगृहित भूमि पर तीन फसलें उगाया करता था। उसने 5,000/– रुपये प्रति डिसमिल के प्रतिकर का दावा किया था।
वि॰ सा॰ 1 (दशरथ ठाकुर)	वह भूमि अधिग्रहण कार्यालय में अमीन था। उसने विक्रय तालिका प्रदर्शित किया था तथा इसे प्रदर्श 1 के तौर पर अंकित किया गया है। प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया था कि प्रदर्श A के स्तंभ संख्या 14 में टांड़ II जमीन की दर 45,000/– रुपये प्रति एकड़ दी गयी थी। उसने यह भी कथित किया कि टांड़ I तथा धान I की दर टांड़ II भूमि की चार गुणा होगी। धान II भूमि की दर दुगने से अधिक होगी तथा धान III भूमि का मूल्य टांड़ II की दर का दुगुना होगा। उसने यह भी कथित किया कि तांड I तथा धान I की दर 2,00,000/– रुपये प्रति एकड़ थी, धान II की दर 1,25,000/– रुपये प्रति एकड़ थी तथा धान III की दर 1,00,000/– रुपये प्रति एकड़ थी एवं टांड़ III की दर 12,000/- रुपये प्रति एकड़ थी।
वि॰ सा॰ 2 (लखन सिंह)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि उसने अधिगृहित भूमि का स्थल सत्यापन किया है। उसने कथित किया था कि अधिगृहित भूमि का मूल्य रजिस्ट्री कार्यालय से विक्रय तालिका के आधार पर आकलित किया गया था तथा इसे प्रदर्श A के तौर पर अंकित किया गया था। अपनी प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया था कि भूमि के वर्गीकरण के आधार पर भूमि का मूल्य आकलित किया गया था। प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया कि प्रदर्श A के क्रम सं॰ 10 में उपलब्ध मूल्य के आधार पर भूमि का मूल्य आकलित किया गया है। उसने यह भी कथित किया कि क्रम सं॰ 42 की भूमि टांड़ II थी परन्तु इसे आधार दर नहीं बनाया गया है। उसने यह भी कथित किया कि क्रम सं॰ 9 की भूमि परती गारा है परन्तु इसे प्रतिकर के आकलन के लिए आधार नहीं बनाया गया है। प्रदर्श A के क्रम संख्या 42 का विक्रय–विलेख प्रदर्श 1/1 के तौर पर अंकित किया गया था।

निम्नांकित दस्तावेजों को भी प्रदर्शों के तौर पर अंकित किया गया था :–

in'k 1& foØ; foy[k l0 8580 fnukd 7.7.1987

in'k 1@1 & foØ; foy[k l0 9054 fnukd 7.11.1984 ftl d }kjk 10 fMlfey tehu 5]000@& #i; e cph x;h FkhA

in'k 2&cNMhg xke dk ekufp=

in'k 3&[kfr;ku

in'k 4&,y0 vkj0 dl l0 123@90 l 254@90 dk vkn'k i=d

in'k A&foØ; rkfydk

in'k B–eY;kdu [kfr;ku

in'k C–Hkfe vfekxg.k inkfekdkjh dk fnukd 11.12.1980 ,o 18.1.1980 dk vkn'k i=dA

8. <u>ग्राम मसमोहना</u> के एल० आर० सं० 779 से 885 वर्ष 1990 के मामले में उन्हें एक साथ मिलाने के पहले तीन गवाहों को परीक्षित किया गया था।

आवेदक गवाह सं० 1 (भगीरथ पांडे)	उसने अपने अभिसाक्ष्य में स्वीकार किया था कि उसकी भूमि का केशो जलाशय के लिए अर्जन किया गया है। उसने यह भी कथित किया था कि उसकी भूमि उपजाऊ थी तथा इससे एक पक्की सड़क भी होकर गुजरती है। उसने यह भी कथित किया था कि बछेडीह गांव की अधिगृहित भूमि की दर 736/- रुपया प्रति डिसमिल निर्धारित की गयी थी। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय अधिगृहित भूमि का मूल्य 6,000/- रुपये प्रति डिसमिल था तथा उसने अपनी अभ्यापत्ति में 6,000/- रुपये प्रति डिसमिल की मांग किया था।
आवेदक गवाह सं० 2 (राम नारायण सिंह)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये 11 गांवों का अधिग्रहण किया गया था तथा सभी एक दूसरे से सटे हुए हैं। उसने यह भी कथित किया कि केशो जलाशय के लिये बछेडीह गांव के जमीन का भी अधिग्रहण किया गया था तथा 736/- रुपया प्रति डिसमिल की दर पर मूल्य निर्धारित किया गया था तथा उसने स्वीकार किया था कि उसकी जमीन की प्रकृति एवं बछेडीह गांव की जमीन की प्रकृति लगभग एक ही थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया था कि नवल शाही उसकी जमीन से लगभग चार किलोमीटर दूर है तथा नवल शाही की 23 डिसमिल जमीन भारत सरकार द्वारा 45,914/- रुपये में अर्जित की गयी थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि कुछ जमीन का बढ़वा बांध के लिए अधिग्रहण किया गया था तथा प्रतिकर 736/- रुपया प्रति डिसमिल आकलित किया गया था। उसने दावा किया उसकी वाटिका एवं कुएँ का भी मूल्यांकन सही रूप से नहीं किया गया था। उसने अपनी प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया था कि अधिग्रहण के समय भूमि अधिग्रहण विभाग से व्यक्तियों ने स्थल का दौरा किया था तथा दस्तावेजों का परिशीलन भी किया था।
आवेदक गवाह सं० 3 (प्रसादी महतो)	उसने अपने अभिसाक्ष्य में कथित किया था कि कुन्दीधनवार गांव की उसकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है तथा संदत्त प्रतिकर एक अल्प राशि है। उसने यह भी कथित किया कि उसकी बछेडीह की जमीन का भी अधिग्रहण किया गया था तथा दर 736/- रुपये प्रति डिसमिल आकलित की गयी थी एवं दोनों जमीनें समान मूल्य की हैं। कुएँ तथा वृक्ष का मूल्य भी काफी कम आकलित किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि अधिगृहित भूमि से एक पक्की सड़क भी गुजरती है तथा भूमि से कुछ दूरी पर एक कारखाना है। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि भूमि का मूल्य क्रमिक रूप से बढ़ रहा है। प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया कि कुन्दीधनवार से बछेडीह की दूरी लगभग 1 किलोमीटर है। उसने यह भी कथित किया कि भूमि अधिग्रहण विभाग से आये व्यक्तियों ने स्थान का दौरा भी किया था तथा इसके बारे में पूछ-ताछ किया था।

इन मामलों में निम्नांकित दस्तावेजों को प्रदर्शों के तौर पर अंकित किया गया था:-

in'k 1&Hkfe vfèkxg.k U;k;kèkh'k dk fnukd 29.4.1992 dk vkn'k i=dA

in'k 1/A–Hkfe vfèkxg.k U;k;kèkh'k dk fnukd 2.12.1992 dk vkn'k i=dA

in'k 1/B–Hkfe vfèkxg.k U;k;kèkh'k dk fnukd 3.9.1991 dk vkn'k i=dA

in'k 2&foØ;&foy[k l0 8580 fnukd 7.7.1987 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] uoy'kkgh xko dh 23 fMlfey tehu 45]914@& #i; e cph x;hA

in'k 2@A–foØ; foy[k l0 272 fnukd 9.1.1987 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] elekguk xko dh 2 fMlfey tehu 3]000@& #i; e cph x;hA

in'k 2/B–foØ;&foy[k l0 4426 fnukd 19.5.1988 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] elekguk xko dh 8 fMlfey tehu 8]000@& #i; e cph x;hA

in'k 2/C–foØ; foy[k l[;k 9513 fnukd 10.12.1985 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] xke elekguk dh 1 fMlfey tehu 500@& #i; e cph x;hA

in'k 2/D–foØ;&foy[k l0 8083 fnukd 10.9.1984 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] elekguk xko dh 4 fMlfey tehu 2]000@& #i; e cph x;hA

in'k 2/E–foØ;&foy[k l0 8921 fnukd 29.11.1986 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] elekguk dh 10½ fMlfey tehu 5]000@& #i; e cph x;hA

in'k 2/F–foØ;&foy[k l0 10220 fnukd 21.12.1984 dh vfHkiekf.kr ifrfyfi] elekguk xko dh 13 fMlfey tehu 6]000@& #i; e cph x;hA

in'k 3&ejdkpk vpy dk ekufp=A

9. टिकोपाड़ा गांव के एल० आर० केस संख्या 915 से 923 वर्ष 1990 के मामलों में, आवेदकों ने तीन गवाहों को परीक्षित किया था:–

ए० डब्ल्यू 1 (धरका महतो)	उसने कथित किया था कि टिकोपाड़ा गांव में उसकी जमीन अधिगृहित की गयी थी तथा भूमि में वह तीन फसलें उगाया करता था। टिकोपाड़ा एवं कुंडीधनवार की भूमि एक समान ही है।
ए० डब्ल्यू 2 (भोला राम)	उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि केशो जलाशय के लिए उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी कथित किया था कि वह कुंडीधनवार की चंद्रीका देवी को जानता है तथा उसके भूमि तथा चंद्रिका देवी की भूमि लगभग एक समान ही है।
ए० डब्ल्यू 3 (गोकुल प्रसाद यादव)	उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि टिकापाड़ा में उसकी भूमि का केशो जलाशय के लिए अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी कथित किया था कि कुंडीधनवार तथा टिकोपाड़ा में भूमि का मूल्य एक ही है।

प्रदर्श 1–एल० आर० संख्या 169/91 में तथा समूह के मामलों के साथ दिनांक 2.12.1992 का आदेश पत्रक।

10. टिकोपाड़ा गांव के एल० आर० सं० 898 से 914 वर्ष 1990/एल० आर० 455 से 471 वर्ष 1995, 1990 में, आवेदकों ने चार गवाहों को परीक्षित किया था।

ए० डब्ल्यू 1 (देपत राम)	उसने कथित किया कि टिकोपाड़ा में उसकी भूमि का केशो जलाशय के लिये अधिग्रहण किया गया था तथा 100/– रुपये प्रति डिसमिल के प्रतिकर का भुगतान किया गया था। उन्होंने 5,000/– रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर का दावा किया है। अधिगृहित सभी भूमि एक ही प्रकृति एवं मूल्य की है। अधिगृहित भूमि के चारों ओर सड़कें हैं।
ए० डब्ल्यू 2 (धिल्लो राम)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि केशो जलाशय के लिए उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि अधिगृहित भूमि में वह एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया कि कुंडीधनवार तथा टिकोपाड़ा की जमीन समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय भूमि की दर 1,500/– रुपये प्रति डिसमिल थी।

ए॰ डब्ल्यू 3 (भोला राम)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया है तथा अधिग्रहण के समय भूमि का मूल्य 1,000/– रुपये प्रति डिसमिल था। भूमि में वह गेहूँ, चना, धान उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया कि नवलशाही गांव में एक दूरभाष एक्सचेंज है। परसाबाद रेलवे स्टेशन अधिगृहित भूमि के निकट है। सभी गांवों की अधिगृहित भूमि एक दूसरे से सटी हुई हैं तथा अभ्यापत्ति के साथ प्रतिकर प्राप्त किया गया है।
ए॰ डब्ल्यू 4 (द्वारिका महतो)	उसने कथित किया कि वह कुंडीधनवार गांव का भूतपूर्व मुखिया है। सभी अधिगृहित भूमि समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया है कि अधिगृहित भूमि में से 50 एकड़ उपजाऊ भूमि है तथा अन्य कोटि II भूमि है।

एल॰ आर॰ संख्या 69/91 से 559/91 का आदेश पत्रक प्रदर्श 1 के तौर पर अंकित है।

11. पसीयाडीह गांव के एल॰ आर॰ केस सं॰ 674 से 676 वर्ष 1992 के मामले में एक गवाह परीक्षित किया गया है।

ए॰ डब्ल्यू 1 (द्वारिका महतो)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि उसकी कुडीधनवार की भूमि अधिगृहित की गयी है तथा वह खेत में गेहूँ, दाल एवं आलू उगाया करता था। भूमि नदी के निकट है। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि पसीयाडीह गांव में एक विद्यालय तथा अस्पताल है। उसने यह भी कथित किया कि उसके गांव तथा पसीयाडीह गांव की भूमि का मूल्य एवं प्रकृति एक ही है तथा सपाट भूमि है। उसने यह भी कथित किया कि उसके गांव की भूमि के लिए प्रतिकर 736 रुपये प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि पसीयाडीह तथा कुंडीधनवार की भूमि एक समान है। उसने यह भी कथित किया कि कुंडीधनवार गांव में मिलन सिंह ने 4,000/– रुपये में अपनी जमीन बेची थी तथा बेची गयी जमीन एवं अधिगृहित जमीन का मूल्य एक ही है।

एल॰ आर॰ संख्या 761 से 778 वर्ष 1992 के आवेदकों ने यथा उपरोक्त दिये गये साक्ष्यों पर भी भरोसा किया है।

12. कैलाखंडर गांव के एल॰ आर॰ संख्या 33 से 44 वर्ष 1991 के आवेदक इसमें नीचे प्रस्तुत है:–

ए॰ डब्ल्यू 1 (बासुदेव यादव)	उसने कथित किया था कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उन्हें 5 रुपये प्रति डिसमिल, 44 रुपये प्रति डिसमिल एवं 88 रुपये प्रति डिसमिल के प्रतिकर का भुगतान किया गया है। उसने कथित किया कि उसने 5,000/– रुपये प्रति डिसमिल का दावा किया है। उसने यह भी कथित किया कि खेत में तीन फसलें उगती हैं तथा उसने यह भी कथित किया कि वे केशो नदी से खेत की सिंचाई करते हैं। उसने यह भी कथित किया कि अधिगृहित सभी जमीनों की प्रकृति एवं मूल्य एक समान है। उसने यह भी कथित किया कि बछेडीह तथा कुंडीधनवार गांव के लिये भुगतान किये गये प्रतिकर की दर 736/– रुपये प्रति डिसमिल है। उसने यह भी कथित किया कि गिरीडीह–कोडरमा सड़क उसके गांव से होकर गुजरती है।

ए॰ डब्ल्यू 2 (अर्जुन साव)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि भारत सरकार ने 7.7.1987 को 45,914/- रुपये में उसकी जमीन खरीदी थी। उसने यह भी कथित किया कि अधिगृहित भूमि बेची गयी जमीन से चौथाई किलोमीटर पर है। उसने यह भी कथित किया कि खतियान में अधिकांश जमीन धान खेती के तौर पर अभिलिखित है तथा कुछ भूमि टांड़ भूमि है।

13. कैलाखंडर गांव के एल॰ आर॰ केस सं॰ 560/95 से 571/95 के मामलों में, निम्नांकित गवाहों को परीक्षित किया गया था:–

ए॰ डब्ल्यू 1 (रामेश्वर प्रसाद यादव)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि कैलाखंडर की उसकी जमीन का केशो जलाशय के लिये अधिग्रहण किया गया है। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि वह अधिगृहित खेत में गेहूँ, गन्ना एवं सब्जियाँ इत्यादि उगाया करता था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि अधिग्रहण के समय अधिगृहित भूमि का मूल्य 4,000-5,000/- रुपये प्रति डिसमिल था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि कैलाखंडर तथा कुंडीधनवार दोनों की ही भूमि का मूल्य तथा प्रकृति एक समान है।
ए॰ डब्ल्यू 2 (वासुदेव महतो)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि कैलाखंडर के उसकी जमीन का केशो जलाशय के लिए अधिग्रहण किया गया है। उसने कथित किया कि उसकी जमीन तथा कुंडीधनवार की जमीन समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं।
ए॰ डब्ल्यू 3 (वासुदेव यादव)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने कथित किया कि अधिग्रहण के समय उसने 400-800 रुपये प्रति डिसमिल से एक भूमि खरीदी थी। उसने कथित किया कि कुंडीधनवार तथा कैलाखंडर ग्रामों की भूमि समान उद्देश्य के लिए अधिगृहित की गयी हैं। उसने यह भी कथित किया कि चंद्रीका देवी एवं अन्य के माध्यम से एक ही आदेश द्वारा कुंडीधनवार गांव के लगभग 302 मामलों का निस्तारण किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि कुंडीधनवार तथा कैलाखंडर की भूमि समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं।

14. भगटीयाडीह गांव के 47 से 51 वर्ष 1991/583 से 587 वर्ष 1995 के मामलों में, आवेदकों ने एक गवाह पेश किया था।

ए॰ डब्ल्यू 1 (बौधी यादव)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि उसकी बछेडीह की जमीन का अधिग्रहण किया गया था तथा प्रतिकर 600 रुपये प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसकी भूमि तथा भगटीयाडीह की भूमि समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि अर्जुन साव ने 2,000/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से अपना 2-4 कट्ठा बेचा था।

15. कुंडीधनवार गांव के एल॰ आर॰ संख्या 718 से 740 वर्ष 1992, 295 से 296 वर्ष 1991, 435/91, 437/91 एवं 442/91 (एल॰ आर॰ संख्या 592 से 614 वर्ष 1995, 550 से 551 वर्ष 1995, 435/95, 439/95 एवं 442/95, के मामलों में निम्नांकित गवाहों को परीक्षित किया गया है।

ए॰ डब्ल्यू 1 (गरिका महतो)	उसने कथित किया कि सभी अधिगृहित भूमि एक समान मूल्य तथा प्रकृति की है। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय उसके गांव की भूमि का मूल्य 4,000/- रुपये प्रति डिसमिल था।
ए॰ डब्ल्यू 2 (राम नारायण सिंह)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये उसकी कुंडीधनवार की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि उन्होंने

	अधीनस्थ न्यायाधीश II के समक्ष एक मामला दाखिल किया था तथा 302 मामले निर्णीत किये गये थे एवं धानखति भूमि का प्रतिकर 726 रुपये प्रति डिसमिल की दर से निर्धारित किया गया था तथा टांड़ 3 एवं 4 का प्रतिकर 450 रुपया प्रति डिसमिल की दर से निर्धारित किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि प्रश्नाधीन भूमि का मूल्य तथा उस भूमि, जिसका प्रतिकर निर्णीत किया गया था, का मूल्य एक समान है। उसने यह भी कथित किया कि प्रश्नाधीन जमीनों में से अधिकांश कोटि I एवं II की हैं तथा कुछ जमीनें कोटि III एवं IV की हैं।
ए० डब्ल्यू 3 (पोखराज सिंह)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने कथित किया कि वह अधिगृहित भूमि पर गेहूँ एवं सब्जी उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया कि केशो जलाशय के लिए अधिगृहित समूची भूमि की प्रकृति एक ही है। उसने यह भी कथित किया कि उसकी भूमि कोटि 1 एवं II की है।
ए० डब्ल्यू 4 (गोकुल प्रसाद यादव)	उसने कथित किया कि उसकी कुंडीधनवार की भूमि का भी अधिग्रहण किया गया था। उसने कथित किया कि उसने अभ्यापत्ति के साथ प्रतिकर प्राप्त किया था तथा तत्पश्चात् एक मामला दाखिल किया था। उसने यह भी कथित किया कि 2.12.92 को 303 मामले निर्णीत किये गये थे तथा इसका शीर्षक चंद्रिका देवी एवं अन्य था। उसने यह भी कथित किया कि चंद्रिका देवी एवं अन्य तथा गणेश महतो एवं अन्य की भूमि समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय अधिगृहित भूमि की दर 1500/- रुपये प्रति डिसमिल थी। कोटि I की भूमि के लिये दिया गया प्रतिकर 400 रुपये प्रति डिसमिल तथा टांड़ II भूमि के लिए 200 रुपये प्रति डिसमिल तथा टांड़ III भूमि के लिये 50 रुपया प्रति डिसमिल है।

16. परनवाटांड गांव के एल० आर० संख्या 876 से 897 वर्ष 1990 के मामलों में निम्नांकित गवाहों को परीक्षित किया गया है।

ए० डब्ल्यू 1 (बंसी महतो)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि वर्ष 1987-88 में केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय उसके गांव की भूमि 300-400 रुपये प्रति डिसमिल की दर से बेची गयी थी। उसने यह भी कथित किया कि खेत में एक वर्ष में तीन फसलें धान, गेहूँ तथा सब्जियाँ उगती हैं तथा केशो नदी से भूमि की सिंचाई की जाती थीं। भूमि सपाट है तथा हजारीबाग-गिरीडीह सड़क नवलशाही गांव से होकर गुजरती है। कुंडीधनवार के लिए प्रतिकर 700-800 रुपये प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था एवं दोनों जमीनों की प्रकृति एवं मूल्य एक ही है।
ए० डब्ल्यू 2 (रामदेव महतो)	वह मामले के आवेदकों में से एक है। उन्होंने लगभग 1500 रुपये प्रति डिसमिल के प्रतिकर का दावा किया है। उक्त जमीन में धान, गेहूँ एवं आलू उगता है तथा केशो नदी से भूमि की सिंचाई की जाती है। गांव में एक अस्पताल तथा विद्यालय है। उसने यह भी कथित किया कि सभी जमीनों का मूल्य तथा प्रकृति एक समान है। उसने यह भी कथित किया कि अर्जुन साव ने 7,000-8,000/- रुपये प्रति कट्ठा में जमीन बेची थी।

ए० डब्ल्यू 3 (अर्जुन साव)	उसने कथित किया कि उसने 7.7.1987 को 45,914/– रुपये में सरकार को नवलशाही गांव की 19 डिसमिल जमीन बेची थी। उसने यह भी कथित किया कि परनावातांड गांव की जमीन उसकी जमीन से बेहतर है। प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया कि उसकी जमीन आवास के लिये उपयुक्त थी तथा अधिगृहित भूमि में आवास का निर्माण नहीं किया जा सकता है।
ए० डब्ल्यू 4 (मेघन महतो)	उसने अभिसाक्ष्य दिया कि परनावा टांड़ की उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था तथा कोटि I भूमि के लिये प्रतिकर 200 रुपये प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था एवं कोटि II की भूमि के लिये 135 रुपये एवं कोटि III की भूमि के लिए 135 रुपये तथा कोटि IV की भूमि के लिए 35 रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर निर्धारित किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसकी भूमि कोटि I एवं II धानखेती थी तथा टांड़ भूमि भी थी। उन्होंने 2000–5000/– रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर का दावा किया है।
ए० डब्ल्यू 5 (द्वारिका महतो)	उसने कथित किया कि अधिगृहित भूमि में वह धान, दाल एवं चना उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया कि वर्ष 1985 में भूमि का मूल्य 4,000/– रुपये प्रति डिसमिल था। उसने यह भी कथित किया कि परनवा टांड़ तथा कुंडीधनवार की भूमि एक समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं।
ए० डब्ल्यू 6 (बासुदेव प्रसाद यादव)	उसने कथित किया कि उसकी परनवा टांड़ की भूमि अधिगृहित की गयी है तथा परनवा टांड़ की भूमि एवं चंद्रिका देवी तथा अन्य की भूमि एक ही प्रकृति एवं मूल्य की हैं।

17. कटाही गांव के एल० आर० संख्या 223/95 से 330/95 (472/95 से 484/95) के मामलों में निम्नांकित गवाहों को परीक्षित किया गया है।

ए० डब्ल्यू सं० 1 (बासदेव यादव)	वह कथई गांव का एक निवासी है तथा उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि वर्ष 1987 में कथई गांव की समूची भूमि, अर्थात्, लगभग 129 एकड़ का केशो बांध के लिये अधिग्रहण किया गया है। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि वे एक वर्ष में तीन उत्पाद, अर्थात, धान, गेहूँ एवं आलू उगाया करते थे परन्तु उन्हें पर्याप्त मुआवजा अधिनिर्णीत नहीं किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि हजारीबाग में अधिग्रहण के लिये अधिसूचना की तिथि के पहले कथई गांव की भूमि की दर 2,000/– रुपये से 5,000/– रुपये प्रति डिसमिल थी तथा बछेडीह गांव के किसी अर्जुन साव ने वर्ष 1986–87 में 42,000/– रुपये में सरकार, अर्थात, दूरसंचार विभाग को 7 डिसमिल जमीन बेची थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसके गांव–कथई में अबरख की खानें, विद्यालय, महाविद्यालय एवं अस्पताल हैं। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसके पड़ोस के गांव बछेडीह का प्रतिकर 736 रुपया प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था तथा उसके गांव में भी कुछ जमीनों, अर्थात, गोराहा भूमि के लिए 736 रुपये प्रति डिसमिल दिया गया था।
ए० डब्ल्यू सं० 2 (अर्जुन साव)	वह नवलशाही गांव का एक निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि उसने 7.7.1987 को 45,914/– रुपये में भारत सरकार को अपनी 23

	डिसमिल जमीन बेची थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि वछेडीह गांव तथा कुंडीधनवार गांव के लिये 736 रुपये एवं 700 रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर की राशि दी गयी थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उन्हें 3,000/- रुपये से 5,000/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर दिया जाना चाहिए।
ए॰ डब्ल्यू सं॰ 3 (द्वारिका महतो)	वह कुंडीधनवार गांव का निवासी तथा मुखिया भी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि कथई एवं कुंडीधनवार ग्रामों की जमीन की गुणवत्ता एक समान है। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि कुंडीधनवार गांव में अधिगृहित भूमि के लिए प्रतिकर राशि 736 रुपये प्रति डिसमिल की दर से अधिनिर्णित की गयी है।
ए॰ डब्ल्यू सं॰ 4 (बुलाकी यादव)	वह कथई गांव का निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि केशो बांध के लिए उसकी आठ एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था तथा वह पूर्वोक्त जमीन में एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करता था। उसने अभिसाक्ष्य दिया कि अधिगृहित भूमि के लिए उसे पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है जिसके लिए उन्होंने एक अभ्यापत्ति किया था तथा प्रतिकर की राशि के तौर पर 5,000/- रुपये की दर से, अर्थात, भूमि के बाजार मूल्य की दर से मुआवजे की मांग की थी। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसकी भूमि, आवास तथा वृक्ष का भी अधिग्रहण किया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि अधिग्रहण की अधिसूचना की तिथि को, भूमि का मूल्य 3,000 रुपये प्रति डिसमिल था।
ए॰ डब्ल्यू सं॰ 5 (बालेश्वर यादव)	वह कथई गांव का निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि केशो बांध के लिए उसकी भूमि का भी अधिग्रहण किया गया था तथा वह एक वर्ष में पूर्वोक्त भूमि से तीन फसलें उगाया करता था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि उसके पड़ोस के एक गांव कुंडीधनवार की भूमि का भी अर्जन किया गया था तथा उन्हें 700 रुपये प्रति डिसमिल के दर से प्रतिकर दिया गया था। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि अधिग्रहण के समय, उनकी भूमि का मूल्य 2500/- रुपये प्रति डिसमिल था।
ए॰ डब्ल्यू॰ सं॰ 6 (जागो महतो)	वह कथई गांव का निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि केशो बांध के लिये 14 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था तथा कुंडीधनवार गांव से संबंधित भूमि के लिये, 700 रुपये प्रति डिसमिल के दर से मुआवजा दिया गया था।
ए॰ डब्ल्यू॰ सं॰ 7 (लखन यादव)	वह कुंडीधनवार गांव का निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि कथई गांव तथा कुंडीधनवार गांव की भूमि की ऊर्वरता एक समान है तथा पूर्वोक्त भूमि में वे एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करते थे। उसने यह भी अभिसाक्ष्य दिया था कि उसने कुंडीधनवार गांव में वर्ष 1985 में 8,500/- रुपये में अपनी पत्नी के नाम 14 डिसमिल जमीन खरीदी थी।

ए॰ डब्ल्यू॰ सं॰ 8 (केदार यादव)	वह कथई गांव का निवासी है। उसने अभिसाक्ष्य दिया कि केशो बांध के लिए उसकी नौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था तथा उसे 45 से 50 रुपया प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर प्रदान किया गया था परन्तु पूर्वोक्त भूमि की वास्तविक दर 2,000/- रुपये प्रति डिसमिल है।
ए॰ डब्ल्यू॰ सं॰ 9 (राम नारायण सिंह)	वह कुंडीधनवार गांव का निवासी है। उसने कथित किया कि कुंडीधनवार तथा कथई गांव की भूमि एक समान मूल्य तथा प्रकृति की हैं। उसने यह भी कथित किया कि चंद्रिका देवी एवं अन्य की भूमि, जिसका अधिनिर्णय पारित किया गया है, तथा कथई की भूमि एक समान मूल्य तथा प्रकृति की है।
ए॰ डब्ल्यू॰ सं॰ 10 (बासुदेव यादव)	वह निमाडीह गांव का निवासी है। उसने भी कथित किया कि कुंडीधनवार तथा कथई गांव की जमीनें एक दूसरे से सटी हुई हैं एवं मूल्य तथा प्रकृति एक ही है। उसने यह भी कथित किया कि उसने कुंडीधनवार की चंद्रिका देवी की भूमि देखी है तथा चंद्रिका देवी की भूमि एवं निमाडीह की भूमि का मूल्य एक समान है।

इस मामले में विपक्षी ने एक गवाह पेश किया है:-

वि॰ प॰ सं॰ 1 (बासुदेव प्रसाद मंडल)	वह विशेष भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी, हजारीबाग के तौर पर पदस्थापित था। उसने कथई गांव से संबंधित भूमि का मापन किया है तथा आठ हिस्सों, अर्थात, धान 1, धान 2, धान 3, टांड़ 1, टांड़ 2, टांड़ 3, परती एवं सड़क में भूमि का वर्गीकरण किया है।

18. एल॰ आर॰ संख्या 373 वर्ष 1992 में आवेदकों ने एक गवाह पेश किया था, जिसने विक्रय विलेख सिद्ध किया था तथा जिसने 2000/- रुपये की दर से नवलशाही गांव की 23 डिसमिल जमीन के विक्री के बारे में कथित किया है। उसने यह भी कथित किया है कि केशो जलाशय परियोजना के लिये 11 ग्रामों के अधीन अधिगृहित भूमि समरूप कोटि की है तथा हम भूमि से धान, गेहूँ एवं सब्जियाँ भी उगाते हैं।

19. मुख्य संचिका में मामलों, अर्थात, **एल॰ आर॰ केस सं॰ 779 से 875 वर्ष 1990 तथा एल॰ आर॰ केस सं॰ 40 से 42 वर्ष 1990 तथा एल॰ आर॰ केस सं॰ 45 एवं 46 वर्ष 1991** को एक साथ कर देने के उपरान्त आवेदकों ने पाँच गवाहों को प्रस्तुत किया था।

ए॰ डब्ल्यू॰ 1 (बासुदेव महतो)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था तथा भुगतान किया गया प्रतिकर अति अल्प था। उसने यह भी कथित किया कि मसमोहना की भूमि बछेडीह एवं कुंडीधनवार गांव की भूमि की तुलना में बेहतर थी तथा दोनों जमीनों के लिये प्रतिकर 736 रुपया प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि हजारीबाग जाने वाली सड़क उसके गांव से होकर गुजरती है। उसने यह भी कथित किया कि मरकाचो गांव मसमोहना गांव से चार किलोमीटर दूर है तथा मरकाचो की जमीन के लिए निर्धारित प्रतिकर भी 736 रुपये प्रति डिसमिल है।
ए॰ डब्ल्यू॰ 2 (बालेश्वर महतो)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि का अधिग्रहण किया गया है। उसने यह भी कथित किया कि अधिगृहित समूची भूमि

	लगभग एक समान है तथा एक दूसरे से सटी हुई है। उसने यह भी कथित किया कि मसमोहना में एक अबरख कारखाना, अस्पताल, बैंक एवं बाजार है। उसने यह भी कथित किया कि उसने 2000/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर का दावा किया था।
ए॰ डब्ल्यू॰ 3 (बहादुर मोदी)	उसने कथित किया कि केशो जलाशय के लिये उसकी भूमि अधिगृहित की गयी थी तथा अधिगृहित समूची भूमि एक ही प्रकृति की है। उसने यह भी कथित किया कि बछेडीह गांव की जमीन का भी अधिग्रहण किया गया है तथा मुआवजा 736 रुपया प्रति डिसमिल निर्धारित किया गया है। उसने यह भी कथित किया कि वह अधिगृहित खेत में एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करता था। उसने यह भी कथित किया कि अधिग्रहण के समय अधिगृहित भूमि की दर 2000-5,000/- रुपये प्रति डिसमिल थी। उसने यह भी कथित किया कि उसके भाई ने 9.1.1987 को 3,000/- रुपये में मसमोहना की दो डिसमिल जमीन बेची थी।
ए॰ डब्ल्यू॰ 4 (गोकुल प्रसाद यादव)	उसने कथित किया कि उसकी कुंडीधनवार की जमीन का अर्जन किया गया है तथा 736 रुपया प्रति डिसमिल की दर से मुआवजा निर्धारित किया गया था। उसने यह भी कथित किया कि मसमोहना तथा कुंडीधनवार गांव सटे हुए हैं तथा दोनों की जमीनों की प्रकृति एक ही है।
ए॰ डब्ल्यू 5 (राम नारायण सिंह)	उसने कथित किया कि अधिग्रहण के समय भूमि की कीमत 4,000/- रुपये प्रति डिसमिल थी। उसने यह भी कथित किया कि केशो जलाशय के उद्देश्य के लिये अधिगृहित समूची भूमि की प्रकृति एक समान है। उसने यह भी कथित किया कि कुंडीधनवार गांव के चंद्रिका देवी एवं अन्य ने 303 मामले दाखिल किये थे तथा अधीनस्थ न्यायाधीश-I, हजारीबाग द्वारा वर्ष 1992 में डिक्री की गयी है। प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया था कि उसकी अधिगृहित भूमि वर्ग 1 कोटि के अंतर्गत आती है। वह अपने खेत में तीन फसलें उगाया करता था।

एल॰ आर॰ 779/90 से 875/90 के अधीन आवेदकों द्वारा प्रदर्शों के तौर पर अंकित दस्तावेज

प्रदर्श 1	भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश द्वारा पारित दिनांक 3.9.91 के आदेश की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
प्रदर्श 1A	भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश के दिनांक 29.4.92 के आदेश की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
प्रदर्श 2	दिनांक 1.5.1991 की समझौता याचिका की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
प्रदर्श 3	दिनांक 18.6.91 के आदेश की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
प्रदर्श 4	विक्रय-विलेख सं॰ 8580 दिनांक 7.7.1987 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि जिसके द्वारा 45,914/- रुपये में 23 डिसमिल जमीन बेची गयी थी।
प्रदर्श 4A	विक्रय-विलेख सं॰ 8940 दिनांक 5.8.87 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि जिसके द्वारा 8500/- रुपये में 14 डिसमिल जमीन बेची गयी थी।
प्रदर्श 4B	विक्रय-विलेख 5915 दिनांक 10.4.87 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि जिसके द्वारा 31/3 डिसमिल जमीन 2,000/- रुपये में बेची गयी थी।

प्रदर्श 4C	विक्रय–विलेख 7953 दिनांक 16.9.88 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि जिसके द्वारा 6,000/– रुपये में चार डिसमिल जमीन बेची गयी थी।
प्रदर्श 4D	विक्रय–विलेख सं॰ 272 दिनांक 9.1.87 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि जिसके द्वारा 2 डिसमिल जमीन 3,000/– रुपये में बेची गयी थी।
प्रदर्श 5	खतियान की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
प्रदर्श 6	बिहार सरकार, सिंचाई विभाग के दिनांक 26.4.91 के पत्र की प्रतिलिपि।
प्रदर्श 7	मरकाचो अंचल के मानचित्र की प्रतिलिपि।

20. विपक्षी पक्षकार ने कुल मिलाकर पाँच गवाहों को पेश किया है जिसके साक्ष्यों के मूल तत्वों को इसमें नीचे दिया गया है:–

विपक्षी पक्षकार गवाह सं॰ 1 (सुर्यदेव सिंह)	उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि रजिस्ट्री कार्यालय से भूमि की बिक्री के आधार पर अधिगृहित भूमि का मूल्य आकलित किया गया था। प्रति परीक्षा में उसने स्वीकार किया कि बछेडीह की भूमि का मूल्य 736 रुपया प्रति डिसमिल आकलित किया गया था।
विपक्षी पक्षकार गवाह सं॰ 2 (बासुदेव प्रसाद मंडल)	उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि उसने कटाही गांव की भूमि का मापन किया था।
विपक्षी पक्षकार गवाह सं॰ 3 (दशरथ ठाकुर)	उसने कुछ भी सुसंगत कथित नहीं किया है।
विपक्षी पक्षकार गवाह सं॰ 4 (लखन सिंह)	उसने अभिसाक्ष्य दिया था कि वह 1988 तक तेनुघाट में कानूनगो था। उसने रजिस्ट्री कार्यालय की विक्रय तालिका के अनुसार अधिगृहित भूमि का मूल्य आकलित किया था। अपनी प्रतिपरीक्षा में उसने कथित किया था कि सारे गांव एक दूसरे से जुटे हुए हैं तथा नदी के निकट हैं। बछेडीह गांव भी केशो जलाशय के लिय अधिगृहित गांव के निकट है।
विपक्षी पक्षकार गवाह सं॰ 5 (ललन प्रसाद सिंह)	उसने स्वीकार किया कि उसके विभाग ने केशो जलाशय के लिए आठ ग्रामों कुंडीधनवार, मसमोहना, कटाही, परनावा टांड़, पसीयाडीह, कैलाखंडर, टिकोपाड़ा एवं नीमाडीह का अधिग्रहण किया था। मूल्यांकन खतियान के आधार पर अधिगृहित भूमि का मूल्य आकलित किया गया था। उसने अपनी प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया था कि बछेडीह गांव की दर 736 रुपये प्रति डिसमिल आकलित की गयी थी।

विपक्षी द्वारा पक्षकार प्रदर्शों के तौर पर अंकित दस्तावेज

प्रदर्श A	परनावा टांड़ गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श A/1	टिकोपाड़ा गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श A/2	कैलाखंडर गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदश। A/3	नीमाडीह गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श A/4	कटाही गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।

प्रदर्श A/5	भगतीयाडीह गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श A/6	मसमोहना गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श A/7	कुंडीधनवार गांव के लिए अपर समाहर्त्ता का आदेश पत्रक।
प्रदर्श B/1	टिकोपाड़ा गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/2	कैलाखंडर गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/3	नीमाडीह गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/4	कटाही गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/5	करीखोखो गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/6	मसमोहना गांव की विक्रय विवरणी तालिका।
प्रदर्श B/7	कुंडीधनवार गांव की विक्रय विवरणी तालिका।

21. आवेदक/अपीलार्थी के गवाहों के मौखिक साक्ष्य के परिशीलन से यह प्रतीत होता है कि लगभग सभी गवाह दावा कर रहे हैं कि उनकी अधिगृहित जमीनें उपजाऊ थी तथा वे अपनी जमीन में केशो नदी से इसकी सिंचाई करके एक वर्ष में तीन फसलें उगाया करते थे। यह भी दावा किया गया है कि सभी गांव एक दूसरे से सटे हुए हैं तथा सभी गांवों की भूमि की प्रकृति, मूल्य एवं क्षमताएं लगभग एक समान हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कटाही गांव में अबरख की खान है। यह भी कथित किया गया है कि जमीनों का मूल्य दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह भी कथित किया गया है कि गांव में एक अस्पताल, विद्यालय, पक्की सड़कें, खानें हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि गांव से होकर एक पक्की सड़क भी गुजरती है। आवेदकों में अधिकांश ने दावा किया कि 736 रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर पर्याप्त तथा युक्तिसंगत प्रतिकर है। उनमें से कुछ ने दावा किया कि वे 4,000-5,000/-रुपये की दर से प्रतिकर के हकदार हैं परन्तु वे अपने दावे के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य पेश करने में विफल रहे थे। जहां तक 736 रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर के दावे का सवाल है, जैसा कि पहले एल॰ आर॰ सं॰ 68 से 122 वर्ष 1990 में प्रदान किया गया था, यह न्यायालय पहले ही वह आदेश अपास्त कर चुका है, अतएव यह दर किसी पर्याप्त तथा अकाट्य साक्ष्यों के बिना स्वीकार नहीं की जा सकती है।

22. जहां तक दस्तावेजी साक्ष्यों का सवाल है; यह प्रतीत होता है कि आवेदकों ने अपने दावों के समर्थन में कई विक्रय-विलेख पेश किये हैं। विक्रय-विलेख सं॰ 8580 दिनांक 7.7.1987 के परिशीलन से, यह प्रतीत होता है कि सरकार को 45,914/- रुपये में 23 डिसमिल जमीन बेची गयी थी। प्रदर्श 1/1 बछेडीह गांव का विक्रय विलेख संख्या 9054 दिनांक 7.11.1984 है जिसके द्वारा वर्ष 1984 में 5,000/- रुपये में 10 डिसमिल जमीन बेची गयी थी। मसमोहना गांव के लिए दाखिल प्रदर्शों के परिशीलन से यह प्रतीत होता है कि प्रदर्श 2/1 द्वारा विक्रय-विलेख सं॰ 272 दिनांक 9.1.1987 की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि दाखिल की गयी थी जिसके द्वारा मसमोहना गांव की दो डिसमिल जमीन 3,000/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 2/B विक्रय-विलेख सं॰ 4426 दिनांक 19.5.1988 है जिसके द्वारा मसमोहना गांव की आठ डिसमिल जमीन 8,000/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 2/C विक्रय-विलेख सं॰ 9513 दिनांक 10.12.1985 है जिसके द्वारा मसमोहना गांव की एक डिसमिल जमीन 500/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 2/B विक्रय-विलेख संख्या 8083 दिनांक 10.9.1984 है जिसके द्वारा मसमोहना गांव की चार डिसमिल जमीन 2,000/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 2/E विक्रय-विलेख सं॰ 8921 दिनांक 29.11.1986 है जिसके द्वारा मसमोहना की 10½ डिसमिल जमीन 5,000/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 2/F विक्रय-विलेख संख्या 10220 दिनांक 21.12.1984 है जिसके द्वारा मसमोहना गांव की 13 डिसमिल जमीन 6,000/- रुपये में बेची गयी थी। मुख्य मामले, अर्थात, 779/92 (समूह मामले) में,

प्रदर्श 4A आवेदकों द्वारा दाखिल विक्रय-विलेख सं॰ 8940 दिनांक 5.8.87 है जिसके द्वारा 14 डिसमिल जमीन 8,500/- रुपये में बेची गयी थी। प्रदर्श 4B विक्रय-विलेख 5915 दिनांक 10.4.1987 है जिसके द्वारा 2,000/- रुपये में 3.25 डिसमिल जमीन बेची गयी थी। प्रदर्श 4C विक्रय-विलेख 7953 दिनांक 16.9.88 है जिसके द्वारा 4 डिसमिल जमीन 6,000/- रुपये में बेची गयी थी।

23. अधिगृहित भूमि के मूल्यांकन के अभिनिर्धारण के संबंध में, अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने **AIR 1986 पंजाब एवं हरियाणा** में रिपोर्ट किये गये **पंजाब राज्य बनाम पोहू एवं अन्य** के मामले में दिये गये पूर्ण पीठ के निर्णय को आधार बनाया था जिसमें यह अभिनिर्धारित किया गया था कि जहां विभिन्न संव्यवहारों से संबंधित विक्रय विलेखों पर सरकार की ओर से भरोसा किया गया था, उच्चतम मूल्य का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरण विलेख को शेष के मुकावले वरीयता दी जानी चाहिए, जबतक कि भिन्न मार्ग को औचित्यपूर्ण बनाने वाली प्रबल परिस्थिति न हो। इस न्यायालय का यह मत है कि विक्रय-विलेख सं॰ 8580 (प्रदर्श 1) के अधीन दी गयी दर विचार में नहीं ली जा सकती है इस कारण कि इसे दूरभाष केन्द्र के निर्माण के लिये सरकार को अंतरित किया गया था तथा जमीन की अवस्थिति भी मुख्य सड़क से सटी हुई थी। इस न्यायालय की यह भी राय है कि बहुत छोटे प्लॉटों के विक्रय-विलेख में दी गयी दर को भी विचार में लिये जाने की आवश्यकता नहीं है इस कारण कि छोटे प्लॉट की दर निश्चित रूप से भूमि के एक बड़े टुकड़े की दर से उच्चतर होगी। प्रतिकर के आकलन के लिये कम से कम 10 डिसमिल या इससे अधिक के क्षेत्रफल वाली भूमि के विक्रय-क्रय के उदाहरणों की दर को विचार में लिये जाने की आवश्यकता है। विक्रय-विलेख सं॰ 9054 द्वारा किये गये सौदे में, वर्ष 1984 में प्रति डिसमिल 500/- रुपये की दर प्रदान की गयी थी तथा विक्रय-विलेख सं॰ 9821 के माध्यम से किये गये सौदे में वर्ष 1986 में 500/- रुपये प्रति डिसमिल की दर प्रदान की गयी थी तथा विक्रय-विलेख संख्या 10220 के माध्यम से किये गये संव्यवहार में वर्ष 1984 में 460/- रुपये प्रति डिसमिल की दर प्रदान की गयी थी तथा विक्रय-विलेख संख्या 9840 के माध्यम से किये गये सौदे में वर्ष 1987 में 607 रुपये प्रति डिसमिल की दर प्रदान की गयी थी। चूँकि भूमि का अधिग्रहण वर्ष 1987 में किया गया था, प्रतिकर निर्णीत करने के लिये वर्ष 1987 में प्रचलित दर सुसंगत होगी। अभिलेख पर उपलब्ध दस्तावेजी तथा मौखिक साक्ष्य का संचयी प्रभाव यह है कि यह भूमि के अधिग्रहण का एक ऐसा मामला है जो अस्पताल, विद्यालय, रेलवे स्टेशन, टेलीफोन एक्सचेंज, मुख्य सड़क जैसी नागरिक सुख-सुविधाओं वाले क्षेत्रों द्वारा घिरे एक युक्तिसंगत रूप से उत्तम स्थान पर अवस्थित हैं तथा निकट के क्षेत्रों में विकास की गतिविधियाँ भी चल रही थीं। यह स्पष्ट है कि अधिगृहित भूमि के आवासीय या औद्योगिक उद्देश्यों के लिये विकसित किये जाने की संभावना थी क्योंकि क्षेत्र में अबरख की खाने हैं। अबरख की खानें, अधिगृहित भूमि से होकर पक्की सड़क गुजरने, अस्पताल, विद्यालयों जैसी भूमि की क्षमताओं तथा इस तथ्य को भी ध्यान में रखते हुए कि भूमि उपजाऊ थी तथा अधिगृहित भूमि में सिंचाई की सुविधाएँ भी उपलब्ध थीं, अतएव, एक वर्ष में भूमि में मूल्य वृद्धि 15 प्रतिशत होगी। सभी चार विलेखों की औसत का पता लगाने के लिये, प्रति डिसमिल उस दर को लिये जाने की आवश्यकता है जो 15 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि के उपरान्त वर्ष 1987 में प्रचलित थी अर्थात, 725, 575, 667 एवं 607 थी। इसका औसत प्रति डिसमिल लगभग 645/- रुपये या 650/- रुपये आता है। यह दर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित दर के काफी निकट प्रतीत होती है जो वरीय पदाधिकारी की समितियों द्वारा आकलित की गयी थी।

24. यहां यह भी उल्लिखित करना सुसंगत है कि पंचखेरो जलाशय योजना के लिये, एक ही प्रखंड, अर्थात, कोडरमा जिला में मरकाचो प्रखंड में से कुछ जमीनों का अधिग्रहण किया गया था तथा इस उद्देश्य के लिये भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 4 के अधीन 23 मार्च, 1988 को अधिसूचना निर्गत की गयी थी। इस न्यायालय ने उक्त अधिग्रहण से उद्भूत अपीलों से निपटते हुए मूल डिक्री संख्याओं 150

से 181 वर्ष 1992 (आर०) से हुई अपील में 18 दिसंबर, 2003 को निर्णय दिया था, उक्त निर्णय की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि भी अभिलेख पर है। उक्त निर्णय में, अधिगृहित जमीनों का बाजार मूल्य 66,000/- रुपये प्रति एकड़, अर्थात, 660/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से आकलित तथा अभिनिर्धारित किया गया था तथा तद्नुसार, विद्वान विशेष भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय एवं अधिनिर्णय उपांतरित किया गया था। यह प्रतीत होता है कि उक्त निर्णय एक ही प्रखंड के भीतर की जमीनों के संबंध में था जिनकी समरूप स्थिति तथा समरूप आस-पास की परिस्थितियाँ थीं एवं अधिग्रहण की प्रकृति भी समरूप थीं। उक्त निर्णय के पैराओं 12 एवं 13 के परिशीलन पर, यह प्रतीत होता है कि इस न्यायालय ने तथ्यों तथा परिस्थितियों के समरूप समूह से उद्भूत होने वाली प्रथम अपीलों से निपटते हुए प्रतिकर का अभिनिर्धारण करते समय जमीनों की अवस्थिति, महत्व, संभावनाएँ तथा उद्देश्य एवं उक्त जमीनों द्वारा धारित विशेष अनूकुलता से जुड़े विशेष महत्व तथा उक्त जमीन की क्षमताओं समेत विभिन्न कारकों पर विचार किया था। यह प्रतीत होता है कि इस न्यायालय द्वारा सरकारी कार्यालयों, अबरख की खानों, विद्यालयों इत्यादि का होना तथा ऐसी गतिविधियों के कारण मूल्य के कारक जैसे अन्य कारकों को भी ध्यान में रखा गया था। इस प्रकार, यह प्रतीत होता है कि पूर्वोल्लिखित निर्णय, जो न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, प्रतिकर के अभिनिर्धारण के लिये विद्वान अवर न्यायालय के लिये एक मार्गदर्शक कारक था, विशेषकर तक जब जमीन की प्रकृति लगभग समरूप थी और वह भी एक ही प्रखंड के भीतर। उपरोक्त निर्दिष्ट निर्णय भी विद्वान अवर न्यायालय के समक्ष था तथा अतएव, इस न्यायालय द्वारा पहुँचे गये सम्परीक्षणों एवं निष्कर्षों पर विद्वान अवर न्यायालय द्वारा विचार किया जाना चाहिए था, जो प्रकटतः इस मामले में उचित ढंग से नहीं किया गया था। इससे भी बढ़कर, इस न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय ने अंतिमता प्राप्त कर ली है क्योंकि इसे आगे नहीं ले जाया गया है या उच्चतर मंच पर चुनौती नहीं दी गयी है इसका अर्थ यह हुआ कि राज्य सरकार ने इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं अधिनिर्णय को स्वीकार कर लिया है। इन परिस्थितियों के अधीन, मूल डिक्री सं० 150 से 181 वर्ष 1992 (आर०) से हुई अपील में इस न्यायालय द्वारा लिये गये दृष्टिकोण पर प्रथम अपीलों के प्रस्तुत समूह में विचार किये जाने की आवश्यकता है। उपरोक्त निर्दिष्ट निर्णय में किये गये सम्परीक्षणों के आलोक में भूमि तथा इसकी क्षमता के संबंध में अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्क पर भी विचार किये जाने की आवश्यकता है। यह प्रतीत होता है कि विद्वान अवर न्यायालय अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य का मूल्यांकन करते हुए एक समरूप मामले में इस न्यायालय द्वारा किये गये सम्परीक्षणों को विचार में लेने में विफल रहा है। विद्वान अवर न्यायालय आवेदकों द्वारा दाखिल विक्रय विलेखों का भी मूल्यांकन करने में विफल रहा था। राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों, जिसके द्वारा उन्होंने विद्वान अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश को न्यायसंगत ठहराने का प्रयास किया था, को उपरोक्त कथित कारण से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व उदाहरण का अनुसरण किये जाने की आवश्यकता होती है अगर ये तथ्यों एवं परिस्थितियों के समरूप समूह से संबंधित हैं, परन्तु प्रस्तुत मामले में, विद्वान अवर न्यायालय द्वारा इसपर उपयुक्त रूप से विचार नहीं किया गया है। यह भी प्रतीत होता है कि अवर न्यायालय ने अपीलार्थीगण के समर्थन में अभिलेख पर उपलब्ध पर्याप्त साक्ष्यों, जिसमें मौखिक एवं दस्तावेजी दोनों हैं, के बावजूद केशो जलाशय योजना के भूमि खोने वालों को औचित्यहीन राशि अधिनिर्णीत की है। इससे भी बढ़कर, अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा दाखिल लिखित निवेदनों से यह भी प्रतीत होता है कि उपायुक्त, कोडरमा (एकमात्र प्रत्यर्थी) की अध्यक्षता के अधीन तथा उनके नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने वर्तमान अपीलार्थीगण को 660/- रुपये प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर की अनुशंसा किया है, जो पंचखेड़ो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों को किये गये भुगतान के समतुल्य है। यह भी प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने दिनांक 9.10.2010 का एक पत्र निर्गत किया है यह घोषित करते

हुए कि केशो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वाले (अपीलार्थीगण) पंचखेड़ो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों के तुल्य अधिगृहित भूमि के विरूद्ध 660/- रु० प्रति डिसमिल की दर से प्रतिकर प्राप्त करेंगे। यह भी तथ्य है कि कोडरमा जिला में उसी प्रखंड मरकाछो की सीमाओं के भीतर समरूप सार्वजनिक उद्देश्य के साथ प्रत्यर्थी राज्य द्वारा केशो जलाशय परियोजना तथा पंचखेड़ो जलाशय परियोजना के उद्देश्य के लिये प्रश्नाधीन भूमि का अधिग्रहण किया गया था। यह भी प्रतीत होता है कि इन अपीलों के लंबित रहने के दौरान, अधिगृहित भूमि के विरूद्ध प्रतिकर के संबंध में विवाद के समाधान के लिये काफी कुछ किया गया है। अपीलार्थीगण तथा प्रत्यर्थीगण भी एक समय पंचखेड़ो जलाशय परियोजना के भूमि खोने वालों को किये गये भुगतान के समतुल्य प्रतिकर की राशि स्वीकार करने पर सहमत हो गये थे परन्तु किसी कारणवश उक्त प्रस्ताव राज्य की मुकदमा नीति के अस्तित्व में आने के बावजूद अंतिम समाधान तक नहीं पहुँच सका था।

अतएव, अब यह न्यायालय इसमें ऊपर परिचर्चा किये गये अभिलेख पर उपलब्ध दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य पर सतर्क रूप से विचार करने के उपरान्त न्याय के हित में तथा भूमि खोने वालों/अपीलार्थीगण के बीच न्याय के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि प्रति एकड़ 66,000/- रुपये, अर्थात, प्रति डिसमिल 660/- रुपये का प्रतिकर प्रस्तुत मामले में युक्तिसंगत एवं पर्याप्त प्रतिकर है।

25. तद्नुसार, विद्वान अवर न्यायालय द्वारा पारित निर्णय तथा अधिनिर्णय को उपरोक्त सीमा तक उपांतरित किये जाने की आवश्यकता है। तद्नुसार, अधिगृहित जमीनों का बाजार मूल्य 66,000/- रुपये प्रति एकड़, अर्थात, 660/- रुपये प्रति डिसमिल आकलित किया जाता है। इसके अलावा अपीलार्थीगण 1984 के संशोधित अधिनियम के अनुसार जमीन के कब्जे की तिथि से भुगतान तक ब्याज तथा अधिनियम के अधीन प्रदत्त 30 प्रतिशत की दर से तोषण के भी हकदार हैं। आक्षेपित निर्णय तथा अधिनिर्णय उपरोक्त सीमा तक उपांतरित किया जाता है।

26. आक्षेपित निर्णयों तथा अधिनिर्णयों में पूर्वोक्त उपांतरण के साथ, प्रथम अपीलों के इस समूह को निस्तारित किये जाने का आदेश किया जाता है। प्रत्यर्थीगण को 13 नवम्बर, 2013 को या इसके पहले अधिनिर्णीत राशि जमा करने का निर्देश दिया जाता है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिकर के नाम पर पहले ही जमा की गयी राशि, अगर कोई हो, का समायोजन करने के उपरान्त अधिनिर्णीत राशि जमा की जायेगी। राशि जमा करने के उपरान्त अपीलार्थीगण 19 नवम्बर, 2013 को या इसके पहले अधिनिर्णीत राशि के वितरण के लिये यथोचित आवेदन दाखिल करेंगे तथा राशि के वितरण के लिये उक्त आवेदनों को 23 नवम्बर, 2013 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को निर्दिष्ट किया जायेगा। भुगतान करने के समय इस न्यायालय की रजिस्ट्री अधिनिर्णीत राशि के आधार पर न्यायालय शुल्क की कमी की कटौती करेगी। न्यायालय शुल्क की कमी की पहले प्रतिकर के भुगतान के समय कटौती की जायेगी। निर्णय की प्रतिलिपि पक्षकारों के विद्वान अधिवक्ता को उपलब्ध करायी जायेगी।

---

ekuuh;k vkjñ ckueFkh] e[; U;k;k/kh'k ,o Jh pn'k[kj] U;k;efr

सेठ जयेन्द्रभाई शांतिलाल शाह एवं अन्य

cuke

श्री आर० के० जैन एवं अन्य

L.P.A. No. 445 of 2012. Decided on 30th January, 2014.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908—आदेश 39 नियम 2A सह-पठित धारा 100A—न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971—धारा 10— व्यादेश के आदेश का भंग–जहाँ डिक्री के अपीलीय आदेश से अपील सुनी जाती है एवं उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा विनिश्चित की जाती है, तो उच्च न्यायालय के खंडपीठ के समक्ष आगे अपील नहीं की जा सकती है–चूँकि अवमान याचिका को खारिज करते हुए आक्षेपित आदेश दिनांक 27.8.2012 को पारित किया गया था, भले ही प्रथम अपील में दिनांक 31.10.1991 को यथास्थिति का आदेश पारित किया गया था, सी॰ पी॰ सी॰ में 2002 संशोधन की दृष्टि में एल॰ पी॰ ए॰ वर्जित होगा–अपोषणीय के रूप में एल॰ पी॰ ए॰ खारिज किया गया। (पैराएँ 14 से 16)

निर्णयज विधि.–AIR 2003 SC 189—Relied; (2004) 11 SCC 672—Distinguished; (1997) 3 SCC 462; (1996)1 SCC 49—Referred.

अधिवक्तागण.–Mr. R.N. Sahay, For the Appellants; None, For the Respondents.

आर॰ बानुमथी, न्यायामूर्ति.–यह एल॰ पी॰ ए॰ एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) में पारित दिनांक 31.10.1991 के आदेश के उल्लंघन के लिए सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A सह-पठित न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971 की धारा 10 के अधीन दाखिल आवेदन को खारिज करने वाले दिनांक 27.8.2012 के आदेश के विरुद्ध दाखिल किया गया है।

2. दिनांक 31.10.1991 का आदेश एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) में पारित किया गया था जिसमें वाद भूमि मौजा पारसनाथ हिल के खाता सं॰ 25, भूखंड सं॰ 27 से संबंधित है। जब प्रथम अपीलें लंबित थी, अपीलार्थीगण ने पारित अंतरिम आदेश के अभिकथित उल्लंघन के लिए और विरोधी पक्षकारों को दंडित करने के लिए सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) दाखिल किया। विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह पाते हुए कि सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के प्रावधानों के अधीन अथवा न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971 के प्रावधानों के अधीन विरोधी पक्षकारों के विरुद्ध अग्रसर होने के लिए और कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है, आवेदन खारिज कर दिया।

3. अपीलार्थी का मामला यह है कि विरोधी पक्षकारों ने दिनांक 31.10.1991 और दिनांक 28.9.1992 के न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किया है और अस्थायी व्यादेश के आदेश और यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के उल्लंघन के लिए न्यायालय का अवमान करने के दायी हैं। विद्वान एकल न्यायाधीश ने विस्तारपूर्वक मामले के तथ्यों को निर्दिष्ट किया है और इसलिए, संपूर्ण तथ्य का विवरण देना आवश्यक नहीं है। इसपर गौर करना पर्याप्त है कि एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) को अन्य संबंधित प्रथम अपीलों के साथ निपटाया गया था। उससे उद्भूत होने वाली लेटर्स पेटेन्ट अपीलों अर्थात् एल॰ पी॰ ए॰ सं॰ 332/1997 (आर॰) के साथ एल॰ पी॰ ए॰ सं॰ 333, 334, 335, 336 और 346 वर्ष 1997 (आर॰) को भी निपटाया गया था और याचीगण एवं अन्य द्वारा दाखिल विशेष अनुमति याचिकाओं अर्थात् एस॰ एल॰ पी॰ सं॰ 25572-25576 वर्ष 2004 और किसी रत्नेश कुमार जैन एवं एक अन्य द्वारा दाखिल प्रति विशेष अनुमति याचिका अर्थात् एस॰ एल॰ पी॰ (सिविल) सं॰ 2818-2819 वर्ष 2005 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त दिनांक 1 अगस्त, 2012 के अद्यतन सूचना के मुताबिक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित दर्शाया गया है।

4. जब लेटर्स पेटेन्ट अपील ग्रहण के लिए आया, न्यायालय ने अपील की पोषणीयता के संबंध में प्रश्न किया था। पोषणीयता के प्रश्न पर अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता के निवेदनों को सुना गया।

5. यह निवेदन किया गया था कि एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश मूल अधिकारिता के प्रयोग में पारित किया गया था, अत: एल॰ पी॰ ए॰ पोषणीय है। आगे यह निवेदन किया गया था कि आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन पारित आदेश के विरुद्ध सी॰ पी॰ सी॰ का आदेश XLIII नियम 1 (r) अपील प्रावधानित करता है। यह निवेदन भी किया गया था कि

सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 की उपधारा (1) लेटर्स पेटेन्ट व्यावृत्त करती है और न्यायालय द्वारा पारित आदेश के संबंध में लेटर्स पेटेन्ट अपील का लाभ लिया जा सकता है। अपीलार्थीगण का मुख्य प्रतिवाद यह है कि सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 की उपधारा (1) के फलस्वरुप लेटर्स पेटेन्ट सहित संविधि के अधीन प्रावधानित अपीलों को व्यावृत्त किया गया है, अत: सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के संबंध में लेटर्स पेटेन्ट के अधीन अपील पोषणीय है।

6. विचारार्थ संक्षिप्त बिंदु यह है कि क्या सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन दाखिल आवेदन खारिज करते हुए एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील पोषणीय है?

7. एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) और अन्य अपीलों में पारित दिनांक 31.10.1991 और दिनांक 28.9.1992 के यथास्थिति के आदेश के अभिकथित उल्लंघन के लिए सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन दाखिल किया गया था। विद्वान एकल न्यायाधीश ने अभिनिर्धारित किया कि सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के प्रावधानों के अधीन अथवा न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971 के प्रावधानों के अधीन विरोधी पक्षकारों के विरुद्ध अग्रसर होने के लिए और कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन पारित आदेश के विरुद्ध आदेश XLIII नियम 1 (r) के अधीन अपील पोषणीय है। सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A, जैसा वर्ष 2002 के संशोधन अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है, स्पष्ट एवं विनिर्दिष्ट निबंधनों में लेटर्स पेटेन्ट में अंतर्विष्ट किसी चीज के बावजूद एकल न्यायाधीश के डिक्री और निर्णय अथवा आदेश के विरुद्ध खंडपीठ के समक्ष आगे अपील को प्रतिषिद्ध करती है। सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A का पठन निम्नलिखित है:–

> *"100A- **dN ekeyk e vkx vihy dk u gkuk-**&fdlh mPp U;k;ky; d fy, fdlh yVl iVUV e ;k fofèk dh cy j[ku okyh fdlh vU; fy[kr e ;k rRle; çoÙk fdlh vU; fofèk e fdlh ckr d gkr g, Hkh tgk fdlh vihyh fMØh ;k vkn'k dh vihy dh luokb vkj mldk fofu'p; mPp U;k;ky; d fdlh ,dy U;k;kèkh'k }kjk fd;k tkrk g ogk ,lh vihy e ,l ,dy U;k;kèkh'k d fu.k; vkj fMØh dh vkx dkb vihy ugh gkxhA**"*

8. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A के बावजूद, जैसा संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा अंत:स्थापित किया गया है, धारा 104 (1) मूल आदेश से अपील प्रावधानित करती है। अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 की उपधारा (1) लेटर्स पेटेन्ट अपील व्यावृत्त करती है और सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A और धारा 104 (2) का पठन लेटर्स पेटेन्ट के खंड 10 के अधीन अपील की पोषणीयता के संबंध में वर्जना सृजित करने के लिए नहीं किया जा सकता है। अपने प्रतिवाद के समर्थन में अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने **पी॰ एस॰ सथप्पन (मृत) एल॰ आर॰ द्वारा बनाम आंध्र बैंक लि॰ एवं अन्य, (2004)11 SCC 672,** मामले में दिए गए निर्णय पर विश्वास किया है।

9. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उक्त निर्णय में प्रश्न यह था कि क्या (सी॰ पी॰ सी॰ संशोधन अधिनियम 22 वर्ष 2002 द्वारा सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A के संशोधन के पहले) अपीलीय अधिकारिता में बैठे उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध लेटर्स पेटेन्ट अपील पोषणीय है। उक्त मामले में, डिक्रीत राशि की वसूली के लिए न्यायालय नीलामी की वैधता को चुनौती दी गयी थी और इसे मद्रास उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा खारिज किया गया था। लेटर्स पेटेन्ट के खंड 15 के निबंधनानुसार अपीलार्थी द्वारा मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष लेटर्स पेटेन्ट अपील दाखिल किया गया था। मद्रास उच्च न्यायालय की पूर्णपीठ ने यह अभिनिर्धारित करते हुए कि सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 (2) के निबंधनानुसार आदेश XLIII नियम 1 (j) सह-पठित धारा 104 के अधीन अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील पोषणीय नहीं थी, लेटर्स पेटेन्ट अपील खारिज कर दिया। संविधान

के अनुच्छेद 133 के निबंधनानुसार योग्यता का प्रमाण पत्र पूर्ण पीठ द्वारा प्रदान किया गया था। जब मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष रखा गया था, इसने **न्यू केनिलवर्थ होटल, (1997)3 SCC 462 और रेशम सिंह प्यारा सिंह, (1996)1 SCC 49,** में सर्वोच्च न्यायालय के द्वि-न्यायाधीश पीठ के निर्णयों के बीच मतभेद को ध्यान में लिया और मामला वृहत पीठ को निर्दिष्ट किया। चूँकि एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 सह-पठित आदेश XLIII नियम 1 उच्च न्यायालय के अंतर्गत वृहत पीठ को अपील की अतिरिक्त शक्ति प्रदत्त करती है। सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 (2) केवल उस धारा के अधीन अपील में पारित आदेशों के विरुद्ध अपीलों को वर्जित करती है और इस प्रकार सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 104 (2) किसी प्रवृत्त विधि द्वारा अनुज्ञेय अपील वर्जित नहीं करती है।

10. उक्त निर्णय वर्तमान मामले पर प्रयोज्य नहीं है, चूँकि एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) में आदेश विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा दिनांक 27.8.2012 को पारित किया गया था, आक्षेपित आदेश सी॰ पी॰ सी॰ संशोधन 2002 के बाद धारा 100A द्वारा शासित होता है।

11. यद्यपि पी॰ एस॰ सथप्पन मामले में उक्त निर्णय सी॰ पी॰ सी॰ संशोधन अधिनियम 2002 के पूर्व के मामले से उद्भूत हुआ, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 100A जैसा वर्ष 2002 में संशोधित किया गया है के प्रभाव पर विचार किया और (2002 के बाद) धारा 100A को निर्दिष्ट करते हुए सर्वोच्च न्यायालय निम्नलिखित अभिनिर्धारित किया:-

> *^^lh0 ih0 lh0 dh èkkjk 100A l] tSlk o"k 1976 e vr%LFkkfir fd;k x;k g] ;g n[kk tk ldrk g fd tc foèkkueMy u yVl iVUV vihy dk vioftr djuk pkgk] blu fofufn"Vr% ,lk fd;k iu% èkkjk 100A l] tSlk o"k 2002 e l'kkfèkr fd;k x;k g] ;g n[kk tk ldrk g fd foèkkueMy u fofufn"V viotu çkoèkkfur fd;k gA ;g dFku djuk gkxk fd vc èkkjk 100A d QyLo#i oreku ekey d rF;k e yVl iVUV vihy ik"k.kh; ugh gkxhA fdr] ;g LohÑr voLFkk g fd fofèk tk çpfyr gkxh] çklfxd le; ij fofèk gkxhA çklfxd le; ij u rk èkkjk 100A u vkj u gh èkkjk 104 (2) u yVl iVUV vihy oftr fd;kA èkkjk 100A e ç;Dr 'kCn foiy lrdrk d :i e ugh gA o"k 1976 vkj o"k 2002 d l'kkèku vfèkfu;ek }kjk fofufn"V viotu çkoèkkfur fd;k x;k g D;kfd foèkkueMy tkurk Fkk fd ,l 'kCnk dh vuifLFkfr e yVl iVUV vihy oftr ugh gkxhA foèkkueMy bll voxr Fkk fd blu èkkjk 104 (1) e 0;kofr [kM lfEefyr fd;k Fkk vkj lh0 ih0 lh0 dh èkkjk 4 lfEefyr fd;k FkkA bl çdkj] fofufn"V viotu çkoèkkfur fd;k x;k FkkA*
>
> *vr%] rF;k ij enkl mPp U;k;ky; d yVl iVUV d [kM 15 d vèkhu vihy rRle çoÙk fofèk }kjk çkoèkkfur vihy gA vr%] èkkjk 104 (2) }kjk vuè;kr vfrerk ,lh fofèk d vèkhu ikfjr vihy l lc) ugh gkrh FkhA***

12. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने प्रतिवाद किया कि सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XLIII नियम 1 (r) के अधीन अपील सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन दाखिल आवेदन को खारिज करते और अवमान याचिका को ग्रहण करने से इनकार करते हुए पारित आदेश के विरुद्ध पोषणीय है।

13. जैसा पहले इंगित किया गया है, सी॰ पी॰ सी॰ के आदेश XXXIX नियम 2A के अधीन आवेदन एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) में दाखिल किया गया था। सी॰ पी॰ सी॰ संशोधन 2002 के बाद, अपीलीय अधिकारिता के प्रयोग में विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में आगे अपील नहीं हो सकती है।

14. सी॰ पी॰ सी॰ संशोधन अधिनियम 2002 का प्रभाव यह है कि जहाँ अपीलीय आदेश अथवा डिक्री से अपील उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा सुनी और विनिश्चित की जाती है, उच्च

न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष अपील नहीं होती है। संशोधन अधिनियम की धारा 100A में शब्द ''आगे अपील नहीं होगी'' अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि दिनांक 1.7.2002 के बाद दाखिल अपील के संबंध में आगे अपील ग्रहण नहीं की जाएगी। इस संबंध में, हम **सालेम एडवोकेट बार एसोसिएशन, तमिलनाडु बनाम भारत संघ, AIR 2003 SC 189,** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को लाभदायी रूप से निर्दिष्ट कर सकते हैं जिसका पठन निम्नलिखित है:–

> *"15. èkkjk 100A nk çdkj d ekeyk ij fopkj djrh g ftUg ,dy U;k;kèkh'k }kjk fofuf'pr fd;k x;k gA igyk og g tgk ,dy U;k;kèkh'k vihyh; fMØh vFkok vkn'k l vihy lurk gA ,l ekey e vkx fdlh vihy dk ç'u vuè;kr ugh fd;k tk ldrk g vkj u gh fd;k tkuk pkfg,A fdr] tgk fopkj.k U;k;ky; d fMØh d fo#) mPp U;k;ky; d le{k vihy nkf[ky dh tkrh g] ç'u mnHkr gk ldrk g fd D;k vkx dkb vihy dh vuefr nh tkuh pkfg, ;k ughA oreku e Hkh] ekey d eY; ij fuHkj djr g, ey fMØh l vihy mPp U;k;ky; d ,dy U;k;kèkh'k }kjk vFkok [kMihB }kjk lquh tkrh gA tgk bl çdkj nkf[ky fu;fer çFke vihy [kMihB }kjk lquh tkrh g] vrjk U;k;ky; vihy gku dk ç'u mnHkr ugh gkrk gA doy ,l ekeyk e tgk eY; lkjoku ugh g] mPp U;k;ky; fu;ekoyh fu;fer çFke vihy dk ,dy U;k;kèkh'k }kjk luk tkuk çkoèkkfur dj ldr gA ,l ekey e tgk vrxLr jkf'k uke ek= g] [kMihB d le{k vihy dk vfrfjDr vfèkdkj oLrr% vuko';d :i l dke dk ck> c<kuk gkxkA ge ugh ikr g fd vrjk&U;k;ky; vihy ugh çkoèkkfur dju d fy, okndkjk ij dkb çfrdyrk dkfjr gkxh] ogk Hkh tgk vrxLr eY; cMk gA ,l ekey e] mPp U;k;ky; fu;ek }kjk çkoèkkfur dj ldrk g fd [kMihB fu;fer çFke vihy luxkA bl çdkj èkkjk 100A d l'kkfèkr çkoèkku e xyrh ugh ik;h tk ldrh gA**

15. अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि यद्यपि एम॰ जे॰ सी॰ सं॰ 349/1996 (आर॰) में पारित आदेश दिनांक 27.8.2012 को पारित किया गया था, एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) में यथास्थिति का आदेश दिनांक 31.10.1991 को पारित किया गया था जो संशोधन अधिनियम 2002 के पहले था, अत: लेटर्स पेटेन्ट अपील पोषणीय है। अपीलार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता का उक्त प्रतिवाद स्वीकार्य नहीं है। संशोधन 2002 द्वारा प्रतिस्थापित सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A आक्षेपित आदेश को अपनी परिधि में तह के भीतर लाएगी। वर्तमान मामले में, चूँकि आक्षेपित आदेश दिनांक 27.8.2012 को पारित किया गया था, भले ही एफ॰ ए॰ सं॰ 145/1990 (आर॰) में यथास्थिति आदेश दिनांक 31.10.1991 को पारित किया गया था, लेटर्स पेटेन्ट अपील 2002 संशोधन की दृष्टि में वर्जित होगी।

16. सी॰ पी॰ सी॰ की धारा 100A के फलस्वरुप विधानमंडल में विनिर्दिष्ट अपवर्जन प्रावधानित किया है कि लेटर्स पेटेन्ट अपील पोषणीय नहीं होगी, अत: इस एल॰ पी॰ ए॰ को अपोषणीय के रूप में खारिज किया जाता है।

---

ekuuh; Mhñ ,uñ mikè;k;] U;k;efr

तुला देवी एवं अन्य

cuke

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि॰ एवं अन्य

Misc. Appeal No. 73 of 2006. Decided on 17th January, 2014.

मोटर यान अधिनियम, 1988—धारा 163A—दुर्घटना में मृत्यु–मृतक लगभग 21 वर्षीय महाविद्यालय का छात्र था–अधिकरण द्वारा, 1,72,000/- रुपयों का मुआवजा अधिनिर्णीत किया गया–मृतक बच्चों को ट्यूशन देकर 1500-1600/- रुपया प्रति माह अर्जित कर रहा था–अधिकरण ने मृतक की भावी संभावना की संगणना करते हुए मृतक की कुल आय में 50% अतिरिक्त जोड़ना होगा–सतरह का गुणक लागू करके मुआवजा की राशि 2,55,000/- रुपया बढ़ायी गयी। (पैरा 8)

निर्णयज विधि.–(2012) 6 SCC 421; 2012 (3) TAC 1; 2013 (3) TAC 697—Relied.

अधिवक्तागण.–Mr. Atanu Banerjee, For the Appellants; M/s Alok Lal, Shiv Prasad Mahto, For the Respondents.

आदेश

यह अपील दावा केस सं० 91 वर्ष 1993 के संबंध में विद्वान मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण, हजारीबाग द्वारा पारित दिनांक 5 सितंबर, 2005 के उस निर्णय और अधिनिर्णय के विरुद्ध मृतक बिनोद कुमार महतो उर्फ बीरेन्द्र कुमार महतो की माता, पिता और भाई द्वारा दाखिल की गयी है जिसके द्वारा दावेदारों के पक्ष में 1,72,000/- रुपयों की राशि अधिनिर्णीत की गयी है और विद्वान अधिकरण ने उस तरीके को भी उपदर्शित किया है जिसमें राशि दावेदार (मृतक की पत्नी) और भाई सहित माता–पिता के बीच प्रभाजित की जाएगी।

2. दावा आवेदन के पीछे तथ्य ये हैं कि विनोद कुमार महतो उर्फ बीरेन्द्र कुमार महतो दिनांक 30 जनवरी, 1993 को अपने मित्रों के साथ रजिस्ट्रेशन सं० डब्ल्यू० जी० आई० 92 वाली एम्बेसडर कार में यात्रा कर रहा था और वह कैथा से राँची जा रहा था। जब वाहन पाल नर्सिंग होम, रामगढ़ के पास पहुँचा, उपेक्षापूर्ण और लापरवाह तरीके से चलाए जा रहे रजिस्ट्रेशन सं० पी० बी० 10 बी० 9530 वाले ट्रक ने एम्बैसडर कार को धक्का मारा जिसके परिणामस्वरुप मृतक और सहयात्रियों ने उपहति प्राप्त किया और घटनास्थल पर उनकी मृत्यु हो गयी। यह प्रकट किया गया है कि मृत्यु के समय मृतक की आयु लगभग 21 वर्ष थी और वह महाविद्यालय का छात्र था। अध्ययन के अतिरिक्त, वह ट्यूशन भी देता था उसकी मासिक आमदनी 1500-1600/- रुपया थी। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने अपने पति बिनोद कुमार महतो उर्फ बीरेन्द्र कुमार महतो की मृत्यु जो सड़क दुर्घटना में हुई के विरुद्ध मुआवजा प्रदान करने के लिए आवेदन दाखिल किया। मृतक के माता–पिता, छोटे भाई–बहन को दावा आवेदन में पक्षकार बनाया गया था। नोटिस तामील किए जाने के बाद विरोधी पक्षकार यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लि० उपस्थित हुआ और अपना कारण बताओ दाखिल किया किंतु वाहन का स्वामी और चालक उपस्थित नहीं हुए थे और विचारण न्यायालय एकपक्षीय रूप से उनके विरुद्ध अग्रसर हुआ।

3. दिनांक 15.2.2000 को विवाद्यक विरचित किए गए थे और अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य एवं दस्तावेज ग्रहण करने के बाद अधिकरण इस निष्कर्ष पर आया है कि मृतक के आश्रितगण 1,72,000/- रुपयों के मुआवजा के हकदार हैं और इसे आक्षेपित निर्णय में उपदर्शित तरीके से वितरित करने का निर्देश दिया गया था।

4. अपीलार्थीगण के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि दावेदार मोस्मात सरिता देवी, जिसे इस अपील में विरोधी पक्षकार/प्रत्यर्थी सं० 2 बनाया गया है, ने दिनांक 7.7.2000 को पुनर्विवाह किया और अब वह मृतक की विधवा नहीं है। विद्वान अधिकरण ने सही प्रकार से प्रत्यर्थी बीमा कंपनी को उसको 25,000/- रुपया का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, अधिकरण ने गलत

रूप से मृतक की वार्षिक आय निर्धारित और आवेदन की तिथि से राशि पर ब्याज प्रदान नहीं करके गलती किया है।

5. प्रत्यर्थी सं॰ 2 मोस्मात सरिता देवी के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि घटना की तिथि पर वह मृतक की पत्नी थी और वह सात वर्षों तक अपने ससुरालवालों के साथ रही। चूँकि भाग्यहीन सरिता देवी अपनी कम आयु में विधवा हो गयी, उसने अपने संबंधियों एवं मित्रों के सुझाव और मध्यक्षेप से विवाह किया। इस आवेदन का वाद हेतुक दिनांक 30 जनवरी, 1993 को उद्भूत हुआ और उस तिथि पर वह मृतक की पत्नी थी और अपने पति की मृत्यु के बाद वह विधवा थी और इसलिए, वह अपने पति विनोद कुमार महतो उर्फ बीरेन्द्र कुमार महतो की मृत्यु के बदले मुआवजा की हकदार है।

6. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि॰ के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि इस अपील को मुख्यत: अधिनिर्णीत राशि के प्रभाजन के लिए दाखिल किया गया है किंतु अब अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता अधिनिर्णीत राशि को बढ़ाने का विवाद्यक उठा रहे हैं और मुआवजा राशि पर ब्याज के भुगतान का दावा भी कर रहे हैं। उन्होंने अपील मेमो के प्रार्थना अंश की ओर मेरा ध्यान खींचा है जिसमें अपीलार्थी ने केवल आक्षेपित निर्णय और अधिनिर्णय को अपास्त करने के लिए प्रार्थना किया है और इस न्यायालय के समक्ष कोई आदेश जो न्याय करने के लिए समुचित प्रतीत होता हो, पारित करने के लिए आगे प्रार्थना किया है। प्रत्यर्थी के विद्वान अधिवक्ता ने अधिनिर्णीत राशि पर ब्याज दिए जाने के विरुद्ध जोरदार आपत्ति किया है। उन्होंने निवेदन किया है कि अधिकरण ने सही प्रकार से ब्याज की अनुमति से इनकार किया है और निर्णय में आधार उपलब्ध है और इस पर चर्चा की गयी है। आवेदन वर्ष 1993 में दाखिल किया गया था जो ग्रहण के लिए वर्ष 1997 तक लंबित रहा। दिनांक 15.2.2000 को विवाद्यक विरचित किए गए थे किंतु दावेदार का साक्ष्य केवल वर्ष 2005 में बन्द किया गया था। परिस्थितियाँ उपदर्शित करती हैं कि दावेदार ने मामले के निपटान में विलंब किया और उसके लिए प्रत्यर्थी बीमा कंपनी को दायी अभिनिर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। आगे यह इंगित किया गया है कि अधिकरण ने सही प्रकार से मृतक की वार्षिक आय पर विचार किया है और यह दावेदार द्वारा दिए गए साक्ष्य पर आधारित था।

7. मैंने आक्षेपित निर्णय और मेरे समक्ष प्रस्तुत सामग्री का परिशीलन किया है। यह दावेदारगण का स्वीकृत मामला है कि मृतक महाविद्यालय का छात्र था और उसकी मासिक आय के संबंध में प्रमाण पत्र अभिलेख पर नहीं लिया गया है। दावेदार द्वारा दिया गया साक्ष्य सुझाता है कि मृतक बच्चों को ट्यूशन देकर 1500-1600/- रुपया प्रतिमाह अर्जित कर रहा था। अधिकरण ने 15,000/- रुपया वार्षिक अभिप्रायात्मक आय लिया है और उक्त राशि से एक तिहाई काटने के बाद, जो मृतक द्वारा अपने उपर उपगत की गयी थी, 17 का गुणक लागू करके आश्रितता की संगणना की है।

8. विद्वान अधिकरण ने **(2012)6 SCC 421; 2012 (3) TAC 1 संतोष देवी बनाम नेशनल इंश्योरेंस कं॰ लि॰ एवं अन्य,** में निर्णय की दृष्टि में मृतक की भावी संभावना पर विचार नहीं किया है जिसमें यह अभिनिर्धारित किया गया है कि समय काल में मृतक की कुल आयु में वृद्धि के लिए 30% अतिरिक्त बढ़ोतरी को लागू करना होगा। आगे, **राजेश एवं अन्य बनाम राजबीर सिंह, 2013 (3) TAC 697,** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि स्वनियोजित व्यक्ति अथवा नियत मजदूरी वाले व्यक्ति के मामले में, जहाँ पीड़ित की आयु 40 वर्ष से नीचे थी, मृतक की भावी संभावना की संगणना

करते हुए मृतक की कुल आयु में 50% और जोड़ना होगा। अत: यदि 15,000/- प्रति वर्ष की अभिप्रायात्मक आय, जैसा एम॰ वी॰ अधिनियम की धारा 163A के अधीन उपदर्शित किया गया है, ली जाती है और भावी संभावना की ओर उस आय का 50% जोड़ा जाता है, वार्षिक आय 22,500/- रुपया होगी और मृतक के निजी खर्च पर एक तिहाई काटने के बाद आश्रितता की हानि की संगणना करने के लिए वार्षिक आय 15000/- रुपया होगी। यदि 17 का गुणक लिया जाता है, मुआवजा राशि 2,55,000/- रुपया होगी। अत: दावेदारगण विनोद कुमार महतो उर्फ विरेन्द्र कुमार महतो की मृत्यु के बदले 2,55,000/- रुपयों का मुआवजा प्राप्त करने के हकदार हैं।

9. प्रत्यर्थी के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने ब्याज के भुगतान के बिंदु पर जोरदार आपत्ति किया है। यह विवादित नहीं है कि विवाद्यक दिनांक 15.2.2000 को विरचित किया गया था और इसलिए, यथा संभव शीघ्र अग्रसर होना न्यायालय का कर्तव्य था। चूँकि हमारे समक्ष अभिलेख उपलब्ध नहीं है, यह पता नहीं लगाया जा सकता था कि मामले के निपटान में विलंब के लिए किसकी गलती है किंतु तथ्य बना रहता है कि मामले के निपटान में ऐसे विलंब के लिए दावेदारों को पीड़ित नहीं होना होगा। इन परिस्थितियों में, विवाद्यक विरचित करने की तिथि अर्थात् दिनांक 15.2.2000 से 2,55,000/- रुपयों की अधिनिर्णीत राशि के साथ 6% वार्षिक की दर पर ब्याज का भुगतान दावेदारों को किया जाएगा। चूँकि मृतक की माता और पत्नी जीवित हैं और वे वर्ग 1 विधिक उत्तराधिकारी हैं, राशि उनके बीच वितरित की जानी चाहिए। यह भी अभिलेख पर लाया गया है कि दावेदार-विरोधी पक्षकार सं॰ 2 का दर्जा उस तिथि पर बदल गया था जिस पर निर्णय उद्घोषित किया गया था और उस तिथि पर वह मृतक विनोद कुमार महतो उर्फ विरेन्द्र कुमार महतो की विधवा नहीं रही थी। क्योंकि उसने पुनर्विवाह कर लिया था, अत: अधिनिर्णीत राशि निम्नलिखित तरीके से वितरित की जाएगी:

विवाद्यक विरचित करने की तिथि से 6% वार्षिक दर पर ब्याज के साथ 75,000/- रुपयों का भुगतान प्रत्यर्थी सं॰ 2 (मृतक की तत्कालीन विधवा) को किया जाएगा।

यदि 25000/- रुपयों, जैसा आक्षेपित निर्णय में उपदर्शित किया गया है, का भुगतान पहले ही प्रत्यर्थी सं॰ 2 मोस्मात सरिता देवी को किया जा चुका है, उस स्थिति में 25000/- रुपयों की उक्त राशि काटी जाएगी और ब्याज के साथ शेष राशि का भुगतान उसको किया जाएगा।

विवाद्यक विरचित करने की तिथि से 6% वार्षिक दर पर ब्याज के साथ 1,80,000/- रुपयों की शेष मुआवजा राशि का भुगतान मृतका की माता अर्थात् अपीलार्थी सं॰ 1 तुला देवी को किया जाएगा। आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि 1,47,000/- रुपया, जैसा आक्षेपित निर्णय में उपदर्शित किया गया है, का भुगतान पहले ही मृतक के माता-पिता और भाई को किया जा चुका है, वह 1,80,000/- रुपयों की उक्त राशि का भाग निर्मित करेगा और इसे काटा जाएगा यदि इसका भुगतान कर दिया गया है। उस स्थिति में ब्याज के साथ शेष राशि 33,000/- रुपया का भुगतान किया जाएगा जैसा उपर उपदर्शित किया गया है।

10. अंतरिम मुआवजा, यदि एम॰ भी॰ अधिनियम की धारा 140 के अधीन इसका भुगतान किया गया है, भी कुल मुआवजा राशि का भाग निर्मित करेगा। यदि इसका भुगतान किया गया है, इसे उपर संगणित मुआवजा राशि से काटा जाएगा।

11. इन संप्रेक्षणों एवं उपांतरणों के साथ दावा केस सं॰ 91 वर्ष 1993 के संबंध में विद्वान मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण, हजारीबाग द्वारा पारित दिनांक 5 सितंबर 2005 के निर्णय और अधिनिर्णय को आश्रितता की संगणना, मुआवजा की कुल राशि और प्रभाजन के तरीके की सीमा तक अपास्त किया जाता है। जहाँ तक अन्य पहलूओं का संबंध है, जिन पर अवर न्यायालय द्वारा चर्चा की गयी है, अभिपुष्ट किया जाता है।

ekuuh; vkjñ ckueFkh] e[; U;k;kèkh'k ,o Jh pn'k[kj] U;k;efr

सत्य नारायण यादव

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

W.P.(C) No. 5857 of 2012. Decided on 27th January, 2014.

झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001—धारा 58 (1)—धारा 58 (1) की शक्तिमत्ता को चुनौती–झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 के प्रावधान का विरोध इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि एक अन्य अधिनियम में जिला परिषद् के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को हटाने के लिए भिन्न प्रावधान है–रिट याचिका खारिज। (पैराएँ 8 एवं 9)

अधिवक्तागण.–M/s Altmas Khan, Sudhir Kumar, Ranjit Kumar Singh, For the Petitioner; Mr. Rajesh Shankar, For the Respondents.

आदेश

झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58(1) की शक्तिमत्ता को चुनौती देते हुए वर्तमान रिट याचिका दाखिल की गयी है।

2. याची जिला परिषद्, गढ़वा का उपाध्यक्ष है। दिनांक 21.8.2012 को अध्यक्ष, जिला परिषद् गढ़वा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दिया गया था जिसमें 42 सदस्यों ने भाग लिया था। जिला परिषद् 44 सदस्यों से गठित है जो निर्वाचित और नामांकित सदस्यों को सम्मिलित करती है। अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेने वाले 42 सदस्यों में से 26 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया और 12 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया। पूर्वोक्त तथ्यों की दृष्टि में याची झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58 (1) के प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती देते हुए इस न्यायालय के समक्ष आया है कि प्रस्ताव का समर्थन करने वाले तीन चौथाई सदस्यों की आवश्यकता अधिनियम के पूर्व प्रावधान के अनुकूल नहीं है और बिहार पंचायती राज अधिनियम के अनुकूल भी नहीं है।

3. झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 49 (1) के अधीन परिकल्पित जिला परिषद् के गठन का विवरण देते हुए प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया है। यह कथन किया गया है कि अधिनियम की धारा 49 (2) प्रावधानित करती है कि जिला परिषद् के समस्त सदस्यों को जिला परिषद् की बैठकों में मतदान का अधिकार होगा।

4. याची के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58(1) के अधीन प्रावधान अधिकारातीत है क्योंकि यह धारा 55 की उपधारा (ii) के अनुरुप नहीं है। विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया है कि जिला परिषद् के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में तीन चौथाई सदस्यों की उपस्थिति एवं मतदान करने की आवश्यकता बिहार एवं आंध्र प्रदेश अधिनियम में अंतर्विष्ट समरुप प्रावधानों के अनुकूल नहीं है और इसलिए झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58 (1) के अधीन प्रावधान अधिकारातीत घोषित किए जाने का दायी हैं। याची के विद्वान अधिवक्ता ने आगे निवेदन किया है कि चूँकि केवल निर्वाचित सदस्यों ने जिला परिषद् के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को निर्वाचित किया है, नामांकित सदस्यों को अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और इस प्रकार, झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58 (1) के अधीन प्रावधान विखंडित किए जाने के दायी है।

5. विद्वान सरकारी अधिवक्ता श्री राजेश शंकर ने निवेदन किया है कि वर्तमान रिट याचिका भ्रामक है। अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही को चुनौती देने की ओट में वर्तमान रिट याचिका दाखिल की गयी है। अधिनियम की धारा 49 (2) और धारा 54 के अधीन प्रावधान पर विश्वास करते हुए प्रत्यर्थी झारखंड राज्य के विद्वान अधिवक्ता ने कथन किया है कि याची के विद्वान अधिवक्ता का प्रतिवाद अस्वीकार किए जाने का दायी है क्योंकि उक्त प्रावधान स्पष्टत: उपदर्शित करता है कि निर्वाचित और नामांकित दोनों सदस्यगण जिला परिषद के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को निर्वाचित करने के हकदार हैं और वे जिला परिषद् की बैठकों में भाग लेने एवं मतदान करने के हकदार हैं।

6. पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुनने पर एवं पक्षों की ओर से किए गए परस्पर विरोधी प्रतिवादों के अधिमूल्यन पर हमारा मत है कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58 (1) के अधिकार को चुनौती देने के लिए याची द्वारा उठाया गया आधार भ्रामक है। जिला परिषद् का गठन निम्नलिखित सम्मिलित करता है:–

"49 (1) (a) ftyk e {k=h; fuokpu {k=k l çR;{k :i l fuokfpr lnL; tlk vfèkfu;e d vèkhu fofuf'pr fd;k x;k g(

(b) ftyk e leLr ipk;r lfefr;k d çe[k ijUr ;g fd ipk;r lfefr dk çe[k] tk ifj"kn d vèkhu lnL; g] èkkjk 72 d vèkhu LFkk;h dfeVh dk lnL; ugh gkxk(

(c) ykdlHkk ,o jkT; foèkkulHkk d ,l lnL; tk ftyk d fdlh Hkkx vFkok ij dk çfrfufèkRo djr g vkj ftudk fuokpu {k= ftyk d vrxr vkrk g(

(d) jkT; lHkk d lnL; ftUg ftyk d vrxr fuokpd d :i e nt fd;k x;k g(

ijUr ;g fd ;fn lln vFkok jkT; foèkku eMy dk dkb ,lk lnL;] tk ftyk ifj"kn dk lnL; g] vuifLFkfr] chekjh vFkok fdlh vU; dkj.k l fdlh cBd e mifLFkr gku e v{ke g] og cBd e mifLFkr gku d fy, viu ,l çfrfufèk dk ukekfdr dj ldrk g ftld ikl bld fy, fofgr ,lh vgrk, g(

*(e) jkT; ljdkj }kjk vfèklpuk }kjk ukekfdr fd, tku d fy, ftyk ifj"kn dk ,d çfrf"Br 0;fDrA***

7. झारखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 54 प्रावधानित करती है कि विहित प्राधिकारी द्वारा आहूत बैठक में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को निर्वाचित किया जाएगा। धारा 54 से प्रकट है कि निर्वाचित और नामांकित सदस्य दोनों जिला परिषद् के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष का निर्वाचन करने के लिए बैठक में भाग लेंगे। झारखंड अधिनियम, 2002 का 07, द्वारा धारा 49 को संशोधित किया गया था और उपधारा (2) अंत: स्थापित की गयी है जो प्रावधानित करती है कि जिला परिषद् के समस्त सदस्यों को जिला परिषद् की बैठकों में मतदान करने का अधिकार होगा।

8. वर्तमान रिट याचिका में, याची ने अभिवचन किया है कि जिला परिषद् के केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही मतदान करने का अधिकार होना चाहिए था और इस प्रकार याची अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेने से समस्त अन्य सदस्यों का अपवर्जन इप्सित कर रहा है। याची द्वारा किया गया अभिवचन अधिनियम की धाराओं 54 और 49 (2) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के उल्लंघन में है। याची ने झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 49(2) और धारा 54 में अंतर्विष्ट प्रावधान को चुनौती नहीं दिया है।

याची के विद्वान अधिवक्ता ने बिहार पंचायती राज अधिनियम, 1993 की धारा 68 (4) के अधीन प्रावधान पर विश्वास करते हुए प्रतिवाद किया कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 58 (1) के अधीन अंतर्विष्ट प्रावधान मनमाना और भेदभावपूर्ण है। हम याची के विद्वान अधिवक्ता द्वारा किए गए प्रतिवाद में सार नहीं पाते हैं। झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 के प्रावधान का विरोध इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि एक अन्य अधिनियमन में जिला परिषद् के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को हटाने के लिए भिन्न प्रावधान है।

9. परिणामस्वरुप, यह रिट याचिका विफल होती है और तद्नुसार खारिज की जाती है।

---

ekuuh; vkjñ vkjñ çlkn] U;k;efr

चंदन राज चौधरी उर्फ चंदन राय चौधरी (1537 में)

नंद किशोर चौधरी एवं एक अन्य (802 में)

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य (दोनों में)

Cr. M.P. Nos. 1537 of 2010 with Cr. M.P. No. 802 of 2013. Decided on 20th January, 2014.

भारतीय दंड संहिता, 1860—धाराएँ 498A/34—दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धारा 482—क्रूरता–संज्ञान–सूचक और याची पति के बीच विवाह से यह अभिवचन करते हुए इनकार किया जा रहा है कि याची पति का विवाह पहले एक अन्य महिला के साथ हुआ था और विवाह के अस्तित्वयुक्त रहने के दौरान सूचक और याची पति के बीच लिव-इन संबंध विकसित हुआ–इन समस्त तथ्यों को विचारण के दौरान विनिश्चित करने की आवश्यकता है–संज्ञान लेने वाले आदेश को और उन्मोचन से इनकार करने वाले आदेश को भी अभिखंडित करने की आवश्यकता नहीं है–आवेदन खारिज किया गया। (पैराएँ 13 एवं 14)

अधिवक्तागण.–M/s P.C. Tripathy, (in 802) and Anil Kumar (in 1537), For the Petitioners; A.P.P., For the State; Mr. P.A.S. Pati, For the O.P. No.2.

आदेश

पक्षों को सुना गया।

2. इन दोनों आवेदनों को सरायकेला पी॰ एस॰ केस सं॰ 6 वर्ष 2010 (जी॰ आर॰ सं॰ 26 वर्ष 2010) की संपूर्ण दांडिक कार्यवाही सहित दिनांक 19.7.2010 के आदेशों, जिसके द्वारा इन तीनों याचीगण के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 498A/34 के अधीन दंडनीय अपराध का संज्ञान लिया गया था, के अभिखंडन के लिए दाखिल किया गया है।

3. याची-पति चंदन राज चौधरी की ओर से दाखिल दांडिक एम॰ पी॰ सं॰ 1537 वर्ष 2010 में अंतर्वर्ती आवेदन दाखिल किया गया है जिसके द्वारा उन्मोचन अस्वीकार करने वाले आदेश को चुनौती दी गयी है। दांडिक एम॰ पी॰ सं॰ 802 वर्ष 2013 में याचीगण अर्थात नंद किशोर चौधरी और श्रीमती शकुंतला देवी क्रमश: ससुर और सास हैं।

4. पक्षों की ओर से किए गए निवेदन पर विचार करने के पहले अभियोजन मामले को ध्यान में लेने की आवश्यकता है।

5. अभियोजन मामला यह है कि सूचक और याची चंदन राज चौधरी उर्फ चंदन राय चौधरी के बीच टेलको में भुवनेश्वरी मंदिर में प्रेम विवाह संपन्न किया गया था। विवाहोपरांत सूचक याची पति के

साथ अपने ससुराल में रहने लगी। एक वर्ष तक सब कुछ सामान्य था किंतु तत्पश्चात जब पिता-पुत्र के बीच मतभेद उद्भूत हुआ, उसे पति द्वारा एक अन्य स्थान पर रहने के लिए ले जाया गया था, जहाँ विवाह संबंध से उनको एक पुत्र हुआ। तत्पश्चात, उसका पति पटना में रहने लगा। जब कभी वह जमशेदपुर आता था, वह उसे अपने पिता के घर ले जाता था जहाँ सास-ससुर उससे कहते थे कि वे उसे अपने घर में रहने की अनुमति तब देंगे जब वह दहेज लाएगी। वे उसे मानसिक यातना के अध्यधीन भी करते थे। ऐसा अनेक अवसरों पर हुआ। इस बीच पति भी उसका दुश्मन हो गया और उसे यातना के अध्यधीन करने लगा।

6. समय क्रम में, सूचक को सरायकेला स्थानांतरित किया गया था जहाँ याची पति उसके पास आने लगा। अगले दिन याची पति और अन्य अभियुक्तगण सरायकेला पुलिस केंद्र आए जहाँ उन्होंने सूचक को अपने पति का साथ छोड़ने के लिए धमकी दिया क्योंकि वह पहले से ही विवाहित था जिसमें विफल रहने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी।

7. ऐसे अभिकथन पर इन तीनों याचीगण के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 498A/34 के अधीन और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं 3/4 के अधीन भी सरायकेला पी॰ एस॰ केस सं॰ 6 वर्ष 2010 दर्ज किया गया था।

8. बाद में, मामले की जाँच की गयी थी और जाँच के बाद न्यायालय ने इन तीनों याचीगण के विरुद्ध दिनांक 19.10.2010 के अपने आदेश के तहत अपराध का संज्ञान लिया जिसको इस न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गयी है।

9. याची पति चंदन राज चौधरी के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री अनिल कुमार निवेदन करते हैं कि वस्तुत: याची पति पहले से ही विवाहित था और एक अन्य लड़की से विवाह करने के बाद ही सूचक याची चंदन राज चौधरी के संपर्क में आयी और बाद में उनके बीच लिव-इन संबंध विकसित हुआ और, इसलिए, सूचक को विधिवत ब्याहता पत्नी नहीं कहा जा सकता है और इस प्रकार, वह वर्तमान अभियोजन पोषित नहीं कर सकती है।

10. सास-ससुर के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री पी॰ सी॰ त्रिपाठी निवेदन करते हैं कि अभिकथन के अनुसार यह प्रेम विवाह था बल्कि अन्य मामले के याची के मामले के मुताबिक यह लिव-इन संबंध था और उस स्थिति में यह उम्मीद नहीं की जाती है कि याचीगण सास-ससुर होने के नाते दहेज मांग करेंगे और इसे पूरा नहीं किए जाने के कारण सूचक को क्रूरता के अध्यधीन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सरायकेला में वाद हेतुक प्रोद्भूत नहीं हुआ है और, इसलिए, सरायकेला में क्षेत्रीय अधिकारिता की कमी के कारण अभियोजन पोषित नहीं किया जा सकता है।

11. इसके विरुद्ध, विरोधी पक्षकार सं॰ 2 के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता श्री पी॰ ए॰ एस॰ पति निवेदन करते हैं कि याची पति की ओर से इस चरण पर बचाव लिया गया है कि वह पहले से ही विवाहित था जिस पर इस चरण पर विचार नहीं किया जा सकता है जबतक सूचक का यह विनिर्दिष्ट मामला है कि सूचक ने विधित: याची चंदन राज चौधरी के साथ विवाह किया था और वैवाहिक संबंध से उनको पुत्र का जन्म हुआ था और कि दूसरा विवाह जिसका दावा याची ने किया था वस्तुत: समय के बाद के बिंदु पर हुआ था और ऐसी स्थिति में यह नहीं कहा जा सकता है कि सूचक अपना अभियोजन पोषित नहीं कर सकती है क्योंकि वह विधिवत ब्याहता पत्नी कभी नहीं थी।

12. आगे, यह निवेदन किया गया है कि सरायकेला में कुछ प्रत्यक्ष कृत्य किए गए हैं और तद्द्वारा सरायकेला के न्यायालय को मामले पर विचार करने की अधिकारिता है।

13. पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुनने पर और अभिलेख के परिशीलन पर यह प्रतीत होता है कि सूचक और याची के बीच विवाह से यह अभिवचन करते हुए इनकार किया जा रहा है कि याची पति पहले से ही एक अन्य महिला से विवाहित था और विवाह के अस्तित्वयुक्त रहने के दौरान सूचक और याची पति के बीच लिव-इन संबंध विकसित हुआ। इन समस्त तथ्यों को विचारण के दौरान विनिश्चित करने की आवश्यकता है और इसलिए यह संज्ञान लेने वाले आदेश को अभिखंडित करने का आधार नहीं हो सकता है। तद्नुसार, संज्ञान लेने वाले आदेश को और उन्मोचन अस्वीकार करने वाले आदेश को भी अभिखंडित करने की आवश्यकता नहीं है।

14. अत:, यह आवेदन खारिज किया जाता है।

15. किंतु, ये याचीगण समस्त अभिवचनों, जिन्हें इस आवेदन में किया गया है, को समुचित चरण पर अवर न्यायालय के समक्ष करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

---

ekuuh; vij'k dekj flg] U;k;efr

चंद्रभूषण कुमार एवं एक अन्य

cuke

झारखंड राज्य एवं अन्य

Cont. (Civil) No. 635 of 2013. Decided on 18th January, 2014.

न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971—धारा 12—न्यायालय का अवमान–न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने के लिए अवमान कार्यवाही आरंभ करने के लिए प्रार्थना–अभिलेख पर मौजूद सामग्रियों से यह प्रतीत होता है कि विरोधी पक्षकारों ने न्यायालय द्वारा पारित निर्णय की अवज्ञा में जानबूझकर कृत्य नहीं किया है–उन्होंने अपनी ओर से शर्तहीन क्षमायाचना भी किया है–अभिकथित जानबूझकर की गयी अवज्ञा के लिए विरोधी पक्षकारों के विरुद्ध अवमान कार्यवाही आरंभ करने का कारण नहीं है–याचिका खारिज। (पैराएँ 7 एवं 8)

अधिवक्तागण.–M/s Rajiv Ranjan, Sresth Gautam, For the Petitioners; M/s Jai Prakash, Rishi Pallav, For the Respondents.

अपरेश कुमार सिंह, न्यायमूर्ति.–याचीगण के विद्वान अधिवक्ता एवं राज्य-विरोधी पक्षकारों के विद्वान ए० ए० जी० सुने गए।

2. अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 29.11.2013 के बाद विरोधी पक्षकारों की ओर से दिनांक 12.12.2013 को पूरक कारण बताओ दाखिल किया गया है। विद्वान ए० ए० जी० ने निवेदन किया कि याचीगण, जिन्हें राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया था और उपसचिव, क्रीड़ा, कला, संस्कृति एवं युवा कार्य, झारखंड सरकार द्वारा जारी दिनांक 16.2.2013 के आदेश के तहत हटाया गया था, डब्ल्यू० पी० सी० सं० 1181 वर्ष 2013 में इस न्यायालय के पास आए थे। डब्ल्यू० पी० सी० सं० 1181 वर्ष 2013 में पारित दिनांक 28.6.2013 के निर्णय के तहत इस न्यायालय द्वारा दिनांक 16.2.2013 की अधिसूचना के अभिखंडन के अनुसरण में याचीगण ने दिनांक 2.7.2013 को पद ग्रहण किया था जिस पर विरोधी पक्षकारों द्वारा अथवा राज्य के किसी पदधारी द्वारा कोई आपत्ति

कभी नहीं की गयी है। इस प्रकार, यह प्रतिवाद कि विरोधी पक्षकारों–राज्य ने इस न्यायालय के निर्णय की अवज्ञा की है, सत्य नहीं है और इस न्यायालय के आदेश का पूर्ण अनुपालन किया गया है। विरोधी पक्षकारों ने शर्तहीन क्षमायाचना भी किया है और कथन किया है कि वे इस न्यायालय के आदेश की अवज्ञा करने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

3. विद्वान ए॰ ए॰ जी॰ ने आगे निवेदन किया कि याची सं॰ 1 ने आयोग के अध्यक्ष की हैसियत में दिनांक 10.7.2013 को बैठक बुलाने के लिए दिनांक 2.7.2013 को पत्र जारी किया था। उन्होंने आयोग के सदस्य सचिव की नियुक्ति के लिए दिनांक 17.7.2013 को सचिव, क्रीड़ा, कला, संस्कृति, युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार को भी लिखा जो दिनांक 12.12.2013 को दाखिल कारण बताओ का परिशिष्ट–C और D है। यह कथन किया गया है कि याचीगण ने भी अवमान याचिका के पैरा 6 में स्वीकार किया है कि इस न्यायालय के निर्णय के बाद दिनांक 8.1.2013 की उनकी नियुक्ति की मूल सूचना प्रभावकारी बन गयी और, इसलिए, उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए काम करना शुरू किया तथा युवा आयोग की बैठक बुलाने का सचिव को निर्देश दिया। विद्वान ए॰ ए॰ जी॰ ने निवेदन किया है कि याचीगण दिनांक 20.11.2013 तक अपने पद पर बने रहे और वस्तुत: याचीगण को उस अवधि के लिए वेतन का भुगतान भी किया गया है। दिनांक 11.12.2013 का पत्र और याचीगण के पत्र में जारी चेकों को क्रमश: परिशिष्ट E, F और F/1 के रूप में संलग्न किया गया है। विद्वान ए॰ ए॰ जी॰ ने यह निवेदन भी किया है कि यद्यपि दिनांक 28.6.2013 के निर्णय को चुनौती देती झारखंड राज्य द्वारा दाखिल सिविल पुनर्विलोकन सं॰ 55 वर्ष 2013 और 56 वर्ष 2013 इस न्यायालय द्वारा दिनांक 22.10.2013 को खारिज कर दिया गया था किंतु इस न्यायालय ने पैरा 18 पर स्पष्टत: संप्रेक्षित किया कि दिनांक 28.6.2013 के आक्षेपित निर्णय ने युवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में रिट याचीगण की मूल नियुक्ति से संबंधित विवाद्यक पर विचार नहीं किया था। इसने यह भी संप्रेक्षित किया कि उनको यह स्पष्ट करने के लिए कहते हुए कि क्यों नहीं उनकी सेवा समाप्त कर दी जाए क्योंकि वे उक्त पद के लिए आवश्यक पात्रता मापदंड और अर्हता नहीं रखते हैं, झारखंड राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 28.6.2013 का आक्षेपित निर्णय पारित किए जाने के बाद याचीगण पर तामील नोटिस विरोध करने के लिए प्रत्यर्थीगण के लिए स्वतंत्र वाद हेतुक है। इस न्यायालय ने उक्त पुनर्विलोकन याचिका में राज्य द्वारा किए गए ऐसे कार्य पर कोई टिप्पणी नहीं किया था और उक्त नोटिस के अनुसरण में मामले में कोई अंतिम निर्णय लेने से राज्य प्राधिकारी को अवरुद्ध करता अंतरिम आदेश रिक्त कर दिया गया था। यह निवेदन किया गया है कि उनको सम्यक नोटिस और निजी सुनवाई का अवसर देने के बाद दिनांक 20.11.2013 की अधिसूचना के तहत अध्यक्ष और सदस्य के पद से याचीगण का पश्चातवर्ती हटाया जाना मुख्य रिट याचिका में अथवा पुनर्विलोकन याचिका में वाद हेतुक नहीं था। अत:, दिनांक 20.11.2013 की अधिसूचना के तहत इन याचीगण को हटाने की कार्रवाई इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय की अवज्ञा का कृत्य नहीं कहा जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में, विद्वान ए॰ ए॰ जी॰ ने निवेदन किया है कि विरोधी पक्षकारों द्वारा इस न्यायालय के निर्णय की जानबूझकर अवज्ञा नहीं की गयी है ताकि उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई आरंभ की जा सके। उन्होंने अन्यथा भी अपनी ओर से किसी अनवधानी के लिए इस न्यायालय के समक्ष शर्तहीन क्षमा याचना भी किया है। अत:, यह अवमान याचिका छोड़ दिए जाने योग्य है।

4. याचीगण के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि विरोधी पक्षकार दिनांक 28.6.2013 के निर्णय का अनुपालन करने का आशय नहीं रखते थे और इस न्यायालय द्वारा दिनांक 16.2.2013 को हटाने का आदेश अभिखंडित किए जाने के बाद इन याचीगण को उनके पद पर पुनर्बहाल नहीं किया गया था। यह निवेदन किया गया है कि याचीगण ने आर॰ टी॰ आई॰ के अधीन इन याचीगण की पुनर्बहाली

के संबंध में फाइल की गतिविधि पर विचार करने वाला नोट शीट प्राप्त किया है जो याचीगण द्वारा दिनांक 13.12.2013 को दाखिल प्रत्युत्तर के परिशिष्ट 1 के रूप में संलग्न है। यह निवेदन किया गया है कि फाइल पर नोटिंग्स का परिशीलन उपदर्शित करेगा कि विरोधी पक्षकार किसी चरण पर इन याचीगण को काम करने की अनुमति देने का आशय नहीं रखते थे और एक या दूसरे बहाने निर्णय का अनुपालन नहीं किया गया था। पुनर्विलोकन याचिकाओं की खारिजी के बाद भी विरोधी पक्षकारों ने इन याचीगण को काम करने की अनुमति नहीं दी थी और उन्हें दिनांक 20.11.2013 की पश्चातवर्ती अधिसूचना द्वारा हटाया गया था जो इस न्यायालय की जानबूझकर की गयी अवज्ञा का मामला है। यह निवेदन किया गया है कि विरोधी पक्षकारों ने दिनांक 8.1.2013 से दिनांक 20.11.2013 को उनको हटाए जाने तक की अवधि के लिए इन याचीगण को वेतन का अभिकथित रूप से भुगतान करने के नाम में चेकों को जारी करके निर्णय का झूठा अनुपालन दर्शाने का प्रयास किया है। किंतु, इन याचीगण के वेतन की उक्त संगणना भी प्रासंगिक नियमों के अनुरुप नहीं है। किसी भी सूरत में विरोधी पक्षकारों की कार्रवाई इस न्यायालय के निर्णय के विरोध में है जिसके लिए अवमान में उनके विरुद्ध अग्रसर होना चाहिए और उन्हें इसके लिए दंडित करना चाहिए।

5. पक्षों के अधिवक्ता को सुनने पर और अभिलेख पर उपलब्ध प्रासंगिक सामग्रियों का परिशीलन करने के बाद निम्नलिखित तथ्य सामने आते हैं: इन याचीगण, जिन्हें प्रत्यर्थीगण झारखंड सरकार के अधीन संबंधित विभाग द्वारा जारी दिनांक 8.1.2013 की अधिसूचना द्वारा झारखंड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था, को झारखंड युवा आयोग नियमावली, 2012 के नियम 4 (vi) के अधीन शक्ति के प्रयोग में दिनांक 16.2.2013 की अधिसूचना के तहत हटाया गया था। इस न्यायालय ने पक्षों के परस्पर विरोधी प्रतिवादों पर विचार करने के बाद आक्षेपित अधिसूचना को नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के उल्लंघन में और याचीगण को सुनवाई का अवसर अथवा नोटिस दिए बिना अभिनिर्धारित करते हुए दिनांक 28.6.2013 के निर्णय के तहत अभिखंडित कर दिया। इसने अभिनिर्धारित किया कि प्रसन्नता के सिद्धांत का अवलंब लेते हुए 2012 नियमावली के नियम 4 (vi) के अधीन शक्ति के प्रयोग में आक्षेपित अधिसूचना उसमें चर्चा किए गए तथ्यों एवं कारणों से और प्रसन्नता के सिद्धांत के विस्तार पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय की दृष्टि में विधि में मान्य नहीं ठहराया जा सकता है।

6. यह प्रतीत होता है कि झारखंड राज्य ने उक्त निर्णय के विरुद्ध पुनर्विलोकन याचिका सिविल पुनर्विलोकन सं॰ 55 वर्ष 2013 और 56 वर्ष 2013 इस आधार पर दाखिल किया कि रिट याचिकाओं की सुनवाई के दौरान संबंधित दस्तावेजों को इस न्यायालय के ध्यान में नहीं लाया जा सका था। विरोधी पक्षकारों–प्रत्यर्थीगण ने दिनांक 28.6.2013 का निर्णय पारित किए जाने के बाद याचीगण को यह स्पष्ट करने के लिए कहते हुए कि क्यों नहीं उन्हें उक्त पद के लिए आवश्यक पात्रता मापदंड एवं अर्हता रखने में विफल होने के चलते उनके पद से क्यों नहीं हटा दिया जाए, कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। किंतु इस न्यायालय ने दिनांक 22.10.2013 के निर्णय द्वारा पुनर्विलोकन याचिकाओं को अनुज्ञात करने के लिए कोई आधार नहीं पाया था जिन्हें खारिज कर दिया गया था। किंतु, निर्णय में संप्रेक्षित किया गया था कि रिट याचिकाओं में इस न्यायालय ने युवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में याचीगण की मूल नियुक्ति पर विचार नहीं किया था। पुनर्विलोकन याचिका खारिज करते हुए यह भी संप्रेक्षित किया गया था कि नया कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना रिट याचीगण/प्रत्यर्थीगण के लिए विरोध करने के लिए स्वतंत्र वाद हेतुक था। इन परिस्थितियों में, न्यायालय ने प्रत्यर्थी राज्य द्वारा ऐसे कार्य पर टिप्पणी करने से परहेज किया और उक्त नोटिस के अनुसरण में मामले में कोई अंतिम निर्णय लेने से राज्य को अवरुद्ध करने वाला पहले पारित किया गया अंतरिम आदेश रिक्त कर दिया गया था।

7. यह प्रतीत होता है कि उक्त नोटिस के अनुसरण में याचीगण को निजी सुनवाई का अवसर देने के बाद दिनांक 20.11.2013 की अधिसूचना द्वारा उनके पद से हटा दिया गया है। किंतु, दिनांक 20.11.2013 की अधिसूचना के तहत उनको हटाया जाना निश्चय ही रिट याचिका डब्ल्यू॰ पी॰ सी॰ सं॰

1181 वर्ष 2013 को विनिश्चित करते हुए इस न्यायालय के समक्ष विवाद्यक नहीं था। यह प्रतीत होता है कि याचीगण ने आवश्यक निर्देश जारी करके और युवा आयोग की बैठक बुलाने के लिए विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए काम करना शुरू किया। विरोधी पक्षकारों ने अपने कारण बताओ नोटिस में यह कथन भी किया है कि याचीगण को उनके पद से हटाने का आदेश अपास्त करने के बाद और याचीगण द्वारा अपना पद धारण करने के बाद विरोधी पक्षकारों अथवा किसी अन्य पदधारी ने इसके प्रति कोई आपत्ति कभी नहीं किया। किंतु, यह प्रतीत होता है कि विभाग में मामले पर विचार विमर्श किया जा रहा था और डब्ल्यू॰ पी॰ सी॰ सं॰ 1181 वर्ष 2013 में पारित निर्णय का पुनर्विलोकन इप्सित करते हुए पुनर्विलोकन याचिकाएँ दाखिल भी की गयी थी। इसके अतिरिक्त, उनको यह स्पष्ट करने के लिए कहते हुए कि क्यों नहीं उन्हें उक्त पद पर नियुक्ति के लिए अध्यपेक्षित अर्हता नहीं रखने के लिए उनके पद से हटा दिया जाए, याचीगण को नया नोटिस भी जारी किया गया था। विरोधी पक्षकारों ने याचीगण को दिनांक 8.1.2013 से दिनांक 20.11.2013 जब उन्हें पद से हटा दिया गया था, तक अपने पद पर बने हुए के रूप में माना भी है। विरोधी पक्षकारों ने पूर्वोक्त अवधि के लिए याचीगण को वेतन का भुगतान भी किया है। ऐसी परिस्थितियों में, यद्यपि विरोधी पक्षकारों ने याचीगण के अनुरोध पर आधारभूत संरचना एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान नहीं करके शायद पर्याप्त रूप से प्रत्युत्तर नहीं दिया था किंतु यहाँ उपर चर्चा की गयी परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में यह नहीं कहा जा सकता है कि विरोधी पक्षकारों ने डब्ल्यू॰ पी॰ सी॰ सं॰ 1181 वर्ष 2013 में इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय की अवज्ञा में जानबूझकर कृत्य किया है। उन्होंने अपनी ओर से शर्तहीन क्षमायाचना भी किया है।

8. अतः, पूर्वोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों में, यह न्यायालय डब्ल्यू॰ पी॰ सी॰ सं॰ 1181 वर्ष 2013 में दिनांक 28.6.2013 को इस न्यायालय द्वारा पारित निर्णय की अभिकथित जानबूझकर की गयी अवज्ञा के लिए विरोधी पक्षकारों के विरुद्ध अवमान कार्यवाही आरंभ करने का कोई कारण नहीं पाता है। तद्नुसार, वर्तमान अवमान याचिका खारिज की जाती है और कार्यवाही समाप्त की जाती है।

---

ekuuh; Mhñ ,uñ mikè;k;] U;k;efr

नरेन्द्र कुमार महतो

cuke

झारखंड राज्य एवं एक अन्य

W.P. (Cr.) No. 68 of 2013. Decided on 24th January, 2014.

दंड प्रक्रिया संहिता, 1973—धाराएँ 82 एवं 83—गिरफ्तारी वारन्ट–फरार–प्रत्यर्थी के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारन्ट कभी संसूचित किया गया था और न ही इसे उसके ध्यान में लाया गया था कि उसकी जमानत रद्द कर दी गयी है और विचारण न्यायालय के समक्ष उसकी उपस्थिति आवश्यक है–आक्षेपित आदेश विधि के अनुरुप पारित नहीं किया गया है–आक्षेपित आदेश अपास्त। (पैराएँ 4 एवं 5)

अधिवक्तागण.–Mr. Jai Shankar Tripathi, For the Petitioner; Mr. R. Mukhopadhyay, For the Respondents.

आदेश

इस दांडिक याचिका को इस न्यायालय से निर्देश इप्सित करने के लिए दाखिल किया गया है कि अभियुक्त अर्थात् राम भजन प्रसाद जो फरार है को गिरफ्तार किया जाय। दं॰ प्र॰ सं॰ की धाराओं 82 और 83 के अधीन गिरफ्तारी वारंट और आदेशिका जारी किया गया है किंतु पुलिस ने इसका अनुपालन नहीं किया है।

2. प्रत्यर्थी राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते हैं कि वर्तमान में अभियुक्त राम भजन प्रसाद सहायक भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चक्रधरपुर, जिला पश्चिमी सिंहभूम के रूप में चक्रधरपुर में पदस्थापित है।

3. परिवाद केस सं० 581 वर्ष 1998 के ऑर्डरशीट की प्रति परिशीलन के लिए प्रस्तुत की गयी है। ऑर्डरशीट का परिशीलन करने के बाद यह प्रतीत होता है कि संज्ञान के बाद अभियुक्त प्रत्यर्थी सं० 2 न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुआ और उसे जमानत प्रदान किया गया था। वह नियमित रूप से उपस्थित हो रहा था और आरोप के पहले साक्ष्य दर्ज किया गया था। आरोप विरचित करने के बाद मामला आरोप के बाद साक्ष्य के लिए लंबित था जो लंबे समय तक जारी रहा। अंततः, अभियोजन का साक्ष्य बंद किया गया था और अभियुक्त को स्वयं उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था किंतु उसने उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया था जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 21.7.2006 को उसका जमानत रद्द किया गया था और उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। तत्पश्चात, पुलिस थाना के संबंधित प्रभारी अधिकारी द्वारा उसमें यह उपदर्शित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया था कि अभियुक्त को कोडरमा स्थानांतरित किया गया है ताकि उसके नए पते पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा सके। ऐसी सूचना पर अभियुक्त प्रत्यर्थी सं० 2 के विरुद्ध आदेशिका जारी की गयी थी किंतु उसकी पदस्थापना के स्थान का पता नहीं लगाया था और न ही उसका सही पता पाया गया था। मैं नहीं पाता हूँ कि दं० प्र० सं० की धाराओं 82 और 83 के अधीन जारी आदेशिका का ओ० पी० प्रत्यर्थी सं० 2 के विरुद्ध कभी निष्पादित की गयी थी। किंतु विचारण न्यायालय ने विधि की सही अवस्था पर विचार किए बिना अचानक दिनांक 12.4.2010 को आदेश जारी किया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार है। परिवादी भी अनुपस्थित है और इसलिए, अभियुक्त प्रत्यर्थी सं० 2 अर्थात् राम भजन प्रसाद को फरार घोषित किया गया है और उसके विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी करने का निर्देश दिया गया था।

4. ऑर्डरशीट के परिशीलन से, यह स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी सं० 2 के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट संसूचित नहीं किया गया था और न ही उसके ध्यान में यह लाया गया था कि उसका जमानत रद्द कर दिया गया है और विचारण न्यायालय के समक्ष उसकी उपस्थिति आवश्यक है। दिनांक 12.4.2010 के आदेश के परिशीलन से यह भी स्पष्ट है कि दं० प्र० सं० की धारा 299 के अधीन साक्ष्य दर्ज करने के लिए मामला स्थगित नहीं किया गया था और न्यायालय के समक्ष अपना दृष्टिकोण रखने का अवसर परिवादी को दिए बिना अभिलेख को अभिलेखागार में जमा करने का निर्देश दिया गया था। दिनांक 12.4.2010 का आदेश विधि के अनुरुप पारित नहीं किया गया है और इसलिए, इसे अपास्त किया जाता है। विद्वान विचारण न्यायालय को अभिलेखागार से मामले का अभिलेख वापस प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है और प्रत्यर्थी अभियुक्त सं० 2 राम भजन प्रसाद के विरुद्ध उसके वर्तमान और सही पता पर उसकी उपस्थिति के लिए आदेशिका जारी की जाएगी और विचारण विधि के अनुरुप होगा।

5. राज्य के लिए उपस्थित विद्वान अधिवक्ता एस० सी० II को भी डी० सी०, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा को संसूचित करने का निर्देश दिया जाता है कि परिवाद मामला सं० 581 वर्ष 1998 में अभियुक्त प्रत्यर्थी सं० 2 अर्थात् रामभजन प्रसाद, सहायक भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चक्रधरपुर, जिला पश्चिम सिंहभूम की उपस्थिति डालटेनगंज, पलामू में आवश्यक है ताकि वह मामला सं० सी० 581 वर्ष 1998 के विचारण और निपटान के लिए उपस्थित हो सकें। इस दांडिक रिट याचिका को आगे जारी रखने की आवश्यकता नहीं है और इसलिए, पूर्वोक्त निर्देशों के साथ इसे निपटाया जाता है।

6. अनुपालन एवं आवश्यक के लिए इस आदेश की प्रति एस० सी० II को दी जाए।